जिनन्द- जै सुमति तिमिर नाशन दिनन्द । जय पद्मालकृत पद्मदेव, दिन रयन करहूँ तव चरन सेव ।। जय श्री सुपार्श्व भवपाश नाश, भवि जीवन कू दियो मुक्तिवास । जय चन्द जिनेश दया निधान, गुण नागर नागर सुख प्रमान ।। जय पुष्पदन्त जिनवर जगीश, शत इन्द्र नमत नित आत्मशीश । जय शीतल वच शीतल जिनन्द, भवताप नशावन जगत चन्द ।। जय जय श्रेयास जिन अति उदार, भवि कठ मांहि मुक्ता सुहार । जय वासुपूज्य वासव खगेश, तुव स्तुति करि नमि हैं हमेश ।। जय विमल जिनेश्वर विमलदेव, मल रहित विराजत करहु सेव । जय जिन अनन्त के गुण अनन्त, कथनी कथ गणधर नहे न अत ।। जय धर्म धुरन्धर धर्मधीर, जय धर्म चक्र शुचि ल्याय वीर । जय शान्ति जिनेश्वर शान्तभाव, भव वन भटकत शुभ मग लखाव ।। जय कुथु कुथुवा जीव पाल, सेवक पर रक्षा करि कृपाल । जय अरहनाथ अरि कर्म शैल, तपवज्र खट लहि मुक्ति गैल ।। जय मल्लि जिनेश्वर कर्म आठ, मल डारे पायो मुक्ति ठाठ । जय मुनि सुव्रत सुव्रत धरन्त, तुम सुव्रत व्रत पालन महन्त ।। जय नम्मि नमत सुर वृन्द पाय, पद पकज निरखत शीश नाय । जय नेमि जिनेन्द्र दयानिधान, फैलायो जग मे तत्वज्ञान ।। जय पारस जिन आलस निवारि, उपसर्ग रुद्र कृत जीत धारि । जय महावीर महा धीरधार, भवकूप थकी

लेय । वर अर्घ अनूपम करत देव, जिनराज चरण आगे चढेव ॥ फिर मुखतें स्तुति करते उचार, हो करुणानिधि संसार तार । मै दुख सहे ससार ईश, तुमते छानी नाही जगीश ॥ जे इह विध मौखिक स्तुति उचार, तिन नशत शीघ्र संसार भार । इह विधि जो जन पूजन कराय, ऋषि मडल यन्त्र सु चित्त लाय ॥ जे ऋषि-मडल पूजन करन्त, ते रोग शोक संकट हरन्त । जे राजा रण कुल वृद्धि जान, जल दुर्ग सुजग केहरि बखान ॥ जे विपत घोर अरु कहि मसान, भय दूर करै यह सकल जान । जे राजभ्रष्ट ते राज पाय, पद भ्रष्ट थकी पद शुद्ध थाय ॥ धन अर्थी धन पावै महान, या मैं सशय कछु नाहि जान । भार्या अर्थी भार्या लहन्त, सुत अर्थी सुत पावे तुरन्त ॥ जे रूपा सोना ताम्र पत्र लिख तापर यन्त्र महा पवित्र । ता पूजै भागे सकल रोग, जे वात पित्त ज्वर नाशि शोग ॥ तिन गृह ते भूत पिशाच जान, ते भाग जाहि सशय न आन । जे ऋषि मडल पूजा करन्त, ते सुख पावत कहिं लहैं न अन्त ॥ जब ऐसो मैं मन माहि जान, तब भाव सहित पूजा सुठान । वसुविधि के सुन्दर द्रव्य लाय, जिनराज चरण आगे चढाय ॥ फिर करत आरती शुद्ध भाव, जिनराज सभी लख हर्ष आव । तुम देवन के हो देव देव, इक अरज चित्त मे धारि लेव ॥ हे दीन दयाल दया कराय, जो मैं दुखिया इह जग भ्रमाय । जे इस भवचन मे वास लीन, जे

काल अनादि गमाय दीन ।। मैं भ्रमत चतुर्गति विपिन माहि, दुख सहे सुदख को लेश नाहिं । ये कर्म महारिपु जोर कीन, जे मनमाने ते दु ख दीन ।। ये काहू को नहिं डर धराय, इनतै भयभीत भयो अघाय । यह एक जन्म की बात जान, मैं कह न सकत हू देवमान ।। जब तुम अनन्त परजाय जान, दरशायो ससृति पथ विधान । उपकारी तुम बिन और नाहि, दीखत मोको इस जगत माँहि ।। तुम सब लायक ज्ञायक जिनन्द, रत्नत्रय सम्पति द्यो अमन्द । यह अरज करूं मैं श्री जिनेश, भव भव सेवा तुम पद हमेश ।। भव भव में श्रावक कुल महान्, भव भव मे प्रकटित तत्वज्ञान । भव भव मे व्रत हो अनागार, तिस पालन तैं हो भवाब्धि पार ।। ये योग सदा मुझको लहान, हे दीनबन्धु करुणा-निधान । "दौलत आसेरी" मित्र दोय,तुम शरण गही हरषित सुहोय ।।

नन्द छन्द घत्ता

जो पूजै ध्यावै, भक्ति बढ़ावै, ऋषि मंडल शुभ यत्र तनी । या भव सुख पावै सुजस लहावै परभव स्वर्ग सुलक्ष धनी ।।

ओ ह्री सर्वोपद्रव-विनाशन-समर्थाय रोग-शोक-सर्व-सकट हराय सर्वशान्ति-पुष्टि-कराय, श्रीवृषभादि चौवीस तीर्थंकर, अष्ट वर्ग, अरहतादि पचपद, दर्शन ज्ञान चारित्र, चतुर्णिकाय देव, चार प्रकार अवधिधारक श्रमण, अष्ट ऋद्धि संयुक्त ऋषि, वीस चार सूर, तीन ह्री, अर्हतविम्ब, दशदिग्पाल यन्त्र सम्बन्धि परमदेवाय जयमाला-पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।

आशीर्वाद

ऋषि मडल शुभ यत्र को जो पूजे मन लाय।
ऋद्धि सिद्धि ता घर बसै, विघन सघन मिट जाय॥
विघन सघन मिट जाय, सदा सुख सो नर पावै।
ऋषि मंडल शुभ यंत्र तनी, जो पूज रचावै॥
भाव भक्ति युत होय, सदा जो प्राणी ध्यावै।
या भव मे सुख भोग, स्वर्ग की सम्पत्ति पावै॥
या पूजा परभाव मिटे, भव भ्रमण निरन्तर।
यातै निश्चय मानि करो, नित भाव भक्तिधर॥

इत्याशीर्वाद। पुष्पाजलिं क्षिपेत्।

सलूना पर्व पूजा

श्री अकम्पनाचार्यादि सप्त-शत-मुनि पूजा

(चाल जोगीरासा)

पूज्य अकम्पन साधु-शिरोमणि सात-शतक मुनि ज्ञानी।
आ हस्तिनापुर के कानन मे हुए अचल दृढ़ ध्यानी॥
दुखद सहा उपसर्ग भयानक सुन मानव घबराये।
आत्म-साधना के साधक वे, तनिक नहीं अकुलाये॥
योगिराज श्री विष्णु त्याग तप, वत्सलता-वश आये।
किया दूर उपसर्ग, जगत-जन मुग्ध हुए हर्षाये॥

तंदुल अखंडित शुद्ध आशा के नवीन सुहावने।
नत पाद पद्मोमे चढाऊँ दीनता क्षयता हने॥
श्रीगुरु अकम्पन आदि मुनिवर मुझे साहस शक्ति दें।
पूजा करूँ पातक मिटें, वे सुखद समता भक्ति दे॥

ओ ह्री श्रीअकम्पनाचार्यादि सप्तशतमुनिभ्योऽक्षयपदप्राप्तये अक्षत निर्वपामीति स्वाहा।३।

ले विविध विमल विचार सुन्दर सरस सुमन मनोहरे।
नत पाद-पद्मोमे चढाऊँ काम की बाधा हरे॥
श्रीगुरु अकम्पन आदि मुनिवर मुझे साहस शक्ति दें।
पूजा करूँ पातक मिटें, वे सुखद समता भक्ति दें॥

ओ ह्री श्रीअकम्पनाचार्यादि-सप्तशतमुनिभ्य: कामबाणविध्वसनाय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।४।

शुभ भक्ति घृतमे विनय के पकवान पावन मै बना।
नत पाद-पद्मोमे चढ़ा मेटूं क्षुधाकी यातना॥
श्रीगुरु अकम्पन आदि मुनिवर मुझे साहस शक्ति दें।
पूजा करू पातक मिटें, वे सुखद समता भक्ति दें॥

ओ ह्री श्रीअकम्पनाचार्यादि-सप्तशतमुनिभ्य: क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्य निर्वपामीति स्वाहा।५।

उत्तम कपूर विवेक का ले आत्म-दीपक मे जला।
कर आरती गुरु की हटाऊँ मोह-तमकी यह बला॥
श्रीगुरु अकम्पन आदि मुनिवर मुझे साहस शक्ति दें।
पूजा करू पातक मिटें, वे सुखद समता भक्ति दें॥

ओ ह्रीं श्रीअकम्पनाचार्यादिसप्तशत-मुनिभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।६।

ले त्याग-तपकी यह सुगन्धित धूप मैं खेऊं अहो।
गुरुचरण-करुणा से करमका कष्ट यह मुझको न हो ॥
श्रीगुरु अकम्पन आदि मुनिवर मुझे साहस शक्ति दें।
पूजा करूं पातक मिटें, वे सुखद समता भक्ति दें॥

ओ ह्रीं श्री अकम्पनाचार्यादि-सप्तशतमुनिभ्योऽष्टकर्मविध्वंसनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

शुचि-साधना के मधुरतम प्रिय सरस फल लेकर यहां।
नत पाद-पद्मोंमें चढाऊं मुक्ति मैं पाऊं यहां ॥
श्रीगुरु अकम्पन आदि मुनिवर मुझे साहस शक्ति दें।
पूजा करूं पातक मिटें, वे सुखद समता भक्ति दें॥

ओ ह्रीं श्रीअकम्पनाचार्यादि-सप्तशतमुनिभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।८।

यह आठ द्रव्य अनूप श्रद्धा स्नेह से पुलकित हृदय।
नत पाद-पद्मोंमें चढाऊं भव-पार मैं होऊं अभय ॥
श्रीगुरु अकम्पन आदि मुनिवर मुझे साहस शक्ति दें।
पूजा करूं पातक मिटें, वे सुखद समता भक्ति दें॥

ओ ह्रीं श्रीअकम्पनाचार्यादि-सप्तशतमुनिभ्योऽनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।९।

जयमाला

सोरठा

पूज्य अकम्पन आदि सात शतक साधक सुधी।
यह उनकी जयमाल वे मुझको निज भक्ति दें॥

पद्धडी छन्द

वे जीव दया पाले महान, वे पूर्ण अहिंसक ज्ञानवान ।
उनके न रोष उनके न राग, वे करें साधना मोह त्याग ।।

अप्रिय असत्य बोलें न वैन, मन वचन कायमे भेद है न ।
वे महासत्य धारक ललाम, है उनके चरणो मे प्रणाम ।।

वे लें न कभी तृणजल, अदत्त, उनके न धनादिक मे ममत्त ।
वे व्रत अचौर्य दृढ़ धरे सार, है उनको सादर नमस्कार ।।

वे करे विषय की नहीं चाह, उनके न हृदय मे काम दाह ।
वे शील सदा पाले महान, सब मग्न रहे निज आत्मध्यान ।।

सब छोड़ वसन भूषण निवास, माया ममता स्नेह आस ।
वे धरे दिगम्बर वेष शान्त, होते न कभी विचलित न भ्रात ।।

नित रहें साधना मे सुलीन, वे सहें परीषह नित नवीन ।
वे करें तत्व पर नित विचार, है उनको सादर नमस्कार ।।

पचेंद्रिय दमन करें महान, वे सतत बढावें आत्म ज्ञान ।
संसार देह सब भोग त्याग, वे शिव-पथ साधें सतत जाग ।।

"कुमरेश" साधु वे हैं महान, उनसे पाये जग नित्य त्राण ।
मै करूं वदना बार बार, वे करें भवार्णव मुझे पार ।।

मुनिवर गुण-धारक पर-उपकारक, भव दुखकारक सुख-कारी ।
वे करम नशायें सुगुण दिलायें, मुक्ति मिलायें भय-हारी ।।

ओ ह्री श्रीअकम्पनाचार्यादि-सप्तशतमुनिभ्यो महार्घं निर्व० ।

सोरठा

श्रद्धा भक्ति समेत जो जन यह पूजा करे।
वह पाये निज ज्ञान, उसे न व्यापे जगत दुख ॥

इत्याशीर्वाद

श्री विष्णुकुमार महामुनि पूजा

(लावनी छन्द)

श्री योगी विष्णुकुमार बाल वैरागी।
पाई वह पावन ऋद्धि विक्रिया जागी ॥
सुन मुनियो पर उपसर्ग स्वय अकुलाये।
हस्तिनापुर वे वात्सल्य-भरे हिय आये ॥
कर दिया दूर सब कष्ट साधना-बल से।
पा गये शान्ति सब साधु अग्निके झुलसे ॥
जन जन ने जय-जयकार किया मन भाया।
मुनियो को दे आहार स्वय भी पाया ॥
हैं वे मेरे आदर्श सर्वदा स्वामी।
मैं उनकी पूजा करू बनू अनुगामी ॥
वे दे मुझमे यह शक्ति भक्ति प्रभु पाऊ।
मैं कर आतम कल्याण मुक्त हो जाऊ ॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुने अत्र अवतर अवतर सवोषट् इत्याह्वाननम।

अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ प्रतिष्ठापनम्।

अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(चाल जोगीरासा)

श्रद्धा की वापी से निर्मल, भावभक्ति जल लाऊ ।
जनम मरण मिट जायें मेरे इससे विनत चढ़ाऊ ॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये ।
यह वात्सल्य हृदय मे मेरे अभिनव ज्योति जगाये ॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये जन्मजरामृत्युविनाशनाय जल निर्वपामीति स्वाहा ।१।

मलयागिरि धीरज से सुरभित समता चन्दन लाऊ ।
भव-भवको आताप न हो यह इससे विनत चढ़ाऊ ॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति रक्षा-हित आये ।
यह वात्सल्य हृदयमे मेरे अभिनव ज्योति जगाये ॥

ओ ह्रीं श्रीविष्णुकुमारमुनये ससारतापविनाशनाय चन्दन नि० ।२।

चन्द्रकिरण सम आशाओ के अक्षत सरस नवीने ।
अक्षय पद मिल जाये मुझको गुरु सन्मुख धर दीने ॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये ।
यह वात्सल्य हृदयमें मेरे अभिनव ज्योति जगाये ॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये अक्षयपदप्राप्तये अक्षत निर्व० ।३।

उर उपवनसे चाह सुमन चुन विविध मनोहर लाऊँ ।
व्यथित करे नहिं काम वासना इससे विनत चढ़ाऊं ॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये ।
यह वात्सल्य हृदय में मेरे अभिनव ज्योति जगाये ॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये कामबाणविनाशनाय पुष्प नि० ।४।

सोरठा

श्रद्धा भक्ति समेत जो जन यह पूजा करे।
वह पाये निज ज्ञान, उसे न व्यापे जगत दुख ॥

इत्याशीर्वाद

श्री विष्णुकुमार महामुनि पूजा

(लावनी छन्द)

श्री योगी विष्णुकुमार बाल वैरागी।
पाई वह पावन ऋद्धि विक्रिया जागी ॥
सुन मुनियो पर उपसर्ग स्वय अकुलाये।
हस्तिनापुर वे वात्सल्य-भरे हिय आये ॥
कर दिया दूर सब कष्ट साधना-बल से।
पा गये शान्ति सब साधु अग्निके झुलसे ॥
जन जन ने जय-जयकार किया मन भाया।
मुनियो को दे आहार स्वय भी पाया ॥
हैं वे मेरे आदर्श सर्वदा स्वामी।
मैं उनकी पूजा करूं बनू अनुगामी ॥
वे दे मुझमे यह शक्ति भक्ति प्रभु पाऊ।
मैं कर आतम कल्याण मुक्त हो जाऊ ॥

ओ ह्रीं श्रीविष्णुकुमारमुने अत्र अवतर अवतर सवोषट् इत्याह्वाननम।

अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ प्रतिष्ठापनम्।

अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(चाल जोगीरासा)

श्रद्धा की वापी से निर्मल, भावभक्ति जल लाऊ ।
जनम मरण मिट जायें मेरे इससे विनत चढाऊं ।।
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये ।
यह वात्सल्य हृदय मे मेरे अभिनव ज्योति जगाये ।।

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये जन्मजरामृत्युविनाशनाय जल निर्वपामीति स्वाहा ।१।

मलयागिरि धीरज से सुरभित समता चन्दन लाऊ ।
भव-भवको आताप न हो यह इससे विनत चढ़ाऊ ।।
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति रक्षा-हित आये ।
यह वात्सल्य हृदयमें मेरे अभिनव ज्योति जगाये ।।

ओ ह्रीं श्रीविष्णुकुमारमुनये ससारतापविनाशनाय चन्दन नि० ।२।

चन्द्रकिरण सम आशाओ के अक्षत सरस नवीने ।
अक्षय पद मिल जाये मुझको गुरु सन्मुख धर दीने ।।
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये ।
यह वात्सल्य हृदयमे मेरे अभिनव ज्योति जगाये ।।

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये अक्षयपदप्राप्तये अक्षत निर्व० ।३।

उर उपवनसे चाह सुमन चुन विविध मनोहर लाऊं ।
व्यथित करे नहिं काम वासना इससे विनत चढाऊं ।।
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये ।
यह वात्सल्य हृदय मे मेरे अभिनव ज्योति जगाये ।।

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये कामबाणविनाशनाय पुष्प नि० ।४।

नव नव व्रत के मधुर रसीले मैं पकवान बनाऊं।
क्षुधा न बाधा यह दे पाये इससे विनत चढाऊं॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति रक्षा हित आये।
यह वात्सल्य हृदय मे मेरे अभिनव ज्योति जगाये॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्य नि० ।५।

मैं मन का मणिमय दीपक ले ज्ञान-वातिका जारूं।
मोह-तिमिर मिट जाये मेरा गुरु सन्मुख उजियारूं॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये।
यह वात्सल्य हृदय मे मेरे अभिनव ज्योति जगाये॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये मोहतिमिरविनाशनाय दीप नि० ।६।

ले विराग की धूप सुगन्धित त्याग धूपायन खेऊँ।
कर्म आठ का ठाठ जलाऊं गुरु के पद नित सेऊं॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये।
यह वात्सल्य हृदय मे मेरे अभिनव ज्योति जगाये॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये अष्टकर्मदहनाय धूप निर्व० ।७।

पूजा सेवा दान और स्वाध्याय विमल फल लाऊ।
मोक्ष विमल फल मिले इसी से विनत गुरू पद ध्याऊ।
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दूं यति-रक्षा हित आये।
यह वात्सल्य हृदय मे मेरे अभिनव ज्योति जगाये॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये मोक्षफलप्राप्तये फल निर्व० ।८।

यह उत्तम वसु द्रव्य सजोये हर्षित भक्ति बढाऊं।
मैं अनर्घपद को पाऊं गुरुपद पर बलि बलि जाऊं॥
विष्णुकुमार मुनीश्वर वन्दू यति-रक्षा हित आये।
यह वात्सल्य हृदय में मेरे अभिनव ज्योति जगाये॥

ओ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्व० ।९।

जयमाला

दोहा

श्रावण-शुक्ला पूर्णिमा यति रक्षा दिन जान।
रक्षक विष्णु मुनीश की यह गुणमाल महान॥

पद्धडी छन्द

जय योगिराज श्रीविष्णु धीर, आकर तुम हर दो साधु-पीर।
हस्तिनापुर वे आये तुरन्त, कर दिया विपतका शीघ्र अन्त॥
वे ऋद्धि सिद्धि-साधक महान्, वे दयावान वे ज्ञानवान।
धर लिया स्वयं वामन सरूप, चल दिये विप्र बनकर अनूप॥
पहुंचे बलि नृप के राजद्वार, वे तेज-पुञ्ज धर्मावतार।
आशीष दिया आनन्दरूप, हो गया मुदित सुन शब्द भूप॥
बोला वर मांगो विप्रराज, दूगा मनवांछित द्रव्य आज।
पग तीन भूमि याची दयाल, बस इतना ही तुम दो नृपाल॥
नृप हँसा समझ उनको अजान, बोला यह क्या, लो और दान।
इससे कुछ इच्छा नहीं शेष, बोले वे ये ही दो नरेश॥
संकल्प किया दे भूमि दान, ली वह मन मे अति मोद मान।
प्रगटाई अपनी ऋद्धि सिद्धि, हो गई देह की विपुल वृद्धि॥

दो पग मे नापा जग समस्त, हो गया भूप बलि अस्त-व्यस्त।
इक पग को दो अब भूमिदान, बोले बलि से करुणा-निधान॥
नत मस्तक बलि ने कहा अन्य, है भूमि न मुझ पर हे अनन्य।
रख ले पग मुझ पर एक नाथ, मेरी हो जाये पूर्ण बात॥
कहकर तथास्तु पग दिया आप, सह सका न बलि वह भार-ताप
बोला तुरन्त ही कर विलाप, करदे अब मुझको क्षमा आप॥
मैं हूँ दोषी मै हूँ अजान, मैने अपराध किया महान्।
ये दुखित किये सब साधु-सन्त, अब करो क्षमा हे दयावन्त॥
तब की मुनिवर ने दया-दृष्टि, हो उठी गगन से महावृष्टि।
पा गये दग्ध वे साधु-त्राण, जन-जन के पुलकित हुए प्राण॥
घर घर मे छाया मोद-हास, उत्सव ने पाया नव प्रकाश।
पीडित मुनियो का पूर्णमान, रख मधुर दिया आहार दान॥
युग युग तक इसको रहे याद, कर सूत्र बंधाया साह्लाद।
बन गया पर्व पावन महान, रक्षाबन्धन सुन्दर निधान॥
वे विष्णु मुनीश्वर परम सन्त, उनकी गुण-गरिमाका न अन्त।
वे करें शक्ति मुझको प्रदान, 'कुमरेश' प्राप्त हो आत्मज्ञान॥

घत्ता

श्री मुनि विज्ञानी आतम-ध्यानी।
मुक्ति-निशानी सुख-दानी।
भव-ताप विनाशे सुगुण प्रकाशे।
उनकी करुणा कल्यानी॥

ॐ ह्री श्रीविष्णुकुमारमुनये महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

विष्णुकुमार मुनीशको, जो पूजे धर प्रीत।
वह पावे 'कुमरेश' शिव, और जगत मे जीत ॥

श्री रविव्रत पूजा

अडिल्ल छन्द।

यह भविजन हितकार, सु रविव्रत जिन कही।
करहु भव्यजन सर्व, सुमन देकें सही ॥
पूजो पार्श्व जिनेन्द्र, वियोग लगायकें।
मिटें सकल सन्ताप, मिलें निधि आयकें ॥
मतिसागर इक सेठ, सुग्रन्थन मे कही।
उनने भी यह पूजा कर आनन्द लही ॥
तातें रविव्रत सार, सो भविजन कीजिये।
सुख सम्पति संतान, अतुल निधि लीजिये ॥
प्रणमो पार्श्व जिनेश को, हाथ जोड़ सिर नाय।
परभव सुख के कारने, पूजा करूं बनाय ॥
रवीवार व्रत के दिना, येही पूजन ठान।
ता फल सम्पति को लहैं, निश्चय लीजे मान ॥

ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर सवौषट्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

उज्जल जल भरकें अतिलायो, रतन कटोरन माहीं ।
धार देत अति हर्ष बढावत, जन्म जरा मिट जाहीं ।।
पारसनाथ जिनेश्वर पूजो, रविव्रत के दिन भाई ।
सुख सम्पत्ति बहु होय तुरतही, आनन्द मगल दाई ।।१।।
ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलम् ।
मलयागिर केशर अतिसुन्दर, कुकुम रङ्ग बनाई ।
धार देत जिन चरनन आगे, भव आताप नशाई ।।पारस०
ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चन्दन ।२।
मोतीसम अति उज्ज्वल तदुल, लावो नीर पखारो ।
अक्षयपद के हेतु भावसों, श्री जिनवर ढिग धारो ।। पारस०
ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतम् ।३।
वेला अरु मचकुंद चमेली, पारिजात के ल्यावो ।
चुनचुन श्रीजिन अग्र चढाऊ,मनवाछित फल पावो ।।पारस०
ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय कामवाणविध्वसनाय पुष्पम् ।४।
वावर फैनी गुजिया आदिक, घृत मे लेत पकाई ।
कंचन थार मनोहर भरके, चरनन देत चढाई ।। पारस०
ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यम् ।५।
मणिमय दीप रतनमय लेकर, जगमग जोति जगाई ।
जिनके आगे आरति करके, मोहतिमिर नश जाई ।।पारस०
ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोहन्धकारविनाशनाय दीपम् ।६।
चूरन कर मलयागिर चदन, धूप दशाग बनाई ।
तट पावक मे खेय भाव सों, कर्मनाश हो जाई ।।पारस०
ओ ह्रीं श्रीपार्श्वनाजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपम् ।७।

श्रीफल आदि बदाम सुपारी, भांति भांति के लावो ।
श्रीजिन चरन चढ़ाय हरषकर,तातें शिव फल पावो ॥पारस०

ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलम् ।८।

जल गधादिक अष्ट द्रव्य ले, अर्घ बनावो भाई ।
नाचत गावत हर्षभाव सो, कंचन थार भराई ॥ पारस०

ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यम् ।९।

गीतिका छन्द ।

मन वचन काय त्रिशुद्ध करके, पार्श्वनाथ सु पूजिये ।
जल आदि अर्घ बनाय भविजन, भक्तियत सु हूजिये ॥
पूज्य पारसनाथ जिनवर, सकल सुखदातार जी ।
जे करत हैं नर नारि पूजा, लहत सौख्य अपार जी ॥

ओ ह्री श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

जयमाला

यह जग मे विख्यात हैं पारसनाथ महान ।
तिन गुण की जयमालिका, भाषा करू बखान ॥
जय जय प्रगमो श्री पार्श्व देव,
इन्द्रादिक तिनकी करत सेव ।
जय जय सु बनारस जन्म लीन,
तिहुं लोक विषै उद्योत कीन ॥
जय जिनके पितु श्री विश्वसेन,
तिनके घर भये सुख-चैन देन ।
जय वामा देवी मात जान,
तिनके उपजे पारस महान ॥

जय तीन लोक आनन्द देन,
भविजन के दाता भये ऐन।
जय जिनने प्रभु का शरण लीन,
तिनकी सहाय प्रभुजी सो कीन॥
जय नाग नागिनी भये अधीन,
प्रभु चरणन लाग रहे प्रवीन।
तज देह देवगति गये जाय,
धरणेन्द्र पद्मावति पद लहाय॥
जय अञ्जन चोर अधम अजान,
चोरी तज प्रभु को धरो ध्यान।
जय मृत्यु भये वह स्वर्ग जाय।
ऋद्धी अनेक उनने सो पाय॥
जय मतिसागर इक सेठ जान,
तिन अशुभकर्म आयो महान।
तिनकै सुत थे परदेश माहि,
उनसे मिलने की आश नांहि॥
जय रविव्रत पूजन करी सेठ,
ता फल कर सब से भई भेंट।
जिन जिन ने प्रभु का शरण लीन,
तिन ऋद्धि सिद्धि पाई नवीन॥
जय रविव्रत पूजा करहिं जेय,
ते सौख्य अनन्तानन्त लेय।

धरणेन्द्र पद्मावति हुये सहाय,
प्रभुभक्त जान तत्काल आय ॥
पूजा विधान इहिविधि रचाय,
मन वचन काय तीनो लगाय ।
जो भक्तिभाव जयमाल गाय,
सोही सुखसम्पति अतुल पाय ॥
बाजत मृदंग वीनादि सार,
गावत नाचत नाना प्रकार ।
तन नन नन नन नन ताल देत,
सन नन नन नन सुर भर सो लेत ॥
ता थेई थेई थेई पग धरत जाय,
छम छम छम छम घुघरू वजाय ।
जे करहिं निरत इहि भात भात,
ते लहहिं सुक्ख शिवपुर सुजान ॥

रविव्रत पूजा पार्श्व की, करै भविक जन जोय ।
सुख सम्पति इह भव लहै, आगे सुर पद होय ॥
ओ ह्रीं श्री पार्श्वनाथजिनेन्द्राय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।
रविव्रत पार्श्व जिनेन्द्र, पूज भवि मन धरें ।
भव भव के आताप, सकल छिन में टरें ॥
होय सुरेन्द्र नरेन्द्र, आदि पदवी लहे ।
सुख सम्पति सन्तान, अटल लक्ष्मी रहे ॥

फेर सर्व विधि पाय, भक्ति प्रभु अनुसरें।
नानाविध सुख भोग, बहुरि शिवतिय वरे॥

इत्याशीर्वाद।

रविव्रत जाप्य मन्त्र

ओ ह्री नमो भगवते चितामणि—पार्श्वनाथाय सप्तफणमण्डिताय श्रीधरणेन्द्र पद्मावती—सहिताय मम ऋद्धि सिद्धि वृद्धि सौख्य कुरु कुरु स्वाहा।

नवग्रह अरिष्टनिवारक विधान

प्रणम्याद्यन्ततीर्थेश, धर्मतीर्थप्रवर्तक,
भव्यविघ्नोपशात्यर्थं, ग्रहार्चा वर्ण्यते मया।
मार्तण्डेन्दुकुजसोम्य सूरसूर्यकृतातका,
राहुश्च केतुसंयुक्तो, ग्रहाः शातिकरा नव॥

दोहा

आदि अन्त जिनवर नमो, धर्म प्रकाशनहार।
भव्य विघ्न उपशाति को, ग्रहपूजा चित धार॥
काल दोष परभावसो, विकलप छूटे नाहिं।
जिन-पूजामे ग्रहनकी पूजा मिथ्या नाहिं॥
इस ही जम्बू द्वीप मे, रवि-शशि मिथुन प्रमान।
ग्रह नक्षत्र तारा सहित, ज्योतिष चक्र प्रमान॥
तिनही के अनुसार सो, कर्म-चक्र की चाल।
सुख दुख जानै जीवको, जिन-वच नेत्रविशाल॥

ज्ञान प्रश्न-व्याकरण मे, प्रश्न-अंग है आठ।
भद्रबाहु मुख जनित जो, सुनत कियो मुख पाठ॥
अवधि धार मुनिराज जी कहे पूर्वकृत कर्म।
उनके वच अनुसार सौं, हरे हृदय का भर्म॥

समुच्चय पूजा।

दोहा

अर्क चन्द्र कुज सोम्य गुरु, शुक्र शनिश्चर राहु।
केतु ग्रहारिष्ट नाशने, श्री जिन-पूज रचाहु॥

ओ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारका. श्री चतुर्विंशतिजिना अत्र अवतरत अवतरत सवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठ ठः स्थापन। अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरण।

गीता छन्द।

क्षीरसिंधु समान उज्ज्वल, नीर निर्मल लीजिये।
चौबीस श्रीजिनराज आगे, धार त्रय शुभ दीजिये॥
रवि सोम भूमिज सौम्य गुरु कवि, शनितमो पूतकेतवे।
पूजिये चौबीस जिन, ग्रहारिष्ट-नाशन हेतवे॥

ओ ह्री सर्वग्रहारिष्ट-निवारक-श्रीचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्य पचकल्याणकप्राप्तेभ्यो जल निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीखण्ड कुमकुम हिम सुमिश्रित, घिसौं मनकरि चावसौं।
चौबीस श्री जिनराज अघहर, चरण चरचों भावसौं॥रवि०

ओ ह्री सर्वग्रहारिष्ट-निवारक-श्रीचतुर्विंशति - तीर्थंकरेभ्यः पचकल्याणकप्राप्तेभ्य चन्दन निर्वपामीति स्वाहा॥२॥

अक्षत अखण्डित सालि तंदुल, पुंज मुक्ताफल समं ।
चौबीस श्रीजिनचरण पूजत, नाश ह्वै नवग्रह भ्रमं ॥रवि०॥

ओं ह्रीं सर्वग्रहारिष्टनिवारक-श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य. पंचकल्याणकप्राप्तेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा ।३।

कुंद कमल गुलाब केतकि, मालती जाही जुही ।
कामबाण विनाश कारण, पूजि जिनमाला गुही ॥रवि०॥

ओं ह्रीं सर्वग्रहारिष्टनिवारक-श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य. पंचकल्याणकप्राप्तेभ्य पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।४।

फेनी मुआनी पुवा पापर लेय मोदक घेवरं ।
शतछिद्रआदिक विविध व्यंजन, क्षुधाहर बहु सुखकरं ॥रवि०॥

ओं ह्रीं सर्वग्रहारिष्टनिवारक-श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य. पंचकल्याणकप्राप्तेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।५।

मणिदीप जगमग ज्योति तमहर प्रभू आगे लाइये ।
अज्ञाननाशक जिनप्रकाशक, मोहतिमिर नशाइये ॥रवि०॥

ओं ह्रीं सर्वग्रहारिष्टनिवारक-श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य. पंचकल्याणकप्राप्तेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।६।

कृष्णा अगर घनसार मिश्रित, लौंग चन्दन लेइये ।
ग्रहरिष्ट नाशन हेत भविजन, धूप जिनपद खेइये ॥रवि०॥

ओं ह्रीं सर्वग्रहारिष्टनिवारक-श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य. पंचकल्याणकप्राप्तेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।७।

बादाम पिस्ता सेव श्रीफल, मोच नींबू सदफलं ।
चौबीस श्रीजिनराज पूजत, मनोवांछित शुभ फलं ॥रवि०॥

ओं ह्रीं सर्वग्रहारिष्ट निवारक-श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य. पंचकल्याणकप्राप्तेभ्य फलं निर्वपामीति स्वाहा ।८।

जल गंध सुमन अखण्ड तन्दुल, चरु सुदीप सुधूपकं ।
फल द्रव्य दूध दही सुमिश्रित, अर्घ देय अनूपक ॥रवि०॥

ओं ह्रीं सर्वग्रहारिष्टनिवारक-श्री चतुर्विंशतितीर्थंकरजिनेन्द्रेभ्य पंचकल्याणकप्राप्तेभ्य अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

प्रत्येक अर्घ

अडिल्ल—सलिल गंधरो फूल सुगन्धित लीजिए ।
तन्दुल ले चरु दीपक धूप खेवीजिये ॥
फल ले अर्घ बनाय प्रभू पद पूजिये ॥
रवि अरिष्ट को दोष तुरत तहे धूजिये ।

ॐ ह्रीं रवि अरिष्ट निवारक श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं ॥१॥

जल चन्दन यहु फूल सु तन्दुल लीजिये ।
दुग्ध शर्करा राशि हित सु व्यंजन कीजिये ॥
दीप धूप फल अर्घ बनाय धरीजिये ।
शीस जिनेन्द्र को नवाय अरिष्ट हरीजिये ॥

ॐ ह्रीं चन्द्रारिष्ट निवारक चन्द्रप्रभु जिनेन्द्राय अर्घं ॥२॥

सुरभित जल श्रीखण्ड कुसुम तन्दुल भले ।
व्यजन दीपक धूप सदा फल सो रले ॥
वासु पूज्य जिनराय अर्घ शुभ दीजिये ।
मंगल ग्रह को रिष्ट नाश कर लीजिये ॥

ॐ ह्रीं भौमारिष्ट निवारक वासुपूज्य-जिनाय नमः अर्घं ॥३॥

शुभ सलिल चन्दन सुमन अक्षत क्षुधाहर चरु लीजिये ।
मणिदीप धूप सुफल सहित बहु दरब अर्घ सु दीजिये ।

विमलनाथ अनन्तनाथ सु धर्मनाथ जु शांतये ।
कुन्थु अरह जु नमि जिन महावीर आठ जिन यजे ।।
ॐ ह्री सौम ग्रहारिष्ट निवारक अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो अर्घं ।।४।।

जल चन्दन फूल तन्दुल मूल चरु दीपक ले धूप फल ।
वसु विधि से अर्चें वसुविधि चर्चें कीजे अविचल मुक्ति धरं ।।
ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन सुमति सुपारसनाथ वर ।
शीतलनाथ श्रेयांस जिनेश्वर पूजत सुर गुरु दोप हर ।।
ॐ ह्री सुर गुरु दोप निवारक वसु जिनवरेभ्यो अर्घं ।।५।।

जल चन्दन ले पुष्प और अक्षत घने ।
चरु दीपक वहु धूप सु फल अति सोहने ।।
गीत नृत्य गुण गाय अर्घ पूरन करें ।
पुष्पदन्त जिन पूज शुक्र दूषण हरें ।।
ओ ह्री शुक्रारिष्ट निवारक पुष्पदन्त जिनाय अर्घं ।।६।।

प्राणी नीरादिक वसु द्रव्य ले ।
मन वच काय लगाय ।।
अष्ट कर्म को नाश ह्वै अष्ट महा गुण पाय हो ।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।
ए जी रवि सुत सहज दुख जाय ।
प्राणी मुनिसुव्रत जिन पूजिये ।।
ओ ह्री शनि अरिष्ट नाशक मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घं ।।७।।

जल गन्ध पुष्प अखण्ड अक्षय चरु मनोहर लीजिए ।
दीप धूप फलोघ सुन्दर अर्घ जिन पद दीजिए

जब राहु गोचर रासि मे दुख देइ दुष्ट सुभावसो ॥
तब नेमि जिनके भाव सेति चरण पूजूं चावसों ।
ओ ह्रीं राहु अरिष्ट नाशक नेमिनाथ जिनेन्द्राय अर्घं ॥८॥

जल चन्दन सुमन सु लाय तन्दुल अघ हारो ।
चरु दीप धूप फल लाय अर्घ करों भारी ॥
मैं पूजो मल्लि जिनेश पारस सुखकारी ।
ग्रह केतु अरिष्ट निवार मन सुख हितकारी ॥
ओ ह्रीं केतु अरिष्ट निवारक मल्लि पार्श्व जिनाभ्याम् अर्घं ॥९॥

रवि शशि मगल सौम गुरु भृगु शनि राहु सुकेतु ।
इनको रिष्ट निवार फरे अर्चें जिन सुख हेतु ॥
ॐ ह्रीं सर्व ग्रहारिष्ट निवारक चतुर्विंशति जिनेभ्यो अर्घं ॥१०॥

जयमाला

दोहा

श्रीजिनवर पूजा किये, ग्रह अरिष्ट मिट जांय ।
पच ज्योतिषी देय सब, मिल सेवें प्रभु पाय ॥

पद्धरी छन्द

जय २ जिन आदि महन्त देव,जयअजित जिनेश्वर करहु सेव ।
जय २ सभव भय भय निवार,जय २ अभिनन्दन जगत तार ॥
जय सुमति सुमति दायक विशेष,जय पद्मप्रभ लग्न पदम लेष
जय २ सुपार्श्व हर कर्म पास, जय जय चंद्रप्रभ सुख निवास ॥
जय पुष्पदन्त कर कर्म अंत, जय शीतल जिन शीतल करन्त
जय श्रेय करन श्रेयान्स देव, जय वासुपूज्य पूजत सुमेव ॥

जय विमल विमल कर जगतजीव,जय२ अनत सुख अतिसदीव
जय धर्मधुरन्धर धर्मनाथ, जय शान्ति जिनेश्वर मुक्ति साथ ॥
जय कुथुनाथ शिव-सुख निधान,जय अरह जिनेश्वर मुक्ति खान
जय मल्लिनाथ पद पद्म भास,जय मुनिसुव्रत सुव्रत प्रकाश।
जय जय नमिदेव दयाल सन्त,जय नेमिनाथ प्रभु गुण अनन्त।
जय पारसप्रभु संकट निवार, जय वर्द्धमान आनन्दकार ॥
नवग्रह अरिष्ट जब होय आय, तब पूजै श्रीजिनदेव पाय।
मन वच तन सब सुखसिंधु होय,ग्रहशात रीति यह कही जोय॥

ओ ह्री सर्वग्रहारिष्टनिवारक-श्रीचतुर्विंशतितीर्थकरजिनेन्द्रेभ्यः पचकल्याणकप्राप्तेभ्यो महार्घ निर्वपामीति स्वाहा।

चौबीसौं जिनदेव प्रभु, ग्रह सम्बन्ध विचार।
जो पूजे प्रत्येक को, वे पावें सुख सार॥

इत्याशीर्वाद

सर्वग्रह शान्ति मन्त्र

ओ ह्रा ह्री ह्रूं ह्रौ ह्र असिआउसा सर्वशान्ति कुरु कुरु स्वाहा।
(प्रात इस मन्त्र की माला फेरने से सर्वग्रहो की शान्ति होती है।)

अथ नवग्रहशाति स्तोत्र

जगद्गुरुं नमस्कृत्य, श्रुत्वा सद्गुरुभाषितं।
ग्रहशांति प्रवक्ष्यामि, लोकाना सुखहेतवे॥
जिनेन्द्राः खेचरा ज्ञेया, पूजनीया विधिक्रमात्।
पुष्पैर्विलेपनैर्धूपैनैवेद्यैस्तुष्टिहेतवे।

पद्मप्रभस्य मार्तण्डश्चन्द्रश्चन्द्रप्रभस्य च ।
वासुपूज्यस्य भूपुत्रो, बुधश्चाष्टजिनेशिना ।।
विमलानन्तधर्मेश-शांतिकुन्थ्वरहनमि ।
वर्द्धमानजिनेन्द्राणा, पादपद्मं बुधो नमेत् ।।
ऋषभाजितसुपार्श्वा साभिनन्दनशीतलौ ।
सुमतिः सम्भवस्वामी, श्रेयांसेषु बृहस्पतिः ।।
सुविधि कथितः शुक्रे, सुव्रतश्च शनैश्चरे ।
नेमिनाथो भवेद्राहोः, केतुः श्रीमल्लिपार्श्वयोः ।।
जन्मलग्नं च राशिं च, यदि पीडयन्ति खेचरा ।
तदा सपूजयेद् धीमान्-खेचरान् सह तान् जिनान् ।।
भद्रबाहुगुरुर्वाग्मी, पंचमः श्रुतकेवली ।
विद्याप्रसादतः पूर्वं ग्रहशांतिर्विधिः कृता ।।
य. पठेत् प्रातरुत्थाय, शुचिर्भूत्वा समाहितः ।
विपत्तितो भवेच्छांतिः क्षेमं तस्य पदे पदे ।।

प्रात काल इस स्तोत्र का पाठ करने से क्रूरग्रह अपना असर नही करते । किसी ग्रह के असर होने पर २७ दिन तक प्रति दिन २१ बार पाठ करने से अवश्य शान्ति होगी ।

नव ग्रहो के जाप्य

ॐ ह्री क्ली श्री श्री सूर्यग्रह अरिष्टनिवारक श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ॥१॥ ७००० जाप्य।

ॐ ह्री क्रौ श्री क्ली चन्द्रारिष्टनिवारक श्री चन्द्रप्रभ जिनेन्द्राय नम. शांति कुरु कुरु स्वाहा ॥२॥ ११००० जाप्य।

ॐ आ क्रौ ह्री श्री क्ली भौमारिष्टनिवारक श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ॥३॥ १०००० जाप्य।

ॐ ह्री क्रौं आ श्रीबुधग्रहारिष्टनिवारक श्री विमल अनत धर्म शांति कुन्थु अरह नमि वर्धमान अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो नम शांति कुरुत कुरुत स्वाहा ॥४॥ ८००० जाप्य।

ॐ ओ क्रौ ह्री श्री क्ली ऐ गुरु अरिष्ट निवारक ऋषभ अजित सभव अभिनन्दन सुमति सुपारस शीतल श्रेयास अष्ट जिनेन्द्रेभ्यो नम शांति कुरुत कुरुत स्वाहा ॥५॥ १९००० जाप्य।

ॐ ह्री श्री क्ली ह्री शुक्र अरिष्टनिवारक श्री पुष्पदन्त जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ॥६॥ ११००० जाप्य।

ॐ ह्री क्रौ ह्र श्री शनि ग्रह अरिष्टनिवारक श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ॥७॥ २३००० जाप्य।

ॐ ह्री क्ली ह्रू राहु ग्रहारिष्टनिवारक श्री नेमिनाथ जिनेन्द्राय नम शांति कुरु कुरु स्वाहा ॥८॥ १८००० जाप्य।

ॐ ह्रो क्ली ऐ केतु अरिष्टनिवारक श्री मल्लिनाथ पार्श्वनाथ जिनेन्द्राभ्या नम शांति कुरुतम् २ स्वाहा ॥९॥ ७००० जाप्य।

अभिषेक पूजन विधान के बाद इन जाप्यो को जपना चाहिए। फिर शांति विसर्जन करे।

श्री कलिकुण्ड पार्श्वनाथ जिन पूजा भाषा

(मंगल पाठ) ॐ नमः सिद्धेभ्यः

मगल मूर्ति परम पद, पंच धरो नित ध्यान ।
हरो अमगल विश्व का, मंगलमय भगवान ॥१॥
मगल जिनवर पदनमो, मंगल अर्हंत देव ।
मंगलकारी सिद्ध पद, सो वन्दो स्वयमेव ॥२॥
मंगल आचार्य मुनि, मगल गुरु उवझाय ।
सर्व साधु म गल करो, वन्दो मन वच काय ॥३॥
मगल सरस्वती मात का, मगल जिनवर धर्म ।
मंगल मय मंगल करो, हरो असाता कर्म ॥४॥
या विधि मंगल से सदा, जग मे मंगल होत ।
मगल नामूनाम यह, भव सागर दृढ पोत ॥५॥

॥ इति मगलपाठ ॥

श्री कलिकुण्ड पार्श्वनाथ जिन पूजा (भाषा)

अडिल्ल छद–हूं कार अक्षरात्मक देव जो ध्यावते ।
देव मनुष पशु कृत सो व्याधि नशावते ॥
कांसो ताबे पत्र पै शुद्ध लिखावते ।
केशर चन्दन ता पर गध रचावते ॥

दोहा–ऐसे अनुपम यंत्र को, मन वच काय सभार ।
जे भवि पूजें प्रीति धर, हों भवदधि से पार ॥१॥

।। यंत्र स्थापना ।। चाल जोगीरासा ।।

है महिमा को थान शुद्धवर यत्र कलिकुण्ड जानो ।
डाकिनि शाकिनि अगनि चोर भय नाशत सब दुख खानो ।।
नव ग्रहो का सब दुख नाशो रवि शनि आदि पिछानो ।
तिनका मै स्थापन करहूँ त्रिविधि योग मन लानो ।।

ॐ ह्री श्री क्ली ऐं अर्हं कलिकुण्ड दण्ड श्री पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती सेवित अतुलबल-वीर्य-पराक्रम युक्त सर्वविघ्न-विनाशक, अत्र अवतर अवतर सवौषट् आह्वाननम् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापनम् । अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम् ।।

।। अथाष्टक ।।

छंदत्रिभगी—गंगाको नीर अति ही शीरं गध गहीर मेल सही।
भर कंचन झारी आनद धारी धार करो मन प्रीति लही ।।
कलिकुण्ड सुयंत्रं पढ कर मत्र ध्यावत जे भवि जन ज्ञानी ।
सब विपति विनाशै, सुख परकाशै, होवै मगल सुखदानी ।।

ॐ ह्री श्री क्ली ऐं अर्हं कलिकुण्ड दड श्री पार्श्वनाथाय धरणेद्र पद्मावती सेविताय अतुल बलवीर्य पराक्रमाय सर्व विघ्न विनाशनाय ह्म्ल्व्यूं भ्म्ल्व्यूं म्म्ल्व्यूं र्म्ल्व्यूं ध्म्ल्व्यूं इम्ल्व्यूं स्म्ल्व्यूं स्म्ल्व्यूं जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल निर्वपामीति स्वाहा ।। १।।

क्षीरोदधिनन्दन मलया चन्दन केशर और कर्पूर घसो ।
भर सुवरण कलशा मन अति हुलसा भय वा ताप का दुःख नशो । कलिकुण्ड सु० ।। चदन ।।२।।

नोट—प्रत्येक द्रव्य चढाते समय पूरा मत्र पढिये ।

शशि सम उजियारो तदुल प्यारो अणि इक सारो जुगलेवो।
हो गंध मनोहर रतन थार भर पुञ्ज मुकर मद तज देवो
॥ कलिकुण्ड० ॥ अक्षत ॥ ३ ॥

बहु फूल सुवासं मधुकर रासं करके आसं आवत हैं।
सुरतरु के लावो पुण्य बढावो काम व्यथा नश जावत है ॥
कलिकुण्ड० ॥ पुष्प ॥ ४ ॥

पकवान बनाये बहु घृत लाये खाड पगाये मिष्ट करे।
मन आनन्द धारें मंत्र उचारें क्षुधा रोग तत्काल टरे ॥
कलिकुण्ड० ॥ नैवेद्यं ॥ ५ ॥

रतनन की जोतं अति उद्योत तम क्षय होत ज्ञान बढं।
अति ही सुख पावै पाप नशावै जो मन लावै पाठ पढं ॥
कलिकुण्ड० ॥ दीप ॥ ६ ॥

चंदन कर्पूरं अगर गुचूर लौंगादिक दश गंध मिला।
वर धूप बनाकर अगनि माहि धर, दुष्ट कर्म तत्काल जला ॥
कलिकुण्ड० ॥ धूपं ॥ ७ ॥

खर्जूर मगावो श्रीफल लावो दाख अनार बदाम खरे।
पुंगीफल प्यारे मन सुखकारे अन्तराय विधि दूर करे ॥
कलिकुण्ड० ॥ फलं ॥ ८ ॥

जल गंध सुधारा तंदुल प्यारा पुष्प चरु ले दीप भली।
वर धूप सुरङ्गी फल ले अभङ्गी करो अर्घ उर हर्ष रली ॥
कलिकुण्ड० ॥ अर्घं ॥ ॥९॥

जयमाला ।

सर्वज्ञ परम गुण सागर हैं, तिन पद के हरि सब चाकर हैं।
सब विघ्न विनाशक सुखकर हैं॥ कलिकुन्डसुयत्र नमू वर हैं
नित ध्यान करैं जो जन मन ला, वर पूज रचैं कर यंत्र
भला। सब विघ्न० ॥२॥
तिनके घर ऋद्धि अनेक भरैं। मन वाछित कारज सर्व सरैं
सब विघ्न० ॥३॥
सूर वदित हैं तिनके चरण, उर धर्म बढे अघ को हरण॥
सब विघ्न० ॥४॥
भय चोर अगनि जल साप महो, सब व्याधि नशै छिन मे
जु सही॥ सब विघ्न० ॥५॥
सब वन्ध खुलै छिन माहि लखो, अरि मित्र होय गुरु सांच
अखो॥ सब विघ्न० ॥६॥
अतिसार संग्रहणी रोग नसैं, वंझा नारी लह पुत्र हसैं॥
सब विघ्न० ॥७॥
सब दूर अमंगल होय जान, सुख सपत दिन दिन बढत
मान॥ सब विघ्न० ॥८॥
इस यंत्र की जे पूजा करत,सुर नर सुख लह हो मुकति कत॥
सब विघ्न० ॥९॥

ॐ ह्री श्री क्ली ऐं अर्हं कलिकुण्डदड श्रीपार्श्वनाथाय धरणेंद्र पद्मावति-सेविताय अतुल-बलवीर्य-पराक्रमाय सर्व-विघ्न-विनाशकाय महार्घं निर्व० ॥

जाप्य मंत्र ।

ॐ ह्रीं श्री क्लीं ऐं अर्हं श्रीपार्श्वनाथाय धरणेंद्रपद्मावती सेविताय ममेप्सित कार्यं कुरु कुरु स्वाहा ॥

जयमाला

नागेंद्र प्रभु के चरण नमते मुकुट प्रभा महा बढी ।
बढो पुण्य अपार सब दुख कार अघ प्रकृति घटी ॥
ध्याये श्री कलिकुण्ड दण्ड प्रचण्ड पारसनाथ जी ।
तिनकी सुनो जयमाल भविजन कहूँ नवाके माथ जी॥ १॥

त्रोटक छन्द

विधि घाति हनो वर ज्ञान लहो, सब ही पदार्थ को भेद कहो।
नित यत्र नमू कलिकुण्ड सार, सब विघ्न विनाशन सुक्खकार २
कुमती वसु मान विनाशत हैं, मुकती का मारग भाषत हैं।
नित यंत्र० ॥३॥
दुर्गति मारग का नाश करै, एकांत मिथ्यात विवाद हरै ।
नित यंत्र० ॥४॥
निराकुल निर्मल शील धरै, निर्मल मुक्त लक्ष्मी को वरै ।
नित यंत्र० ॥५॥
नहीं क्रोध मान छल लोभ पाप, अष्टादश दोष विमुक्त आप ।
नित यंत्र० ॥६॥
हैं अजर अमर गुण के भंडार, सब विघ्न विनाशक परम
सार ॥ नित यंत्र० ॥७॥

नागेंद्र नरेंद्र सुरेंद्र आय, नमि है आनन्दित चित्त लाय।
नित यत्र० ॥८॥
दिनेंद्र मुनेंद्र निशेन्द्र आय, पूजत नित मनमे हर्ष धार॥
नित यत्र० ॥९॥

(धत्ता छन्द)

सब पाप निवारण, संकट टारण, कलिकुण्ड पारस परचंड।
जग मे यश पावैं, सपति आवैं, लहै मुकत जो सुख है अखण्ड।
प्रति दिन जो बन्दैं, मन आनन्दै हो बलवन्त पाप सब दूर॥
सबविघ्न विनाश लहैं सुख सपति दुष्टकर्म होवैं चकचूर ॥ अर्घ ॥
श्री पारस स्वामी अन्तर्यामी, ध्यान लगायो वन मांही।
चर कमठ जु आयो क्रोध बढायो परिषह कीनी अधिकाई॥
जिन मेरु समाना अचल महाना लख नागेंद्र ने पूज कियो।
सुर फण मंडप कीनो सुरबल हीनो है प्रभु को निज शीस नयो
॥महार्घ॥

सोरठा

पूजन ये सुखकार, जे भवि करि है प्रीतिधर।
विधि बलवंत अपार, हन कर शिव सुखको लहै॥
॥ इत्याशीर्वाद ॥ पुष्पाजलिं क्षिपेत् ॥

नोट:—इस पूजा की तीन जाप है जो नीचे लिखी है—

(जाप्य मन्त्र १)

ॐ ह्री श्री क्ली ऐं अर्ह कलिकुण्ड श्रीपार्श्वनाथाय धरणद्र पद्मावती-सहिताय अतुल-बलवीर्य-पराक्रमाय ममात्मविद्या रक्ष रक्ष पर विद्यां छिंद छिंद भिंद भिंद स्फ्रां स्फ्रीं स्फ्रूं स्फ्रौं स्फ्रः हूँ फट् स्वाहा ॥१॥

(जाप्य मन्त्र २)

ॐ ह्री श्री क्ली ऐं अर्हं श्रीपार्श्वनाथाय धरणद्र-पद्मावती-सहिताय ममेप्सितं कार्यं कुरु कुरु स्वाहा ॥२॥

(जाप्य मन्त्र ३)

ॐ ह्री श्री क्ली ऐं अर्हं कलिकुण्ड-दण्ड-स्वामिन्नतुल-बलवीर्य पराक्रमाय ममात्म-विद्या रक्ष रक्ष पर-विद्या छिंद छिंद भिंद भिंद स्फ्रां स्फ्रीं स्फ्रूं स्फ्रौं स्फ्रः हूँ फट् स्वाहा ॥३॥

श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ पूजन

स्थापना

हे पार्श्वनाथ करुणानिधान महिमा महान मंगलकारी ।
शिव भर्तारी, सुख भंडारी सर्वज्ञ सुखारी त्रिपुरारी ॥
तुम धर्मसेत, करुणानिकेत आनन्द हेत अतिशय धारी ।
तुम चिदानन्द आनन्द कन्द दुख—द्वन्द फन्द संकटहारी ॥
आवाहन करके आज तुम्हे अपने मन मे पधराऊंगा ।
अपने उर के सिंहासन पर गद-गद हो तुम्हें बिठाऊँगा ॥

मेरा निर्मल मन टेर रहा हे नाथ हृदय मे आ जाओ।
मेरे सूने मन मन्दिर मे पारस भगवान समा जाओ ॥

ओ ह्री श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्र अत्र अवतर अवतर सवौषट् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ । अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम् ।

भव वन मे भटक रहा हू मै भर सकी न तृष्णा की खाई।
भव सागर के अथाह दुख मे सुख की जल विन्दु नहीं पाई ॥
जिस भांति आपने तृष्णा पर, जय पाकर तृषा बुझाई है।
अपनी अतृप्ति पर, अब तुमसे जय पाने की सुधि आई है ॥

ओ ह्री श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल निर्वपामीति स्वाहा ।१।

क्रोधित हो क्रूर कमठ ने जब नभ से ज्वाला बरसाई थी।
उस आत्मध्यान की मुद्रा मे आकुलता तनिक न आई थी ॥
विघ्नो पर वैर-विरोधो पर मै साम्यभाव धर जय पाऊँ।
मन की आकुलता मिट जाये ऐसी शीतलता पा जाऊ ॥

ओ ह्री श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय संसार ताप-विनाशनाय चन्दन निर्वपामीति स्वाहा ।२।

तुमने कर्मो पर जय पाकर मोती सा जीवन पाया है।
यह निर्मलता मै भी पाऊ मेरे मन यही समाया है ॥
यह मेरा अस्तव्यस्त जीवन इसमे सुख कही न पाता हूँ।
मै भी अक्षय पद पाने को शुभ अक्षत तुम्हे चढाता हू ॥

ओ ह्री श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाय-जिनेन्द्राय अक्षयपद-प्राप्ताय अक्षत निर्वपामीति स्वाहा ।३।

अध्यात्मवाद के पुष्पो से जीवन फुलवारी महकाई।
जितना जितना उपसर्ग सहा उतनी उतनी दृढता आई ॥
मैं इन पुष्पों से वञ्चित हू अब इनको पाने आया हू।
चरणो पर अर्पित करने को कुछ पुष्प संजोकर लाया हू ॥

ओ ही श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय काम बाण विनाशनाय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा ।४।

जय पाकर चपल इन्द्रियो पर अन्तर की क्षुधा मिटा डाली।
अपरिग्रह की आलोक शक्ति अपने अन्दर ही प्रगटा ली ॥
भटकाती फिरती क्षुधा मुझे मै तृप्त नहीं हो पाया हूं।
इच्छाओ पर जय पाने को मैं शरण तुम्हारी आया हूं ॥

ओ ही श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा ।५।

अपने अज्ञान अधेरे में वह कमठ फिरा मारा मारा।
व्यन्तर विमानधारी था पर तप के उजियारे से हारा ॥
मैं अधकार में भटक रहा उजियारा पाने आया हूं।
जो ज्योति आप में दर्शित है वह ज्योति जगाने आया हू ॥

ओ ही श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीप निर्वपामीति स्वाहा ।६।

तुमने तपके दावानल में कर्मों की धूप जलाई है।
जो सिद्ध-शिला तक आ पहुची वह निर्मल गध उड़ाई है ॥
मैं कर्म बन्धनो में जकड़ा भव बन्धन से घबराया हूं।
वसु-कर्म दहन के लिये तुम्हे मैं धूप चढाने आया हू ॥

ओ ही श्री अहिच्छत्र-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अष्टकर्म-दहनाय धूप निर्वपामीति स्वाहा ।७।

तुम महा तपस्वी शान्ति मूर्ति उपसर्ग तुम्हे न डिगा पाये।
तप के फल ने पद्मावति के इन्द्रो के आसन कम्पाये॥
ऐसे उत्तम फल की आशा मै मन मे उमडी पाता हू।
ऐसा शिव सुख फल पाने को, फल की शुभ भेंट चढाता हू॥

ओ ह्री श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्ताय फलम् निर्वपामीति स्वाहा।८।

संघर्षो मे उपसर्गों मे तुमने समता का भाव धरा।
आदर्श तुम्हारा अमृत–बन भक्तो के जीवन मे बिखरा॥
मै अष्ट द्रव्य से पूजा का शुभ थाल सजा कर लाया हू।
जो पदवी तुमने पाई है मै भी उस पर ललचाया हू॥

ओ ह्री श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपद प्राप्ताय अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।९।

पचकल्याणक

वैशाख कृष्ण दूतिया के दिन तुम वामा के उर मे आये।
श्री अश्वसेन नृप के घर मे, आनन्द भरे मगल छाये॥

ओ ह्री वैशाख-कृष्ण-द्वितीयाया गर्भ मगल मडिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेद्राय अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा।१।

जब पौष कृष्ण एकादशि को, धरती पर नया प्रसून खिला।
भूले भटके भ्रमते जग को, आत्मोन्नति का आलोक मिला॥

ओ ह्री पौष कृष्ण एकादश्या जन्म मंगल मण्टिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घम् निर्यपामीति स्वाहा।२।

एकादशि पौष कृष्ण के दिन, तुमने संसार अथिर पाया ।
दीक्षा लेकर आध्यात्मिक पथ, तुमने तप द्वारा अपनाया ॥

ओं ह्रीं पौष कृष्ण एकादश्यां दिने त्रयो मंगल मण्डिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा ।

अहिच्छत्र धरा पर जो भर कर, की क्रूर कमठ ने मनमानी ।
तब कृष्णा चैत्र चतुर्थी को, पद प्राप्त किया केवल ज्ञानी ॥
यह वन्दनीय हो गई धरा, दश भव का वैरी पछताया ।
देवों ने जय जयकारों से, सारा भूमण्डल गुञ्जाया ॥

ओं ह्रीं श्री चैत्र कृष्णा चतुर्थी दिवस श्री अहिच्छत्रतीर्थे ज्ञान साम्राज्य प्राप्ताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा ।

श्रावण शुक्ला सप्तमि के दिन, सम्मेदशिखर ने यश पाया ।
'सुवर्ण गिर' भद्र कूट से जब, शिव मुक्ति रमा को परिणाया ।

ओं ह्रीं श्रावण शुक्ला सप्तम्यां सम्मेद शिखरस्य सुवर्ण भद्र कूटात् मोक्ष मंगल मण्डिताय श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घम् निर्वपामीति स्वाहा ।

जयमाला

(१)

सुरनर किन्नर गणधर फणधर योगीजन ध्यान लगाते हैं ।
भगवान तुम्हारी महिमा का, यशगान मुनीश्वर गाते हैं ॥

(२)

जो ध्यान तुम्हारा ध्याते हैं दुख उनके पास न आते हैं ।
जो शरण तुम्हारी रहते हैं उनके संकट कट जाते हैं ॥

(३)

तुम कर्मदली, तुम महाबली इन्द्रिय सुख पर जय पाई है।
मै भी तुम जैसा बन जाऊँ मन मे यह आज समाई है ॥

(४)

तुमने शरीर औ आत्मा के अतर स्वभाव को जाना है।
नश्वर शरीर का मोह तजा निश्चय स्वरूप पहिचाना है ॥

(५)

तुम द्रव्य मोह, औ भाव मोह इन दोनो से न्यारे न्यारे।
जो पुद्गल के निमित्त कारण वे राग द्वेष तुम से हारे ॥

(६)

तुम पर निर्जन वन मे बरसे ओले-शोले पत्थर पानी।
आलोक तपस्या के आगे चल सकी न शठ की मनमानी ॥

(७)

यह सहन शक्तियो का बल है जो तप के द्वारा आया था।
जिसने स्वर्गों मे देवो के सिंहासन को कम्पाया था ॥

(८)

'अहि' का स्वरूप धर कर तत्क्षण धरणेन्द्र स्वर्ग से आया था।
ध्यानस्थ आप के ऊपर प्रभु फण-मण्डप बन कर छाया था ॥

(९)

उपसर्ग कमठ का नष्ट किया मस्तक पर फण-मण्डप रचकर।
पद्मादेवी ने उठा लिया तुम को सिर के सिंहासन पर ॥

(१०)

तप के प्रभाव से देवो ने व्यंतर की माया विनशाई।
पर प्रभो आपकी मुद्रा मे तिल मात्र न आकुलता आई ॥

(११)

उपसर्गों का आतक तुम्हे हे प्रभु तिल भर न डिगा पाया।
अपनी विडम्बना पर वैरी असफल हो मन में पछताया ॥

(१२)

शठ कमठ, वैर के वशीभूत भौतिक बल पर बौराया था।
अध्यात्म आत्मबल का गौरव यह मूरख समझ न पाया था ॥

(१३)

दश भव तक जिसने वैर किया पीड़ायें देकर मन मानी।
फिर हार मानकर चरणों में झुक गया स्वयम् यह अभिमानी ॥

(१४)

यह वैर महा दुख दायी है यह वैर न वैर मिटाता है।
यह वैर निरन्तर प्राणी को भव सागर में भटकाता है ॥

(१५)

जिनको भव सुखकी चाह नहीं दुखसे न जरा भय खाते हैं।
वे सर्व-सिद्धियो को पाकर भव सागर से तिर जाते हैं ॥

(१६)

जिसने भी शुद्ध मनोबल से ये कठिन परीषह झेली हैं।
सब ऋद्धि-सिद्धिया नत होकर उनके चरणों पर खेली हैं ॥

(१७)

जो निर्विकल्प चैतन्य रूप शिव का स्वरूप तुमने पाया।
ऐसा पवित्र पद पाने को मेरा अन्तर मन ललचाया ॥

(१८)

कार्माण वर्गणायें मिलकर भव वन में भ्रमण कराती हैं।
जो शरण तुम्हारी आते हैं ये उनके पास न आती हैं ॥

(१९)

तुमने सब बैर विरोधो पर समदर्शी बन जय पाई है।
मैं भी ऐसी समता पाऊँ यह मेरे हृदय समाई है॥

(२०)

अपने समान ही तुम सब का जीवन विशाल कर देते हो।
तुम हो तिखाल वाले बाबा जग को निहाल कर देते हो॥

(२१)

तुम हो त्रिकाल दर्शी तुमने तीर्थंकर का पद पाया है।
तुम हो महान अतिशय धारी तुम में आनन्द समाया है॥

(२२)

चिन्मूरति आप अनंत गुणी रागादि न तुमको छू पाये।
इस पर भी हर शरणागत पर मनमाने सुख साधन आये॥

(२३)

तुम रागद्वेष से दूर दूर इनसे न तुम्हारा नाता है।
स्वयमेव वृक्ष के नीचे जग शीतल छाया पा जाता है॥

(२४)

अपनी सुगन्ध क्या फूल कहीं घर घर आकर बिखराते हैं।
सूरज की किरणो को छूकर सुमन स्वयम् खिल जाते हैं॥

(२५)

भौतिक पारस मणि तो केवल लोहे को स्वर्ण बनाती है।
हे पार्श्व प्रभो तुमको छूकर आत्मा कुन्दन बन जाती है॥

(२६)

तुम सर्व शक्ति धारी हो प्रभु ऐसा बल मैं भी पाऊंगा।
यदि यह बल मुझको भी दे दो फिर कुछ न मांगने आऊंगा॥

(२७)

कह रहा भक्ति के वशीभूत हे दया सिन्धु स्वीकारो तुम।
जैसे तुम जग से पार हुये मुझ को भी पार उतारो तुम ॥

(२८)

जितने भी शरण तुम्हारी ली वह खाली हाथ न आया है।
अपनी अपनी आशाओं का सबने वाछित फल पाया है।

(२९)

बहुमूल्य सम्पदायें सारी ध्याने वालो ने पाई हैं।
पारस के भक्तों पर निधियां स्वयमेव सिमट कर आई हैं॥

(३०)

जो मन से पूजा करते हैं पूजा उनको फल देती है।
प्रभु-पूजा भक्त पुजारी के, सारे सकट हर लेती है॥

(३१)

जो पथ तुमने अपनाया है वह सीधा शिव को जाता है।
जो इन पथ का अनुयायी है वह परम मोक्ष पद पाता है॥

ओं ह्रीं श्री अहिच्छत्र पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

पार्श्वनाथ भगवान को जो पूजे धर ध्यान।
उसे लोक परलोक के मिलें सकल वरदान॥

इत्याशीर्वाद। पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

तत्त्वार्थसूत्र

(आचार्य उमास्वामि-विरचित)

त्रैकाल्य द्रव्य-षट्क नव-पद-सहित जीव-षट् काय-लेश्याः।
पचान्ये चास्तिकाया व्रत-समिति-गति-ज्ञानचारित्र-भेदा ॥
इत्येतन्मोक्षमूल त्रिभुवन-महितै प्रोक्तमर्हद्भिरीशै ।
प्रत्येति श्रद्धधाति स्पृशति च मतिमान् य स वै शुद्धदृष्टि ॥१॥

सिद्धे जयप्पसिद्धे चउविहाराहणाफल पत्ते ।
वदित्ता अरहंते वोच्छ आराहणा कमसो ॥२॥
उज्झोवणमुज्झवण णिव्वाहण साहण च णिच्छरण ।
दसण-णाण-चरित्तं तवाणमाराहणा भणिया ॥३॥
मोक्षमार्गस्य नेतार भेत्तार कर्मभूभृताम् ।
ज्ञातार विश्वतत्त्वानां वन्दे तद्गुणलब्धये ॥

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणि मोक्ष-मार्ग ॥१॥ तत्त्वार्थ-श्रद्धान सम्यग्दर्शनम् ॥२॥ तन्निसर्गादधिगमाद्वा ॥३॥ जीवाजीवास्रव-बन्ध-सवर-निर्जरा-मोक्षास्तत्त्वम् ॥४॥ नाम-स्थापना-द्रव्य-भावतस्तन्न्यास ॥५॥ प्रमाण-नयैरधि-गम ॥६॥ निर्देश-स्वामित्व-साधनाधिकरण स्थिति विधा-नत ॥७॥ सत्संख्या-क्षेत्र-स्पर्शन-कालान्तर-भावाल्पबहुत्वै-श्च ॥८॥ मति-श्रुतावधि-मनःपर्यय-केवलानि ज्ञानम् ॥९॥ तत्प्रमाणे ॥१०॥ आद्ये परोक्षम् ॥११॥ प्रत्यक्षमन्यत् ॥१२॥ मतिः स्मृति सज्ञा चिन्ताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम् ॥१३॥ तदिन्द्रियानिन्द्रिय निमित्तम् ॥१४॥ अवग्रहेहावाय-धारणा.

॥१५॥ बहु-बहुविध-क्षिप्रानिःसृतानुक्त-ध्रुवाणा सेतराणाम् ॥१६॥ अर्थस्य ॥१७॥ व्यञ्जनास्यावग्रहः ॥१८॥ न चक्षु रनिन्द्रियाभ्याम् ॥१९॥ श्रुत मति-पूर्वं द्वयनेक-द्वादश-भेदम् ॥२०॥ भवप्रत्ययो-ऽवधिर्देव नारकाणाम् ॥२१॥ क्षयोपशम-निमित्त षड्विकल्प शेषाणाम् ॥२२॥ ऋजु-विपुलमती मन पर्ययः ॥२३॥ विशुद्ध्यप्रतिपाताभ्या तद्विशेष ॥२४॥ विशुद्धि-क्षेत्र-स्वामि-विषयेभ्योऽवधि-मन पर्याययो ।'२५॥ मति-श्रुतयोर्निबन्धो द्रव्येष्वसर्व-पर्यायेषु ॥२६॥ रूपिष्ववधेः ॥२७॥ तदनन्त-भागे मनः पर्ययस्य ॥२८॥सर्व-द्रव्य-पर्यायेषु केवलस्य ॥२९॥ एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्ना-चतुर्भ्य ॥३०॥ मति-श्रुतावधयो विपर्ययश्च ॥३१॥ सदसतोरविशेषाद्य दृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् ॥३२॥ नैगम-सग्रह-व्यवहारर्जु-सूत्र-शब्द-समभिरूढैवभूता नया ॥३३॥

इति तत्वार्थाधिगमे-मोक्षशास्त्रे प्रथमोध्याय ॥१॥

औपशमिक क्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्व-मौदयिक-पारिणामिकौ च ॥१॥ द्वि-नवाष्टादशैकविंश-ति-त्रिभेदा यथाक्रमम् ॥२॥ सम्यक्त्व-चारित्रे ॥३॥ ज्ञान दर्शन-दान-लाभ-भोगोपभोग-वीर्याणि च ॥४॥ ज्ञानाज्ञान दर्शन-लब्धयश्चतुस्त्रित्रि-पञ्च-भेदा सम्यक्त्व-चारित्र-सयमा सयमाश्च ॥५॥ गति-कषाय-लिग-मिथ्यादर्शनाज्ञानासयता सिद्ध-लेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकैक-षड्भेदाः ॥६॥ जीव-भव्या भव्यत्वानि च ॥७॥ उपयोगो लक्षणम् ॥८॥ स द्विविधोऽष्ट-चतुर्भेद ॥९॥ संसारिणो मुक्ताश्च ॥१०॥ समनस्कामनस्काः

॥११॥ ससारिणस्त्रस-स्थावरा ॥१२॥ पृथिव्यप्तेजो-वायु वनस्पतय स्थावरा ॥१३॥ द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः ॥१४॥ पञ्चेन्द्रियाणि ॥१५॥ द्विविधानि ॥१६॥ निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम ॥१७॥ लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम् ।१८। स्पर्शन-रसन-घ्राण-चक्षु -श्रोत्राणि ॥१९॥ स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण-शब्दास्तदर्था ॥२०॥श्रुतमनिन्द्रियस्य॥२१॥ वनस्पत्यन्तानामेकम् ॥२२॥ कृमि-पिपीलिका-भ्रमर-मनुष्यादीनामेकैक-वृद्धानि ॥२३॥ सज्ञिन समनस्का ॥२४॥ विग्रहगतौ कर्म योग ॥२५॥ अनुश्रेणि गति ॥२६॥ अविग्रहा जोवस्य ॥२७॥ विग्रहवती च ससारिण प्राक् चतुर्भ्य ॥२८॥ एक-समयाऽविग्रहा॥२९॥एक द्वौ त्रीन्वानाहारक ॥३०॥समूर्छन-गर्भोपपादा जन्म ॥३१॥सचित्त-शीत-सवृता सेतरा मिश्रा-श्चैकशस्तद्योनय ॥३२॥जरायुजाण्डज-पोताना गर्भ ॥३३॥ देव-नारकाणामुपपाद ॥३४॥ शेषाणा सम्मूर्च्छनम् ॥३५॥ औदारिक-वैक्रियिकाहारक-तैजस-कार्मणानि शरीराणि।३६। परं पर सूक्ष्मम् ॥३७॥ प्रदेशतोऽसंख्येयगुण प्राक् तैजसात् ॥३८॥अनन्त-गुणे परे ।।३९॥ अप्रतीघाते ॥४०॥ अनादि-सम्बन्धे च ॥४१॥ सर्वस्य ॥४२॥ तदादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्य ॥४३॥ निरुपभोगमन्त्यम् ॥४४॥ गर्भ-समूर्च्छनजमाद्यम् ॥४५॥औपपादिक वैक्रियिकम्॥४६॥ लब्धिप्रत्यय च ॥४७॥ तैजसमपि ॥४८॥ शुभ विशुद्ध-मव्याघाति-चाहारक प्रमत्तसयतस्यैव।४९।नारक-समूर्च्छिनो

नावगाह ॥१६॥ तन्मध्ये योजन पुष्करम् ॥१७॥ तद्द्विगुण-द्विगुणा ह्रदा पुष्कराणि च ॥१८॥ तन्निवासिन्यो देव्य श्री-ह्री-धृति-कीर्ति-बुद्धि-लक्ष्म्य पल्योपमस्थितयः ससामानिक-परिषत्का ॥१९॥ गङ्गा-सिन्धु-रोहिद्रोहितास्या-हरिद्धरिकान्ता-सीता-सीतोदा-नारी-नरकान्ता-सुवर्ण-रूप्यकूला-रक्ता-रक्तोदा सरितस्तन्मध्यगा ॥२०॥ द्वयोर्द्वयो पूर्वा पूर्वगा ॥२१॥शेषास्त्वपरगा ॥२२॥ चतुर्दश-नदी-सहस्र-परिवृता गगा-सिन्ध्वादयो नद्य ॥२३॥ भरत षड्विंशति-पच-योजन-शत-विस्तार षट् चैकोनविंशतिभागा योजनस्य ॥२४॥ तद्द्विगुण-द्विगुण-विस्तारा वर्षधर-वर्षा विदेहान्ता ॥२५॥ उत्तरा दक्षिण-तुल्या ॥२६॥ भरतैरावतयोर्वृद्धि-ह्रासौ षट्समयाभ्यामुत्सर्पिण्यवसर्पिणीभ्याम् ॥२७॥ ताभ्यामपरा भूमयोऽवस्थिता ॥२८॥ एक-द्वि-त्रि-पल्योपम-स्थितयो हैमवतक-हारिवर्षक-दैवकुरवका ॥२९॥ तथोत्तरा ॥३०॥ विदेहेषु-सख्येय-काला ॥३१॥ भरतस्य विष्कम्भो जम्बूद्वीपस्य नवति-शत-भाग ॥३२॥ द्विर्धातकीखण्डे ॥३३॥ पुष्करार्द्धे च ॥३४॥ प्राङ्मानुषोत्तरान्मनुष्या ॥३५॥ आर्या म्लेच्छाश्च ॥३६॥ भरतैरावत-विदेहा कर्मभूमयोऽन्यत्र देवकुरूत्तरकुरुभ्य ॥३७॥ नृस्थिती परावरे त्रिपल्योपमान्तर्मुहूर्ते ॥३८॥ तिर्यग्योनिजाना च ॥३९॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे तृतीयोऽध्याय ॥३॥

तुषिताव्याबाधारिष्टाश्च ॥२५॥ विजयादिषु द्वि-चरमा ॥२६॥ औपपादिक—मनुष्येभ्य शेपास्तिर्यग्योनय ॥२७॥ स्थितिरसुर-नाग-सुपर्ण-द्वीपशेषाणा सागरोपम-त्रिपल्योप-मार्द्ध-हीन-मिता ॥२८॥ सौधर्मैशानयो सागरोपमेऽधिके ॥२९॥ सानत्कुमार-माहेन्द्रयो सप्त ॥३०॥ त्रि-सप्त-नवैकादश-त्रयोदश-पञ्चदशभिरधिकानि तु ॥३१॥ आर-णाच्युतादूर्ध्वमेकैकेन नवसु ग्रैवेयकेषु विजयादिषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥३२॥ अपरा पल्योपममधिकम् ॥३३॥ परत परतः पूर्वा पूर्वाऽनन्तरा ॥३४॥ नारकाणा च द्वितीयादिषु ॥३५॥ दश-वर्ष-सहस्राणि प्रथमायाम् ॥३६॥ भवनेषु च ॥३७॥ व्यन्तराणा च ॥३८॥ परा पल्योपममधिकम् ॥३९॥ ज्योतिष्काणा च ॥४०॥ तदष्ट-भागोऽपरा ॥४१॥ लौका-न्तिकानामष्टौ सागरोपमाणि सर्वेषाम् ॥४२॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षाशास्त्रे चतुर्थोऽध्याय ॥४॥

अजीव-काया धर्माधर्माकाश-पुद्गलाः ॥१॥ द्रव्याणि ॥२॥ जीवाश्च ॥३॥ नित्यावस्थितान्यरूपाणि ॥४॥ रूपिण पुद्गला ॥५॥ आ आकाशादेकद्रव्याणि ॥६॥ निष्क्रियाणि च ॥७॥ असख्येया प्रदेशा धर्माधर्मैक-जीवानाम् ॥८॥ आकाशस्यानन्ता ॥९॥ सख्येयासख्येयाश्च पुद्गलानाम् ॥१०॥ नाणो ॥११॥ लोकाकाशेऽवगाह ॥१२॥ धर्माधर्मयो कृत्स्ने ॥१३॥ एकप्रदेशादिषु भाज्य पुद्गलानाम् ॥१४॥ असख्येय-भागादिषु जीवानाम् ॥१५॥

अधिकरण जीवाजीवा ।७। आद्य सरम्भ-समारम्भारम्भयोग कृत-कारितानुमत-कषाय-विशेषैस्त्रिस्त्रिस्त्रिश्चतुश्चैकश ।८। निर्वर्तना-निक्षेप-सयोग-निसर्गा द्वि-चतुर्द्वि-त्रिभेदा परम् ॥९॥ तत्प्रदोष-निह्नव-मात्सर्यान्तरायासादनोपघाता ज्ञान-दर्शनावरणयो ॥१०॥ दुःख-शोक-तापाक्रन्दन-वध-परिदेवनान्यात्म-परोभय-स्थानान्यसद्वेद्यस्य ॥११॥ भूत-व्रत्यनुकम्पादान-सरागसयमादि-योग क्षांति शौचमिति सद्वेद्यस्य ॥१२॥ केवलि-श्रुत-सघ-धर्मदेवावर्णवादो दर्शनमोहस्य ॥१३॥ कषायोदयात्तीव्र-परिणामश्चारित्रमोहस्य ॥१४॥ बह्वारम्भ-परिग्रहत्व नारकस्यायुष. ॥१५॥ माया तैर्यग्योनस्य ॥१६॥ अल्पारम्भ-परिग्रहत्व मानुषस्य ॥१७॥ स्वभाव-मार्दव च ॥ १८॥ नि शील-व्रतित्व च सर्वेषाम् ॥१९॥ सरागसयम-सयमासयमाकामनिर्जरा-बालतपासि दैवस्य ॥२०॥ सम्यक्त्व च ॥२१॥ योगवक्रता विसवादन चाशुभस्य नाम्न ॥२२॥ तद्विपरीत शुभस्य ॥२३॥ दर्शनविशुद्धिर्विनयसम्पन्नता-शील-व्रतेष्वनतीचारोऽभीक्ष्ण-ज्ञानोपयोगसवेगौ शक्तितस्त्याग-तपसी साधुसमाधिर्वैयावृत्य-करणमर्हदाचार्य-बहुश्रुत-प्रवचन--भक्तिरावश्यकापरिहाणिर्मार्ग-भावना प्रवचन-वत्सलत्वमिति तीर्थकरत्वस्य ॥२४॥ परात्म-निन्दा-प्रशसे सदसद्गुणोच्छादनोद्भावने च नीचैर्गोत्रस्य ॥२५॥ तद्विपर्ययो नीचैर्वृत्त्यनुत्सेकौ चोत्तरस्य ॥२६॥ विघ्नकरणमन्तरायस्य ॥२७॥

इति तत्त्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे षष्ठोऽध्याय ॥६॥

भेदा ॥२६॥ स्तेनप्रयोग-तदाहृतादान-विरुद्धराज्यातिक्रम-हीनाधिकमानोन्मान-प्रतिरूपक व्यवहारा ॥२७॥ परविवाहकरणेत्वरिका - परिगृहीतापरिगृहीता-गमनानङ्गक्रीडा-कामतीव्राभिनिवेशा ॥२८॥ क्षेत्रवास्तु-हिरण्यसुवर्ण-धन-धान्य-दासीदास-कुप्यप्रमाणातिक्रमा ॥२९॥ ऊर्ध्वाधस्ति-र्यग्व्यतिक्रम-क्षेत्रवृद्धि-स्मृत्यन्तराधानानि ॥३०॥ आनयन-प्रेष्यप्रयोग- शब्द-रूपानुपात-पुद्गलक्षेपा ॥३१॥ कन्दर्प-कौत्कुच्य - मौखर्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि ॥३२॥ योग-दुष्प्रणिधानानादर-स्मृत्यनुपस्थानानि ॥३३॥ अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादान-संस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥३४॥ सचित्त-सम्बध-सम्मिश्राभिषव-दुष्पक्वाहारा ॥३५॥ सचित्त-निक्षेपापिधान-परव्यपदेश-मात्सर्य-कालातिक्रमा ॥३६॥ जीवित-मरणाशंसा-मित्रानुराग-सुखानुबन्ध-निदानानि ॥३७॥ अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम् ॥३८॥ विधि-द्रव्य-दातृ-पात्र-विशेषात्तद्विशेषः ॥३९॥

इति तत्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे सप्तमोऽध्याय ॥७॥

मिथ्यादर्शनाविरति-प्रमाद-कषाय-योगा बन्धहेतव ॥१॥ सकषायत्वाज्जीव कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्ध. ॥२॥ प्रकृति-स्थित्यनुभाग-प्रदेशास्तद्विधय ॥३॥ आद्यो ज्ञान - दर्शनावरण-वेदनीय-मोहनीयायुर्नाम - गोत्रान्तराया ॥४॥ पञ्च-नव-द्व्यष्टाविंशति-चतुर्द्विचत्वारिंशद् द्वि-पञ्च भेदा यथाक्रमम् ॥५॥ मति-श्रुतावधि-मन पर्यय-केवलानाम्-

मोहक्षयाज्ज्ञान-दर्शनावरणान्तराय-क्षयाच्च केवलम् ॥१॥ बन्धहेत्वभाव-निर्जराभ्या कृत्स्न-कर्म-विप्रमोक्षो मोक्ष ॥२॥ औपशमिकादि-भव्यत्वाना च ॥३॥ अन्यत्र केवलसम्यक्त्व-ज्ञान-दर्शन-सिद्धत्वेभ्य ॥४॥ तदनन्तरमूर्ध्वं गच्छत्यालोकान्तात् ॥५॥ पूर्वप्रयोगादसङ्गत्वाद् बन्धच्छेदात्तथागतिपरिणामाच्च ॥ ६ ॥ आविद्धकुलालचक्रवद्-व्यपगतलेपालाबुवदेरण्डबीजवदग्निशिखावच्च ॥७॥ धर्मास्तिकायाभावात् ॥८॥ क्षेत्र-काल-गति-लिङ्ग-तीर्थ-चारित्र प्रत्येकबुद्धबोधित - ज्ञानावगाहनान्तर - सख्याल्पबहुत्वत साध्या ॥९॥

इति तत्वार्थाधिगमे मोक्षशास्त्रे दशमोऽध्याय ॥१०॥

अक्षर-मात्र पद-स्वर-हीन, व्यजन-सधि-विवर्जित-रेफम् ।
साधुभिरत्र मम क्षमितव्य, को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे ।१।

दशाध्याये परिच्छिन्ने, तत्वार्थे पठिते सति ।
फल स्यादुपवासस्य, भाषित मुनिपु गवै ॥२॥

तत्वार्थ-सूत्र-कर्तार, गृद्ध्रपिच्छोपलक्षितम् ।
वन्दे गणीन्द्र - नजातमुमास्वामि-मुनीश्वरम् ॥३॥

पढम चउक्के पढम पचमे जाणि पुग्गल तच्च ।
छह सत्तमे हि आस्सव अट्ठमे बधणायव्या ॥४॥

णवमे सवर णिज्जर दहमे मोक्ख वियाणे हि ।
छह सत्त तच्च भणिय दह सुक्खेण मुणि देहि ॥५॥

ज सक्कइ त कीरइ ज पण सक्कइ तहेव सद्दहण ।
सद्दहमाणो जीवो, पावइ अजरामर ठाण ॥६॥
तवयरण वयधरण, सजमसरण च जीव-दया-करणम् ।
अन्ते समाहिमरण, चउविह दुक्ख णिवारेई ॥७॥
अरहत भासियत्थ गणहरदेवेहिं गथियं सव्व ।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोवय सिरसा ॥८॥
गुरवो पातु वो नित्य ज्ञान-दर्शन-नायका ।
चारित्रार्णव-गभीरा मोक्ष-मार्गोपदेशक ॥९॥
कोटिशत द्वादशचैव कोट्यो लक्षाण्यशीतिस्त्र्यधिकानिचैव ।
पचाशदष्टौ च सहस्रसख्यामेतद् श्रुतं पंचपदं नमामि ।१०।

इति तत्वार्थसूत्रापरनाम-तत्वार्थाधिगम-मोक्षशास्त्र समाप्तम् ।

भक्तामर स्तोत्र

परिचय

यह सुप्रसिद्ध स्तोत्र है । क्रुद्ध नृपति द्वारा आचार्य मानतुङ्ग को बलपूर्वक पकडवा कर ४८ तालो के अन्दर बन्द करवा दिया गया था । उस समय धर्म की रक्षा और प्रभावना हेतु आचार्य श्री ने भगवान आदिनाथ की इस स्तुति की रचना की थी जिससे ४८ ताले स्वय टूट गये थे और राजा ने क्षमा मागकर उनके प्रति बडी भक्ति प्रदर्शित की थी । भक्तामर का प्रति दिन पाठ समस्त विघ्न बाधाओं का नाशक और सब प्रकार मगलकारक माना जाता है । इसका प्रत्येक श्लोक मत्र मानकर उसकी आराधना भी की जाती है । इसकी अधिक जानकारी के लिए हमारे यहाँ से प्रकाशित 'भक्तामर स्तोत्र' देखें ।

भक्तामरस्तोत्रम्

[श्री मानतुङ्गाचार्य]

भक्तामर-प्रणत-मौलि-मणि-प्रभाणा-
मुद्योतक दलित-पाप-तमो-वितानम् ।
सम्यक्-प्रणम्य जिन-पाद-युग युगादा-
वालम्बन भव-जले पतता जनानाम् ॥१॥

य सस्तुत सकल-वाङ्मय-तत्त्व-बोधा-
दुद्भूत-बुद्धि-पटुभि सुर-लोकनाथै. ।
स्तोत्रैर्जगत्त्रितय-चित्त-हरैरुदारै.
स्तोष्ये किलाहमपि त प्रथम जिनेन्द्रम् ॥२॥

बुद्ध्या विनापि विबुधार्चित-पाद-पीठ
स्तोतु समुद्यत-मतिर्विगत-त्रपोऽहम् ।
बाल विहाय जल-सस्थितमिन्दु-बिम्ब-
मन्य क इच्छति जन सहसा ग्रहीतुम् ॥३॥

वक्तुं गुणान्गुण-समुद्र शशाङ्क-कान्तान्
कस्ते क्षम सुर-गुरु-प्रतिमोऽपि बुद्धया ।
कल्पान्त-काल-पवनोद्धत-नक्र-चक्र
को वा तरीतुमलमम्बुनिधि भुजाभ्याम् ॥४॥

सोऽह तथापि तव भक्ति-वशान्मुनीश
कर्तुं स्तव विगत-शक्तिरपि प्रवृत्त. ।
प्रीत्यात्मवीर्यमविचार्य मृगो मृगेन्द्र
नाभ्येति किं निज-शिशो.परिपालनार्थम् ॥५॥

अल्प-श्रुतं श्रुतवतां परिहास-धाम
त्वद्भक्तिरेव मुखरीकुरुते बलान्माम्
यत्कोकिलः किल मधौ मधुर विरौति
तच्चारु-चाम्र-कलिका-निकरैक-हेतु ॥ ६ ॥
त्वत्संस्तवेन भव-सन्तति-सन्निबद्धं
पापं क्षणात्क्षयमुपैति शरीरभाजाम् ।
आक्रान्त-लोकमलि-नीलमशेषमाशु
सूर्यांशु-भिन्नमिव शार्वरमन्धकारम् ॥ ७ ॥
मत्वेति नाथ तव संस्तवनं मयेद-
मारभ्यते तनु-धियापि तव प्रभावात् ।
चेतो हरिष्यति सतां नलिनी-दलेषु
मुक्ता-फलद्युतिमुपैति ननूद-बिन्दूः ॥ ८ ॥
आस्तां तव स्तवनमस्त-समस्त-दोष
त्वत्संकथापि जगतां दुरितानि हन्ति ।
दूरे सहस्रकिरणः कुरुते प्रभैव
पद्माकरेषु जलजानि विकासभाञ्जि ॥ ९ ॥
नात्यद्भुतं भुवन-भूषण भूत-नाथ
भूतैर्गुणैर्भुवि भवन्तमभिष्टुवन्तः
तुल्या भवन्ति भवतो ननु तेन किं वा
भूत्याश्रितं य इह नात्मसमं करोति ॥ १० ॥
दृष्ट्वा भवन्तमनिमेष-विलोकनीयं
नान्यत्र तोषमुपयाति जनस्य चक्षुः ।

पीत्वा पय शशिकर-द्युति-दुग्ध-सिन्धो
क्षार जल जल-निधेरसितु क इच्छेत् ॥ ११॥
यै शान्त-राग-रुचिभि परमाणुभिस्त्वं
निर्मापितस्त्रिभुवनैक-ललाम-भूत
तावन्त एव खलु तेऽप्यणव पृथिव्या
यत्ते समानमपर न हि रूपमस्ति ॥ १२॥
वक्त्र क्व ते सुर-नरोरग-नेत्र-हारि
नि.शेष-निर्जित-जगत्त्रितयोपमानम् ।
बिम्ब कलङ्क-मलिन क्व निशाकरस्य
यद्वासरे भवति पाण्डु-पलाश कल्पम् ॥१३॥
सम्पूर्ण-मण्डल-शशाङ्क-कला-कलाप-
शुभ्रा गुणास्त्रिभुवन तव लङ्घयन्ति ।
ये सश्रितास्त्रिजगदीश्वर-नाथमेक
कस्तान्निवारयति सचरतो यथेष्टम् ॥ १४ ॥
चित्र किमत्र यदि ते त्रिदशाङ्गनाभि-
र्नीत मनागपि मनो न विकार-मार्गम् ।
कल्पान्त-काल-मरुता चलिताचलेन
किं मन्दराद्रि-शिखर चलित कदाचित् ॥१५॥
निर्धूम-वर्तिरपवर्जित-तैल-पूर
कृत्स्न जगत्त्रयमिद प्रकटी-करोषि ।
गम्यो न जातु मरुता चलिताचलानां
दीपोऽपरस्त्वमसि नाथ जगत्प्रकाशः ॥१६॥

नास्त कदाचिदुपयासि न राहु-गम्य.
स्पष्टीकरोषि सहसा युगपज्जगन्ति ।
नाम्भोधरोदर-निरुद्ध-महा-प्रभाव
सूर्यातिशायि-महिमासि मुनीन्द्र लोके ॥१७॥
नित्योदय दलित-मोह-महान्धकार
गम्यं न राहु-वदनस्य न वारिदानाम् ।
विभ्राजते तव मुखाब्जमनल्पकान्ति
विद्योतयज्जगदपूर्व-शशाङ्क-विम्बम् ॥१८॥
किं शर्वरीषु शशिनाह्नि विवस्वता वा
युष्मन्मुखेन्दु-दलितेषु तम.सु नाथ ।
निष्पन्न-शालि-वन-शालिनि जीव-लोके
कार्यं कियज्जलधरैर्जल-भार-नम्रैः ॥१९॥
ज्ञानं यथा त्वयि विभाति कृतावकाश
नैवं तथा हरि-हरादिषु नायकेषु ।
तेज.स्फुरन्मणिषु याति यथा महत्त्व
नैवं तु काच-शकले किरणाकुलेऽपि ॥२०॥
मन्ये वर हरि-हरादय एव दृष्टा
दृष्टेषु येषु हृदय त्वयि तोषमेति ।
किं वीक्षितेन भवता भुवि येन नान्य
कश्चिन्मनो हरति नाथ भवान्तरेऽपि ॥२१॥
स्त्रीणा शतानि शतशो जनयन्ति पुत्रान्
नान्या सुतं त्वदुपम जननी प्रसूता ।

सर्वा दिशो दधति भानि सहस्र-रश्मि
प्राच्येव दिग्जनयति स्फुरदंशुजालम् ॥२२॥
त्वामामनन्ति मुनय परम पुमास-
मादित्य-वर्णममल तमस पुरस्तात् ।
त्वामेव सम्यगुपलभ्य जयन्ति मृत्यु
नान्य शिव शिवपदस्य मुनीन्द्र पन्था. ॥२३॥
त्वामव्यय विभुमचिन्त्यममल्यमाद्य
ब्रह्माणमीश्वरमनन्तमनङ्गकेतुम् ।
योगीश्वर विदित-योगमनेकमेक
ज्ञान-स्वरूपममल प्रवदन्ति सन्त ॥२४॥
बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चित-बुद्धि-बोधात्
त्व शङ्करोऽसि भुवन-त्रय-शङ्करत्वात् ।
धातासि धीर शिव-मार्ग-विधेर्विधानात्
व्यक्त त्वमेव भगवन्पुरुषोत्तमोऽसि ॥२५॥
तुभ्य नमस्त्रिभुवनार्ति-हराय नाथ
तुभ्य नम क्षिति-तलामल-भूषणाय ।
तुभ्य नमस्त्रिजगत परमेश्वराय
तुभ्यं नमो जिन भवोदधि-शोषणाय ॥२६॥
को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणैरशेषै-
स्त्वं सश्रितो निरवकाशतया मुनीश ।
दोषैरुपात्तविविधाश्रय-जात-गर्वै
स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचिदपीक्षितोऽसि ॥२७॥

उच्चैरशोक-तरु-संश्रितमुन्मयूख-
माभाति रूपममलं भवतो नितान्तम् ।
स्पष्टोल्लसत्किरणमस्त-तमो-वितानं
बिम्बं रवेरिव पयोधर-पार्श्ववर्ति ॥२८॥
सिंहासने मणि-मयूख-शिखा-विचित्रे
विभ्राजते तव वपुः कनकावदातम् ।
बिम्बं वियद्विलसदंशुलता-वितानं
तुङ्गोदयाद्रिशिरसीव सहस्र-रश्मेः ॥२९॥
कुन्दावदात-चल-चामर-चारु-शोभं
विभ्राजते तव वपु कलधौत-कान्तम् ।
उद्यच्छशाङ्क-शुचि-निर्झर-वारि-धार-
मुच्चैस्तटं सुरगिरेरिव शातकौम्भम् ॥३०॥
छत्र-त्रयं तव विभाति शशाङ्क-कान्त-
मुच्चैः स्थित स्थगित-भानु-कर-प्रतापम् ।
मुक्ता-फल-प्रकर-जाल-विवृद्धशोभं
प्रख्यापयत्त्रिजगतः परमेश्वरत्वम् ॥३१॥
गम्भीर-तार-रव-पूरित-दिग्विभाग-
स्त्रैलोक्य-लोक-शुभ-सङ्गम-भूति-दक्षः ।
सद्धर्मराज-जय-घोषण-घोषकः सन्
खे दुन्दुभिर्ध्वनति ते यशसः प्रवादी ॥३२॥
मन्दार-सुन्दर-नमेरु-सुपारिजात-
सन्तानकादि-कुसुमोत्कर-वृष्टि-रुद्धा ।

गन्धोद-विन्दु-शुभ-मन्द-मरुत्प्रपाता
दिव्या दिव पतति ते वचसा ततिर्वा ॥३३॥
शुम्भत्प्रभा-वलय-भूरि-विभा विभोस्ते
लोकत्रये द्युतिमता द्युतिमाक्षिपन्ति ।
प्रोद्यद्दिवाकर-निरन्तर-भूरि-संख्या
दीप्त्या जयत्यपि निशामपि सोम-सौम्याम् ॥३४॥
स्वर्गापवर्ग-गम-मार्ग-विमार्गणेष्ट
सद्धर्म-तत्व-कथनैक-पटुस्त्रिलोक्या ।
दिव्य-ध्वनिर्भवति ते विशदार्थ-सर्व-
भाषा-स्वभाव-परिणाम-गुणै -प्रयोज्यः ॥३५॥
उन्निद्र-हेम-नव-पङ्कज-पुञ्ज-कान्ती
पर्युल्लसन्नख-मयूख-शिखाभिरामौ ।
पादौ पदानि तव यत्र जिनेन्द्र धत्त.
पद्मानि तत्र विबुधा परिकल्पयन्ति ॥३६॥
इत्थं यथा तव विभूतिरभूज्जिनेन्द्र
धर्मोपदेशन-विधौ-न तथा परस्य ।
यादृक्प्रभा दिनकृत. प्रहतान्धकारा
तादृक्कुतो ग्रह-गणस्य विकाशिनोऽपि ॥३७॥
श्च्योतन्मदाविल-विलोल-कपोल-मूल-
मत्त-भ्रमद्-भ्रमर-नाद-विवृद्ध-कोपम् ।
ऐरावताभमिभमुद्धतमापतन्तं
दृष्ट्वा भय भवति नो भवदाश्रितानाम् ॥३८॥

भिन्नेभ-कुम्भ-गलदुज्ज्वल-शोणिताक्त-
मुक्ता-फल-प्रकर-भूषित-भूमि-भागः ।
बद्ध-क्रमः क्रम-गत हरिणाधिपोऽपि
नाक्रामति क्रम-युगाचल-संश्रितं ते ॥३९॥
कल्पान्त-काल-पवनोद्धत-वह्नि-कल्पं
दावानल ज्वलितमुज्ज्वलमुत्स्फुलिङ्गम् ।
विश्वं जिघित्सुमिव संमुखमापतन्तं
त्वन्नाम-कीर्तन-जल शमयत्यशेषम् ॥४०॥
रक्तेक्षणं समद-कोकिल-कण्ठ-नीलं
क्रोधोद्धत फणिनमुत्फणमापतन्तम् ।
आक्रामति क्रम-युगेण • निरस्त-शंक-
स्त्वन्नाम-नाग-दमनी हृदि यस्य पुंसः ॥४१॥
वल्गत्तुरङ्ग-गज-गर्जित-भीमनाद-
माजौ बल बलवतामपि भूपतीनाम् ।
उद्यद्दिवाकर-मयूख-शिखापविद्धं
त्वत्कीर्तनात्तम इवाशु भिदामुपैति ॥४२॥
कुन्ताग्र-भिन्न-गज-शोणित-वारिवाह-
वेगावतार-तरणातुर-योध-भीमे ।
युद्धे जय विजित-दुर्जय-जेय-पक्षा-
स्त्वत्पाद-पङ्कज-वनाश्रयिणो लभन्ते ॥४३॥
अम्भोनिधौ क्षुभित-भीषण-नक्र-चक्र-
पाठीन-पीठ-भय-दोल्वण-वाडवाग्नौ ।

भक्तामर—महिमा

श्री भक्तामर का पाठ, करो नित प्रात, भक्ति मन लाई।
सब सकट जायें नशाई॥
जो ज्ञान- मान—मतवारे थे, मुनि मानतु ग से हारे थे।
उन चतुराई से नृपति लिया, बहकाई ॥ सब सकट० ॥ १ ॥

मुनि जी को नृपति बुलाया था, सैनिक जा हुक्म सुनाया था।
मुनि वीतराग को आज्ञा नही सुहाई ॥ सब सकट ॥ २।

उपसर्ग घोर तब आया था, बलपूर्वक पकड मगाया था।
हथकडी बेडियो से तन दिया बधाई ॥ सब सकट० ॥ ३ ॥

मुनि काराग्रह भिजवाये थे, अडतालिस ताले लगाये थे।
क्रोधित नृप बाहर पहरा दिया बिठाई ॥ सब सकट० ॥ ४ ॥

मुनि शान्तभाव अपनाया था, श्री आदि नाथ को ध्याया था।
हो ध्यान—मग्न भक्तामर दिया बनाई ॥ सब सकट० ॥ ५ ॥

सब बन्धन टूट गये मुनि के, ताले सब स्वय खुले उनके।
काराग्रह से आ बाहर दिये दिखाई ॥ सब सकट० ॥ ६ ॥

राजा नत होकर आया था, अपराध क्षमा करवाया था।
मुनि के चरणो मे अनुपम भक्ति दिखाई ॥ सब सकट० ॥ ७ ॥

जो पाठ भक्ति से करता है, नित ऋषभ-चरण चित धरता है।
जो ऋद्धि-मन्त्र का विधिवत जाप कराई ॥ सब सकट ॥८॥

भय विघ्न उपद्रव टलते हैं विपदा के दिवस बदलते है।
सब मन वाञ्छित हो पूर्ण, शान्ति छा जाई ॥ सब सकट ॥९॥

जो वीतराग आराधन है, आतम उन्नति का साधन है।
उससे प्राणी का भव बन्धन कट जाई ॥ सब सकट ॥१०॥

"कौशल" सुभक्ति को पहिचानो, संसार-दृष्टि बन्धन जानो।
लो भक्तामर से आत्म-ज्योति प्रकटाई ॥ सब सकट ॥११॥

महावीराष्टक-स्तोत्रम्

[कविवर भागचन्द]

शिखरिणी छन्द

यदीये चैतन्ये मुकुर इव भावाश्चिदचित
समं भान्ति ध्रौव्य व्यय-जनि-लसन्तोऽन्तरहिताः ।
जगत्साक्षी मार्ग-प्रकटन परो भानुरिव यो
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥१॥

अताम्र यच्चक्ष कमल-युगल स्पन्द-रहित
जनान्कोपापाय प्रकटयति वाभ्यन्तरमपि ।
स्फुट मूर्तिर्यस्य प्रशमितमयी वातिविमला
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥२॥

नमन्नाकेन्द्रालो-मुकुट-मणि-भा जाल जटिल
लसत्पादाम्भोज-द्वयमिह यदीय तनुभृताम् ।
भवज्ज्वाला-शान्त्यै प्रभवति जल वा स्मृतमपि
महावीर स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥३॥

यदर्च्चा-भावेन प्रमुदित-मना दर्दुर इह
क्षणादासीत्स्वर्गी गुण-गण-समृद्ध- सुख-निधि ।
लभन्ते मद्भक्ता शिव-सुख समाज किमुतदा
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥४॥

कनत्स्वर्णाभासोऽप्यपगत-तनुर्ज्ञान-निवहो
विचित्रात्माप्येको नृपति-वर-सिद्धार्थ-तनय ।

अजन्मापि श्रीमान् विगत-भव-रागोद्भुत-गतिर्
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥५॥
यदीया वाग्गङ्गा विविध-नय-कल्लोल-विमला
बृहज्ज्ञानाम्भोभिर्जगति जनता या स्नपयति ।
इदानीमप्येषा बुध-जन-मरालै परिचिता
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥६॥
अनिर्वारोद्रेकस्त्रिभुवन-जयी काम-सुभट
कुमारावस्थायामपि निज-बलाद्येन विजितः
स्फुरन्नित्यानन्द-प्रशम-पद-राज्याय स जिन
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥७॥
महामोहातंक-प्रशमन-पराकस्मिक-भिषक्
निरापेक्षो बन्धु विदित-महिमा मंगलकर ।
शरण्य साधूनां भव-भयभृतामुत्तमगुणो
महावीर-स्वामी नयन-पथ-गामी भवतु मे ॥८॥
महावीराष्टक स्तोत्र भक्त्या 'भागेन्दु' ना कृतम् ।
य. पठेच्छृणुयाच्चापि स याति परमा गतिम् ॥९॥

चौबीसवें तीर्थंकर महावीर के विषय मे महत्वपूर्ण बातें

नाम—वर्द्धमान [सन्मति, वीर, अतिवीर, महावीर] ।
जन्मस्थान—क्षत्रिय कुण्डग्राम [कुडलपुर-वैशाली] विहार ।
पिता—सिद्धार्थ । माता—त्रिशला [प्रियकारिणी] ।
वश—ज्ञातृ वशीय क्षत्रिय । गोत्र—काश्यप । चिन्ह—सिंह
जन्म-तिथि—चैत्र शुक्ला १३ ई० पू० ५९९ ।
दीक्षातिथि—मगसिर वदी १० ई० पू० ५७० ।

तप-काल—१२ वर्ष, ५ मास, १५ दिन।
कैवल्य प्राप्ति—वैशाख शुक्ल १० ई० पू० ५५७।
स्थान—विहार प्रान्त, जृम्भक गाव के पास ऋजुकूला नदी-तट
उपदेश काल—२९ वर्ष ५ मास, २० दिन।
निर्वाण-तिथि—कार्तिक कृष्ण ३० ई० पू० ५२७।
निर्वाण भूमि—पावापुरी (विहार)। आयु—लगभग ७२ वर्ष।

पुरुरवा से लेकर भगवान महावीर के ३४ भव

१ पुरुरवा भील २ पहले स्वर्ग मे देव ३ भरत पुत्र मारीचि
४ पाँचवें स्वर्ग मे देव ५ जटिल ब्राह्मण ६ पहले स्वर्ग मे देव
७ पुष्यमित्र ब्राह्मण ८ पहले स्वर्ग-देव ९ अग्नि सम-ब्राह्मण
१० तीसरे स्वर्ग-देव ११ अग्नि मित्र-ब्राह्मण १२ चौथे स्वर्ग मे देव
१३ भारद्वाज ब्राह्मण १४ चौथे स्वर्ग-देव १५ मनुष्य
१६ स्थावर ब्राह्मण १७ चौथे स्वर्ग मे देव १८ विश्वनदी
१९ दशवें स्वर्ग देव २० त्रिपृष्ठ अर्धचक्री २१ सातवे नरक मे
२२ सिंह २३ पहले नरक मे २४ सिंह
२५ पहले स्वर्ग-देव २६ विद्याधर २७ सातवे स्वर्ग मे देव
२८ हरिषेण राजा २९ दशवे स्वर्ग मे देव ३० चक्रवर्ती प्रियमित्र
३१ १२वे स्वर्ग-देव ३२ राजा नदन ३३ सोलहवें स्वर्ग मे इन्द्र
३४ तीर्थ कर महावीर। इनके मध्य असख्यात वर्षों तक नरको, त्रस स्थावर योनियो, इतर निगोद मे जो भव ग्रहण किये उनकी गिनती नही हो सकती॥

मंगलाष्टक स्तोत्र भाषा

सघसहित श्रीकुदकुंद गुरु, वदनहेत गये गिरनार।
वाद पर्‌यो तहं सशयमतिसो, साक्षी वदी अविकाकार॥
'सत्य पंथ निरग्रंथ दिगवर,' कही सुरी तहँ प्रगट पुकार।
सो गुरु देव वसो उर मेरे, विघनहरण मंगल करतार।१॥
स्वामी समतभद्र मुनिवरसों, शिवकोटी हठ कियो अपार।
वंदन करो शभुपिडीको, तव गुरु रच्यो स्वयंभू सार॥
वदन करत पिंडिका फाटी,प्रगट भये जिनचंद्र उदार॥ सो०
श्रीअकलंकदेव मुनिवरसो, वाद रच्यो जहँ वौद्ध विचार।
तारादेवी घट मे थापी, पटके ओट करत उच्चार॥
जीत्यो स्यादवादवल मुनिवर,वौद्धवोध तारा-मदटार॥ सो०
श्रीमत विद्यानदि जवै, श्रीदेवागमथुति सुनी सुधार।
अर्थहेत पहुच्यो जिनमदिर, मिल्यो अर्थ तहँ सुखवातार॥
तव व्रत परमदिगम्वरको धर,परमतको कीनो परिहार॥ सो०
श्रीमत मानतुग मुनिवर पर भूप कोप जव कियो गवार।
वद कियो तालो मे तवही, भक्तामर गुरु रच्यो उदार॥
चक्रेश्वरी प्रगट तव ह्वै कै, वंधनकाट कियो जयकार॥सो०
श्रीमत वादिराज मुनिवरसौं,कह्यो कुष्टि भूपति जिहँ वार।
श्रावक सेठ कह्यो तिह अवसर, मेरे गुरु कचन तनधार॥
तवही एकोभाव रच्यो गुरु,तन सुवरणदुति भयो अपार॥सो०
श्रीमत कुमुदचन्द्र मुनिवरसो,वाद पर्‌यो जह सभा मझार।
तव ही श्रीकल्यानधाम थुति, श्री गुरु रचना रची अपार॥
तव प्रतिमा श्रीपार्श्वनाथकी,प्रगट भई त्रिभुवन जयकार।सो०

श्रीमत अभयचन्द्र गुरुनो जब दिल्लीपति इमि कही पुकार।
कै तुम मोहि दिखावहु अतिशय कै पकरौ मेरो मत सार॥
तबगुरु प्रगट अलौकिक अतिशय तुरत हर्यो ताको मदभार।
सो गुरु देव बसौ उर मेरे, विघनहरण मगल करतार॥

दोहा—विघन हरण मगल करण वाछित फलदातार।
वृन्दावन' अष्टक रच्यो, करौ कठ सुखकार॥

भक्तामर स्तोत्र (भाषा)

[अनुवादक श्री प० हेमराज जी]

आदिपुरुष आदीश जिन, आदि सुविधि करतार।
धरम-धुरधर परमगुरु नमो आदि अवतार॥
सुर-नत-मुकुट रतन-छवि करैं
अतर पाप-तिमिर सब हरैं।
जिनपद वदो मन वच काय
भव-जल-पतित उधरन-सहाय॥१॥
श्रुत-पारग इद्रादिक देव,
जाकी थुनि कीनी कर सेव।
शब्द मनोहर अरथ विशाल,
तिस प्रभु की वरनो गुन-माल॥२॥
विबुध-वद्य-पद मैं मति-हीन,
हो निलज्ज थुति-मनसा कीन।

जल-प्रतिबिंब बुद्ध को गहै,
शशि-मंडल बालक ही चहै ॥३॥
गुन-समुद्र तुम गुन अविकार,
कहत न सुर-गुरु पावै पार।
प्रलय-पवन-उद्धत जल-जन्तु,
जलधि तिरै को भुज बलवन्तु ॥४॥
सो मैं शक्ति-हीन थुति करूँ,
भक्ति-भाव-वश कछु नहिं डरूँ।
ज्यो मृगि निज-सुत पालन हेतु,
मृगपति सन्मुख जाय अचेत ॥५॥
मैं शठ सुधी हँसन को धाम,
मुझ तव भक्ति बुलावै राम।
ज्यो पिक अंब-कली परभाव,
मधु-ऋतु मधुर करै आराव ॥६॥
तुम जस जंपत जन छिनमाहिं,
जनम जनम के पाप नशाहिं।
ज्यो रवि उगै फटै तत्काल,
अलिवत नील निशा-तम-जाल ॥७॥
तव प्रभावतै कहूँ विचार,
होसी यह थुति जन-मन-हार।
ज्यो जल-कमल पत्रपै परै,
मुक्ताफल की द्युति विस्तरै ॥८॥

तुम गुन-महिमा हत-दुख-दोष,
सो तो दूर रहो सुख-पोष।
पाप-विनाशक है तुम नाम,
कमल-विकाशी ज्यो रवि-धाम ॥९॥

नहिं अचभ जो होहिं तुरन्त,
तुमसे तुम गुण वरणत सन्त।
जो अधीन को आप समान,
करै न सो निदित धनवान ॥१०॥

इकटक जन तुमको अविलोय,
अवर-विषै रति करै न सोय।
को करि क्षीर-जलधि जल पान,
क्षार नीर पीवै मतिमान ॥११॥

प्रभु तुम वीतराग गुण-लीन,
जिन परमाणु देह तुन कीन।
है तितने ही ते परमाणु,
यातै तुभ सम रूप न आनु ॥१२॥

कहँ तुम मुख अनुपम अविकार,
सुर-नर-नाग-नयन-मनहार।
कहाँ चन्द्र-मंडल-सकलक,
दिन मे ढाक-पत्र सम रक ॥१३॥

पूरन चन्द्र-ज्योति छबिवत,
तुम गुन तीन जगत लघत।

एक नाथ त्रिभुवन आधार,
तिन विचरत को करै निवार ॥१४॥
जो सुर-तिय विभ्रम आरम्भ,
मन न डिग्यो तुम तौ न अचंभ ।
अचल चलावै प्रलय समीर,
मेरु-शिखर डगमगै न धीर ॥१५॥
धूमरहित बाती गत नेह,
परकाशै त्रिभुवन-घर एह ।
बात-गम्य नाहीं परचण्ड,
अपर दीप तुम बलो अखड ॥१६॥
छिपहु न लुपहु राहुकी छांहि,
जग परकाशक हो छिनमाहि ।
घन अनवर्त दाह विनिवार,
रवितै अधिक धरो गुणसार ॥१७॥
सदा उदित विदलित मनमोह,
विघटित मेघ राहु अविरोह ।
तुम मुख-कमल अपूरव चन्द,
जगत-विकाशी जोति अमद ॥१८॥
निश-दिन शशि रवि को नहिं काम,
तुम मुख-चन्द हरै तम-धाम ।
जो स्वभावतै उपजै नाज,
सजल मेघ तै कौनहु काज ॥१९॥

जो सुज्ञेय मोहै तुम माहिं,
हरि हर आदिक मे सो नाहिं।
जो द्युति महा-रतन मे होय,
काच-खड पावै नहिं सोय ॥२०॥

नाराच छन्द

सराग देव देख मैं भला विशेष मानिया।
स्वरूप जाहि देख वीतराग तू पिछानिया॥
कछू न सोहि देखके जहां तुही विशेखिया।
मनोग चित्त-चोर और भूल हू न पेखिया ॥२१॥

अनेक पुत्रवंतिनी नितंबिनी सपूत हैं।
न तो समान पुत्र और मानतैं प्रसूत हैं॥
दिशा धरंत तारिका अनेक कोटि को गिनै।
दिनेश तेजवंत एक पूर्व ही दिशा जनै ॥२२॥

पुरान हो पुमान ही पुनीत पुण्यवान हो।
कहैं मुनीश अंधकार-नाश को सुभान हो॥
महंत तोहि जानके न होय वश्य कालके।
न और मोहि मोक्षपंथ देय तोहि टालके ॥२३॥

अनन्त नित्य चित्तकी अगम्य रम्य आदि हो।
असंख्य सर्वव्यापि विष्णु ब्रह्म हो अनादि हो॥
महेश कामकेतु योग ईश योग ज्ञान हो।
अनेक एक ज्ञानरूप शुद्ध संतमान हो ॥२४॥

तुही जिनेश बुद्ध है सुबुद्धिके प्रमानतैं।
तुही जिनेश शकरो जगत्त्रये विधानतैं॥
तुही विधात है सही सुमोखपंथ धारतैं।
नरोत्तमो तुही प्रसिद्ध अर्थ के विचारतैं॥२५॥

नमो करूँ जिनेश तोहि आपदा निवार हो।
नमो करूँ सुभूरि-भूमि -लोकके सिंगार हो॥
नमो करूँ भवाब्धि-नीर-राशि-शोष-हेतु हो।
नमो करूँ महेश तोहि मोखपथ देतु हो॥२६॥

चौपई (१५ मात्रा)

तुम जिन पूरन गुन-गन भरे,
दोष गर्वकरि तुम परिहरे।
और देव-गण आश्रय पाय,
स्वप्न न देखे तुम फिर आय॥२७॥

तरु अशोक-तर किरन उदार,
तुम तन शोभित है अविकार।
मेघ निकट ज्यो तेज फुरत,
दिनकर दिपै तिमिर निहनत॥२८॥

सिंहासन मणि-किरण-विचित्र,
तापर कचन-वरन पवित्र।
तुम तन शोभित किरन विथार,
ज्यो उदयाचल रवि तम-हार॥२९॥

कुंद-पुहुप-सित-चमर ढुरंत,
कनक-वरन तुम तन शोभत।
ज्यो सुमेरु-तट निर्मल कांति,
झरना झरै नीर उमगांति ॥३०॥

ऊँचे रहै सूर दुति लोप,
तीन छत्र तुम दिपै अगोप।
तीन लोक की प्रभुता कहै,
मोती-झालरसों छवि लहैं ॥३१॥

दुंदुभि-शब्द गहर गभीर,
चहुँ दिशि होय तुम्हारे धीर।
त्रिभुवन-जन शिव-संगम करै,
मानूं जय जय रव उच्चरै॥३२॥

मंद पवन गधोदक इष्ट,
विविध कल्पतरु पुहुप-सुवृष्ट।
देव करै विकसित दल सार,
मानो द्विज-पंकति अवतार ॥३३॥

तुम तन-भामडल जिनचन्द,
सब दुतिवंत करत है मन्द।
कोटि शख रवि तेज छिपाय,
शशि निर्मल निशि करे अछाय ॥३४॥

स्वर्ग-मोख-मारग-सकेत,
परम-धरम उपदेशन हेत।

दिव्य वचन तुम खिरें अगाध,
सब भाषा-गर्भित हित साध ॥३५॥

दोहा

विकसित-सुवरन-कमल-द्युति, नख-द्युति मिलि चमकाहिं।
तुम पद पदवी जहं धरो, तह सुर कमल रचाहिं ॥३६॥

ऐसी महिमा तुम विषै, और धरै नहिं कोय।
सूरज मे जो जोत है, नहिं तारा-गण होय ॥३७॥

षट्पद

मद-अवलिप्त-कपोल-मूल अलि-कुल झंकारें।
तिन सुन शब्द प्रचंड क्रोध उद्धत अति धारें॥
काल-वरन विकराल, कालवत सनमुख आवै।
ऐरावत सो प्रबल सकल जन भय उपजावै॥
देखि गयद न भय करै तुम पद-महिमा लीन।
विपति-रहित सपति-सहित वरतै भक्त अदीन॥३८॥

अति मद-मत्त-गयद कुंभ-थल नखन विदारें।
मोती रक्त समेत डारि भूतल सिंगारें॥
बाकी दाढ विशाल वदन मे रसना लोलै।
भीम भयानक रूप देख जन थरहर डोलै॥
ऐसे मृग-पति पग-तलै जो नर आयो होय।
शरण गये तुम चरण की बाधा करै न सोय॥३९॥

प्रलय-पवनकर उठी आग जो तास पटतर ।
वमै फुलिंग शिखा उतग परजलै निरतर ।।
जगत समस्त निगल्ल भस्म करहैगी मानो ।
तडतडाट दव-अनल जोर चहुँ-दिशा उठानो ।।
सो इक छिन मे उपशमै नाम-नीर तुम लेत ।
होय सरोवर परिनमै विकसित कमल समेत ,।४०।।

कोकिल-कंठ-समान श्याम-तन क्रोध जलन्ता ।
रक्त-नयन फुकार मार विष-कण उगलता ।।
फण को ऊचा करे वेग ही सन्मुख धाया ।
तव जन होय निशक देख फणपतिको आया ।।
जो चापै निज पगतलै व्यापै विष न लगार ।
नाग-दमनि तुम नामकी है जिनके आधार ।।४१।।


जिस रन-माहि भयानक रव कर रहे तुरगम ।
घनसे गज गरजाहि मत्त मानो गिरि जंगम ।।
अति कोलाहल माहि वात जहँ नाहि सुनीजै ।
राजनको परचड, देख वल धीरज छीजै ।।
नाथ तिहारे नामतै सो छिनमांहि पलाय ।
ज्यो दिनकर परकाशतै अन्धकार विनशाय ।।४२।।

मारै जहां गयद कुभ हथियार विदारै ।
उमगै रुधिर प्रवाह वेग जलसम विस्तारै ।।

होय तिरन असमर्थ महाजोधा बलपूरे।
तिस रनमे जिन तोर भक्त जे हैं नर सूरे॥
दुर्जय अरिकुल जीतके जय पावै निकलक।
तुम पद पकज मन बसै ते नर सदा निशक॥४३॥
नक्र चक्र मगरादि मच्छकरि भय उपजावै।
जामै बड़वा अग्नि दाहतै नीर जलावै॥
पार न पावै जास थाह नहि लहिये जाकी।
गरजै अतिगभीर, लहरकी गिनति न ताकी॥
सुखसो तिरै समुद्रको, जे तुम गुन सुमराहिं।
लोल कलोलनके शिखर, पार यान ले जाहिं॥४४॥
महा जलोदर रोग, भार पीडित नर जे हैं।
वात पित्त कफ कुष्ट, आदि जो रोग गहै हैं॥
सोचत रहें उदास, नाहिं जीवनकी आशा।
अति घिनावनी देह, धरै दुर्गंध निवासा॥
तुम पद-पकज-धूल को, जो लावै निज अग।
ते नीरोग शरीर लहि, छिनमे होय अनग॥४५॥
पाव कंठतें जकर बाध, साकल अति भारी।
गाढी वेडी पैर मांहि, जिन जांघ बिदारी॥
भूख प्यास चिंता शरीर दुख जे विललाने।
सरन नाहिं जिन कोय भूपके बदीखाने॥
तुम सुमरत स्वयमेव ही बंधन सब खुल जाहिं।
छिनमे ते सपति लहैं, चिंता भय विनसाहिं॥४६॥

महामत्त गजराज और मृगराज दवानल।
फणपति रण परचंड नीरनिधि रोग महाबल॥
बंधन ये भय आठ डरपकर मानो नाशै।
तुम सुमरत छिनमाहिं अभय थानक परकाशै॥
इस अपार ससार मे शरन नाहिं प्रभु कोय।
यातै तुम पदभक्तको भक्ति सहाई होय॥४७॥

यह गुनमाल विशाल नाथ तुम गुनन सँवारी।
विविधवर्णमय पुहुप गूथ मै भक्ति विथारी॥
जे नर पहिरैं कंठ भावना मनमे भावैं।
मानतुग ते निजाधीन शिवलक्ष्मी पावैं॥
भाषा भक्तामर कियो, हेमराज हित हेत।
जे नर पढैं सुभावसो, ते पावैं शिवखेत॥४८॥



कल्याण-मंदिर स्तोत्र (भाषा)

[कल्याण मन्दिर सस्कृत स्तोत्र के रचयिता श्री कुमुदचन्द्राचार्य हैं। इसमे भगवान पार्श्वनाथ की स्तुति होने से इसका नाम पार्श्वनाथ स्तोत्र भी है परन्तु स्तोत्र 'कल्याण मन्दिर' शब्दो से प्रारम्भ होने के कारण इसका यही नाम पड गया है। कहा जाता है कि उज्जयिनी मे वादविवाद मे इसके प्रभाव से एक अन्य देव की मूर्ति से श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रकट हो गयी थी। इस स्तोत्र की अपूर्व महिमा मानी गयी है। इसके पाठ और जाप से समस्त विघ्न बाधायें दूर होती हैं तथा सुख शान्ति मिलती है।

दोहा—परम-ज्योति परमात्मा, परम-ज्ञान परवीन।
वंदूं परमानद मय घट-घट-अन्तर-लीन ॥१॥

निर्भय करन परम-परधान। भव-समुद्र-जल-तारन-यान॥
शिव-मंदिर अघ-हरन अनिंद। वंदहु पास-चरन अरविन्द॥
कमठ-मान-भंजन वर-वीर। गरिमा-सागर गुन-गंभीर॥
सुर-गुरु पार लहैं नहिं जास। मैं अजान जंपू जस तास॥२॥

प्रभु-स्वरूप अति अगम अथाह। क्यों हम-सेती होय निवाह॥
ज्यों दिन अंध उलूको पोत, कहि न सकै रवि-किरण-उदोत।३।

मोह-हीन जाने मनमाहिं। तोहु न तुम गुन वरने जाहिं॥
प्रलय-पयोधि करै जल बौन, प्रगटहिं रतन गिनै तिहिं कौन।४।

तुम असंख्य निर्मल गुणखान। मैं मतिहीन कहूँ निज बान॥
ज्यों बालक निज बांह पसार। सागर परमित कहै विचार।५।

जे जोगीन्द्र करहिं तप-खेद । तऊ न जानहिं तुम गुनभेद
भक्तिभाव मुझ मन अभिलाख । ज्यो पछी बोलै निज भाख।६
तुम जस-महिमा अगम अपार । नाम एक त्रिभुवन-आधार ॥
आवै पवन पदमसर होय गीषम-तपन निवारै सोय ॥७॥
तुम आवत भवि-जन घटमाहि ।कर्मनि-बन्ध शिथिल ह्वै जाहि
ज्यो चन्दन-तरु बोलहिं मोर । डरहिं भुजग लगे चहु ओर ।८।
तुम निरखत जन दीनदयाल । सकटतै छूटै तत्काल ॥
ज्यो पशु घेर लेहिं निशि चोर । जे तज भागहि देखत भोर ।९
तू भविजन-तारक किमि होहि । ते चितधार तिरहिं ले तोहि ।
यह ऐसै कर जान स्वभाव तिरहिं मसक ज्यो गर्भित वाव ।१०
जिह सब देव किये वश वाम । तै छिन मे जीत्यो सो काम ॥
ज्यो जल करै अगनि-कुल हान । बडवानल पीवै सो पान ॥११।
तुम अनन्त गरवा गुन लिए । क्योकर भक्ति धरो निज हिये ।
ह्वै लघुरूप तिरहिं ससार । यह प्रभु महिमा अगम अपार ।१२।
क्रोध निवार कियो मन शात । कर्म-सुभट जीते किहि भात ।
यह पटतर देखहु ससार । नील विरछ ज्यो दहै तुषार ॥१३॥
मुनिजन हिये कमल निज टोहि ।सिद्धरूप मम ध्यावहि तोहि ॥
कमल-कर्णिका तिन-नहि और ।कमल बीज उपजन की ठौर।१४
जब तुव ध्यान धरै मुनि कोय । तब विदेह-परमातम होय ॥
जैसे धातु शिला-तनु त्याग । कनक स्वरूप धवै जब आग ।१५।
जाके मन तुम करहु निवास । विनशि जाय क्यो विग्रह तास ॥
ज्यो महत बिच आवे कोय । विग्रहमूल निवारै सोय ॥१६॥

करहिं विबुध जे आतमध्यान । तुम प्रभावतें होय निधान ॥
जैसे नीर सुधा अनुमान । पीवत विष-विकारकी हान ॥१७॥
तुम भगवन्त विमल गुणलीन । समल रूप मानहिं मतिहीन ॥
ज्यो नीलिमा रोग दृग गहै । वर्ण विवर्ण शखसों कहै ।१८॥
दोहा—निकट रहत उपदेश सुन तरुवर भयो अशोक ।
ज्यों रवि ऊगत जीव सब, प्रगट होत भुविलोक ॥१९॥
सुमनवृष्टि ज्यो सुर करहिं, हेठ बोठमुख सोहिं ।
त्यो तुम सेवत सुमनजन बध अधोमुख होहिं ॥२०॥
उपजी तुम हिय उदधितें, वाणी सुधा समान ।
जिहें पीवत भविजन लहहिं, अजर अमर-पदथान ॥२१॥
कहहिं सार तिहुं लोककी, ये सुर-चामर दोय ।
भावसहित जो जिन नमें, तिहें गति ऊरध होय ॥२२॥
सिंहासन गिरिमेरु सम, प्रभु धुनि गरजत घोर ।
श्याम सुतनु घनरूप लखि, नाचत भविजन मोर ॥२३॥
छबि-हत होत अशोक दल, तुम भामंडल देख ।
वीतराग के निकट रह रहत न राग विशेष ॥२४॥
सीख कहै तिहुं लोक को ये सुर दुंदुभि-नाद ।
शिवपथ-सारथि-वाह जिन, भजहु तजहु परमाद ॥२५॥
तीन छत्र त्रिभुवन उदित, मुक्तागण छबि देत ।
त्रिविध रूप धर मनहु शशि सेवत नखत समेत ॥२६॥

पद्धरि छन्द

प्रभु तुम शरीर दुति रतन जेम ।
परताप पुंज जिम शुद्ध हेम ॥

अति धवल सुजस रूपा समान।
तिनके गढ तीन विराजमान ॥२७॥
सेवहिं सुरेन्द्र कर नमत भाल।
तिन सीस मुकुट तज देहिं माल॥
तुम चरण लगत लहलहै प्रीति।
नहिं रमहिं और जन सुमन रीति ॥२८॥
प्रभु भोग-विमुख तन गरम दाह।
जन पार करत भवजल निवाह॥
ज्यो माटी - कलश सुपक्व होय।
लेभार अधोमुख तिरहिं तोय ॥२९॥
तुम महाराज निरधन निराश।
तज विभव विभव सब जगप्रकाश॥
अक्षर स्वभाव सुलिखै न कोय।
महिमा भगवत अनत सोय ॥३०॥
कर कोप कमठ निज बैर देख।
तिन करी धूलि वरषा विशेष।
प्रभु तुम छाया नहिं भई हीन।
सो भयो पापि लपट मलीन ॥३१॥
गरजत घोर घन अंधकार।
चमकंत विज्जु जल मुसल-धार॥
वरषत कमठ धर ध्यान रुद्र।
दुस्तर करन्त निज भव-समुद्र ॥३२॥

वास्तु छन्द

मेघमाली मेघमाली आप बल फोरि । भेजे तुरत पिशाच-
गण, नाथ पास उपसर्ग कारण । अग्नि जाल झलकंत मुख,
धुनिकरत जिमि मत्तवारण । कालरूप विकराल तन, मुंडमाल
हित कंठ । ह्वै निशंक वह रक निज, करै कर्म दृढगंठ ।३३।।

चौपाई

जे तुम चरण-कमल तिहुंकाल, सेवहिं तज माया जंजाल ।
भाव भगति मन हरष अपार, धन्य-धन्य जग तिन अवतार ।३४
भवसागर मे फिरत अजान, मैं तुअ सुजस सुन्यो नहिं कान ।
जो प्रभु-नाम-मत्र मन धरै, तासों विपति भुजगम डरै ।३५।
मन-वांछित फल जिनपद मांहि, मैं पूरब भव पूजे नाहिं ।
माया-मगन फिर्‌यो अज्ञान,करहिं रंक-जन मुझ अपमान ।३६।
मोहतिमिर छायो दृग मोहि, जन्मान्तर देख्यो नहिं तोहि ।
तो दुर्जन मुझ संगति गहै, मरम छेदके कुवचन कहैं ।३७।
सुन्यो कान जस पूजे पाय, नैनन देख्यो रूप अघाय ।
भक्ति हेतु न भयो चित चाव,दुखदायक किरिया विन भाव३८
महाराज शरणागत पाल, पतित-उधारण दीनदयाल ।
सुमरन करहुं नाथ निज शीश,मुझ दुख दूर करहु जगदीश ।३९
कर्म-निकदन-महिमा सार, अशरण-शरण सुजस विस्तार ।
नहिं सेये प्रभु तुमरे पाय, तो मुझ जन्म अकारथ जाय ।४०।
सुरगन-वदित दया-निधान, जग-तारण जगपति अनजान ।
दुख-सागरतै मोहि निकासि, निर्भय थान देहु सुखरासि ।४१।

मैं तुम चरण कमल गुणगाय, बहु-विधि भक्ति करी मनलाय।
जनम-जनम प्रभु पाऊँ तोहि, यह सेवाफल दीजै मोहि ।४२।

दोधकात वेसरी छद—षट्पद ।

इहविधि श्री भगवंत, सुजस जे भविजन भाषहिं।
ते जिन पुण्यभडार, संचि चिर-पाप प्रणासहिं ॥
रोम-रोम हुलसति, अग प्रभु-गुण मन ध्यावहिं।
स्वर्ग संपदा भुंज वेग पंचमगति पावहिं ॥४३॥
यह कल्याणमंदिर कियो, कुमुदचंद्रकी बुद्धि।
भाषा कहत 'बनारसी' कारण समकित-शुद्धि ॥४४॥

इस प्रकार कल्याणमन्दिर का कविवर बनारसीदास जी कृत भाषानुवाद समाप्त हुआ।

आचार्य वादिराज

आपकी गणना महान् आचार्यों मे की जाती है। आप महान् वादी विजेता और कवि थे। आपकी पार्श्वनाथ चरित्र, यशोधर चरित्र, एकीभाव स्तोत्र, न्याय विनिश्चय विवरण, प्रमाण निर्णय ये पाच कृतियाँ प्रसिद्ध है। आपका समय विक्रम की ११वी शताब्दी माना जाता है। आपका चौलुक्य नरेश जयसिंह (प्रथम) की सभा मे बडा सम्मान था। 'वादिराज' यह नाम नही वरन् पदवी है। प्रख्यात वादियो मे उनकी गणना होने से वे वादिराज के नाम से प्रसिद्ध हुए।

निस्पृही आचार्य श्री वादिराज ध्यान मे लीन थे। कुछ द्वेषी व्यक्तियो ने उन्हें कुष्ट-ग्रस्त देखकर राजसभा मे जैनमुनियो का उपहास किया जिसे जैनधर्म प्रेमी राजश्रेष्ठी सहन न कर सके और भावावेश मे कह उठे कि हमारे मुनिराज की काया तो स्वर्ण जैसी सुन्दर होती है। राजा ने अगले दिन महाराज के दर्शन करने का

विचार रखा। सेठ ने महाराज से सारा विवरण स्पष्ट कह कर धर्मरक्षा की प्रार्थना की। महाराज ने धर्म रक्षा और प्रभावना हेतु एकीभाव स्तोत्र की रचना की जिससे उनका शरीर वास्तव मे स्वर्ण सदृश हो गया। राजा ने मुनिराज के दर्शन करके और उनके रूप को देखकर चुगल-खोरो को दण्ड दिया। परन्तु उत्तम क्षमाधारक मुनिराज ने राजा को सब बात समझा कर तथा सबका भ्रम दूर कर सबको क्षमा करा दिया। इस स्तोत्र का श्रद्धा एव पूर्ण मनोयोग पूर्वक पाठ करने से समस्त व्याधिया दूर होती हैं तथा सारी मनोकामनाए पूर्ण होती है।

एकीभावस्तोत्र भाषा

कविवर भूधरदास जी कृत भाषानुवाद

दोहा—वादिराज मुनिराजके, चरणकमल चित लाय।
भाषा एकीभावकी, करूँ स्वपर सुखदाय ॥१॥

रोला छन्द अथवा "अहो जगत गुरुदेव०" विनती की चालमे।

जो अति एकीभाव भयो मानो अनिवारी।
सो मुझ कर्मप्रबंध करत भव भव दुख भारी ॥
ताहि तिहारी भक्ति जगतरवि जो निरवारै।
तो अब और कलेश कौन सो नाहिं विदारै ॥१॥
तुम जिन जोतिस्वरूप दुरित अँधियारि निवारी।
सो गणेश गुरु कहैं तत्त्व-विद्याधन-धारी ॥
मेरे चित घर माहिं बसौ तेजोमय यावत।
पापतिमिर अवकाश तहां सो क्योकरि पावत ॥२॥
आनद-आंसू-वदन धोय तुमसो चित आने।
गदगद सुरसो सुयश मन्त्र पढि पूजा ठानै ॥

ताके बहुविधि व्याधि व्याल चिरकाल निवासी।
भाजैं थानक छोड़ देह बांबइके वासी ॥३॥
दिवितैं आवन हार भये भविभाग उदयबल।
पहलेही सुर आय कनकमय कीय महीतल ॥
मनगृह-ध्यान-दुवार आय निवसो जगनामी।
जो सुवरन तन करो कौन यह अचरज स्वामी ॥४॥
प्रभु सब जगके विना हेतुबांधव उपकारी।
निरावरन सर्वज्ञ शक्ति जिनराज तिहारी ॥
भक्ति रचित मम चित्त सेज नित बास करोगे।
मेरे दुखसंताप देख किम धीर धरोगे ॥५॥
भववनमे चिरकाल भ्रम्यो कछु कहिय न जाई।
तुम थुति-कथा-पियूष-वापिका भागन पाई ॥
शशि तुषार घनसार हार शीतल नहिं जा सम।
करत न्हौन ता माहि क्यो न भवताप बुझै मम ॥६॥
श्रीविहार परिवाह होत शुचिरूप सकल जग।
कमलकनक आभाव सुरभि श्रीवास धरत पग ॥
मेरो मन सर्वंग परस प्रभुको सुख पावै।
अब सो कौन कल्यान जो न दिन दिन ढिग आवै ॥७॥
भवतज थुखपद बसे काम मद सुभट सहारे।
जो तुमको निरखंत सदा प्रियदास तिहारे ॥
तुम-वचनामृत-पान भक्ति अजुलिसो पीवै।
तिन्हैं भयानक क्रूर रोगरिपु कैसे छीवै ॥८॥

मानथंभ पाषान आन पाषान पटतर ।
ऐसे और अनेक रतन दीखैं जग अतर ॥
देखत दृष्टिप्रमान मानमद तुरत मिटावै ।
जो तुम निकट न होय शक्ति यह क्योकर पावै ॥९॥
प्रभुतन पर्वत परस पवन उरमे निबहै है ।
तासों ततछिन सकल रोगरज वाहिर ह्वै है ॥
जाके ध्यानाहूत बसो उर अबुज माहीं ।
कौन जगत उपकार-करन समरथ सो नाही ॥१०॥
जनम जनमके दुःख सहे सब ते तुम जानो ।
याद किये मुझ हिये लगे आयुधसे मानों ॥
तुम दयाल जगपाल स्वामि मै शरन गही है ।
जो कुछ करनो होय करो परमान वही है ॥११॥
मरन-समय तुम नाम मत्र जीवकतै पायो ।
पापाचारी श्वान प्रान तज अमर कहायो ॥
जो मणिमाला लेय जपै तुम नाम निरतर ।
इन्द्र-सम्पदा लहै कौन संशय इस अतर ॥१२॥
जो नर निर्मल ज्ञान मान शुचि चारित साधै ।
अनवधि सुखकी सार भक्ति कूची नहिं लाधै ॥
सो शिववाछक पुरुष मोक्षपट केम उघारै ।
मोह मुहर दिढ करी मोक्ष मंदिरके द्वारै ॥१३॥
शिवपुर केरो पथ पाप-तमसो अतिछायो ।
दुखसरूप बहु कूपखाडसो बिकट बतायो ॥

स्वामी सुखसो तहां कौन जन मारग लागै।
प्रभु-प्रवचन मणिदीप जोनके आगै आगै ॥१४॥
कर्म पटल भूमाहि दबी आतम निधि भारी।
देखत अतिसुख होय विमुखजन नाहि उघारी॥
तुम सेवक ततकाल ताहि निहचै कर धारै।
थुति कुदालसों खोद बंद भू कठिन विदारै॥१५॥
स्यादवाद-गिरि उपज मोक्ष सागर लों धाई।
तुम चरणांबुज परस भवितगंगा सुखदाई॥
मो चित निर्मल थयो न्होन रुचि पूरव तामै।
अब वह हो न मलीन कौन जिन सशय यामैं॥१६॥
तुम शिवसुखमय प्रगट करत प्रभु चिंतन तेरो।
मैं भगवान समान भाव यो वरतै मेरो॥
यदपि झूठ है तदपि तृप्ति निश्चल उपजावै।
तुव प्रसाद सकलंक जीव वाछित फल पावै॥१७॥
वचन जलधि तुम देव सकल त्रिभुवनमें व्यापै।
भंग-तरंगिनि विकथ-वाद-मल मलिन उथापै॥
मनसुमेरुसो मथै ताहि जे सम्यग्ज्ञानी।
परमामृत सो तृपत होहिं ते चिरलो प्रानी॥१८॥
जो कुदेव छविहीन वसन भूषन अभिलाखै।
वैरी सो भयभीत होय सो आयुध राखै॥
तुम सुंदर सर्वंग शत्रु समरथ नहिं कोई।
भूषन वसन गदादि ग्रहन काहेको होई॥१९॥

सुरपति सेवा करे कहा प्रभु प्रभुता तेरी।
सो सलाघना लहै मिटे जगसो जगफेरो ॥
तुम भवजलधि जिहाज तोहि शिवकंत उचरिये।
तुही जगत-जनपाल नाथथुतिकी थुति करिये ॥२०॥
वचनजाल जड़रूप आप चिन्मूरति झांई।
तातैं थुति आलाप नाहिं पहुंचे तुम तांई ॥
तो भी निर्फल नाहिं भक्तिरस भीने वायक।
सतन को सुरतरु समान वांछित वरदायक ॥२१॥
कोप कभी नहिं करो प्रीति कबहूं नहिं धारो।
अति उदास बेचाह चित्त जिनराज तिहारो ॥
तदपि आन जग बहै बैर तुम निकट न लहिये।
यह प्रभुता जगतिलक कहां तुम बिन सरदहिये ॥२२॥
सुरतिय गावें सुजश सर्वगति ज्ञानस्वरूपी।
जो तुमको थिर होहिं नमैं भवि आनंदरूपी ॥
ताहि छेमपुर चलनवाट बाकी नहिं हो हैं।
श्रुतके सुमरन माहिं सो न कबहूं नर मोहै ॥२३॥
अतुल चतुष्टयरूप तुमैं जो चितमें धारै।
आदरसो तिहुकाल माहिं जगथुति विस्तारै ॥
सो सुकृत शिवपथ भक्तिरचना कर पूरै।
पचकल्यानक ऋद्धि पाय निहचै दुःख चूरै ॥२४॥
अहो जगतपति पूज्य अवधिज्ञानी मुनि हारे।
तुम गुनकीर्तन-माहिं कौन हम मंद विचारे ॥

थुति छलसों तुमविषै देव आदर विस्तारे।
शिवसुख-पूरनहार कलपतरु यही हमारे ॥ २५ ॥
वादिराज मुनितैं अनु, वैयाकरणी सारे।
वादिराज मुनितैं अनु, तार्किक विद्यावारे॥
वादिराज मुनितैं अनु, हैं काव्यनके ज्ञाता।
वादिराज मुनितैं अनु, है भविजनके त्राता॥२६॥
दोहा—मूल अर्थ बहुविधि-कुसुम, भाषा सूत्र मँझार।
भक्तिमाल 'भूधर' करी, करो कंठ सुखकार॥

विषापहार स्तोत्र

(महाकवि धनजय)

आप सुप्रसिद्ध द्विसंधान काव्य के कर्ता महाकवि थे। इस काव्य के प्रत्येक पद्य के दो अर्थ होते ह। पहला रामायण से सम्बद्ध और दूसरा महाभारत से। इसी कारण इस काव्य को राघव पाण्डवीय भी कहते हैं। काव्यमीमासा जैसे महानग्रन्थ के कर्ता राजशेखर ने धनजय की बडी प्रशंसा की है।

आपकी एक रचना धनजय नाममाला है जो एक महत्वपूर्ण शब्दकोष है। इस विपापहार स्तोत्र मे भगवान् ऋषभदेव की स्तुति है। यह स्तुति गभीर, प्रौढ और अनूठी उक्तियो से भरपूर है। यह ग्रन्थ कवि की चतुराई से भरा हुआ है,। हृदय समुद्र को मथकर निकाला हुआ अमृत है। इसमे शब्दो का माधुय एव अर्थों का गाभीर्य देखने को मिलता है। इस काव्य मे स्थान-स्थान पर अलकारो की छटा छिटकी हुई है। धनजय का समय विद्वानो ने आठवी शताब्दी निश्चित किया है।

कविराज धनंजय पूजन में लीन थे। उनके सुपुत्र को सर्प ने डस लिया। घर से कई बार समाचार आने पर भी वह निस्पृह भाव से

पूजन मे पूर्णतया तन्मय रहे और पुत्र की कोई सुध नही ली। बच्चे को विष चढ रहा था, उनकी पत्नी ने कुपित होकर बच्चे को मन्दिर मे उनके सामने लाकर रख दिया। पूजन से निवृत होकर उन्होने तत्काल भगवान् के सम्मुख ही विषापहार स्तोत्र की रचना की, इधर स्तोत्र की रचना हो रही थी उधर पुत्र का विष उतर रहा था। स्तोत्र पूरा होते होते बालक निर्विष होकर उठ बैठा। इससे धर्म की अपूर्व प्रभावना हुई। इस स्तोत्र का पूर्ण लाभ लेने के लिए श्रद्धा और मनोयोग आवश्यक है। इसके पाठ से सुख शान्ति मिलती है और सारे मनोरथ पूर्ण होते है।

विषापहार भाषा

(कवि शान्तिदास कृत भाषानुवाद)

दोहा—नमो नाभिनदन बली, तत्त्व-प्रकाशनहार।
तुर्यकालकी आदिमे, भये प्रथम अवतार ॥ १ ॥

काव्य वा रोला छद

निज आतममे लीन ज्ञानकरि व्यापत सारे।
जानत सब व्यापार सग नहिं कछू तिहारे॥
बहुत कालके हो पुनि जरा न देह तिहारी।
ऐसे पुरुष पुरान करहु रक्षा जु हमारी॥ १॥
पर करिके जु अचित्य भार जगको अति भारो।
सो एकाकी भयो वृषभ कीनो निसतारो॥
करि न सके जोगिंद्र तवन मैं करिहो ताको।
भानु प्रकाश न करै, दीप तमहरै गुफाको॥ २॥
स्तवन करनको गर्व तज्यो सक्रो बहु ज्ञानी।
मैं नहिं तजौ कदापि स्वल्पज्ञानी शुभध्यानी॥
अधिक अर्थ कौ कहूं यथाविधि बैठि झरोकै।
जालातरधरि अक्ष भूमिधरको जु विलोकै॥ ३॥

सकल जगतको देखत अर सबके तुम ज्ञायक।
तुमको देखत नाहिं नाहिं जानत सुखदायक॥
हौ किसाक तुम नाथ और कितनाक वखानैं।
तातैं थुति नहिं बनै असक्ती भये सयानैं॥ ४॥
बालकवत निजदोप थकी इहलोक दुखी अति।
रोगरहित तुम कियो कृपाकरि देव भुवनपति॥
हित अनहितकी समझ माहि है मदमती हम।
सब प्राणिनके हेत नाथ तुम बालवैद सम॥ ५॥
दाता हरता नाहि भानु सबको वहकावत।
आजकल के छलिकरि नितप्रति दिवस गुमावत॥
हे अच्युत! जो भक्त नमै तुम चरनकमलको।
छिनक एकमे आप देत मनवाछित फलको॥ ६॥
तुमसो सन्मुख रहै भक्तिसौं सो सुख पावे।
जो सुभावतै विमुख अप्पतै दुखहि वढावै॥
सदा नाथ अवदात एक द्युतिरूप गुसाई।
इन दोन्यो के हेत स्वच्छ दरपणवत भाई॥ ७॥
है अगाध जलनिधी समुदजल है जितनो ही।
मेरू तुगसुभाव सिखरलो उच्च भन्यो हो॥
वसुधा अर सुरलोक एहु इसभाति सई है।
तेरी प्रभुता देवभुवनकू लघि गई है॥ ८॥
है अनवस्थाधर्म परम सो तत्त्व तुमारे।
कह्यो न आवागमन प्रभू मतमाहि तिहारे॥

इष्ट पदारथ छांडि आप इच्छति अदृष्टकौ ।
विरुधवृत्ति तव नाथ समंजस होय सृष्टकौ ॥ ९ ॥
कामदेवको किया भस्म जगत्राता थे ही ।
लीनी भस्म लपेटि नाम सभू निजदेही ॥
सूतो होय अचेत विष्णु वनिताकरि हारचो ।
तुमकौ काम न गहै आप घट सदा उजारचो ॥१०॥
पापवान वा पुन्यवान सो देव बतावै ।
तिनके औगुन कहैं नाहिं तू गुणी कहावै ॥ .
निज सुभावतें अवुराशि निज महिमा पावै ।
स्तोक सरोवर कहे कहा उपमा बढि जावै ॥ ११ ॥
कर्मनकी थिति जंतु अनेक करै दुखकारी ।
सो थिति बहु परकार करै जीवनकी ख्वारी ॥
भवसमुद्रके माहि देव दोन्योके साखी ।
नाविक नाव समान आप वाणी मैं भाखी ॥ १२ ॥
मुखकौ तो दुख कहै गुणनिकूं दोष विचारै ।
धर्मकरनके हेत पाप हिरदै विच धारै ॥
तेलनिकासन काज धूलिको पेलै घानी ।
तेरे मतसो बाह्य इसे जे जीव अज्ञानी ॥ १३ ॥
विष मोचै ततकाल रोगकौ हरै ततच्छन ।
मणि औषधी रसाण मंत्र जो होय सुलच्छन ॥
ए सब तेरे नाम सुबुद्धी यो मन धरिहैं ।
भ्रमत अपरजन वृथा नही तुम सुमिरन करिहैं ॥१४॥

किंचित भी चितमाहि आप कछु करो न स्वामी ।
जे राखैं चितमाहिं आपको शुभ-परिणामी ॥
हस्तामलवत लखैं जगत की परिणति जेती ।
तेरे चितके बाह्य तोउ जीवैं सुखखेती ॥ १५ ॥
तीनलोक तिरकाल माहिं तुम जानत सारी ।
स्वामी इनकी सख्या थी तितनीहि निहारी ॥
जो लोकादिक हुते अनते साहिब मेरा ।
तेऽपि झलकते आनि ज्ञानका ओर न तेरा ॥ १६ ॥
है अगम्य तवरूप करैं सुरपति प्रभु सेवा ।
ना कछु तुम उपकार हेत देवनके देवा ॥
भक्ति निहारी नाथ इद्रके तोषित मनको ।
ज्यो रवि सन्मुख छत्र करैं छाया निज तनको ॥१७॥
वीतरागता कहा कहा उपदेश सुखाकर ।
सो इच्छा प्रतिकूल वचन किम होय जिनेसर ॥
प्रतिकूली भी वचन जगतकूं प्यारे अतिही ।
हम कछु जानी नाहिं तिहारी सत्यासतिही ॥ १८ ॥
उच्चप्रकृति तुम नाथ सग किंचित न धरनतैं ।
जो प्रापति तुम थकी नाहिं सो धनेसुरन तैं ॥
उच्चप्रकृति जल विना भूमिधर धुनी प्रकासैं ।
जलधि नीरतैं भरचौ नदी ना एक निकासैं ॥१९॥
तीनलोकके जीव करो जिनवरकी सेवा ।
नियम थको करदड धरचो देवनके देवा ॥

प्रातिहार्य तौ बनै इंद्र के बनै न तेरे।
अथवा तेरे बनै तिहारे निमित परेरे ॥ २० ॥
तेरे सेवक नाहिं इसे जे पुरुषहीन धन।
धनवानोकी ओर लखत वे नाहिं लखत पन ॥
जैसै तमथिति किये लखत परकास-थितो कू।
तैसै सूझत नाहिं तमथिती मंदमतीकू ॥ २१ ॥
निज वृध स्वासोसास प्रगट लोचन टमकारा।
तिनको वेदत नाहिं लोकजन मूढ विचारा ॥
सकल ज्ञेय ज्ञायक जु अमूरति ज्ञान सुलच्छन।
सो किमि जान्यो जाय देव तव रूप विचच्छन ॥२२॥
नाभिराय के पुत्र पिता प्रभु भरत तने हैं।
कुलप्रकाशिकै नाथ तिहारो तवन भनै हैं ॥
ते लघुधी असमान गुननकौं नाहिं भजै है।
सुवरन आयो हाथि जानि पाषान तजै हैं ॥ २३ ॥
सुरासुरनको जीति मोहने ढोल बजाया।
तीनलोक मे किये सकल वशि यो गरभाया ॥
तुम अनत बलवत नाहिं ढिग आवन पाया।
करि विरोध तुमथकी मूलतै नाश कराया ॥२४॥
एक मुक्तिका मार्ग देव तुमने परकास्या।
गहन चतुरगतिमार्ग अन्य देवनकूं भास्या ॥
'हम सब देखनहार' इसीविधि भाव सुमिरिकै।
भुज न विलोको नाथ कदाचित गर्भ जु धरिकै ॥२५॥

केतुविपक्षी अर्कतनो फुनि अग्नि तनो जल ।
अबुनिधीअरि प्रलयकालको पवन महाबल ॥
जगतमाहिं जे भोग वियोग विपक्षी है निति ।
तेरो उदयो है विपक्षतें रहित जगतपति ॥ २६ ॥
जाने विन हू नवत आपको जो फल पावै ।
नमत अन्यको देव जानि सो हाथ न आवै ॥
हरी मणीकू काच, काचकू मणी रटत है ।
ताकी बुधिमे भूल, मूल्य मणिको न घटत है ॥२७॥
जे विवहारी जीव वचनमे कुशल सयाने ।
ते कषायकरि दग्ध नरनको देव लखानें ॥
ज्यो दीपक बुझि जाय ताहि कह 'नंदि' भयो है ।
भग्न घडेको कहैं कलस ए मँगलि गयो है ॥ २८ ॥
स्यादवाद सजुक्त अर्थको प्रगट बखानत ।
हितकारी तुम वचन श्रवनकरि को नहिं जानत ॥
दोषरहित ए देव शिरोमणि वक्ता जगगुरु ।
जो ज्वरसेती मुक्त भयो सो कहत सरल सुर ॥२९॥
विन वाछा ए वचन आपके खिरै कदाचित ।
है नियोग ए कोपि जगतको करत सहजहित ॥
करै न वाछा इसी चद्रमा पूरो जलनिधि ।
सीतरश्मिकूं पाय उदधि जल बढै स्वयसिधि ॥३०॥
तेरे गुण गभीर परम पावन जगमाई ।
बहुप्रकार प्रभु हैं अनंत कछु पार न पाई ॥

तिन गुणानको अंत एक याही विधि दीसै ।
ते गुण तुझ ही मांहि और में नाहिं जगीसै ॥ ३१ ॥
केवल थुति ही नाहिं भक्तिपूर्वक हम ध्यावत ।
सुमरन प्रणमन तथा भजनकर तुम गुण गावत ॥
चिंतवन पूजन ध्यान नमनकरि नित आराधै ।
की उपाव करि देव-सिद्धि-फलको हम साधै ॥ ३२ ॥
त्रैलोकी नगराधिदेव नित ज्ञानप्रकाशी ।
परमज्योति परमातम-शक्ति अनंती भासी ॥
पुन्य पापतें रहित पुन्यके कारण स्वामी ।
नमों नमों जगवंद्य अवंद्यक नाथ अकामी ॥ ३३ ॥
रस सुपरस अर गंध रूप नहिं शब्द तिहारे ।
इनिके विषय विचित्र भेद सब जाननहारे ॥
सब जीवन-प्रतिपाल अन्य करिहैं अगम्य गन ।
सुमरन-गोचर नाहिं करौं जिन तेरो सुमिरन ॥३४ ॥
तुम अगाध जिनदेव चित्त के गोचर नाही ।
नि किंचन भो प्रभू धनेश्वर जाचत साईं ॥
भये विश्वके पार दृष्टिसों पार न पावै ।
जिनपति एम निहारि सतजन सरनै आवै ॥ ३५ ॥
नमो नमो जिनदेव जगतगुरुशिक्षादायक ।
निजगुणसेती भई उन्नती महिमा लायक ॥
पाहन-खंड पहार पछै ज्यों होत और गिर ।
त्यो कुलपर्वत नाहिं सनातन दीर्घ भूमिधर ॥३६॥

स्वय प्रकाशी देव रैन दिनकूं नहिं बाधित।
दिवस रात्रि भी छतै आपकी प्रभा प्रकाशित ॥
लाघव गौरव नाहिं एकसो रूप तिहारो।
काल-कलातै रहित प्रभूसूं नमन हमारो ॥ ३७ ॥
इहविधि बहु परकार देव तव भक्ति करी हम।
जाचूं कर न कदापि दीन ह्वै रागरहित तुम ॥
छाया बैठत सहज वृक्षके नीचे ह्वै है।
फिर छायाको जाचत यामैं प्रापति क्वै है ॥ ३८ ॥
जो कुछ इच्छा होय देनकी तौ उपगारी।
द्यो बुधि ऐसी करू प्रीतिसौं भक्ति तिहारी ॥
करो कृपा जिनदेव हमारे परि ह्वै तोषित।
सनमुख अपनो जानि कौन पडित नहिं पोषित ॥३९॥
यथा-कथंचित भक्ति रचै विनयी-जन केई।
तिनकूं श्रीजिनदेव मनोवाछित फल देही ॥
पुनि विशेष जो नमत सतजन तुमको ध्यावै।
सो सुख जस 'धन-जय' प्रापति है शिवपद पावै ॥४०॥
श्रावक माणिकचंद सुबुद्धी अर्थ बताया।
सो कवि 'शातीदास' सुगम करि छंद बनाया ॥
फिरि फिरिकै ऋषि रूपचद ने करी प्रेरणा।
भाषा स्तोतर को विषापहार पढो भविजना ॥४१॥

भूपाल चतुर्विंशतिका

इसमें अलंकार की अनुपम छटा छिटक रही है। भूपाल ११-१२वी शताब्दी के उच्चकोटि के कवि हैं। इनका अधिक परिचय प्राप्त नही है।

भूपालचतुर्विंशतिका भाषा ।

(कविवर भूधरदास कृत भाषानुवाद)

सकल सुरासुर पूज्य नित, सकलसिद्धि दातार ।
जिन-पद वंदूं जोर कर, अशरन-जन-आधार ॥ १ ॥

चौपाई

श्रीसुख-वास-महीकुलधाम, कीरति-हर्षण-थल अभिराम ।
सरसुतिके रतिमहल महान, जय जुवतीको खेलन थान ॥
अरुण वरण वाछित वरदाय, जगतपूज्य ऐसे जिन पाय ।
दर्शन प्राप्त करै जो कोय, सब शिवथानक सो जन होय ।१।
निर्विकार तुम सोमशरीर, श्रवणसुखद वाणी गम्भीर ।
तुम आचरण जगतमे सार, सब जीवनको है हितकार ॥
महानिंद भव मारू देश, तहा तुम तरु तुम परमेश ।
सघन-छाहि-मंडित छवि देत, तुम पंडित सेवै सुखहेत ॥२॥
गर्भकूपते निकस्यौ आज, अब लोचन उघरे जिनराज ।
मेरो जन्म सफल भयो अबै, शिवकारण तुम देखे जबै ॥
जग-जन-नैन-कमल-वनखंड, विकसावन शशि शोक विहंड ।
आनंदकरन प्रभा तुम तणी, सोई अमी झरन चादणी ॥३॥
सब सुरेन्द्र शेखर शुभ रैन, तुम आसन तट माणक ऐन ।
दोऊ दुति मिल झलकै जोर, मानो दीपमाल दुह ओर ॥
यह सपति अरु यह अनचाह, कहा सर्वज्ञानी शिवनाह ।
तातै प्रभुता है जगमाहि, सही असम है सशय नाहि ॥४॥
सुरपति आन अखंडित वहै, तृण ज्यो राज तज्यो तुम वहै ।
जिन छिनमैं जगमहिमा दली, जीत्यो मोहशत्रु महावली ॥

लोकालोक अनत अशेख; कीनो अत ज्ञानसो देख।
प्रभु प्रभाव यह अद्भुत सबै, अवर देवमैं भूल न फबै ॥५॥
पात्रदान तिन दिन दिन दियो, तिन चिरकाल महातप कियो।
बहुविध पूजाकारक वही, सर्व शील पाले उन सही ॥
और अनेक अमल गुणरास, प्रापति आय भये सब तास।
जिन तुमशरधा सो कर टेक दृग-वल्लभ देखे छिन एक ।६।
त्रिजग-तिलक, तुम गुणगण जेह, भवभुजग-विष-हरमणि तेह।
जो उरकानन माहि सदीव। भूषण कर पहरै भवि जीव ॥
सोई महामती संसार, सो श्रुतसागर पहुचे पार।
सकल लोकमे शोभा लहै, महिमा जाय जगतमें वहै ॥७॥

दोहा—सुरसमूह ढोलै चमर, चंदकिरण-द्युति जेम।
नवतन-बधू-कटाक्षते चपल चलै अति एम ॥
छिन छिन ढलकै स्वामिपर, सोहत ऐसो भाव।
किधौ कहत सिधि लच्छिसो, जिनपतिके ढिगआव ।८।

चौपई छन्द १५ मात्रा

शीशछत्र सिंहासन तलैं, दिपै देहदुति चामर ढलै।
बाजे दुदुभि बरसै फूल, ढिग अशोक वाणी सुखमूल ॥
इहिविधि अनुपम शोभा मान, सुरनर सभा पदमनी भान।
लोकनाथ बंदै शिरनाय, सो हम शरण होहु जिनराय ॥९॥
सुर-गजदंत कमल-वन-माहि, सुरनारी-गण नाचत जाहि।
बहुविधि बाजे बाजै थोक, सुन उछाह उपजै तिहुलोक ॥

हर्षत हरि जै जै उच्चरैं, सुमनमाल अपछर कर धरैं।
यो जन्मादि समय तुम होय, जयो देव देवाराम सोय ॥१०॥

तोष बढावन तुम मुखचद, जन नयनामृत करन अमद।
सुंदर दुतिकर अधिक उजास, तीन भुवन नहिं उपमा तास ॥
ताहि निरखि सनयन हम भये, लोचन आज सुफल कर लये।
देखन योग जगतमे देख, उमग्यो उर आनंद विशेख ॥११॥

कैयक यो मानै मतिमद। विजितकाम विधि ईश मुकद।
ये तो हैं वनिता-वश दीन, काम-कटक-जोतन-बलहीन ॥
प्रभु आगे सुरकामिनि करैं, ते कटाक्ष सब खाली परैं।
यातै मदन-विध्वसन वीर, तुम भगवत और नहिं धीर ॥१२॥

दर्शनप्रीति हिये जब जगी, तबै आम्र-कोपल बहु लगी।
तुम समीप उठ आवन ठयो, तबसो सघन प्रफुल्लित भयो ॥
अबहू निज नैनन ढिग आय, मुख मयक देख्यो जगराय।
मेरो पुन्य विरख इहबार, सुफल फल्यो सबसुख दातार।१३।

दोहा--त्रिभुवन वनमें विस्तरो काम-दवानल जोर।
वाणी-वरषाभरण सो, शाति करहु बहु ओर ॥
इद्र मोर नाचै निकट, भक्तिभाव धर मोह।
मेघ सघन चौवीस जिन, जैवते जग होय ॥१४॥

चौपाई

भविजन-कुमुदचद सुखदैन, सुरनरनाथ-प्रमुख-जगजैन।
ते तुम देख रमैं इह भाति, पहुप गेह लह ज्यो अलि पात ॥

शिरधर अजुलि भक्तिसमेत, श्रीगृहप्रति परिदक्षण देत।
शिवसुख की सी प्रापति भई,चरणछाहसो भवतप गई ॥१५
वह तुम-पद-नख-दर्पण देव, परम पूज्य सु दर स्वयमेव।
तामे जो भवि भागविशाल, आनन अविलोकै चिरकाल॥
कमला कीरति काति अनूप, धीरज प्रमुख सकल सुखरूप।
वे जगमगल कौन महान, जो न लहै वह पुरुष प्रधान॥१६॥
इंद्रादिक श्रीगगा जेह उत्पति थान हिमाचल येह।
जिनमुद्रा-मंडित अतिलसै, हर्ष होय देखे दुख नसै॥
शिखर ध्वजागण सोहैं एम, धर्म सुत-रुवर पल्लव जेम।
यो अनेक उपमाआधार, जयो जिनेश जिनालय सार॥१७॥
शीश नवाय नमत सुरनार, केश-काति-मिश्रित मनहार।
नखउद्योत वरतै जिनराज, दशदिश-पूरित किरण समाज॥
स्वर्ग-नाग-नरनायक सग, पूजत पाय-पद्म अतुलग।
दुष्ट कर्मदल दलन सुजान, जैवंतो वरतो भगवान॥१८॥
सो कर जागै जो धीमान, पडित सुधी सुमुख गुणवान।
आपन मगलहेत प्रशस्त, अवलोकन चाहैं कछु बस्त॥
और वस्तु देखें किस काज, जो तुम मुख राजै जिनराज।
तीनलोकको मगलथान, प्रेक्षणीय तिहु जगकल्यान॥१९॥
धर्मोदय तापस-गृहकीर, काव्यबध वन पिक, तुम वीर।
मोक्ष-मल्लिका मधुप रसाल, पुन्यकथा कज सरसि मराल॥
तुम जिनदेव सुगुण मणिमाल। सर्वहितंकर दीनदयाल।
ताको कौन न उन्नतकाय, धरै किरीट माहि हर्षाय॥२०॥

केई वांछै शिवपुर बास, केई करै स्वर्गसुख आस।
पचै पंचानल आदिक ठान, दुख बधै जस बँधै अयान ॥
हम श्रीमुखवानी अनुभवै, सरधा पूरव हिरदै ठवै।
तिस प्रभाव आनन्दित रहैं, स्वर्गादि सुख सहजे लहैं ॥२१॥
न्होन महोच्छव इन्द्रन कियो, सुरतिय मिल मंगल पढ लियो।
सुयश शरद चद्रोपम सेत, सो गंधर्व गान कर लेत ॥
और भक्ति जो जो जिस जोग, शेष सुरन कीनी सुनियोग।
अब प्रभु करै कौनसो सेव,हम चित भयो हिंडोला एव ।२२।
जिनवर जन्मकल्यानक द्योस, इद्र आप नाचै कर होस।
पुलकित अग पिता-घर आय, नाचत विधिमे महिमा पाय ॥
अमरी वीन बजावै सार, धरी कुचाग्र करत झकार।
इहिविधि कौतुक देख्यो जबै,औसर कौन कह सकै अबै ।२३।
श्रीपति-बिंब मनोहर एम, विकसत वदन कमलदल जेम।
ताहि हेर हरखे दृग दोय, कह न सकू इतनो सुख होय ॥
तब सुरसग कल्यानक काल, प्रगटरूप जावै जगपाल।
इकटक दृष्टि एक चितलाय,वह आनद कहा क्यो जाय ।२४।
देख्यो देव रसायन धाम, देख्यो नव निधिको विसराम।
चिंतारयन सिद्धिरस अबै, जिनगृह देखत देखे सबै ॥
अथवा इन देखे कछु नाहिं, यम अनुगामी फल जगमाहि।
स्वामी सरयो अपूरव काज,मुक्तिसमीप भई मुझ आज ।२५।
अब विनवै भूपाल नरेश, देखे जिनवर हरन कलेश।
नेत्रकमल विकसे जगचद्र, चतुर चकोर करण आनद ॥

थुति जलसो यो पावन भयो. पापताप मेरो मिट गयो।
मो चित है तुम चरणनमाहिं,फिर दर्शन हूज्यो अब जाहिं।२६

छप्पय छद।

इहिविधि बुद्धिविशाल राय भूपाल महाकवि।
कियो ललित थुतिपाठ हिये सब समझ सकै नवि॥
टीकाके अनुसार अर्थ कछु मनमैं आयो।
कही शब्द कहिं भाव जोड भाषा जस गायो॥
आतम पवित्रकारण किमपि, बालख्याल सो जानियो।
लीज्यो सुधार 'भूधर' तणी, यह विनती बुध मानियो॥२७

इति समाप्त।

श्री रत्नाकर सूरि विरचित

रत्नाकर-पञ्चविंशतिका

(हिन्दी पद्यानुवाद-कविवर श्री रामचरित उपाध्याय)

शुभ-केलि के आनन्दके धनके मनोहर धाम हो,
नरनाथसे सुरनाथसे पूजित चरण, गतकाम हो।
सर्वज्ञ हो, सर्वोच्च हो, सबसे सदा ससार मे,
प्रज्ञा कलाके सिन्धु हो, आदर्श हो आचार मे॥१॥

ससार-दुखके वैद्य हो त्रैलोक्यके आधार हो;
जय श्रीश! रत्नाकरप्रभो! अनुपम कृपा-अवतार हो।

गतराग ! है विज्ञप्ति मेरी मुग्धकी सुन लीजिए,
क्योंकि प्रभो ! तुम विज्ञ हो,मुझको अभय वर दीजिए ॥२॥
माता पिता के सामने बोली सुनाकर तोतली,
करता नही क्या अज्ञ बालक बाल्य-वश लोलावली ? ।
अपनें हृदयके हालको त्यो ही यथोचित रीतिसें-
मैं कह रहा हू, आपके आगे विनय से प्रीति से ॥३॥
मैंने नही जगमे कभी कुछ दान दीनोको दिया,
मैं सच्चरित भी हूँ नही मैंने नही तप भी किया ।
शुभ भावनाए भी हुई, अब तक न इस संसार मैं–
मैं घूमता हू, व्यर्थ ही भ्रमसे भवोदधि-धारमें ॥४॥
क्रोधाग्निसे मैं रात दिन हा ! जल रहा हूँ हे प्रभो !
मैं लोभ नामक सापसे काटा गया हूँ हे विभो !
अभिमानके खल ग्राहसे अज्ञानवश मैं ग्रस्त हूँ,
किस भाँति हो स्मृत आप, माया-जालसे मैं व्यस्त हूँ ॥५॥
लोकेश ! पर-हित भी किया मैंने न दोनो लोकमें,
सुख-लेश भी फिर क्यो मुझे हो, झीकता हूँ शोकमें ।
जगमे हमारे से नरोका जन्म ही बस व्यर्थ है,
मानो जिनेश्वर ! वह भवोकी पूर्णता के अर्थ है ॥६॥
प्रभु ! आपने निज मुख सुधाका दान यद्यपि दे दिया,
यह ठीक है, पर चित्तने उसका न कुछ भी फल लिया
आनन्द-रसमे डूबकर सद्वृत्त वह होता नही,
है वज्र सा मेरा हृदय, कारण बडा बस है यही ॥७॥

रत्नत्रयी दुष्प्राप्य है प्रभुसे उसे मैंने लिया,
बहु काल तक बहु बार जब जगका भ्रमण मैंने किया।
हा खो गया वह भी विवश मैं नीद आलसके रहा,
बतलाइये उसके लिए रोऊँ प्रभो ! किसके यहाँ ? ।८।
ससार ठगनेके लिए वैराग्यको धारण किया,
जगको रिझानेके लिए उपदेश धर्मों का दिया।
झगडा मचानेके लिए मम जीभ पर विद्या बसी,
निर्लज्ज हो कितनी उडाऊँ हे प्रभो ! अपनी हँसी ॥९॥
परदोषको कह कर सदा मेरा वदन दूषित हुआ,
लख कर पराई नारियोको हा नयन दूषित हुआ।
मन भी मलिन है सोचकर परकी बुराई हे प्रभो,
किस भाँति होगी लोकमें मेरी भलाई हे प्रभो ॥१०॥
मैंने बडाई निज विवशता हो अवस्थाके वशी,
भक्षक रतीश्वरसे हुई उत्पन्न जो दुख-राक्षसी।
हा ! आपके सम्मुख उसे अति लाजसे प्रकटित किया,
सर्वज्ञ ! हो सब जानते स्वयमेव ससृतिकी क्रिया ॥११॥
अन्यान्य मन्त्रोंसे परम परमेष्ठि-मत्र हटा दिया,
सच्छास्त्र-वाक्योको कुशास्त्रो से दबा मैंने दिया।
विधि-उदयको करने वृथा, मैंने कुदेवाश्रय लिया,
हे नाथ, यो भ्रमवश अहित मैंने नही क्या क्या किया ॥१२॥
हा, तज दिया मैंने प्रभो ! प्रत्यक्ष पाकर आपको,
अज्ञान वश मैंने किया फिर देखिये किस पापको।

वामाक्षियो के रागमें रत हो सदा मरता रहा,
उनके विलासोंके हृदयमे ध्यान को धरता रहा ॥१३॥
लख कर चपल-दृग-युवतियो के मुख मनोहर रसमई,
जो मन-पटलपर राग भावो की मलिनता बस गई।
वह शास्त्र-निधिके शुद्ध जलसे भी न क्यो धोई गई ?
बतलाइए यह आप ही मम बुद्धि तो खोई गई ॥१४॥
मुझमे न अपने अगके सौन्दर्यका आभास है,
मुझमें न गुणगण है विमल, न कला-कलाप-विलास है।
प्रभुता न मुझमें स्वप्नको भी चमकती है. देखिये,
तो भी भरा हूँ गर्वसे मैं मूढ़ हो किसके लिए ॥१५॥
हा नित्य घटती आयु है पर पाप-मति घटती नही,
आई बुढोती पर विषयसे कामना हटती नही।
मैं यत्न करता हू, दवा मैं, धर्म मैं करता नही,
दुर्मोह-महिमासे ग्रसित हूं नाथ ! बच सकता नही ॥१६॥
अघ-पुण्यको, भव-आत्मको मैंने कभी माना नही,
हा आप आगे हैं खडे दिननाथसे यद्यपि यही।
तो भी खलोंके वाक्यको मैंने सुना कानो वृथा,
धिक्कार मुझको है, गया मम जन्म ही मानो वृथा ।१७।
सत्पात्र-पूजन देव-पूजन कुछ नही मैंने किया,
मुनिधर्म श्रावकधर्मका भी नहिं सविधि पालन किया।
नर-जन्म पाकर भो वृथा ही मैं उसे खोता रहा,
मानो अकेला घोर वनमे व्यर्थ ही रोता रहा ॥१८॥

प्रत्यक्ष सुखकर जिन-धरममे प्रीति मेरी थी नही,
जिननाथ ! मेरी देखिये है मूढता भारी यही ।
हा ! कामधुक कल्पद्रुमादिक के यहा रहते हुए,
हमने गँवाया जन्मको धिक्कार दुख सहते हुए ॥१९॥
मैंने न रोका रोग-दुख सभोग-सुख देखा किया ।
मनमे न माना मृत्यु-भय-धन-लाभ ही लेखा किया ।
हा ! मैं अधम युवती-जनोका ध्यान नित करता रहा,
पर नरक-कारागारसे मनमे न मैं डरता रहा ॥२०॥
सद्वृत्तिमे मनमे न मैंने साधुता हा साधिता,
उपकार करके कीर्ति भी मैंने नही कुछ अर्जिता ।
शुभ तीर्थके उद्धार आदिक कार्य कर पाये नही,
नर-जन्म पारस-तुल्य निज मैंने गँवाया व्यर्थ ही ॥२१॥
शास्त्रोक्त विधि वैराग्य भी करना मुझे आता नही,
खल-वाक्य भी गतक्रोध हो सहना मुझे आता नही ।
अध्यात्म-विद्या है न मुझमे है न कोई सत्कला,
फिर देव ! कैसे यह भवोदधि पार होवेगा भला ? ॥२२॥
सत्कर्म पहले जन्ममे मैंने किया कोई नही,
आशा नही जन्मान्यमे उसको करूंगा मैं कही ।
इस भातिका यदि हूँ जिनेश्वर ! क्यो न मुझको कष्ट हो ?
संसारमे फिर जन्म तीनो क्यो न मेरे नष्ट हो ? ॥२३॥
हे पूज्य ! अपने चरितको बहुभाँति गाऊं क्या वृथा,
कुछ भी नही तुमसे छिपी है पापमय मेरी कथा ।

क्योकि त्रिजगके रूप हो तुम; ईश हो, सर्वज्ञ हो,
प्रथके प्रदर्शक हो, तुम्ही मम चित्तके मर्मज्ञ हो ॥२४॥
दीनोद्धारक धीर आप सा अन्य नही है,
कृपा-पात्र भी नाथ ! न मुझसा अपर कही है।
तो भी माँगू नही धान्य धन कभी भूल कर,
अर्हन् ! केवल बोधिरत्न होवे मगलकर ॥
श्रीरत्नाकर गुणगान यह दुरित दुःख सबके हरे।
बस एक यही है प्रार्थना मगलमय जगको करे ॥२५॥

श्री अमितगति सूरि विरचित

सामायिक पाठ

परमात्म द्वात्रिंशतिका

(हिन्दी पद्यानुवाद—श्री रामचरित उपाध्याय)

नित देव ! मेरी आत्मा धारण करे इस नेम को,
मैत्री करे सब प्राणियो से, गुणी जनो से प्रेम को।
उन पर दया करती रहे, जो दुख-ग्राह-ग्रहीत हैं,
उनसे उदासी सी रहे जो धर्म से विपरीत हैं ॥१॥
करके कृपा कुछ शक्ति ऐसी दीजिए मुझ मे प्रभो !
तलवार को ज्यो म्यान से करते विलग हैं हे विभो !!
गतदोष आत्मा शक्तिशाली है मिली मम अंग से,
उसको विलग उस भाँति करनेके लिये ऋजु ढंगसे ॥२॥

हे नाथ ! मेरे चित्त में समता सदा भरपूर हो,
सम्पूर्ण ममता की कुमति मेरे हृदय से दूर हो।
वनमें, भवनमें, दुःख में, सुख में नहीं कुछ भेद हो,
अरि-मित्रमें, मिलने-बिछुड़ने में न हर्ष न खेद हो ॥३॥
अतिशय घनी तम-राशिको दीपक हटाते हैं यथा,
दोनो कमल-पद आपके अज्ञान-तम हरते तथा।
प्रतिबिम्ब सम स्थिर रूप वे मेरे हृदय में लीन हो,
मुनिनाथ ! कीर्तित-तुल्य वे उरपर सदा आसीन हो ॥४॥
यदि एक-इन्द्रिय आदि देही घूमते फिरते मही,
जिनदेव ! मेरी भूल से पीड़ित हुए होवें कहीं।
टुकड़े हुए हों, मल गये हों, चोट खाये हों कभी,
तो नाथ ! वे दुष्टाचरण मेरे वर्त्म झूठे सभी ॥५॥
सन्मुक्ति के सन्मार्ग से प्रतिकूल पथ मैंने लिया,
पञ्चेन्द्रियों चारों कषायों में स्वमन मैंने किया।
इस हेतु शुद्ध चरित्र का जो लोप मुझसे हो गया,
दुष्कर्म वह मिथ्यात्वको हो प्राप्त प्रभु! करिए दया ॥६॥
चारों कषायों से, वचन, मन, कायसे जो पाप है—
मुझसे हुआ, हे नाथ ! वह कारण हुआ भव-ताप है।
अब मारता हूँ मैं उसे आलोचना-निन्दादि से,
ज्यों सकल विषको वैद्यवर है मारता मन्त्रादि से ॥७॥
जिनदेव ! शुद्ध चारित्र का मुझसे अतिक्रम जो हुआ,
अज्ञान और प्रमाद से व्रत का व्यतिक्रम जो हुआ।

अतिचार और अनाचरण जो जो हुए मुझसे प्रभो !
सबकी मलिनता मेटने को प्रतिक्रम करता विभो ! ॥८॥
मन की विमलता नष्ट होने को अतिक्रम है कहा,
औ शीलचर्या के विलघन को व्यतिक्रम है कहा ।
हे नाथ ! विषयो मे लपटने को कहा अतिचार है,
आसक्त अतिशय विषय में रहना महाऽनाचार है ॥९॥
यदि अर्थ, मात्रा वाक्यमें पदमें पडी त्रुटि हो कही,
तो भूलसे ही वह हुई, मैंने उसे जाना नही ।
जिनदेव वाणी ! तो क्षमा उसको तुरत कर दीजिये,
मेरे हृदय में देवि ! केवलज्ञान को भर दीजिये ॥१०॥
हे देवि ! तेरी वन्दना मै कर रहा हूँ इसलिये,
चिन्तामणि-प्रभ है सभी वरदान देने के लिये ।
परिणाम-शुद्धि समाधि मुझमें बोधिका संचार हो,
हो प्राप्ति स्वात्माकी तथा शिवसौख्यकी, भवपार हो ॥११॥
मुनिनायको के वृन्द जिसको स्मरण करते हैं सदा,
जिसका सभी नर अमरपति भी स्तवन करते हैं सदा ।
सच्छास्त्र वेद-पुराण जिसको सर्वदा हैं गा रहे,
वह देव का भी देव बस मेरे हृदय में आ रहे ॥१२॥
जो अन्तरहित सुबोध-दर्शन और सौख्यस्वरूप है,
जो सब विकारो से रहित, जिससे अलग भवकूप है ।
मिलता बिना न समाधि जो, परमात्म जिसका नाम है,
देवेश वह उर आ बसे मेरा खुला हृद्धाम है ॥१३॥

जो काट देता है जगत के दुःख निर्मित जाल को,
जो देख लेता है जगत की भीतरी भी चाल को।
योगी जिसे हैं देख सकते, अन्तरात्मा जो स्वयम्,
देवेश ! वह मेरे हृदय-पुर का निवासी हो स्वयम् ॥१४॥
कैवल्य के सन्मार्ग को दिखला रहा है जो हमे,
जो जन्म के या मरण के पडता न दुःख-सन्दोह मे।
अशरीर हो त्रैलोक्यदर्शी दूर है कुकर्लक से,
देवेश वह आकर लगे मेरे हृदय के अङ्क से ॥१५॥
अपना लिया है निखिल तनुधारी-निवहने ही जिसे,
रागादि दोष-व्यूह भी छू तक नही सकता जिसे।
जो ज्ञानमय है, नित्य है, सर्वेन्द्रियो से हीन है,
जिनदेव देवेश्वर वही मेरे हृदय मे लीन है ॥१६॥
संसार की सब वस्तुओ मे ज्ञान जिसका व्याप्त है,
जो कर्म-बन्धन हीन, बुद्ध, विशुद्ध सिद्धी प्राप्त है।
जो ध्यान करने से मिटा देता सकल कुविकार को,
देवेश वह शोभित करे मेरे हृदय-आगार को ॥१७॥
तम-सघ जैसे सूर्य-किरणो को न छू सकता कही,
उस भाँति कर्म-कलक दोषाकर जिसे छूता नही।
जो है निरञ्जन वस्त्वपेक्षा, नित्य भी है, एक है,
उस आप्त प्रभुकी शरणमें हूं प्राप्त जो कि अनेक है।१८।
यह दिवसनायक लोक का जिसमे कभी रहता नही,
त्रैलोक्य-भासक-ज्ञान-रवि पर है वहां रहता सही।

जो देव स्वात्मा में सदा स्थिर-रूपता को प्राप्त है,
मै हू उसी की शरण मे, जो देववर है, आप्त है ॥१९॥
अवलोकने पर ज्ञानमे जिसके सकल ससार ही–
है स्पष्ट दिखता, एक से है दूसरा मिल कर नही ।
जो शुद्ध, शिव है, शात भी है, नित्यता को प्राप्त है,
उसको शरण को प्राप्त हूँ, जो देववर है आप्त है ॥२०॥
वृक्षावली जैसे अनल की लपट से रहती नही,
त्यो शोक, मन्मथ, मानको रहने दिया जिसने नही ।
भय, मोह, नीद, विषाद, चिन्ता भी न जिसको व्याप्त है,
उसकी शरण में हू गिरा, जो देववर है आप्त है ॥२१॥
विधिवत शुभासन घासका या भूमिका बनता नही,
चौकी, शिला को ही सुभासन मानती बुधता नही ।
जिससे कषाये-इन्द्रियाँ, खटपट मचाती है नहीं,
आसन सुधी जन के लिये है आतमा निर्मल वही ॥२२॥
हे भद्र ! आसन, लोक पूजा, संघकी सगति तथा,
ये सब समाधी के न साधन, वास्तविक में है प्रथा ।
सम्पूर्ण बाहर-वासना को इसलिये तू छोड दे,
अध्यात्म में तू हर घडी होकर निरत रति जोडदे ॥२३॥
जो बाहरी हैं वस्तुए, वे है नही मेरी कही,
उस भाति हो सकता कही उनका कभी मैं भी नही ।
यो समझ वाह्याडम्बरो को छोड निश्चित रूप से,
हे भद्र ! हो जा स्वस्थ तू बच जायगा भवकूप से ॥२४॥

निज को निजात्मा-मध्य में ही सम्यगवलोकन करे,
तू दर्शन-प्रज्ञानमय है, शुद्ध से भी है परे।
एकाग्र जिसका चित्त है, तू सत्य इसको मानना,
चाहे कही भी हो, समाधी-प्राप्त उसको जानना ॥२५॥
मेरी अकेली आत्मा परिवर्तनो से हीन है,
अतिशय विनिर्मल है सदा सद्ज्ञान मे ही लीन है।
जो अन्य सब है वस्तुए वे ऊपरी ही हैं सभी,
निज कर्म से उत्पन्न है अविनाशिता क्यो हो कभी ॥२६॥
है एकता जब देह के भी साथ मे जिसकी नही,
पुत्रादिको के साथ उसका ऐक्य फिर क्यो हो कही।
जब अग-भर से मनुज के चमडा अलग हो जायगा,
तो रोगटो का छिद्रगण कैसे नही खो जायगा ॥२७॥
ससाररूपी गहन मे है जीव बहु दुख भोगता,
वह बाहरी सब वस्तुओ के साथ कर सयोगता।
यदि मुक्तिकी है चाह तो फिर जीवगण ! सुन लीजिये,
मनसे, वचनसे-कायसे उसको अलग कर दीजिये ॥२८॥
देही ! विकल्पित जाल को तू दूर कर दे शीघ्र ही,
संसार-वन मे डालने का मुख्य कारण है यही।
तू सर्वदा सबसे अलग निज आत्मा को देखना,
परमात्मा के तत्त्व मे तू लीन निज को लेखना ॥२९॥
पहले समय मे आत्मा ने कर्म है जैसे किए,
वैसे शुभाशुभ फल यहां पर इस समय उसने लिए।

यदि दूसरे के कर्म का फल जीव को हो जाय तो,
हे जीवगण! फिर सफलता निज कर्मकी खो जाय तो ॥३०॥

अपने उपार्जित कर्म-फल को जीव पाते है सभी,
उसके सिवा कोई किसी को कुछ नही देता कभी।
ऐसा समझना चाहिये एकाग्र मन होकर सदा,
'दाता अपर है भोगका' इस बुद्धि को खोकर सदा ॥३१॥

सबसे अलग परमातमा है, अमितगति से वन्द्य है,
हे जीवगण! वह सर्वदा सब भाँति ही अनवद्य है।
मनसे उसी परमातमा को ध्यान मे जो लाएगा,
वह श्रेष्ठ लक्ष्मी के निकेतन मुक्ति पद को पाएगा ॥३२॥

पढकर इन द्वात्रिंश पद्य को,
लखता जो परमात्मवन्द्य को।
वह अनन्यमन हो जाता है,
मोक्ष-निकेतन को पाता है ॥ ॥३३॥

आलोचना पाठ

दोहा

वंदों पाँचो परम-गुरु, चौवीसों जिनराज।
करूँ शुद्ध आलोचना, शुद्धि-करन के काज ॥१॥

सखीछन्द

सुनिये जिन अरज हमारी, हम दोष किये अति भारी।
तिनकी अब निर्वृति काजा, तुम सरन लही जिनराजा।२।

इक वे ते चउ इंद्री वा, मनरहित सहित जे जीवा।
तिनकी नहिं करुणा धारी, निरदइ ह्वै घात विचारी ॥३॥
समरभ समारंभ आरभ, मन वच तन कीने प्रारभ।
कृत कारित मोदन करिकै, क्रोधादि चतुष्टय धरिकै ॥४॥
शत आठ जु इमि भेदनतैं, अघ कीने परिछेदन तैं।
तिनकी कहुँ कोलो कहानी, तुम जानत केवलज्ञानी ॥५॥
विपरीत एकांत विनयके, सशय अज्ञान कुनय के।
वश होय घोर अघ कीने, वचतैं नहिं जाय कहीने ॥६॥
कुगुरुनकी सेवा कीनी, केवल अदया करि भीनी।
या विधि मिथ्यात भ्रमायो, चहुँगति मधि दोष उपायो।७।
हिंसा पुनि झूठ जु चोरी, पर वनिता सो दृग जोरी।
आरभ परिग्रह कीनो, पाप पाप जु या विधि कीनो ॥८॥
सपरस रसना घ्रानन को, चखु काम विषय सेवनको।
बहु करम किये मनमाने, कछु न्याय अन्याय न जाने ॥९॥
फल पच उदवर खाये, मधु मास मद्य चित चाये।
नहिं अष्ट मूलगुण धारे, सेये कुविसन दुखकारे ॥१०॥
दुइवीस अभख जिन गाये, सो भी निश-दिन भुंजाये।
कछु भेदाभेद न पायो, ज्यों त्यो करि उदर भरायो ॥११॥
अनतानु जु वधी जानो, प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यानो।
संज्वलन चौकड़ी गुनिये, सब भेद जु षोडश सुनिये ॥१२॥
परिहास अरति रति शोग, भय ग्लानि तिवेद सयोग।
पनवीस ज भेद भये इम, इनके वश पाप किये हम ॥१३॥

निद्रावश शयन कराई, सुपने मधि दोष लगाई।
फिर जागि विषय वन धायो,नाना विध विष-फल खायो।१४॥
आहार विहार नीहारा, इनमें नहिं जतन विचारा।
विन देखी धरी उठाई, विन शोधी वस्तु जु खाई ॥१५॥
तब ही परमाद सतायो, बहुविधि विकलप उपजायो।
कछु सुधि बुधि नाहिं रही है, मिथ्यामति छाय गई है।१६॥
मरजादा तुम ढिग लीनी, ताहू मे दोष ज कीनी।
भिन भिन अब कैसे कहिये, तुम ज्ञान विषै सब पइये ॥१७॥
हा हा ! मै दुठ अपराधी, त्रस-जीवन-राशि विराधी।
थावर की जतन न कीनी, उर में करुणा नहिं लीनी ॥१८॥
पृथिवी बहु खोद कराई, महलादिक जागाँ चिनाई।
पुनि बिन गाल्यो जल ढोल्यो, पखातें पवन बिलोल्यो ॥१९॥
हा हा ! मै अघ्याचारी, बहु हरितकाय जु विदारी।
तामधि जीवन के खदा, हम खाये धरि आनदा ॥२०॥
हा हा ! परमाद बसाई, बिन देखे अगनि जलाई।
तामध्य जीव जे आये, ते हू परलोक सिधाये ॥२१॥
बीध्यो अन राति पिसायो, ईंधन बिन सोधि जलायो।
झाड़ू ले जागां बुहारी, चींटी आदिक जीव विदारी ॥२२॥
जल छानि जिवानी कीनी, सो हू पुनि डारि जु दीनी।
नहिं जल-थानक पहुँचाई, किरिया बिन पाप उपाई ॥२३॥
जल मल मोरिन गिरवायो, कृमि-कुल बहु घात करायो।
नदियन बिच चीर धुवाये, कोसन के जीव मराये ॥२४॥

अन्नादिक शोध कराई, तातें जु जीव निसराई।
तिनका नहिं जतन कराया, गरियालै धूप डराया ॥२५॥
पुनि द्रव्य कमावन काजै, बहु आरभ हिंसा साजै।
किये तिसनावश अघ भारी, करुणा नहि रच विचारी ॥२६॥
इत्यादिक पाप अनंता, हम कीने श्री भगवता!
संतति चिरकाल उपाई, वाणी तै कहिय न जाई ॥२७॥
ताको जु उदय अब आयो, नाना विध मोहि सतायो।
फल भुंजत जिय दुख पावै, वचतै कैसे करि गावै ॥२८॥
तुम जानत केवलज्ञानी, दुख दूर करो शिवथानी।
हम तो तुम शरण लही है, जिन तारन विरद सही है ।२९।
इक गाँव्पती जो होवे, सो भी दुखिया दुख खोवै।
तुम तीन भुवन के स्वामी, दुख मेटहु अतरजामी ॥३०॥
द्रोपदि को चीर बढायो, सीता-प्रति कमल रचायो।
अंजनसे किये अकामी, दुख मेटो अतरजामी ॥३१॥
मेरे अवगुन न चितारो, प्रभु अपना विरद सम्हारो।
सब दोष-रहित करि स्वामी, दुख मेटहु अतरजामी ॥३२॥
इद्रादिक पदवी नहिं चाहूँ, विषयनि मे नाहिं लुभाऊँ।
रागादिक दोष हरीजे, परमातम निज पद दीजे ॥३३॥

दोहा

दोष-रहित जिनदेवजी, निज-पद दीज्यो मोय।
सब जीवन के सुख बढ़े, आनद मगल होय ॥
अनुभव माणिक पारखी, जौहरि आप जिनन्द।
येही वर मोहि दीजिये, चरण शरण आनन्द ॥

बारहभावना (श्री मंगतराय जी कृत)

दोहा छंद

वंदूं श्री अरहंतपद, वीतराग विज्ञान ।
वरणूं बारह भावना, जगजीवन-हित जान ॥१॥

विष्णुपद छंद

कहां गये चक्री जिन जीता, भरतखंड सारा ।
कहां गये वह राम-रु-लक्ष्मण, जिन रावण मारा ॥
कहां कृष्ण रुक्मिणि सतभामा, अरु संपति सगरी ।
कहां गये वह रंगमहल अरु, सुवरनकी नगरी ॥२॥
नहीं रहे वह लोभी कौरव जूझ मरे रनमें ।
गये राज तज पांडव वनको, अगिन लगी तनमें ॥
मोह-नींदसे उठ रे चेतन, तुझे जगावनको ।
हो दयाल उपदेश करैं गुरु, बारह भावनको ॥३॥

१ अथिर भावना ।

सूरज चांद छिपै निकलै ऋतु, फिर फिर कर आवै ।
प्यारी आयू ऐसी बीतै, पता नहीं पावै ॥
पर्वत-पतित-नदी-सरिता-जल बहकर नहिं हटता ।
स्वास चलत यों घटै काठ ज्यों, आरे सों कटता ॥४॥
ओस-बूंद ज्यों गलै धूपमें, वा अंजुलि पानी ।
छिन छिन यौवन छीन होत है क्या समझै प्रानी ॥
इंद्रजाल आकाश नगर सम जग-संपति सारी ।
अथिर रूप संसार विचारो सब नर अरु नारी ॥५॥

२ अशरण भावना

फाल-सिंहने मृग-चेतनको घेरा भव वनमें।
नहीं बचावन-हारा कोई यो समझो मनमें ॥
मंत्र यंत्र सेना धन संपति, राज पाट छूटै।
वश नहिं चलता काल लुटेरा, काय नगरि लूटै ॥६॥
चक्ररत्न हलधर सा भाई, काम नहीं आया।
एक तीरके लगत कृष्णकी विनश गई काया ॥
देव धर्म गुरु शरण जगतमे, और नहीं कोई।
भ्रमसे फिरै भटकता चेतन, यूंही उमर खोई ॥७॥

३ ससार भावना

जनम-मरन अरु जरा-रोगसे, सदा दुखी रहता।
द्रव्य क्षेत्र अरु काल भाव भव-परिवर्तन सहता ॥
छेदन भेदन नरक पशूगति, वध बंधन सहना।
राग-उदयसे दुख सुरगतिमें, कहां सुखी रहना ॥८॥
भोगि पुण्यफल हो इकइंद्री, क्या इसमे लाली।
कुतवाली दिनचार वही फिर, खुरपा अरु जाली ॥
मानुष-जन्म अनेक विपतिमय, कहीं न सुख देखा।
पंचमगति सुख मिलै शुभाशुभको मेटो लेखा ॥९॥

४ एकत्व भावना

जन्मै मरै अकेला चेतन, सुख-दुखका भोगी।
और किसीका क्या इक दिन यह, देह जुदी होगी ॥
कमला चलत न पैंड जाय मरघट तक परिवारा।
अपने अपने सुखको रोवै, पिता पुत्र दारा ॥१०॥

ज्यो मेलेमे पंथीजन मिल नेह फिरै धरते ।
ज्यों तरवर पै रैन बसेरा पछी आ करते ।।
कोस कोई दो कोस कोई उड़ फिर थक थक हारै ।
जाय अकेला हंस संगमे, कोई न पर मारै ।।११।।

५ भिन्न भावना

मोह-रूप मृग-तृष्णा जगमे मिथ्या जल चमकै ।
मृग चेतन नित भ्रममे उठ उठ, दौडै थक थककै ।।
जल नहिं पावै प्राण गमावै, भटक भटक मरता ।
वस्तु पराई मानै अपनी, भेद नहीं करता ।।१२।।
तू चेतन अरु देह अचेतन, यह जडतू ज्ञानी ।
मिले-अनादि यतनतै बिछुडै, ज्यो पय अरु पानी ।।
रूप तुम्हारा सबसों न्यारा, भेद ज्ञान करना ।
जौलो पौरुष थकै न तौलो उद्यमसो चरना ।।१३।।

६ अशुचि भावना

तू नित पोखै यह सूखे ज्यो, धोवै त्यो मैली ।
निश दिन करै उपाय देहका, रोग-दशा फैली ।।
मात-पिता-रज-वीरज मिलकर, बनी देह तेरी ।
मांस हाड़ नश लहू राधकी, प्रगट व्याधि घेरी ।।१४।।
काना पौंडा पड़ा हाथ यह चूसै तो रोवै ।
फलै अनंत जु धर्म ध्यानकी, भूमि-विषै बोवै ।।
केसर चंदन पुष्प सुगंधित, वस्तु देख सारी ।
देह परसते होय अपावन, निशदिन मल जारी ।।१५।।

१२ धर्म भावना

धर्म 'अहिंसा परमो धर्म.' ही सच्चा जानो।
जो पर को दुख दे, सुख माने, उसे पतित मानो॥
राग द्वेष मद मोह घटा आतम रुचि प्रकटावे।
धर्म-पोत पर चढ प्राणी भव-सिन्धु पार जावे॥२६॥
वीतराग सर्वज्ञ दोष विन, श्रीजिनकी वानी।
सप्त तत्वका वर्णन जामे, सबको सुखदानी॥
इनका चितवन वार वार कर, श्रद्धा उर धरना।
'मंगत' इसी जतनतें इकदिन, भव-सागर-तरना॥२७॥

॥ इति सुलतानपुर निवासी मगतरायजी कृत वारह भावना॥

वारह-भावना

(कविवर भूधरदास जी कृत)

दोहा

राजा राणा छत्रपति, हाथिनके असवार।
मरना सबको एक दिन, अपनी-अपनी वार॥१॥
दल बल देवी देवता, मात पिता परिवार।
मरती विरिया जीवको, कोई न राखनहार॥२॥
दाम विना निर्धन दुखी, तृष्णावश धनवान।
कहूं न सुख ससारमे, सब जग देख्यो छान॥३॥
आप अकेला अवतरै, मरै अकेलो होय।
यूं कबहूँ इस जीव को, साथी सगा न कोय॥४॥
जहा देह अपनी नहीं, तहा न अपना कोय।
घर संपति पर प्रगट ये, पर हैं परिजन लोय॥५॥

विषै चाम-चादर मढ़ी, हाड पींजरा देह।
भीतर या सम जगतमें, अवर नहीं घिन-गेह॥६॥

सोरठा

मोह-नींदके जोर, जगवासी घूमै सदा।
कर्म-चोर चहुं ओर, सरवस लूटै सुध नहीं ॥७॥

सतगुरु देय जगाय, मोह-नींद जब उपशमै।
तब कछु बनै उपाय, कर्म-चोर आवत रुकै ॥८॥

दोहा

ज्ञान-दीप तप-तेल भर, घर शोधै भ्रम छोर।
या विध विन निकसै नहीं, पैठे पूरव चोर ॥९॥

पंच महाव्रत संचरण, समिति पंच परकार।
प्रबल पंच इन्द्रिय-विजय, धार निर्जरा सार ॥१०॥

चौदह राजु उतंग नभ, लोक पुरुष-संठान।
तामें जीव अनादितैं, भरमत हैं बिन ज्ञान ॥११॥

धन कन कंचन राजसुख, सबहि सुलभकर जान।
दुर्लभ है ससारमें, एक जथारथ ज्ञान ॥१२॥

जाँचे सुर-तरु देय सुख, चिंतत चिंतारैन।
बिन जाचें बिन चिंतये, धर्म सकल सुखदैन ॥१३॥

मेरी भावना

(रचियता—आचार्य जुगलकिशोर जी मुख्तार)

जिसने राग द्वेष कामादिक जीते सब जग जान लिया।
सब जीवोको मोक्षमार्ग का निस्पृह हो उपदेश दिया॥
बुद्धि, वीर, जिन, हरि, हर, ब्रह्मा, या उसको स्वाधीन कहो।
भक्ति-भाव से प्रेरित हो यह चित्त उसी मे लीन रहो॥१॥
विषयो की आशा नहिं जिनके साम्य-भाव धन रखते हैं।
निज-परके हित-साधन मे जो निश-दिन तत्पर रहते हैं॥
स्वार्थ-त्याग की कठिन तपस्या विना खेद जो करते है।
ऐसे ज्ञानी साधु जगत के दुख-समूह को हरते है॥२॥
रहे सदा सत्सग उन्ही का ध्यान उन्ही का नित्य रहे।
उनही जैसी चर्या मे यह चित्त सदा अनुरक्त रहे॥
नही सताऊँ किसी जीव को झूठ कभी नहिं कहा करू।
परधन- *वनिता पर न लुभाऊँ, सतोषामृत पिया करूँ॥३॥
अहकार का भाव न रक्खू नही किसी पर क्रोध करूँ।
देख दूसरो की वढ़ती को कभी न ईर्ष्या-भाव धरू॥
रहे भावना ऐसी मेरी, सरल-सत्य-व्यवहार करू।
बने जहा तक इस जीवन मे औरो का उपकार करूँ॥४॥
मैत्रीभाव जगत मे मेरा सब जीवो से नित्य रहे।
दीन-दुखी जीवो पर मेरे उर से करुणा-स्रोत बहे॥

* स्त्रियां वनिता के स्थान पर 'परनर' पढ़ें।

दुर्जन-क्रूर-कुमार्ग-रतो पर क्षोभ नही मुझको आवे।
साम्यभाव रक्खू मैं उन पर, ऐसी परिणति हो जावे ॥५॥
गुणी जनो को देख हृदय मे मेरे प्रेम उमड आवे।
बने जहा तक उनकी सेवा करके यह मन सुख पावे॥
होऊं नही कृतघ्न कभी मैं द्रोह न मेरे उर आवे।
गुण-ग्रहण का भाव रहे नित दृष्टि न दोपो पर जावे ॥६॥
कोई बुरा कहो या अच्छा लक्ष्मी आवे या जावे।
अनेक वर्षो तक जीऊँ या मृत्यु आज ही आ जावे॥
अथवा कोई कैसा ही भय या लालच देने आवे।
तो भी न्याय-मार्ग से मेरा कभी न पद डिगने पावे ॥७॥
होकर सुख मे मग्न न फूले दुख मे कभी न घबरावे।
पर्वत-नदी-श्मशान भयानक अटवी से नही भय खावे॥
रहे अडोल-अकप निरतर यह मन दृढतर बन जावे।
इष्ट-वियोग-अनिष्ट-योग मे सहन-शीलता दिखलावे ॥८॥
सुखी रहे सब जीव जगत के कोई कभी न घबरावे।
वैर-पाप अभिमान छोड जग नित्य नये मङ्गल गावे॥
घर-घर चर्चा रहे धर्म की दुष्कृत दुष्कर हो जावे॥
ज्ञान-चरित उन्नत कर अपना मनुज-जन्म-फल सब पावें ॥९॥
ईति भीति व्यापे नहिं जग मे वृष्टि समय पर हुआ करे।
धर्मनिष्ठ होकर राजा भी न्याय प्रजा का किया करे॥
रोग मरी दुर्भिक्ष न फैले प्रजा शाति से जिया करे।
परम अहिंसा-धर्म जगत में फैल सर्व हित किया करे ॥१०॥

फैले प्रेम परस्पर जगत मे मोह दूर हो रहा करे।
अप्रिय कटुक कठोर शब्द नहि कोई मुख से कहा करे॥
बनकर सब 'युगवीर' हृदय से देशोन्नति-रत रहा करे।
वस्तु-स्वरूप-विचार खुशी से सब दुख सकट सहा करे॥११॥

वज्रनाभि चक्रवर्ती की

वैराग्य भावना

दोहा—बीज राख फल भोगवै, ज्यो किसान जगमाहिं।
त्यो चक्री नृप सुख करै, धर्म विसारै नाहिं॥

जोगीरासा वा नरेन्द्र छद।

इहविधि राज करै नरनायक, भोगै पुण्य विशालो।
सुखसागरमैं रमत निरतर, जात न जान्यो कालो॥
एक दिवस शुभ कर्म-सजोगे क्षेमकर मुनि वदे।
देखि शिरीगुरुके पदपंकज, लोचन अलि आनन्दे॥२॥
तीन प्रदक्षिण दे शिर नायो, कर पूजा थुति कीनी।
साधु-समीप विनय कर बैठ्यो, चरननमैं दृष्टि दीनी॥
गुरु उपदेश्यो धर्म-शिरोमणि, सुन राजा वैरागे।
राजरमा वनितादिक जे रस, ते रस बेरस लागे॥३॥
मुनि-सूरज-कथनी-किरणावलि लगत भरम बुधि भागी।
भव-तन-भोग-स्वरूप विचारयो, परम धरम अनुरागी॥
इह ससार महावन भीतर, भरमत ओर न आवै।
जामन मरन जरा दव दाहै जीव महादुख पावै॥४॥

कबहूँ जाय नरक थिति भुंजै, छेदन भेदन भारी।
कबहूँ पशु परजाय धरै तहँ, वध बंधन भयकारी॥
सुरगतिमे परसपति देखे राग उदय दुख होई।
मानुषयोनि अनेक विपतिमय, सर्वसुखी नहिं कोई॥५॥
कोई इष्ट वियोगी विलखै, कोई अनिष्ट संयोगी।
कोई दीन-दरिद्री विलखे, कोई तन के रोगी॥
किसही घर कलिहारी नारी, कै वैरी सम भाई।
किसही के दुख वाहिर दीखै, किसही उर दुचिताई॥६॥
कोई पुत्र विना नित झूरै, होय मरै तव रोवै।
खोटी संततिसों दुख उपजै, क्यो प्रानी सुख सोवै॥
पुण्य उदय जिनके तिनके भी नाहिं सदा सुख साता।
यह जगवास जथारथ देखे, सव दीखै दुखदाता॥७॥
जो संसार विषै सुख होता, तीर्थङ्कर क्यो त्यागै।
काहेको शिवसाधन करते, सजमसो अनुरागै॥
देह अपावन अथिर घिनावन, यामे सार न कोई।
सागर के जलसो शुचि कीजे, तो भी शुद्ध न होई॥८॥
सात कुधातुभरी मलमूरत, चर्म लपेटी सोहै।
अंतर देखत या सम जग मे, अवर अपावन को है॥
नव-मल-द्वार स्रवै निशि-वासर, नाम लिये घिन आवै।
व्याधि-उपाधि अनेक जहाँ तहँ, कौन सुधी सुख पावै॥९॥
पोषत तो दुख दोप करै अति, सोपत सुख उपजावै।
दुर्जन-देह-स्वभाव बराबर, मूरख प्रीति बढावै॥

राचन-जोग स्वरूप न याको विरचन-जोग सही है।
यह तन पाय महातप कीजे यामे सार यही है ॥१०॥
भोग बुरे भवरोग बढावै, वैरी हैं जग जीके।
वेरस होय विपाक समय अति, सेवत लागै नीके॥
वज्र-अगिनि विषसे विषधरसे, ये अधिके दुखदाई।
धर्म-रतन के चोर चपल अति, दुर्गति-पंथ सहाई॥११॥
मोह-उदय यह जीव अज्ञानी, भोग भले कर जानै।
ज्यो कोई जन खाय धतूरा, सो सब कचन मानै॥
ज्यो ज्यो भोग संजोग मनोहर, मन-वांछित जन पावै।
तृष्णा नागिन त्यो-त्यों डके, लहर जहरकी आवे॥१२॥
मैं चक्रीपद पाय निरंतर, भोगे भोग घनेरे।
तौ भी तनक भये नहिं पूरन, भोग मनोरथ मेरे॥
राजसमाज महा अघ-कारण, बैर बढावन-हारा।
वेश्या-सम लछमी अतिचंचल. याका कौन पत्यारा॥१३॥
मोह-महा-रिपु बैर विचार्‌यो, जग-जिय संकट डारे।
घर-कारागृह वनिता बेडी, परिजन जन रखवारे॥
सम्यकदर्शन ज्ञान चरण तप, ये जियके हितकारी।
येही सार असार और सब, यह चक्री चितधारी॥१४॥
छोड़े चौदह रत्न नवो निधि, अरु छोडे सग साथी।
कोटि अठारह घोडे छोड़े चौरासी लख हाथी॥
इत्यादिक सपति बहुतेरी जीरण-तृण-सम त्यागी।
नीति विचार नियोगी सुतको, राज दियो बड़भागी॥१५॥

होय निशल्य अनेक नृपति संग, भूषण वसन उतारे।
श्रीगुरु चरण धरी जिन मुद्रा, पंच महाव्रत धारे॥
धनि यह समझ सुबुद्धि जगोत्तम, धनि यह धीरज-धारी।
ऐसी संपति छोड़ बसे वन, तिन पद धोक हमारी॥१६॥

दोहा

परिग्रहपोट उतार सब, लीनो चारित, पंथ।
निज स्वभाव में थिर भये, वज्रनाभि निरग्रंथ॥
इति श्री वज्रनाभि चक्रवर्ती की वैराग्य भावना।

समाधि मरण (भाषा)

गौतम स्वामी वन्दो नामी मरण समाधि भला है
मैं कब पाऊं निश दिन ध्याऊं गाऊं वचन कला है॥
देव धर्म गुरु प्रीति महा दृढ सप्त व्यसन नहिं जानें।
त्याग बाइस अभक्ष सयमी बारह व्रत नित ठानें॥१॥

चक्की उखरी चूलि बुहारी पानी त्रस न विराधै।
वनिज करै पर द्रव्य हरै नहिं छहो कर्म इमि साधै॥
पूजा शास्त्र गुरुनकी सेवा संयम तप चहु दानी।
पर उपकारी अल्प अहारी सामायिक विधि ज्ञानी॥२॥

जाप जपै तिहुं योग धरै दृढ तनकी ममता टारै।
अन्त समय वैराग्य सम्हारै ध्यान समाधि विचारै॥

अजर अमर निज गुणसो पूरै परमानन्द सुभावै ।
आनन्दकन्द चिदानंद साहब तीन जगतपति ध्यावै ।।
क्षुधा तृषादिक होय परीषह सहै भाव सम राखै ।
अतीचार पांचो सब त्यागै ज्ञान सुधारस चाखै ।।९।।
हाड़ मास सब सूख जाय जब धर्मलीन तन त्यागै ।
अद्भुत पुण्य उपाय स्वर्ग-मे सेज उठै ज्यो जागै ।।
तहां तै आवै शिवपद पावै विलसै सुक्ख अनन्तो ।
'द्यानत' यह गति होय हमारी जैन धर्म जयवन्तो ।।१०।।

अथ अठाई रासा

प्राणी वरत अठाई जे करें ते पावें भवपार ।।टेक।।
जम्बू द्वीप सुहावणो लख योजन विस्तार ।
भरतक्षेत्र दक्षिण दिशा पोदनपुर तहँ सार ।। प्राणी ।।१।।
विद्यापति विद्याधरी सोमा राणी राय ।
समकित पालै मन बचै धर्म सुनै अधिकाय ।। प्राणी ।।२।।
चारणमुनि तहाँ पारणे आये राजा गेह ।
सोमाराणी आहार दे, पुण्य बढ़ो अति नेह ।। प्राणी ।।३।।
ताहि समय नभ देवता चाले जात विमान ।
जय जय शब्द भयो घनो मुनिवर पूछ्यो ज्ञान ।। प्राणी ।।४
मुनिवर बोले रानि सुन नन्दीश्वर की जात ।
जे नर करहिं स्वभावसों ते पावें शिवकांत ।। प्राणी ।।५।।

ऐसो बच राणी सुनो मन मे भयो अनन्द ।
नन्दीश्वर पूजा करें ध्यावें आदि जिनन्द ।। प्राणी ।।६।।
कातिक फागुण साढ़ मे पालें मन वच काय ।
आठ दिवस पूजा करें तीन भवातर थाय ।। प्राणी ।।७।।
विद्यापति सुन चालियो रच्यो विमान अनूप ।
रानी वरजै राय कों तुम हो मानुष भूप ।। प्राणी ।।८।।
मानुषोत्र लंघव नहीं मानुष जेती जात ।
जिनवाणी निश्चय कही तीन भुवन विख्यात ।।प्राणी।।९।।
सो विद्यापति ना रहो चलो नन्दीश्वर द्वीप ।
मानुषोत्र गिरसो मिलो जाय विमान महीप ।।प्राणी।।१०।।
मानुषोत्र की भेंट तें परो धरनि खिर भार ।
विद्यापति भव चूरियो देव भयो सुरसार ।।प्राणी ।।११।।
दीप नन्दीश्वर छिनफ मे पूजा वसु विध ठान ।
करी सु मन-वच-काय से माल लई कर मान ।।प्राणी ।।१२।।
आनन्द सो घर आइयो नन्दीश्वर कर जात ।
विद्यापति को रूप धर राणी सो कहै बात ।।प्राणी ।।१३।।
राणी बोली सुन राजा यह तो कबहु न होय ।
जिनवाणी मिथ्या नहीं निश्चय मन मे सोय ।। प्राणी ।।१४।।
नन्दीश्वर की माल ले राय दिखाई आय ।
अब तू साँचो जान मोहि पूजन कर बहु भाय ।।प्राणी।।१५।।
रानी फिर तासो कहै नर भव परसे नाहिं ।
पश्चिम सूरज उदय हुए जिनवाणी शुचि ताहि ।।प्राणी।।१६

रानीसों नृप फिर कही बावन भवन जिनाल ।
तेरह-तेरह मैं बन्दे पूजन करि तत्काल ।।प्राणी ।।१७।।
जयमाला तहें मो मिली आयो हूं तुझ पास ।
अब तू मिथ्या मान मत कर मेरा विश्वास ।।प्राणी।।१८।।
पूरब दक्षिण में बन्दे पश्चिम उत्तर जान ।
मैं मिथ्या नहिं भाष हूं श्री जिनवरकी आन ।।प्राणी।।१९।।
हे रानी तें सच कही जिन बानी शुभ सार ।
ढाई द्वीप न लंघई मानुष भव विस्तार ।। प्राणी ।।२०।।
विद्यापति तें सुर भयो रूप धरो शुभ सोय ।
रानी की स्तुति करी निश्चय समकित तोय ।।प्राणी।।२१।।
देव कहै अब रानि सुन, मानुषोत्र मिलो जाय ।
तहँतें चय मैं सुर भयो, पूजे नदीश्वर पाय ।। प्राणी ।।२२।।
एक भवांतर मो रह्यो, जिन शासन परमान ।
मिथ्याती मानें नहीं, श्रावक निश्चय आन ।। प्राणी ।।२३।।
सुर चय नर हथनापुरी, राज कियो भरपूर ।
परिग्रह तजि सयम लियो, कर्म महागिर चूर ।।प्राणी।।२४।।
केवल ज्ञान उपाय कर मोक्ष गये मुनि-राय ।
शाश्वत सुख विलसे जहाँ जामनमरन मिटाय ।।प्राणी।।२५।।
अब रानी की सुन कथा, संयम लीनो सार ।
तपकर चयकर सुर भयो,विलसे सुख विस्तार।।प्राणी ।२६।
गजपुर नगरी अवतरो, राज, करै बहुभाय ।
सोलहकारण भाइयो, धर्म सुनो अधिकाय ।।प्राणी ।।२७।।

मुनि संघाटक आइयो, माली सार जनाय।
राजा बन्दो भाव सों, पुण्य बढ़ो अधिकाय ॥प्राणी॥२८॥
राजा मन वैरागियो, संयम लीनो सार।
आठ सहस नृप साथ ले, यह संसार असार॥प्राणी॥२९॥
केवलज्ञान उपाय के, दोय सहस निर्वान।
दोय सहस सुख स्वर्ग के, भोगे भोग सुथान ॥प्राणी॥३०॥
चार सहस भूलोक में, हंडे बहु संसार।
काल पाय शिवपुर गये, उत्तम धर्म विचार ॥प्राणी॥३१॥
बरत अठाई जे करें, तीन जन्म परमान।
लोकालोक सु जान ही सिद्धारथ कुल कान ॥प्राणी॥३२॥
भव समुद्र के तरण को, बावन नौका जान।
जे जिय करें सुभाव सों, जिनवर सांच बखान ॥प्राणी॥३३॥
मन वच काया तें पढ़ें, ते पावें भव पार।
'विनय कीर्ति' सुखसों भजे, जन्म सुफल संसार ॥३४॥

—×—

आष्टान्हिका पर्व

वर्ष में ३ बार आता है :—

१. कार्तिक सुदी ८ से पूर्णमासी तक ८ दिन
२. फाल्गुण „ „ „
३. आषाढ „ „ „

इन दिनो मे पूजन पाठ तथा सिद्धचक्र विधान करने का महान् फल है।

पखवाड़ा भाषाटीका

(तिथि षोडशी)

कविवर द्यानत राय कृत

दोहा

बानी एक नमो सदा । एक दरव आकाश ।
एक धर्म अधर्म दरव । पडिवा शुद्धिप्रकाश ॥

चौपाई

दोज दुभेद सिद्ध ससार, ससारी त्रस थावर धार ।
स्व-पर दया दोनों मन धरो, राग दोष तजि समता करो ।२॥
तीज त्रिपात्र दान नित भजो, तीन काल सामायिक सजो ।
व्यय उत्पाद ध्रौव्य पद साध, मन वच तन थिर होय समाध ।३
चौथ चार विधि दान विचार, चारयो आराधना संभार ।
मैत्री आदि भावना चार, चार बंधसो भिन्न निहार ॥४॥
पांचें पंच ऋद्धि लहि जीव, भज परमेष्ठी पंच सदीव ।
पांच भेद स्वाध्याय बखान, पाचो पैताले पहचान ॥५॥
छठ छ लेश्याके परिनाम, पूजा आदि करो षट् काम ।
पुद्गलके जानो पट् भेद, छहो काल लखिकै सुख वेद ॥६॥
सातें सात नरकतें डरो, सातो खेत धन जन सो भरो ।
सातो नय समझो गुणवंत, सात सत्त्व सरधा करि संत ॥७॥
आठें आठ दरसके अग, ज्ञान आठ विधि गहो अभंग ।
आठ भेद पूजा जिनराय, आठ योग कीजै मन लाय ॥८॥

नौमी शील वाडि नौ पाल, प्रायश्चित नौ भेद समाल।
नौ क्षायिक गुण मनमें राख,नौ कषाय की तज अभिलाख।९।
दशमी दश पुद्गल परजाय, दशो वध हर चेतन राय।
जनमत दश अतिशयजिनराज,दशविध परिग्रहसोक्या काज १०
ग्यारस ग्यारह भाव समाज, सब अर्हमिदर ग्यारह राज।
ग्यारह लोक सुर लोक मझार,ग्यारह अग पढै मुनि सार।११।
बारस बारह विधि उपयोग, बारह प्रकृति दोषका रोग।
बारह चक्रवर्ति लख लेहु, बारह अविरतको तजि देहु ॥१२।
तेरस तेरह श्रावक थान, तेरह भेद मनुप पहचान।
तेरह राग प्रकृति सब निद, तेरह भाव अयोग जिनन्द।१३।
चौदश चौदह पूरव जान, चौदश बाहिज अग बखान।
चौदह अन्तर परिग्रह डार, चौदह जीवसमास विचार।१४।
मावस सम पन्द्रह परमाद, करम भूमि पंदरह अनाद।
पच शरीर पदरह रूप, पदरह प्रकृति हरै मुनि भूप ॥१५॥
पूरनमासी सोलह ध्यान, सोलह स्वर्ग कहे भगवान।
सोलह कषाय राहु घटाय,सोलह कला सम भावना भाय।१६।
सब चर्चाकी चर्चा एक, आतम आतम पर पर टेक।
लाख कोटि ग्रन्थनको सार,भेदज्ञान अरु दया विचार ॥१७॥

गुण विलास सब तिथि कही, है परमारथ रूप।
पढै सुनै जो मन धरै, उपजै ज्ञान अनूप ॥

संकट मोचन विनती

हे दीनबंधु श्रीपति करुणानिधानजी ।
यह मेरी विया क्यो न हरो वार क्या लगी ॥टेक॥
मालिक हो दो जहानके जिनराज आपही ।
एवो हुनर हमारा कुछ तुमसे छिपा नहीं ॥
वेजान मे गुनाह मुझसे वन गया सही ।
ककरीके चोरको कटार मारिये नहीं ॥ हो० ॥१॥
दुखदर्द दिलका आपसे जिसने कहा सही ।
मुश्किल कहर वहरसे लिया है भुजा गही ॥
जस वेद औ पुरानमे प्रमान है यही ।
आनंदकंद श्रीजिनंद देव है तुही ॥ हो० ॥२॥
हाथीपै चढी जाती थी सुलोचना सती ।
गंगामे ग्राहने गही गजराजकी गती ॥
उस वक्तमें पुकार किया था तुम्हे सती ।
भय टारके उवार लिया है कृपापती ॥ हो० ॥३॥
पावक प्रचंड कुंडमे उमड जब रहा ।
सीतासे शपथ लेनेको तव रामने कहा ॥
तुम ध्यानधार जानकी पग धारती तहां ।
तत्काल ही सर स्वच्छ हुआ कमल लहलहा ॥हो०॥४॥
जब चीर द्रोपदीका दुःशासन ने था गहा ।
सबही सभाके लोग थे कहते हहा हहा ॥

उस वक्त भीर पीरमे तुमने करी सहा।
परदा ढका सतीका सुजस जगतमें रहा ।। हो० ।।५।।
श्रीपालको सागर विषै जब सेठ गिराया।
उनकी रमासे रमनेको आया वो बेहया ।।
उस वक्तके संकटमें सती तुमको जो ध्याया।
दुख-दंद-फंद मेटके आनद बढ़ाया ।। हो० ।। ६ ।।
हरिषेणकी माताको जहां सौत सताया।
रथ जैनका तेरा चलै पीछै यो बताया ।।
उस वक्तके अनशनमें सती तुमको जो ध्याया।
चक्रेश हो सुत उसके ने रथ जैन चलाया ।।हो० ।।७।।
सम्यक्त्व-शुद्ध शीलवती चंदना सती ।
जिसके नगीच लगती थी जाहिर रती रती ।।
बेड़ीमें पड़ी थी तुम्हें जब ध्यावती हती।
तब वीर धीरने हरी दुखदंदकी गती ।।हो० ।। ८ ।।
जब अंजना सतीको हुआ गर्भ उजारा।
तब सासने कलंक लगा घरसे निकारा ।।
वनवर्गके उपसर्गमे तब तुमको चितारा।
प्रभुभक्त व्यक्त जानिके भय देव निवारा ।। हो० ।।९।।
सोमासे कहा जो तु सती शील विशाला।
तो कुंभते निकाल भला नाग जु काला ।।
उस वक्त तुम्हें ध्यायके सति हाथ जब डाला।
तत्काल ही वह नाग हुआ फूलकी माला ।।हो०।।१०।।

जब कुष्ट रोग था हुआ श्रीपालराजको ।
मैंना सती की, आपकी पूजा, इलाजको ॥
तत्काल ही सुंदर किया श्रीपाल राजको ।
वह राजरोग भाग गया मुक्तराजको ॥हो० ॥११॥
जब सेठ सुदर्शनको मृषा दोष लगाया ।
रानीके कहे भूपने सूली पै चढ़ाया ॥
उस वक्त तुम्हे सेठने निज ध्यानमे ध्याया ।
सूलीसे उतारुस्को सिंहासनपै विठाया ॥हो० ॥१२॥
जब सेठ सुधन्नाजी को वापीमे गिराया ।
ऊपरसे दुष्ट फिर उसे वह मारने आया ॥
उस वक्त तुम्हे सेठने दिल अपनेमे ध्याया ।
तत्कालही जंजालसे तब उसको बचाया ॥ हो० ॥१३॥
इक सेठके घरमे किया दारिद्रने डेरा ।
भोजनका ठिकाना भि न था सांझ सवेरा ॥
उस वक्त तुम्हे सेठने जब ध्यान मे घेरा ।
घर उसकेमे तब कर दिया लक्ष्मीका बसेरा ॥हो०॥१४॥
बलि वादमे मुनिराज सों जब पार न पाया ।
तब रातको तलवार ले शठ मारने आया ॥
मुनिराजने निजध्यानमे मन लीन लगाया ।
उस वक्त हो प्रत्यक्ष तहां देव बचाया ॥हो० ॥१५॥
जब रामने हनुमंत को गढ़लंक पठाया ।
सीताकी खबर लेनेको सह सैन्य सिधाया ॥

मग बीच दो मुनिराजकी लख आगमें काया ।
झट वारि मूसलधारसे उपसर्ग मिटाया ।। हो० ।।१६।।
जिननाथही को माय नवाता था उदारा ।
घेरेमें पडा था वह वज्र-कर्ण विचारा ।।
उसवक्त तुम्हे प्रेमसे संकटमें चितारा ।
रघुवीरने सब दुःख तहां तुरत निवारा ।।हो० ।।१७।।
रणपाल कुंवरके पडीथी पांवमें बेरी ।
उस वक्त तुम्हें ध्यानमें ध्याया था सवेरी ।।
तत्काल ही सुकुमालकी सब झड़ पड़ी बेरी ।
तुम राजकुंवरकी सभी दुखदंद निवेरी ।।हो० ।।१८।।
जब सेठके नंदनको डसा नाग जु कारा ।
उसवक्त तुम्हें पीरमें धर धीर पुकारा ।।
तत्काल ही उस बाल का विष भूरि उतारा ।
वह जाग उठा सोके मानो सेज सकारा ।।हो० ।।१९।।
मुनि मानतुंगको दई जब भूपने पीरा ।
तालेमें किया बंद भरी लोहजंजीरा ।।
मुनिईश ने आदीशकी थुति की है गंभीरा ।
चक्रेश्वरी तब आनिके झट दूर की पीरा ।। हो० ।।२०।।
शिवकोटिने हट था किया सामंतभद्रसों ।
शिव पिंडकी बंदन करो--शंको अभद्रसो ।।
उस वक्त स्वयंभू रचा गुरु भावभद्रसों ।
जिनचद्रकी प्रतिमा तहां प्रगटी सुभद्रसों ।। हो० ।।२१।।

तोते ने तुम्हे आनिके फल आम चढाया ।
मेंढक ले चला फूल भरा भक्तिका भाया ।।
तुम दोनों को अभिराम स्वर्गधाम बसाया ।
हम आपसे दातारको लख आज ही पाया ।।हो० ।।२२।।
कपि श्वान सिंह नेवला अज बैल बिचारे ।
तिर्यंच जिन्हे रंच न था बोध, चितारे ।।
इत्यादिको सुर धाम दे शिवधाममें धारे ।
हम आपसे दातारको प्रभु आज निहारे ।। हो० ।।२३।।
तुम ही अनंत जतुका भय भीर निवारा ।
वेदोपुराण में गुरू गणधरने उचारा ।
हम आपको सरनागतीमें आके पुकारा ।।
तुम हो प्रत्यक्ष कल्पवृक्ष इच्छिताकारा ।। हो० ।।२४।।
प्रभु भक्त व्यक्त भक्त जक्त मुक्तके दानी ।
आनद कद वृंदको हो मुक्त के दानी ।।
मोहि दीन जान दीनबंधु पातक भानी ।
संसार विषम खार तार अतर जामी ।। हो०।।२५।।
करुणानिधान बानको अब क्यों न निहारो ।
दानी अनतदानके दाता हो सँभारो ।।
वृषचंदनंद 'वृंद' का उपसर्ग निवारो ।
संसार विषम खारसे प्रभु पार उतारो ।।
हो दीन-बंधु श्रीपति करुणानिधानजी ।
अब मेरी विथा क्यों ना हरो बार क्या लगी ।।२६।।

दुःखहरण विनती

(शैर की लय मे तथा और और रागनियोमे भी बनती है।)

श्रीपति जिनवर करुणायतन, दुखहरन तुमारा बाना है।
मत मेरी बार अबार करो,मोहि देहु विमल कल्याना है।टेक॥
त्रैकालिक वस्तु प्रत्यक्ष लखो, तुम सो कछु बात न छाना है
मेरे उर आरत जो वरतै, निहचै सब सो तुम जाना है।
अवलोक विथा मत मौन गहो, नहिं मेरा कहीं ठिकाना है॥
हो राजिवलोचन सोचविमोचन,मै तुमसो हित ठाना है।१।
सब ग्रथनि मे निरग्रथनिने, निरधार यही गणधार कही।
जिननायक ही सब लायक हैं, सुखदायक छायक ज्ञानमही॥
यह बात हमारे कान परी, तब आन तुमारी सरन गही।
क्यो मेरी बार बिलब करो, जिन नाथ कहो वह बात सही।२।
काहूको भोग मनोग करो, काहूको स्वर्ग-विमाना है।
काहूको नाग नरेशपती, काहूको ऋद्धि निधाना है।
अब मोपर क्यो न कृपा करते, यह क्या अधेर जमाना है।
इन्साफ करो मत देर करो, सुखवृन्द भरो भगवाना है।३।
खल कर्म मुझे हैरान किया, तब तुमसों आन पुकारा है।
तुम ही समरत्थ न न्याय करो, तब बंदेका क्या चारा है॥
खल घालक पालक बालकका नृपनीति यही जगसारा है।
तुम नीतिनिपुण त्रैलोकपती, तुमही लगि दौर हमारा है।४।
जबसे तुमसे पहिचान भई, तबसे तुमहीको माना है।
तुमरे ही शासनका स्वामी, हमको शरना सरधाना है॥

जिनको तुमरी शरनागत है, तिनसों जमराज डराना है।
यह सुजस तुम्हारे सांचेका, सब गावत वेद पुराना है ॥५॥
जिसने तुमसे दिलदर्द कहा, तिसका तुमने दुख हाना है।
अघ छोटा मोटा नाशि तुरत, सुख दिया तिन्हे मनमाना है॥
पावकसो शीतल नीर किया, औ चीर बढा असमाना है।
भोजन था जिसके पास नहीं, सो किया कुवेर समाना है।६।
चितामणि पारस कल्पतरू, सुखदायक ये सरधाना है।
तव दासनके सब दास यही, हमरे मनमे ठहराना है॥
तुम भक्तनको सुरइंदपदी, फिर चक्रपतीपद पाना है।
क्या बात कहो विस्तार बड़ी, वे पावें मुक्ति ठिकाना है।७।
गति चार चुरासी लाखविषै, चिन्मूरत मेरा भटका है।
हो दीनबधु करुणानिधान, अबलों न मिटा वह खटका है॥
जब जोग मिला शिवसाधनका, तब विघन कर्मने हटका है।
तुम विघन हमारे दूर करो सुख देहु निराकुल घटका है।८।
गज-ग्राह-ग्रसित उद्धार लिया, ज्यों अंजन तस्कर तारा है।
ज्यों सागर गोपदरूप किया, मैनाका सकट टारा है॥
ज्यो सूलीतें सिंहासन औ, वेडीको काट विडारा है।
त्यों मेरा संकट दूर करो, प्रभु मोकू आस तुम्हारा है॥९॥
ज्यो फाटक टेकत पाय खुला, औ सांप सुमन कर टुारा है।
ज्यो खड्ग कुसुमका माल किया, बालकका जहर उतारा है॥
ज्यों मेठ विपत चकचूरि पूर, घर लक्ष्मीसुख विस्तारा है।
त्यों मेरा संकट दूर करो प्रभु, मोकूं आस तुम्हारा है॥१०॥

यद्यपि तुमको रागादि नहीं, यह सत्य सर्वथा जाना है।
चिनमूरति आप अनतगुनी, नित शुद्धदशा शिवथाना है॥
तद्यपि भक्तनकी भीरि हरो, सुख देत तिन्हे जु सुहाना है।
यह शक्ति अचिंत तुम्हारी का,क्या पावै पार सयाना है।११।
दुखखडन श्रीसुखमंडनका, तुमरा प्रन परम प्रमाना है।
वरदान दया जस कीरतका, तिहुलोकधुजा फहराना है॥
कमलाधरजी ! कमलाकरजी ! करिये कमला अमलाना है।
अब मेरि विथा अवलोकि रमापति, रंच न बार लगाना है।१२
हो दीनानाथ अनाथहितू, जन दीन अनाथ पुकारी है।
उदयागत कर्मविपाक हलाहल, मोह विथा विस्तारी है॥
ज्यो आप और भवि जीवनकी, ततकाल विथा निरवारी है।
त्यो 'वृ दावन' यह अर्ज करै,प्रभु आज हमारी बारी है॥१३॥

पं० भूधरदासकृत गुरु स्तुति

ते गुरु मेरे मन बसो, जे भवजलधि जहाज।
आप तिरैं पर तारही, ऐसे श्री ऋषिराज॥१॥टेक॥
मोह महारिपु जानिकै, छाड्यो सब घरबार।
होय दिगम्बर वन बसे, आतम शुद्ध विचार॥२॥
रोग उरग बिल वपु गिण्यो, भोग भुजङ्ग समान।
कदली तरु संसार है, त्यागो सब यह जान॥३॥
रतनत्रय निधि उर धरै, अरु निरगन्थ त्रिकाल।
मारचो काम खबीसको, स्वामी परम दयाल॥४॥

पच महाव्रत आचरै, पाचो समिति समेत ।
तीन गुपति पालै सदा, अजर अमर पद हेत ॥५॥
धर्म धरै दश लक्षणी, भावै भावना सार ।
सहै परीषह वीस द्वै चारित रतन भण्डार ॥६॥
जेठ तपै रवि आकरो मूखे सरवर नीर ।
शैल शिखर मुनि तप तपै दाझै नगन शरीर ॥७॥
पावस रैन डरावनी वरसै जलधर धार ।
तरुतल निवसै साहसी चालै झंझाधार ॥ ८॥
शीत पडे कपि-मद गले, दाहै सब वनराय ।
ताल तरगनिके तटै, ठाडे ध्यान लगाय ॥९॥
इह विधि दुद्धर तप तपै, तीनो कालमझार ।
लागे सहज सरूपमे, तनसो ममत निवार ॥१०॥
पूरव भोग न चिन्तवै, आगम वाछा नाहि ।
चहुगति के दुखसो डरै, सुरति लगी शिवमाहि ॥११॥
रग महलमे पोढते, कोमल सेज विछाय ।
ते पश्चिम निशि भूमिमे सोवै सवरि काय ॥१२॥
गज चढि चलते गरव सो, सेना सजि चतुरङ्ग ।
निरखि निरखि पग ते धरै, पालै करुणा अग ॥१३॥
वे गुरु चरण जहां धरै, जग मे तीरथ जेह ॥
सो रज मम मस्तक चढो । 'भूधर' मांगै एह ॥१४॥

दर्शन पाठ [पं० दौलतरामजी कृत]

दोहा—सकल ज्ञेय ज्ञायक तदपि, निजानन्द रस लीन।
सो जिनेन्द्र जयवन्त नित, अरि रज रहस विहीन॥

जय वीतराग विज्ञान पूर, जय मोह तिमिर को हरन सूर।
जय ज्ञान अनन्तानन्त धार, दृग सुख वीरज मण्डित अपार॥२॥

जय परम शान्ति मुद्रा समेत, भवि जनको निज अनुभूति देत।
भवि भागन वश जोगे वशाय, तुम ध्वनि ह्वै मुनि विभ्रम नशाय॥३॥

तुम गुण चिन्तन निज पर विवेक, प्रगटे विघटे आपद अनेक।
तुम जगभूषण दूषण वियुक्त, सब महिमा युक्त विकल्प मुक्त॥४॥

अविरुद्ध शुद्ध चेतन सरूप, परमातम परम पावन अनूप।
शुभ अशुभ विभाव अभाव कीन, स्वाभाविक परणतिमय अक्षीण॥५॥

अष्टादश दोष विमुक्त धीर, स्व चतुष्टय मे राजत गम्भीर।
मुनि गणधरादि सेवत महत, नव केवल लब्धि रमा धरन्त॥६॥

तुम शासन सेय अमेय जीव, शिव गये जाहिं जैहैं सदीव।
भवसागर मे दुख क्षार वारि, तारण को और न आप टारि॥७॥

यह लख निज दुख गद हरण काज, तुम ही निमित्त कारण इलाज।
जाने ताते मैं शरण आय, उचरो निज दुख जो चिर लहाय॥८॥

मैं भ्रमो अपनपो विसर आप, अपनाये विधि फल पुण्य पाप।
निज को पर को कर्त्ता पिछान, पर मे अनिष्टता इष्ट ठान॥९॥

आकुलित भयो अज्ञान धारि, ज्यो मृग मृगतृष्णा जानि वारि।
तन परणति मे आपो चितार, कबहू न अनुभवो स्वपद सार॥१०॥

तुमको जाने बिन जो कलेश, पायो सो तुम जानत जिनेश।
पशुनारक गति सुर नर मझार, भव धर धर मरो अनत वार॥११॥

अब काल लब्धि बल ते दयाल, तुम दर्शन पाय भयो खुशाल।
मन शाति भयो मिट सकलद्वद, चाख्यो स्वातम रस दुख-निकद॥१२॥

ताते ऐसो अब करो नाथ, बिछुडे न कभी तुम चरण साथ।
तुम गुणगण को नहिं छेव देव, जगतारण को तुम विरद एव ॥१३॥
आतम के अहित विषय कषाय, इनमे मेरी परणति न जाय।
मैं रहूँ आप मे आप लीन, सो करो होउँ जो निजाधीन ॥१४॥
मेरे न चाह कुछ और ईश, रत्नत्रय निधि दीजे मुनीश।
मुझ कारज के कारण सु आप, शिव करो हरो मम मोह ताप ।१५॥
शशि शाति करण तप हरण हेत। स्वयमेव तथा तुम कुशल देत।
पीवत पियूष ज्यो रोग जाय, त्यो तुम अनुभव ते भव नशाय ॥१६॥
त्रिभुवन तिहुँ काल मझार कोय, नहिं तुम बिन निज सुखदाय होय।
मो उर यह निश्चय भयो आज दु ख,जलधि उतारन तुम जहाज॥१७॥

दोहा—तुम गुणगण मणि गणपति, गणत न पावहिं पार।
"दौल" स्वल्पमति किम कहे, नमो त्रियोग सम्हार ॥

पं० भूधरदासकृत स्तुति

अहो ! जगतगुरु, एक सुनियो अरज हमारी।
तुम हो दीनदयालु, मैं दुखिया ससारी ॥१॥
इस भव वनमे वादि, काल अनादि गमायो।
भ्रमत चहूगति माहिं, सुख नहिं, दुख बहु पायो ॥२॥
कर्म महारिपु जोर, एक न काम करै जी।
मन मान्या दुख देहिं काहूसो नाहिं डरै जी ॥३॥
कबहू इतर निगोद, कबहू नर्क दिखावे।
सुर-नर-पशुगति माहिं, बहुविधि नाच नचावे ॥४॥
प्रभु ! इनके परसग, भव भव माहिं बुरे जी।
जे दुख देखे देव ! तुमसो नाहिं दुरे जी ॥५॥

एक जनमकी वात, कहि न सको सुनि स्वामी।
तुम अनन्त परजाय, जानत अन्तरयामी ॥६॥
मैं तो एक अनाथ, ये मिलि दुष्ट घनेरे।
कियो वहुत वेहाल, सुनियो साहिव मेरे ॥७॥
ज्ञान महानिधि लूटि रक निवल करि डारयो।
इन ही तुम मुझ माहिं, हे जिन ! अन्तर पारयो ॥८॥
पाप पुण्य मिल दोइ, पायनि वेडी डारी।
तन कारागृह माहिं मोहि दिये दुख भारी ॥९॥
इनको नेक विगार, मैं कछु नाहिं कियो जी।
विन कारन जगवद्य ! वहुविधि वैर लियो जी ॥१०॥
अव आयो तुम पास सुनि कर, सुजस तिहारो।
नीति निपुन महाराज, कीजे न्याय हमारो ॥११
दुष्टन देहु निकार, साधुनको रख लीजै।
विनवै भूधरदास हे प्रभु ! ढील न कीजै ॥१२॥

आराधना पाठ

(स्नान करते समय बोलना चाहिए)

मैं देव नित अरहत चाहू, सिद्धका सुमरन करौं।
मैं सूर गुरुमुनि तीनपद ये, साधुपद हिरदय धरौं ॥
मैं धर्म करुणामय जु चाहू, जहा हिसा रच ना।
मैं शास्त्र ज्ञान विराग चाहू, जासु मे परपंचना ॥१॥

चौवीस श्रीजिनदेव चाहूं, और देव न मन बसै।
जिन बीस क्षेत्र विदेह चाहूं, वदिते पातक नसै॥
गिरनार शिखर समेद चाहू, चपापुर पावापुरी।
कैलाश श्रीजिनधाम चाहूं, भजत भाजै भ्रमजुरी॥२॥

नवतत्त्वका सरधान चाहू, और तत्त्व न मन धरौ।
षट्द्रव्यगुन परजाय चाहू, ठीक जासों भय हरो॥
पूजा परम जिनराज चाहूं, और देव न चहू कदा।
तिहुंकालकी मैं जाप चाहू, पाप नहिं लागै कदा॥३॥

सम्यक्त दर्शन ज्ञान चारित, सदा चाहू भावनो।
दशलक्षणी मैं धर्म चाहू, महा हरख उछावसो॥
सोलह जु कारन दुख निवारण, सदा चाहू प्रीतिसो।
मैं चित अठाई पर्व चाहूं, महामंगल रीतिसो॥४॥

अनुयोग चारो सदा चाहू, आदि अन्त निवाहसो।
पाये धरमके चार ये, चाहू अधिक उत्साहसो॥
मैं दान चारो सदा चाहू, भवन-वस लाहो लहू।
आराधना मैं चारि चाहू, अन्तमे ये ही गहूं॥५॥

भावना बारह जु भाऊ, भाव निरमल होत हैं।
मैं व्रत जु बारह सदा चाहूं, त्याग भाव उद्योत हैं॥
प्रतिमा दिगंवर सदा चाहूं, ध्यान आसन सोहना।
वसुकर्म ते मैं छुटा चाहूं, शिवलहूं जहं मोह ना॥६॥

मैं साधुजनको सग चाहू, प्रीति तिन ही सो करो।
मैं पर्वके उपवास चाहू, अवर आरंभ परिहरो॥
इस दुक्ख पचमकाल माही, सुकुल श्रावक मैं लह्यो।
अरु महाव्रत धरि सको नाही, निबल तन मैने गह्यो॥७।
आराधना उत्तम सदा, चाहू सुनो जिनरायजी।
तुम कृपानाथ अनाथ 'द्यानत', दया करना न्याय जो॥
वसुकर्मनाश विकास, ज्ञानप्रकाश मोको दीजिये।
करि सुगति गमन समाधिमरन, सुभक्ति चरनन दीजिये।८।

श्री पार्श्वनाथ-स्तोत्र

भुजग—प्रयात छन्द।

नरेन्द्र फणीन्द्रं सुरेन्द्रं अधीशं।
शतेन्द्रं सु पूजै भजै नाय शीशं॥
मुनीन्द्रं गणेन्द्रं नमों जोडि हाथं।
नमो देव-देव सदा पार्श्वनाथं॥ १॥
गजेन्द्र मृगेन्द्रं गह्यो तू छुडावै।
महा आगतै नागतै तू बचावै॥
महावीरतै युद्ध मे तू जितावै।
महा रोगतै बंधतै तू छुड़ावै॥२॥
दुखी दुःखहर्ता सुखी सुक्खकर्ता।
सदा सेवको को महानन्द भर्ता॥
हरे यक्ष राक्षस भूतं पिशाच।
विष डांकिनी विघ्न के भय अवाच॥३॥

जपै जाप ताको नहीं पाप लागै।
धरे ध्यान ताके सबै दोष भागै॥
बिना तोहि जाने धरे भव घनेरे।
तुम्हारी कृपा तें सरें काज मेरे॥९॥

दोहा—गणधर इन्द्र न कर सकै, तुम विनती भगवान।
'द्यानत' प्रीति निहारकै, कीजे आप समान॥१०॥

आत्म कीर्तन

(श्री १०५ क्षु० मनोहरलाल जी वर्णी 'सहजानन्द')

हूँ स्वतन्त्र निश्चल निष्काम, ज्ञाता दृष्टा आतम-राम।टेक।
मैं वह हू जो है भगवान, जो मैं हू वह है भगवान।
अन्तर यही ऊपरी जान, वे विराग यहँ राग वितान।१।

मम स्वरूप है सिद्ध-समान,अमित शक्ति सुखज्ञान निधान।
किन्तु आश-वश खोया ज्ञान,बना भिखारी निपट अजान।२।

सुख दुख दाता कोई न आन, मोह राग ही दुख की खान।
निजको निज परको पर जान,फिर दुखका नहिं लेश निदान।
जिन शिव ईश्वर ब्रह्मा राम, विष्णु बुद्ध हरि जिसके नाम।
राग त्याग पहुचू निज धाम, आकुलता का फिर क्या काम।४।

होता स्वयं जगत परिणाम, मैं जग का करता क्या काम।
दूर हटा पर-कृत परिणाम, ज्ञायक भाव लखूं अभिराम।५।

इष्ट प्रार्थना

भावना दिन रात मेरी, सब सुखी संसार हो।
सत्य संयम शील का, व्यवहार घर-घर बार हो ॥टेक
धर्म का परचार हो अरु देश का उद्धार हो।
और ये बिगडा हुआ, भारत चमन गुलजार हो ॥१॥
ज्ञान के अभ्यास से, जीवों का पूर्ण विकाश हो।
धर्म के परचार से, हिंसा का जग से ह्रास हो ॥२॥
शान्ति अरु आनन्द का, हर एक घर में वास हो।
वीर वाणी पर सभी, संसार का विश्वास हो ॥३॥
रोग अरु भय शोक होवे, दूर सब परमात्मा।
कर सके कल्याण ज्योति, सब जगत की आत्मा ॥४॥

सम्बोधन

सदा सतोष कर प्राणी, अगर सुख से रहा चाहे,
घटा दे मन की तृष्णा को, अगर अपना भला चाहे।
आग मे जिस कदर ईन्धन, पड़ेगा ज्योति ऊँची हो,
बढा मत लोभ की तृष्णा, अगर दुख से बचा चाहे।१।
वही धनवान है जग मे, लोभ जिसके नहीं मन मे,
वह निर्धन रंक होता है, जो परधन को हरा चाहे।२।
दुखी रहते हैं वह निशदिन, जो आरत-ध्यान करते हैं,
न कर लालच अगर आजाद, रहने का मजा चाहे।३।
बिना मांगे मिले मोती, 'न्यायमत' देख दुनियाँ मे,
भीख मांगे नहीं मिलनी, अगर कोई गहा चाहे।४।

सिद्धचक्र की स्तुति

(श्री व्याख्यान वाचस्पति पं० मक्खनलाल जी देहली)

श्री सिद्धचक्र का पाठ करो, दिन आठ,
ठाठ से प्रानी, फल पायो मैना रानी ॥टेक॥

मैना सुन्दरि इक नारी थी, कोढी पति लख दुखियारी थी,
नहिं पडे चैन दिन रैन व्यथित अकुलानी ॥फल पायो०

जो पति का कष्ट मिटाऊगी, तो उभय लोक सुख पाऊगी,
नहिं अजा-गल-रत्तन-वत निष्फल जिन्दगानी ॥ फल पायो०

एक दिवस गई जिन मन्दिर मे, दर्शन कर अति हर्षी उरमे,
फिर लखे साधु निर्ग्रन्थ दिगम्बर ज्ञानी ॥ फल पायो०

बैठी कर मुनिको नमस्कार, निज निन्दा करती बार बार,
भर अश्रु नयन कहि मुनि सो दुखद कहानी ॥ फल पायो०

बोले मुनि पुत्री धैर्य धरो, श्री सिद्धचक्र का पाठ करो,
नहिं रहे कुष्ठ की तन में नाम निशानी ॥ फल पायो०

सुन साधु वचन हर्षी मैना, नहिं होंय झूठ मुनि के बैना
करके श्रद्धा श्री सिद्धचक्र की ठानी ॥ फल पायो०

जब पर्व अठाई आया है, उत्सव युत पाठ कराया है,
सब के तन छिडका यत्र न्हवन का पानी ॥ फल पायो०

गधोदक छिडकत वसु दिनमे, नहिं रहा कुष्ठ किंचित तनमे,
भई सात शतक की काया स्वर्ण समानी ॥ फल पायो०

भव-भोग भोगि योगीश भये, श्रीपाल कर्म हनि मोक्ष गये,
दूजे भव मैना पावे शिव रजधानी ।। फल पायो०
जो पाठ करे मन वच तन से, वे छूट जायं भव बन्धन से,
'मक्खन' मत करो विकल्प कहे जिनवाणी ।। फल पायो०

श्री भगवान् पार्श्वनाथ जी की स्तुति

तुम से लागी लगन, लेलो अपनी शरण, पारस प्यारा ।
मेटो मेटो जी सकट हमारा ।।
निश दिन तुमको जपू पर से नेहा तजूं ।
जीवन सारा, तेरे चरणो मे बीते हमारा ।।
मेटो मेटो० ।।
विश्वसेन के राज दुलारे, वामादेवी के सुत प्राण प्यारे ।
सब से नेहा तोड़ा, जग से मुह को मोड़ा, संयम धारा ।।
मेटो मेटो० ।।
इन्द्र और धरणेन्द्र भी आये, देवी पद्मावती मंगल गाये ।।
आशा पूरो सदा, दुःख नही पावे कदा, सेवक थारा ।।
मेटो मेटो० ।
जगके दुखकी तो परवाह नही है, स्वर्ग-सुखकी भी चाह नहीं है
मेटो जामन मरण, होवे ऐसा यतन, पारस प्यारा ।।
मेटो मेटो० ।
लाखो वार तुम्हे शीश नवाऊ, जग के नाथ तुम्हे कैसे पाऊ ।।
'पंकज' व्याकुल भया, दर्शन विन यह जिया लागे खारा ।।
मेटो मेटो० ।।

दीपावली पूजन

ऐतिहासिक दृष्टि—

त्यौहार सस्कृति और सभ्यता के प्रतीक होते हैं तथा उनका सम्बन्ध भी प्राचीन महत्त्वपूर्ण घटनाओ से जुडा होता है। दीपावली हमारे देश का एक प्रसिद्ध त्यौहार है। सभी लोग इसे प्रेम और उत्साह से मनाते है। इससे कई धर्मो की कथायें जुडी हुई है।

कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्रजी द्वारा दशहरे को रावण का वध करके इस दिन अयोध्या पधारने पर पुरवासियो ने दीपक जलाये थे, दीपावली उसी की स्मृति है। पर विद्वानो का मत है कि इसका कोई भी शास्त्रीय आधार नही है। किसी भी प्राचीन ग्रन्थ यहाँ तक कि गोस्वामी तुलसीदास जी की रामायण मे भी ऐसा कोई उल्लेख नही है। आचार्य चतुरसैन शास्त्री ने अपनी रचना (ग्रन्थ) 'वय रक्षाम' मे शास्त्रीय आधारो से यह स्पष्ट किया है कि श्री रामचन्द्रजी की रावण पर विजय चैत्रमास मे तथा उनका अयोध्या मे आगमन वैसाख मास मे हुआ था। अत दशहरा तथा दिवाली का श्रीरामचन्द्र जी से सम्बन्ध नही है। पर इस बात का इतना प्रचार हो चुका है कि आज इस विषय की चर्चा भी लोगो को अरुचिकर और अविश्वसनीय प्रतीत होती है। फिर भी यह विचारणीय और खोज का आवश्यक विषय है।

इस दिन श्रीकृष्ण जी ने नरकासुर का वध किया था। भगवती दुर्गा देवी इस दिन अपने पतिगृह गई थीं। अब से लगभग साढे तीन सौ वर्ष पूर्व सिक्खो के छठे गुरु श्री हरगोविन्दसिह जी मुगल बादशाह की कैद से छूटे थे। अब से ९५ वर्ष पूर्व आर्यसमाज के

सस्थापक स्वामी दयानन्द जी सरस्वती ने तथा लगभग इतने समय पूर्व स्वामी रामकृष्ण परमहस ने शरीर त्याग किया था। इस प्रकार सभी धर्मों मे अपनी मान्यतानुसार इस का महत्त्व है।

प्रसिद्ध जैन ग्रन्थ 'हरिवश पुराण' से ज्ञात होता है कि भगवान महावीर ने सर्वज्ञता की उपलब्धि के पश्चात् भव्य-वृन्द को तत्वोपदेश दे पावा नगरी के 'मनोहर' नामक उद्यान युक्त वन में पधारकर स्वाति नक्षत्र के उदय होने पर कार्तिक कृष्णा ३० को सुप्रभात की शुभ वेला मे अघातिया कर्मों को नष्ट कर निर्वाण प्राप्त किया। उस समय दिव्यात्माओं ने प्रभु की पूजा की और अत्यन्त दीप्तिमान जलती प्रदाप-पक्तियों के प्रकाश से आकाश तक को प्रकाशित करती हुई पावा नगरी सुशोभित हुई। सम्राट् श्रेणिक आदि नरेन्द्रों ने अपनी प्रजा के साथ महान् निर्वाणोत्सव मनाया। उसी समय से मानव-समाज द्वारा प्रतिवर्ष भगवान महावीर जिनेन्द्र के निर्वाण को अत्यन्त आदर तथा श्रद्धापूर्वक नैवेद्य (लाडू) से पूजा की जाती है। अपने मकानों की सफाई करके उनको खूब सजाते हैं। परस्पर सगे सम्बन्धियों और मित्रगण में मिठाई बाटते हैं। आनन्द मनाते हैं। सन्ध्या के समय रंग रोशनी करते हैं।

इसका वर्णन अनेक ग्रन्थोमे विद्यमान है। वैसे भी दीपावली पूजन का सम्बन्ध भगवान महावीर से दिखता है। हटडी समोशरण का प्रतीक है, खिलौने समवशरण स्थित लोगो तथा विशेष प्रकाश केवल ज्ञान का प्रतीक है। लक्ष्मी का अर्थ है मोक्षलक्ष्मी।

कुछ भी हो दीपावली अब हमारा राष्ट्रीय पर्व है, सभी का त्यौहार है। यह हमारे देश और सस्कृति के लिये गौरव की बात है।

—श्रीकृष्ण जैन
प्रकाशक

स १९७८

द्वारा प्रकाश कर उत्सव मनाया तथा हर्ष-सूचक मोदक (नैवेद्य) आदि से पूजा की। तब से इन दोनों महान् आत्माओं की स्मृति स्वरूप यह निर्वाणोत्सव समस्त भारतवर्ष में मनाया जाता है।

सच्ची लक्ष्मी तो आत्मा के गुणों का पूर्ण विकास, केवल-ज्ञान हो जाना तथा मोक्ष-प्राप्ति ही है। अतः हमें उस दिन महावीर स्वामी, गौतम-गणधर और केवल ज्ञान रूपी लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। इन गुणों की पूजा करने पर रुपया-पैसा आदि सांसारिक लक्ष्मी प्राप्त होना तो साधारण-सी बात है।

कुछ लोग इसी पवित्र दिन जुआ आदि खेलते हैं। ये सब मिथ्यात्व को पोषण करने वाली अधार्मिक प्रवृत्तियाँ हैं। इन सब कुरीतियों को दूरकर हमें जिन आज्ञानुसार सम्यग्दर्शन को पुष्ट करने वाली क्रियाओं द्वारा विशेष उत्साह पूर्वक दीपावली मनानी चाहिये। जिससे धार्मिक भाव सदा जागृत रहें। इस उपर्युक्त उद्देश्य को बहुत से सज्जन जानकर भी लक्ष्मी (रुपयों पैसों) की पूजा करते हैं, यह उनकी नितान्त भूल है। हम यह जानते हैं कि ये व्यापारी हैं और व्यापार विषयक ज्ञान की आकांक्षा से ही ये ऐसा करते होंगे। किन्तु उन्हें यह तात्त्विक रहस्य भी समझ लेना चाहिये कि धन का जो लाभ होता है वह अन्तराय कर्म के क्षयोपशम से होता है। अन्तराय कर्म का क्षयोपशम शुभ क्रियाओं से हो सकता है, रुपये पैसे की पूजा से नहीं।

दीपमालिका के दिन प्रातः काल उठकर सामायिक, स्तुति पाठ कर शौच स्नानादि से निवृत्त हो श्री जिन मंदिर में पूजन करनी चाहिए और निर्वाण पूजा, निर्वाणकांड, महावीराष्टक बोल कर निर्वाण लाडू चढाना चाहिये।

नई बही मुहूर्त की सामग्री।

अष्ट द्रव्य धुले हुए, धूपदान, दीपक, लाल कपड़ा, सरसों थाली, श्रीफल, लोटा जल का, नाला (बागा), शास्त्र, धूप, अगर-

वत्ती, पाटे, चौकी २, कुकुम, केशरघिसी हुई, कोरे पान, दवात, कलम, सिंदूर घी मे मिलाकर (श्री महावीराय नम और लाभ शुभ दुकानकी दीवाल पर लिखने को) फूलमालाये नई वहिया आदि।

नई बहियो के मुहूर्त की विधि

सायकाल को उत्तम गोधूलिक लग्न मे अपनी दुकान के पवित्र स्थान मे नई वहियो का नवीन सवत् से शुभमुहूर्त करें। उसके लिये ऊँची चौकी पर थाली मे केशर से 'ओ श्री महावीराय नम' लिखकर दूसरी चौकी पर शास्त्र जी विराजमान करें, और एक थाली में साथिया माडकर सामग्री चढाने के लिये रखें। अष्टद्रव्य-जल, चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल, अर्घ्य बनावें। वहिया, दवात, कलम आदि पास मे रखले, दाहिनी ओर घी का दीपक, बाई ओर धूपदान रहना चाहिये। दीपक मे घृत इस प्रमाण से डाला जाय कि रात्रि भर वह दीपक जलता रहे। इस प्रकार पूजा आरम्भ करें। पूजा करने के लिये कुटुम्बियो को पूर्व या उत्तर मे बैठना चाहिए। पूजा गृहस्थाचार्य द्वारा या स्वय करनी चाहिए। सबसे प्रथम पूजन मे बैठे हुए सर्व सज्जनो को तिलक लगाना। चाहिये उस समय यह श्लोक पढ —

मगल भगवान वीरो, मगल गौतमो गणी।
मगल कुन्दकुन्दाद्यो, जैनधर्मोस्तु मगलम्॥

पश्चात् पूजा प्रारम्भ करे।

अर्हंतो भगवन्त इन्द्रमहिताः सिद्धाश्च सिद्धीश्वराः।
आचार्या जिन शासनोन्नतिकरा पूज्या उपाध्यायकाः॥
श्रीसिद्धात-सुपाठका मुनिवरा रत्नत्रयाराधका।
पंचैते परमेष्ठिन प्रतिदिनं कुर्वन्तु न मंगलम्॥२॥

ओ जय जय जय, नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु ।
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाण, णमो लोए सव्वसाहूण । चत्तारि मंगलं,
अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मगलं, केवलि पण्णत्तो-
धम्मो मंगलं । चत्तारि लोगुत्तमा,अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा
लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।
चत्तारि सरणं पव्वज्जामि,अरिहंते सरण पव्वज्जामि, सिद्धे
सरणं पव्वज्जामि,साहू सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तं धम्म-
सरणं पव्वज्जामि । (ओं अनादि-मूल-मत्रेभ्यो नम) ।

(यह पढकर पुष्पाजलि क्षेपण करे)

श्री देव शास्त्र गुरु पूजा का अर्घ्यं ।

जल परम उज्ज्वल गंध अक्षत पुष्प चरु दीपक धरू ।
वर धूप निरमल फल विविध बहु जनम के पातक हरूं ॥
इह-भांति अर्घ चढाय नित भवि करत शिव पकति मचूं ।
अरहंत श्रुत सिद्धांत गुरु निर्ग्रन्थ नित पूजा रचूं ॥
वसुविधि अर्घ संजोयके, अति उछाह मन कीन ।
जासों पूजो परम पद, देव शास्त्र गुरु तीन ॥

ओ ह्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा ।

बीस महाराज का अर्घ्यं ।

जल फल आठो द्रव्य संभार, रत्न जवाहर भर भर थाल ।
नमूं कर जोड, नित प्रति ध्याऊं भोरहि भोर ॥

सरस्वती पूजा ।

दोहा ।

जनम जरा मृतु, क्षय करैं, हरैं कुनय जड़रीति ।
भव-सागरसों ले तिरैं, पूजै जिन वच प्रीति ।।१।।

ओ ह्री श्री जिन-मुखोद्भव-सरस्वत्यै पुष्पाजलि ।

छीरोदधि गंगा विमल तरंगा, सलिल अभंगा, सुखसंगा ।
भरि कंचनझारी, धार निकारी, तृषा निवारी, हित चंगा ।।
तीर्थंकर की ध्वनि, गणधर ने सुनि, अंग रचे चुनि ज्ञानमई ।
सो जिनवर वानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन-मानी पूज्य भई ।।

ओ ह्री श्री जिन-मुखोद्भव-सरस्वतीदेव्यै जलं निर्व० ।।१।।

करपूर मंगाया चन्दन आया, केशर लाया रंग भरी ।
शारद-पद वदो, मन अभिनंदों, पाप निकदो दाह हरी ।।
तीर्थं० ।। चंदनम् ।।२।।

सुखदास कमोद, धारक मोदं अति अनुमोद चदसमं ।
बहु भक्ति बढ़ाई, कीरति गाई, होहु सहाई, मात ममं ।।
तीर्थं० ।। अक्षतान् ।।३।।

बहु फूल सुवासं, विमल प्रकाशं, आनद रासं लाय धरे ।
मम काम मिटायो, शील बढायो, सुख उपजायो दोष हरे ।।
तीर्थं० ।। पुष्प ।।४।।

पकवान बनाया, बहुघृत लाया, सब विध भाया मिष्ठ महा ।
पजू थुति गाऊ, प्रीति बढ़ाऊँ, क्षुधा नशाऊँ हर्ष लहा ।।
तीर्थं० ।।नैवेद्य ।।५।।

कर दीपक-जोत, तमक्षय होतं, ज्योति उदोतं तुमहिं चढ़ै।
तुम हो परकाशक,भरम-विनाशक हम घट भासक,ज्ञानबढै॥
तीर्थं० ॥दीप ॥६॥

शुभगंध दशोंकर, पावकमे धर, धूप मनोहर खेवत है।
सब पाप जलावे, पुण्य कमावे, दास कहावे सेवत हैं॥
तीर्थं० ॥धूपम् ॥७॥

बादाम छुहारी, लोग सुपारी, श्रीफल भारी ल्यावत हैं।
मन वाछित दाता मेट असाता, तुम गुन माता, ध्यावतहै॥
तीर्थं० ॥फलम् ॥८॥

नयनन सुखकारी, मृदु गुनधारी, उज्ज्वल भारी, मोलधरैं।
शुभगंध सम्हारा, वसन निहारा, तुम तन धारा ज्ञान करैं॥
तीर्थं० ॥ अर्घ्यम् ॥९॥

जल चंदन अक्षत फूल चरू, अरु दीप धूप अति फल लावै।
पूजा को ठानत जो तुम जानत, सो नर ज्ञानत सुखपावै॥
तीर्थं० ॥ अर्घ्यम् ॥१०॥

जयमाला।

सोरठा।

ओंकार ध्वनिसार, द्वादशांग वाणी विमल।
नमो भक्ति उर धार, ज्ञान करै जडता हरै॥

पहलो आचारांग बखानो, पद अष्टादश सहस प्रमानो।
दूजो सूत्रकृतं अभिलाषं, पद छत्तीस सहस गुरु भाषं।

तीजो ठाना अंग सुजानं, सहस बयालिस पद सरधानं।
चौथो समवायांग निहारं, चौंसठ सहस लाख इक धारम् ।।
पचम व्याख्या प्रज्ञप्ति दरसं, दोय लाख अट्ठाइस सहसं।
छट्ठो ज्ञातृकथा विसतार, पाच लाख छप्पन हज्जारं ।।
सप्तम उपासकाध्ययनगं, सत्तर सहस ग्यारलख भंगं।
अष्टम अंतकृत दस ईसं, सहस अठाइस लाख तेईसं ।।
नवम अनुत्तरदश सुविशालं, लाख बानवै सहस चवालं।
दशम प्रश्न व्याकरण विचारं, लाख तिरानव सोल हजारं ।।
ग्यारम सूत्र विपाक सु भाखं, एक कोड चौरासी लाखं।
चार कोड़ि अरु पंद्रह लाखं, दो हजार सब पद गुरुशाखं ।।
द्वादश दृष्टिवाद पनभेदं, इकसौ आठ कोड़ि पन वेद।
अड़सठ लाख सहस छप्पन हैं,सहित पचपद मिथ्या हन हैं ।।
इक सौ बारह कोड़ि बखानो, लाख तिरासी ऊपर जानो।
ठावन सहस पंच अधिकाने, द्वादश अंग सर्व पद माने ।।
कोड़ि इकावन आठ हि लाखं, सहस चुरासी छह सौ भाखं।
साढ़े इकीस श्लोक बताये, एक एक पद के ये गाये ।।

जा बानी के ज्ञान ते, सूझे लोक अलोक।
'द्यानत' जग जयवत हो, सदा देत हूँ धोक ।।

ओ ह्री श्री जिन-मुखोद्भव-सरस्वतीदेव्यै महार्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा ।।

सरस्वती स्तवन

जगन्माता ख्याता जिनवर मुखाभोज उदिता।
भवानी कल्याणी मुनि मनुज मानी प्रमुदिता॥
महादेवी दुर्गा दरनि दुःखदाई दुरगती।
अनेका एकाकी द्वचयुत दशागी जिनमती॥१॥
कहे माता तो को यद्यपि सवही ऽनादि निधना।
कथंचित् तो भी तू उपजि विनशै यो विवरना॥
धरै नाना जन्म प्रथम जिनके वाद अवलो।
भयो त्यो विच्छेद प्रचुर तुव लाखो वरसलो॥
महावीर स्वामी जब सकल ज्ञानी मुनि भये।
बिडौजा के लाये समवसृत मे गौतम गये॥
तबै नौका रूपा भव जलधि माही अवतरी।
अरूपा निर्वर्णा विगत भ्रम साची सुखकारी॥
धरै है जे प्राणी नित जननि तो को हृदय मे।
करे है पूजा व मन बचन काया कहि नमे॥
पढ़ावें देवें जो लिखि लिखि तथा ग्रन्थ लिखवा।
लहे ते निश्चय सो अमर पदवी मोक्ष अथवा॥

(यह सरस्वती स्तवन पढकर पुष्प-क्षेपण करे)

गौतम स्वामीजी का अर्घ्य।

गौतमादिक सर्वे एक दश गणधरा।
वीर जिन के मुनि सहस चौदह वरा॥
नीर गधाक्षत पुष्प चरु दीपकं।
धूप फल अर्घ्य ले हम जजें महर्षिक।

ओ ह्रीं महावीर-जिनस्य गौतमादेकादश-गणधर-चतुर्दश सहस्र मुनिवरेभ्योऽर्घ्यम् निर्वपामीति स्वाहा ।

इस प्रकार अर्घ्य चढ़ाकर लाभ आदि में विघ्न करने वाले अन्तराय कर्म को दूर करने के लिये नीचे लिखा हुआ अर्घ चढ़ावें :—

अन्तराय-नाशार्थं अर्घ्यं ।

लाभ को अंतराय के वश जीव सुख ना लहै ।
जो करे कष्ट उत्पात सगरे कर्मवश विरथा रहे ॥
नहिं जोर वाको चले इक छिन दीनसो जगमें फिरे ।
अरहंत सिद्धसु ग्रधर धरिके लाभ यों कर्म को हरे ॥

ओ ह्रीं लाभान्तराय कर्म-रहिताभ्यो अर्हत्-सिद्ध-परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यम् नि० ।

अंतराय है कर्म प्रबल जो दान लाभ का घातक है ।
वीर्य भोग उपभोग सभी में, विघ्न अनेक प्रदायक है ॥
इसी कर्म के नाश हेतु श्री, वीर जिनेन्द्र ग्रौर गणनाथ ।
सदा सहायक हों हम सब के, विनती करें जोड़कर हाथ ॥

(यहा पर पुष्प क्षेपणकर हाथ जोड़ें)

इसके बाद हर एक बही में केशरसे साथिया मांडकर एक एक कोरा पान रखें और निम्न प्रकार लिखें —

लाभ 卐 शुभ

श्री ऋषभदेवाय नमः श्री महावीराय नमः
श्री गौतम-गणधराय नमः श्री केवलज्ञान-लक्ष्म्यै नमः
श्री जिन सरस्वत्यै नमः ।
श्री शुभ मिती कार्तिक कृष्णा अमावस्या वीर नि० सवत २५

विक्रम सं० ... दिनांक ... मास ... सन् १९ ई० ... वार को
श्री ... की ...
दुकान की ... ... वही का शुभ मुहूर्त किया।

यह हो जाने के बाद विधि कराने वाले, दुकान के प्रमुख सज्जन को वही हाथ में देवें और पुष्प क्षेपें।

इसके बाद नीचे लिखा हुआ पद्य व मन्त्र पढ़कर शुभकामना करें और घर प्रमुख महाशय को फूलमाला पहिराकर पुष्प क्षेपण करें :—

पद्य।

आरोग्य वृद्धि धन धान्य समृद्धि पावें।
भय रोग शोक परिताप सुदूर जावें॥
सद्धर्म शास्त्र गुरु भक्ति सुशांति होवे।
व्यापार लाभ कुल वृद्धि सुकीर्ति होवे॥१॥
श्री वर्द्धमान भगवान सुबुद्धि देवें।
सन्मान सत्यगुण संयम शील देवें॥
नव वर्ष हो यह सदा सुख शांतिदाई।
कल्याण हो शुभ तथा अति लाभ होवे॥२॥

ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अर्हत्-सिद्धाचार्योपाध्याय-साधव शांतिं पुष्टिं च कुरुत २ स्वाहा।

शांतिपाठ

शांतिनाथ मुख शशि उनहारी, शील गुण व्रत संयमधारी ।
लखन एकसौ आठ विराजें, निरखत नयन कमल दल लाजें ।१।
पंचम चक्रवर्ति पदधारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी ।
इन्द्र नरेन्द्र पूज्य जिननायक,नमो शांतिहित शांति विधायक।२।
दिव्य विटप पहुपन की वरषा, दुंदुभि आसन वाणी सरसा ।
छत्र चमर भामंडल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी ।३।
शाति जिनेश शाति सुखदाई, जगत पूज्य पूजो सिरनाई ।
परम शाति दीजे हम सबको, पढें तिन्हे पुनि चार संघको ।४।
पूजें जिन्हे मुकुट-हार किरीट लाके,
इंद्रादिदेव अरु पूज्यपदाब्ज जाके ।
सो शांतिनाथ वर वंश जगत्प्रदीप,
मेरे लिये करहु शांति सदा अनूप ।।५।।
संपूजको को प्रतिपालको को, यतीनको को यतिनायको को ।
राजा प्रजा राष्ट्र सुदेश को ले,कीजे सुखी हे जिन शांतिको दे।६।
होवे सारी प्रजा को सुख, बलयुत हो धर्मधारी नरेशा ।
होवे वर्षा समय पै,तिलभर न रहे व्याधियों का अंदेशा ।
होवे चोरी न जारी, सुसमय वरतै, हो न दुष्काल भारी ।
सारे ही देश धारें, जिनवर वृष को जो सदा सौख्यकारी ।।७।।
घाति कर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज ।
शांति करें ते जगतमे, वृषभादिक जिनराज ।।८।।

(तीन वार शांति धारा देवें)

फिर सब लोग नौ वार णमोकार मन्त्र का जाप करें ।

विसर्जन पाठ

बिन जाने या जान के, रही टूट जो कोय।
तुव प्रसाद ते परम गुरु, सो सब पूरन होय ॥
पूजन विधि जानू नहीं, नहिं जानू आह्वान।
और विसर्जन हू नहीं, क्षमा करो भगवान ॥
मत्र-हीन धन-हीन हू, क्रिया-हीन जिन देव।
क्षमा करहु राखहु मुझे देहु चरण की सेव ॥
सर्व मगल मागल्यम्, सर्व कल्याण कारकम्।
प्रधानं सर्वधर्माणां, जैन जयतु शासनम् ॥

इसके पश्चात् खडे होकर कर्पूर जलाकर आरती करे।

फिर आरती करके श्री महावीराष्टक पढना चाहिये। देखें पृष्ठ ३०४-३०५

पूजन के बाद याचकोको दान, सज्जनो का सम्मान, सेवको को मिष्ठान्न वितरण आदि देशरीति अनुसार करना चाहिये और व्यवहारियो को उत्सव मनाने के समाचार पत्रो द्वारा भेजना चाहिये।

नोटः–जिन्हे अन्तराय कर्म प्रबल हो वे रात्रि मे 'जिन-सहस्र नाम' का पाठ अवश्य करें। नूतन वर्ष का प्रभात मगल दाई हो इसके लिये सर्व सज्जनो को १०८ बार णमोकार मन्त्र का शुद्ध भावो से जाप करना चाहिये।

निर्वाणकाण्ड (भाषा)

दोहा—वीतराग वंदौं सदा, भावसहित सिरनाय।
कहू काण्ड निर्वाणकी, भाषा सुगम बनाय ॥

चौपाई

अष्टापद आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य चपापुरि नामि।
नेमिनाथ स्वामी गिरनार, बदौ भाव-भगति उर धार।२।

चरम तीर्थंकर चरम-शरीर, पावापुरि स्वामी महावीर।
शिखरसम्मेद जिनेसुर बीस, भावसहित वंदौ निश-दीस।३।

वरदत्तराय रु इद्र मुर्निद्र, सायरदत्त आदि गुणवृंद।
नगर तारवर मुनि उठकोडि, वंदौं भावसहित कर जोडि।४

श्रीगिरनार शिखर विख्यात, कोडि बहत्तर अरु सौ सात।
सबु-प्रद्युम्न कुमर द्वै भाय, अनिरुद्ध आदि नमूं तसु पाय।५।

रामचद्र के सुत द्वै वीर, लाड-नरिंद आदि गुणधीर।
पाच कोडि मुनि मुक्ति मंझार, पावागिरि वंदौं निरधार।६।

पाडव तीन द्रविड-राजान, आठ कोडि मुनि मुकति पयान।
श्रीशत्रुजय-गिरि के सीस, भावसहित वंदौं निश-दीस।७।

ने बलभद्र मुकति मे गये, आठ कोड़ि मुनि औरहु भये।
श्रीगजपंथ शिखर सुविशाल, तिनके चरण नमू तिहू काल।८।

राम हनू सुग्रीव सुडील, गवय गवाख्य नील महानील।
कोडि निन्याणवै मुक्ति पयान, तु गीगिरि वंदौं धरि ध्यान।९।

नंग अनंग कुमार सुजान, पाच कोडि अरु अर्ध प्रमान।
मुक्ति गये सोनागिरि-शीश, ते वंदौं त्रिभुवनपति ईस।१०।

रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये रेवा-तट सार।
कोटि पंच अरु लाख पचास, ते वदौं धरि परम हुलास।११।

रेवानदी निकट, पूर्व, पश्चिम दिशा देह जहं छूट।
दो नदी दश कामकुमार, उठकोटि वंदौ भव पार।१२।
बड़वानी बड़नयर सुचंग, दक्षिण दिशि गिरि चूल उतंग।
इन्द्रजीत अरु कुंभ जु कर्ण ते वंदौ भव-सागर तर्ण।१३।
सुवरण-भद्र आदि मुनि चार पावागिरि-वर-शिखर मझार।
चेलना-नदी-तीरके पास, मुक्ति गये वंदौ नित तास।१४।
फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पश्चिम दिशा द्रोणगिरि रूप।
गुरुदत्तादि-मुनीश्वर जहां, मुक्ति गये वंदौ नित तहां।१५।
चांग महाबल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय।
श्रीअष्टापद मुक्ति मझार, ते वंदौ नित सुरत सभार।१६।
अचलापुर की दिशा ईशान, जहां मेढ़गिरि नाम प्रधान।
साढ़े तीन कोटि मुनिराय, तिनके चरण नमूं चित लाय॥
वसन्यल वनके टिग होय, पश्चिम दिशा कुंथुगिरि सोय।
कुलभूषण देशभूषण नाम, तिनके चरणनि करूं प्रणाम॥
जसरथ राजा के सुत कहे, देश कलिंग पाचसौ लहे।
कोटिशिला मुनि कोटि प्रमान, वंदन करूं जोड़ जुग पान॥
समवसरण श्रीपार्श्व-जिनंद, रेसिंदीगिरि नयनानंद।
वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वंदौ नित धरम-जिहाज।२०।
तीन लोकके तीरथ जहां, नित प्रति वंदन कीजै तहां।
मन-वच-काय सहित सिरनाय, वंदन करहिं भविक गुणगाय।
संवत सतरहसौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल।
'भैया' वंदन करहिं त्रिकाल, जय निर्वाणकांड गुणमाल॥

देवदर्शन की विधि

प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन सूर्योदय से पहले जाग जाना चाहिये और जागते ही शय्या पर बैठकर कम से कम नौ बार णमोकार मन्त्र पढना चाहिये। फिर यह विचार करना चाहिए कि 'कोऽहं को मम धर्म अर्थात् मैं कौन हू और मेरा क्या धर्म है ?

'अनादि काल से ससार मे भ्रमण करते २ बडी कठिनता से यह जैन धर्म मुझे प्राप्त हुआ है। अत प्रमाद छोडकर बडी सावधानी से इस दुर्लभ धर्म का पालन करना चाहिये।'

मन मे ऐसा दृढ सकल्प करके उठना चाहिए और शौच से निवट कर दातोन करना चाहिये। (यदि प्रात भ्रमण को जाते हैं तो वहा से वापिस आकर) फिर स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहिन कर जिन-मन्दिर जाना चाहिये।

मन्दिर को जाते समय मन को स्वच्छ रखना चाहिये और किसी तरह के दुनियादारी के सकल्प विकल्प मन मे नही लाना चाहिये। जिन दर्शन के लिए साथ मे अक्षत (चावल) बादाम आदि द्रव्य घर से लेकर चलना चाहिये। मन्दिर के द्वार पर पहुच कर जल मे पैर धोना चाहिए और 'नि सहि नि सहि नि सहि' कहते हुये भक्तिभाव से जिनालय मे प्रवेश करना चाहिए।

वेदी के सम्मुख पहुचकर जिन भगवान को नमस्कार करना चाहिये। नमस्कार दो प्रकार से किया जाता है। १-अष्टाग नमस्कार २ पचाग नमस्कार। शरीर के ८ अग हैं—दो हाथ, दो पैर, एक मस्तक, एक पीठ, एक छाती और एक नितम्ब भाग।

१-अष्टाग नमस्कार—दोनो हाथो और दोनो पैरो को फैलाकर जमीन पर लेटकर जो नमस्कार किया जाता है वह अष्टाग नमस्कार है।

२-पचाग नमस्कार—दोनो हाथो को जोडकर मस्तक से लगाकर तथा दोनों घुटनो को जमीन पर टेककर जो नमस्कार किया जाता

है वह पचाग नमस्कार है। इस नमस्कार मे भी दोनो हाथ पुट बन्द कमल के आकार के जोडकर और दोनो कोहनियो को पेट से लगाकर खडेहोकर स्तवन करना चाहिये और द्रव्य चढाना चाहिये। हाथ मे द्रव्य न हो तो गोलक मे कुछ पैसे डाले जा सकते हैं किन्तु उत्तम यही है कि हाथ मे चावल या बादाम आदि हो। फिर पुण्य-वर्द्धक स्तुति पढते हुये तीन प्रदक्षिणा देना चाहिये।

दर्शन करते समय अपनी दृष्टि प्रतिमा पर ही रहे तथा प्रदक्षिणा (परिक्रमा) के समय विनती, स्तोत्र मे ऐसी तल्लीनता रहनी चाहिये कि वचन और काय के साथ मन भी एकरूप हो जाय। इससे राग-द्वेष से छुटकारा होकर कर्मों की निर्जरा होती है। निकाचित कर्म जिनमे किसी दशा मे परिवर्तन नही होता और जिनका अशुभ फल श्रीपाल तथा सनत्कुमार चक्रवर्ती जैसे बडे २ पुण्यात्माओ को भी भोगना पडता है, वे कर्म वीतराग भगवान की सुदृढ भक्ति से ही कटते हैं। अत भक्ति मे तल्लीनता बहुत आवश्यक और कल्याण-कारिणी है।

प्रदक्षिणा देते समय यदि कोई नमस्कार कर रहा हो तो रुक जावे या उसके पीछे से निकल जावे, उसके सामने से न निकले। दर्शन पाठ, विनती या स्तोत्र धीरे २ धीमे स्वर मे पढना चाहिये और पढते समय इस बात का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए कि दूसरो को बाधा उत्पन्न न हो। कोई दर्शन कर रहा हो तो उसके सामने खडे नहीं होना चाहिये।

भगवान के दर्शन के समय यह विचार रहना चाहिये कि यह जिनमन्दिर समवशरण है और उसमे साक्षात् जिनेन्द्र देव के समान जिनप्रतिमा, विराजमान है। समवशरण मे भी भगवान् के बाह्य रूप के ही दर्शन होते हैं। वही रूप जिनबिम्ब (प्रतिमा) का है किन्तु साक्षात् जिनेन्द्रदेव के मुख से दिव्यध्वनि सुनने का सौभाग्य

प्राप्त होता है वह जिन विम्ब मे सभव नही है। इसी से जिनमन्दिर मे जिन विम्ब के साथ जिनवाणी भी विराजमान रहती है। जिन-विम्ब और जिनवाणी दोनो मिलकर ही समवशरण का रूप बनाती हैं। अत देवदर्शन के पश्चात् शास्त्र स्वाध्याय अवश्य करना चाहिये। ऐसा करने से साक्षात् जिनेन्द्र के दर्शन और उनके उपदेश श्रवण जैसा लाभ प्राप्त होता है।

प्रतिष्ठित प्रतिमाय और यत्र ही पूज्य होते है और उन्ही को नमस्कार करना चाहिए। मन्दिर मे बने हुए चित्र तथा टगी हुई तस्वीरें (मन्त्रो द्वारो) प्रतिष्ठित नही है। अत उनको नमस्कार नही करना चाहिये।

मन्दिर मे हंसी मजाक, खोटी कथा, स्त्री कथा, भोजन कथा, चोर आदि की कथा, शृ गार, कलह, निद्रा, खान-पान तथा थूकना आदि नही करना चाहिए। मुख स्वच्छ होना चाहिए। पान इलायची वगैरह खाया हो तो कुल्ला करके ही मन्दिर मे जाना चाहिए।

मन्दिर आत्म-साधन का पवित्र स्थान है। वहां आरम्भ परिग्रह (घरेलू काम-काज तथा धन-सम्पत्ति) के विचारो का त्याग कर अत्यन्त शान्ति पूर्वक धार्मिक भावनायें हो मन मे लानी चाहिए। व्यवहारिक कार्य और घरेलू चर्चा मन्दिर मे नही करनी चाहिए। यह पापवन्ध का कारण है। धार्मिक मर्यादाओ के पालन से पुण्य-वन्ध होने के साथ २ जीवन भी सफल होता है।



तीर्थ क्षेत्रों की अर्घावली

कैलाश गिरि

जलआदिक आठोंद्रव्य लेय, भरि स्वर्णथार अर्घहि करेय।
जिन आदि मोक्ष कैलाश थान,मुन्यादि पाद जजु जोरि पान ॥

ओ ह्री श्री कैलाश पर्वत सिद्ध क्षेत्राय अर्घं नि०।

सम्मेद शिखर क्षेत्र

जल गंधाक्षत पुष्प सु नेवज लीजिये।
दीप धूप फल लेकर अर्घ सु दीजिये ॥
पूजो शिखर सम्मेद सु-मन-वच-काय जी।
नरकादिक दुख टरे अचल पद पायजी ॥

ओ ह्री श्री सम्मेद शिखर सिद्ध क्षेत्राय अर्घं।

गिरनार क्षेत्र

अष्ट द्रव्य का अर्घ संजोयो, घण्टा नाद बजाई।
गीत नृत्य कर जजो 'जवाहर' आनन्द हर्ष बधाई ॥
जम्बू द्वीप भरत आरज मे, सोरठ देश सुहाई।
सेसावन के निकट अचल तह, नेमिनाथ शिव पाई ॥

ओ ह्री श्री गिरनार क्षेत्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं।

श्री चम्पापुर क्षेत्र

जल फल वसु द्रव्य मिलाय, लै भर हिम थारी।
वसु अग धरा पर ल्याय, प्रमुदित चितधारी ॥
श्री वासु पूज्य जिनराय, निर्वृतिथान प्रिया।
चपापुर थल सुख दाय, पूजौ हर्ष हिया ॥

ओ ह्री श्री चम्पापुर सिद्ध क्षेत्राय अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ नि०।

श्री पावापुर सिद्ध क्षेत्र

जल गंध आदि मिलाय वसुविध थार स्वर्ण भरायकै।
मन प्रमुद भाव उपाय करले आय अर्घ बनायकै।
वर पद्मवन भर पद्मसरवर बहिर पावा ग्राम ही।
शिव धाम सन्मति स्वामी पायो, जजो सो सुखदा मही॥

ओ ह्री श्री पावापुर सिद्ध क्षेत्राय अर्घ नि०

श्री सोनगिरि क्षेत्र

बसु द्रव्य ले भर थाल कंचन अर्घ दे सब अरि हनू।
'छोटे' चरण जिन राज लय हो शुद्ध निज आत्मो बनूं॥
नंगादि नंग मुनीन्द्र जहं ते मुक्ति लक्ष्मी पति भये।
सो परम गिरवर जजूं बस विधि होत मगल नित नये॥

ओ ह्री श्री सोनागिर क्षेत्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं।

श्री नयनागिरि (रेशन्दीगिरि) क्षेत्र

शुचि अमृत आदि समग्र, सजि वसु द्रव्य प्रिया।
धारो त्रिजगत पति अग्र, धर वर भक्त हिया॥

ओ ह्री श्री नयनागिरि सिद्ध क्षेत्राय अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घं नि०

श्री द्रोणगिरि क्षेत्र

जल सु चन्दन अक्षत लीजिये, पुष्प धर नैवेद्य गनीजिये।
दीप धूप सुफल बहु साजही, जिन चढाय सुपातक भाजही॥

ओ ह्री श्री द्रोणगिरि सिद्ध क्षेत्राय अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घं नि०

सिद्धवर कूट क्षेत्र

जल चन्दन अक्षत लेय, सुमन महा प्यारी।
चरु दीप धूप फल सोय, अरघ करौं भारी॥

द्वय चक्री दस काम कुमार, भवतर मोक्ष गये।
तातें पूजो पद सार, मन मे हरष ठये॥
ओ ह्री श्री सिद्धवरकूट सिद्धक्षेत्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं नि०

श्री शत्रुञ्जय क्षेत्र

वसु द्रव्य मिलाई, थार भराई, सन्मुख आई नजर करो।
तुम शिव सुखदाई धर्म बढाई, हर दुखदाई, अर्घ करो॥
पांडव शुभ तीन सिद्ध लहीन, आठ कोडि मुनि मुक्ति गये।
श्री शत्रुञ्जय पूजो सन्मुख हूजो, शान्तिनाथ शुभ मूल नये॥
ओ ह्री श्री शत्रुञ्जय सिद्ध क्षेत्राय अनर्घ्य पदप्राप्तये अर्घं नि०।

श्री तुगीगिरि क्षेत्र

जल फलादि वसु दरव साजके, हेम पात्र भरलाऊँ।
क्षन वच काय नमूं तुम चरना, बार बार शिर नाऊँ॥
राम हनू सुग्रीव आदि जे, तुगीगिर थिरथाई।
कोडी निन्यानवे मुक्ति गये मुनि, पूजो मन वच काई॥
ओ ह्री श्री तुगीगिरि सिद्ध क्षेत्राय अर्घं।

श्री कुन्थल गिरि क्षेत्र

जल फलादि वसु दरब लेय थुति ठान के।
अर्घ जजो तुम पाप हरो हिय आनके॥
पूजो सिद्ध सु क्षेत्र हिये हरषाय के।
कर मन बच तन शुद्ध, करमवश टारके॥
ओ ह्रीं श्री कुन्थलगिरि सिद्ध क्षेत्राय अनर्घपद प्राप्तये अर्घं।

चूलगिरि (बावन गजा) क्षेत्र

सजि सौंज आठो होय ठाडा, हरष बाढा कथन विन।
हे नाथ भक्तिवश मिलजो, पुर न छूटे एक दिन॥
दशग्रीव अंगज अनुज आदि, ऋषीश जहंतें शिव, लहो।
सो शैल बडवानी निकट गिरिचूल को पूजा ठहो॥

ओं ह्री श्री चूलगिरिसिद्ध क्षेत्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं नि०।

श्री गजपंथ क्षेत्र का अर्घ

जल फल आदि वसु दरव अति उत्तम, मणिमय थाल भराई।
नाच नाच गुण गाय गायके, श्री जिन चरण चढाई॥
वल भद्र सात वसु कोडि मुनीश्वर, यहा पर करम खपाई।
केवल लहि शिव धाम पधारे, जजूं तिन्हे शिरनाई॥

ओ ह्रीं श्री गजपंथ क्षेत्राय अनर्घ्यपद प्राप्ताये अर्घं नि०

श्री मुक्तागिरि का अर्घ

जल गंध आदिक द्रव्य लेके, अर्घ कर ले आवनें।
लाय चरन चढाय भविजन, मोक्षफल को पावने॥
तीर्थ मुक्तागिरि मनोहर, परम पावन शुभ कहो।
कोटि साढे तीन मुनिवर, जहाँ ते शिवपुर लहो॥

ओ ह्री श्री मुक्तागिरि क्षेत्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं नि०

पावागढ़ क्षेत्र

वसु द्रव्य मिलाई भक्तजन भाई, धर्म सुहाई अर्घ करूँ।
पूजा को गाऊँ हर्ष चढाऊँ, खूब नचाऊँ प्रेम भरूँ॥

तारंगागिरि क्षेत्र

शुचि आठों द्रव्य मिलाय तिनको अर्घ करो,
मन वच तन देइ पढाय भवसर मोक्ष वरो।
श्री तारंगागिरि में जाय वरदत्तादि मुनी,
नव कोटि परमान प्याऊ मोक्षधनी॥

ओं ह्रीं श्री तारंगागिरि सिद्धक्षेत्राय अनर्घपद प्राप्तये अर्घं नि०॥

गुणावा क्षेत्र

जल फल आदिक द्रव्य मिलाय के लीजिये,
कंचन झारा धारि अरघ शुभ कीजिये।
गुणावा जाय सुमन हर्षाय के,
गौतम स्वामी चरण जजो मनलाय के॥

ओं ह्रीं गुणावा ग्राम सरोवर मध्य मोक्ष प्राप्ताय श्री गौतम स्वामिने अर्घं नि० स्वाहा।

जम्बू स्वामी (मथुरा क्षेत्र)

जल फल आदिक द्रव्य आठ लीजिये,
कर उमंग भरि थाल अर्घ शुभ कीजिये।
मथुरा जम्बू स्वामि मुक्ति पद जायके,
पूजिय भवि धरि ध्यान सुयोग लगायके॥

ओं ह्रीं चौरासी मथुरायां मोक्षप्राप्ताय श्री जम्बूस्वामिने अर्घं नि०।

शास्त्र स्वाध्याय का प्रारम्भिक मङ्गलाचरण

ओं नमः सिद्धेभ्यः, श्री जय जय जय,

नमोस्तु ! नमोस्तु !! नमोस्तु !!!

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाण, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं॥
ओकारं बिन्दुसंयुक्त, नित्यं ध्यायन्ति योगिनः।
कामदं मोक्षदं चैव, ओंकाराय नमो नमः॥१॥
अविरल-शब्द-घनौघ-प्रक्षालित-सकल-भूतल-मल-कलङ्का।
मुनिभिरुपासित तीर्था सरस्वती हरतु नो दुरितान्
अज्ञान-तिमिरान्धानां ज्ञानाञ्जन-शलाकया।
चक्षुरुन्मीलित येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥२॥
॥ श्री परमगुरवे नमः, परम्पराचार्यगुरवे नमः॥
सकल-कलुष-विध्वंसकं, श्रेयसां परिवर्धकं, धर्म-सम्बन्धकं, भव्य-जीव-मन. प्रतिबोध-कारकमिदं शास्त्रं श्री (ग्रन्थ का नाम) नामधेयं, अस्य मूलग्रन्थकर्तारः श्रीसर्वज्ञदेवास्तदुत्तर-ग्रन्थ-कर्तारः श्रीगणधर-देवाः प्रतिगणधरदेवास्तेषां वचोनुसारमासाद्य श्री (आचार्य का नाम) आचार्येण विरचितं, श्रोतारः सावधानतया शृण्वन्तु।
मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमो गणी।
मङ्गलं कुन्दकुन्दाद्यो, जैनधर्मोऽस्तु मङ्गलम्॥

अर्थ—बिन्दुसयुक्तं (बिन्दु सहित) ओकारं (ओकारको) योगिन. (योगी) नित्य (सर्वदा) ध्यायन्ति (ध्याते हैं) कामद

(मनोवांछित वस्तु को देने वाले) चैव (और) मोक्षदं (मोक्ष को देने वाले) ओकाराय (ओकार को) नमो नमः (वार बार नमस्कार हो) अविरलशब्दघनौघप्रक्षालितसकलभूतलमलकलका (घने शब्द [दिव्यध्वनि] रूपी मेघ-समूह से जिसने संसार सम्बन्धी समस्त पापरूपी मैल को धो दिया है) मुनिभिरुपासित-तीर्था (मुनिगण जिसकी तीर्थ के रूप मे उपासना करते हैं ऐसी) सरस्वती (जिन-वाणी) न (हमारे) दुरितान् (पापो को) हरतु (नष्ट करो)।

येन—(जिसने) अज्ञान-तिमिरांधानां (अज्ञानरूपी अन्धेरे से अन्धे हुये जीवो के) चक्षुः (नेत्र) ज्ञानाञ्जनशलाकया (ज्ञान रूपी अजन की सलाई से) उन्मीलितं (खोल दिये हैं) तस्मै (उस) श्रीगुरवे (श्री गुरु को) नम. (नमस्कार हो)। परमगुरवे (परम गुरु को) नम (नमस्कार हो) परम्पराचार्यगुरवे (परम्परागत आचार्य गुरु को) नम. (नमस्कार हो)।

सकलकलुषविध्वसक (समस्त पापों का नाश करने वाला) श्रेयसां (कल्याणो का) परिवर्धक (बढाने वाला) धर्मसम्बन्धकं (धर्म से सम्बन्ध रखने वाला) भव्यजीवमन. प्रतिबोधकारकं (भव्यजीवो के मन को प्रतिबुद्ध—सचेत करने वाला) इदं (यह) शास्त्रं (शास्त्र) श्री (यहां पर उस शास्त्र का नाम लेना चाहिये जिसकी वचनिका करनी हैं।) यथा (आदिपुराण) नामधेय (नामका है)।

अस्य (इसके) मूलग्रंथकर्तार (मूल ग्रन्थ रचयिता श्री सर्वज्ञ-देवा (श्री सर्वज्ञदेव हैं) तदुत्तरग्रन्थकर्तार (उनके बाद ग्रन्थो को गूथने वाले) श्री गणधरदेवा (गणधरदेव हैं) प्रतिगणधरदेवाः (उनके पश्चात् मुख्य आचार्य हैं) तेषां (उनके) वचोनुसारं (वचनो के अनुसार) आसाद्य (लेकर) श्री आचार्येण (श्री आचार्य ने) [यहा जिस ग्रन्थ के जो कर्ता हो उन आचार्य का नाम लेना चाहिये] विरचितं (रचा है)।

भगवान् वीर· (महावीर स्वामी) मगल (मगल के कर्ता हो) गौतमोगणी (गौतम गणधर) मगल (मगल कर्ता हो) कुन्दकुन्दाद्या (कुन्दकुन्दस्वामी आदि आचार्य) मगल (मगलकारी हो) जैनधर्मः (तथा जैनधर्म) मगल (मगलदायी) अस्तु (होवे)। श्रोतार. (हे श्रोताओ!) सावधानतया (सावधानी से—ध्यान लगाकर) शृण्वन्तु (सुनिये)।

नोट—बाद मे ग्रन्थ का मङ्गलाचरणपढकर स्वाध्याय करना चाहिये।

स्वाध्याय के लिये उपयोगी कुछ ग्रन्थ

कथाग्रन्थ—पद्मपुराण, हरिवंशपुराण, आदिपुराण, उत्तरपुराण, पाडवपुराण, पार्श्वपुराण, जीवन्धर चरित्र, प्रद्युम्न चरित्र आदि।

अन्य ग्रन्थ—रत्नकरण्डश्रावकाचार,पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, परमात्म प्रकाश, प्रवचनसार, पचास्तिकाय, समयसार, पचाध्यायी आदि।

नोट—स्वाध्याय के बाद निम्नलिखित स्तुति पढनी चाहिए—

जिनवाणी की स्तुति

वीर हिमाचल तें निकसी गुरु गौतम के मुख कुण्ड ढरी है।
मोह-महाचल भेद चली, जग की जडता-तप दूर करी है॥
ज्ञान पयोनिधि मांहि रली बहु भंग तरगनि सो उछरी है।
ता शुचि शारद-गंगनदी-प्रति मैं अंजुरी करि शीश धरी है॥
या जग-मन्दिर मे अनिवार अज्ञान-अन्धेर छयो अति भारी।
श्रीजिनकी ध्वनि दीपशिखा सम जो नहिं होतप्रकाशन हारी
तो किस भांति पदारथ-पाति कहा लहते, रहते अविचारी।
या विधि संत कहैं धनि हैं धनि हैं जिन बनैं बड़े उपकारी॥

जा वाणी के ज्ञान ते, सूझे लोक अलोक।
सो वाणी मस्तक चढ़ो, सदा देत हूं धोक॥ ○

पद्मप्रभु चालीसा

शीश नवा अर्हंत को सिद्धन करू प्रणाम ।
उपाध्याय आचार्य का ले सुखकारी नाम ॥
सर्व साधु और सरस्वती जिन मन्दिर सुखकार ।
पद्मपुरी के पद्म को मन मन्दिर मे धार ॥

जय श्री पद्मप्रभु गुणधारी, भवि जन को तुम हो हितकारी।
देवो के तुम देव कहाओ, छट्टे तीर्थंकर कहलाओ ॥
तीन काल तिहु जग की जानो, सब बातें क्षण मे पहचानो ।
वेष दिगम्बर धारण हारे, तुम से कर्म शत्रु भी हारे ॥
मूर्ति तुम्हारी कितनी सुन्दर, दृष्टि सुखद जमती नासा पर ।
क्रोध मान मद लोभ भगाया, राग द्वेष का लेश न पाया ॥
वीतराग तुम कहलाते हो, सब जग के मन को भाते हो ।
कौशाम्बी नगरी कहलाए, राजा धारणजी बतलाए ॥
सुन्दर नाम सुसीमा उनके, जिनके उर से स्वामी जन्मे ।
कितनी लम्बी उमर कहाई, तीस लाख पूरव बतलाई ॥
इक दिन हाथी बधा निरख कर, झट आया वैराग उमडकर ।
कार्तिक सुदी त्रयोदशि भारी, तुमने मुनिपद दीक्षा धारी ॥
सारे राज पाट को तज के, तभी मनोहर वन मे पहुचे ।
तप कर केवल ज्ञान उपाया, चैत सुदी पूनम कहलाया ॥
एक सौ दस गणधर बतलाए, मुख्य वज्र चामर कहलाए ।
लाखो मुनी अर्जिका लाखो, श्रावक और श्राविका लाखो ॥

असंख्यात तिर्यंच बताये, देवी देव गिनत नही पाये।
फिर सम्मेदशिखर पर जाकर, शिवरमणी को ली परणाकर॥
पंचम काल महा दुखदाई, जब तुमने महिमा दिखलाई।
जयपुर राज ग्राम बाडा है, स्टेशन शिवदासपुरा है॥
मूला नाम जाट का लडका, घर की नीव खोदने लागा।
खोदत २ मूर्ति दिखाई, उसने जनता को बतलाई॥
चिन्ह कमल लख लोग लुगाई, पद्म प्रभु की मूर्ति बताई।
मन मे अति हर्षित होते हैं, अपने दिल का मल धोते हैं॥
तुमने यह अतिशय दिखलाया, भूत प्रेत को दूर भगाया।
जब गंधोदक छींटें मारे, भूत प्रेत तब आप बकारे॥
जपने से जब नाम तुम्हारा, भूत प्रेत वो करे किनारा।
ऐसी महिमा बतलाते हैं, अन्धे भी आखें पाते हैं॥
प्रतिमा श्वेत-वर्ण कहलाए, देखत ही हिरदय को भाए।
ध्यान तुम्हारा जो धरता है, इस भव से वह नर तरता है॥
अन्धा देखे गूगा गावे, लगडा पर्वत पर चढ जावे।
बहरा सुन-सुन कर खुश होवे, जिस पर कृपा तुम्हारी होवे॥
मैं हूँ स्वामी दास तुम्हारा, मेरी नैया कर दो पारा।
चालीसे को चन्द्र बनावे, पद्म प्रभु को शीश नवावे॥

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगन्ध अपार, पद्मपुरी मे आय के॥
होय कुबेर समान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिसके नहिं सन्तान, नाम वश जग मे चले॥

श्री चन्द्रप्रभु चालीसा

वीतराग सर्वज्ञ जिन, जिन वाणी को ध्याय।
लिखने का साहस करू, चालीसा सिर नाय।१
देहरे के श्री चन्द्र को, पूजो मन वच काय।
ऋद्धि सिद्धि मंगल करें, विघ्न दूर हो जाय।२
जय श्री चन्द्र दया के सागर, देहरे वाले ज्ञान उजागर।३
शांति छवि मूरति अति प्यारी,भेष दिगम्बर धारा भारी।४
नासा पर है दृष्टि तुम्हारी, मोहनी मूरति कितनी प्यारी।५
देवों के तुम देव कहावो, कष्ट भक्त के दूर हटावो।६
समन्तभद्र मुनिवर ने ध्याया, पिंडी फटी दर्श तुम पाया।७
तुम जग मे सर्वज्ञ कहावो, अष्टम तीर्थंकर कहलावो।८
महासेन के राजदुलारे, मात सुलक्षणा के हो प्यारे।९
चन्द्रपुरी नगरी अति नामी, जन्म लिया चन्द्र-प्रभु स्वामी।१०
पौष वदी ग्यारस को जन्मे, नर नारी हरषे तब मन मे।११
काम क्रोध तृष्णा दुखकारी, त्याग सुखद मुनि दीक्षा धारी।१२
फाल्गुन वदी सप्तमी भाई, केवल ज्ञान हुआ सुखदाई।१३
फिर सम्मेद शिखर पर जाके, मोक्ष गये प्रभु आप वहाँ से।१४
लोभ मोह और छोड़ी माया, तुमने मान कषाय नसाया।१५
रागी नहीं, नहीं तू द्वेषी, वीतराग तू हित उपदेशी।१६
पंचम काल महा दुखदाई, धर्म कर्म भूले सब भाई।१७
अलवर प्रान्त में नगर तिजारा, होय जहां पर दर्शन प्यारा।१८
उत्तर दिशि मे देहरा माही, वहां आकर प्रभुता प्रगटाई।१९

श्री पार्श्वनाथ चालीसा

॥ दोहा ॥

शीश नवा अरिहत को, सिद्धन करूं प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का ले सुखकारी नाम॥
सर्व साधु और सरस्वती, जिन मन्दिर सुखकार।
अहिच्छत्र और पार्श्व को, मन मन्दिर मे धार॥

॥ चौपाई ॥

पार्श्वनाथ जगत हितकारी, हो स्वामी तुम व्रत के धारी।
सुर नर असुर करें तुम सेवा, तुम ही सब देवन के देवा।
तुमसे करम शत्रु भी हारा, तुम कीना जग का निस्तारा।
अश्वसैन के राजदुलारे, वामा की आँखो के तारे।
काशी जी के स्वामि कहाये, सारी परजा मौज उड़ाये।
इक दिन सब मित्रो को लेके, सैर करन को बन मे पहुँचे।
हाथी पर कसकर अम्बारी, इक जगल मे गई सवारी।
एक तपस्वी देख वहा पर, उससे बोले बचन सुनाकर।
तपसी ! तुम क्यो पाप कमाते, इस लक्कड मे जीव जलाते।
तपसी तभी कुदाल उठाया, उस लक्कड को चीर गिराया।
निकले नाग-नागनी कारे, मरने के थे निकट विचारे।
रहम प्रभू के दिल मे आया, तभी मन्त्र नवकार सुनाया।
मर कर वो पाताल सिधाये, पद्मावति धरणेन्द्र कहाये।
तपसी मर कर देव कहाया, नाम कमठ ग्रन्थो मे गाया।

एक समय श्री पारस स्वामी, राज छोड़ कर वन की ठानी।
तप करते थे ध्यान लगाये, इकदिन कमठ वहां पर आये।
फौरन ही प्रभु को पहिचाना, बदला लेना दिल मे ठाना।
बहुत अधिक बारिश बरसाई, बादल गरजे बिजली गिराई।
बहुत अधिक पत्थर बरसाये, स्वामी तन को नहीं हिलाये।
पद्मावति धरणेन्द्र भी आये, प्रभु की सेवा मे चित लाये।
पद्मावति ने फन फैलाया, उस पर स्वामी को बैठाया।
धरणेन्द्र ने फन फैलाया, प्रभु के सर पर छत्र बनाया।
कर्मनाश प्रभु ज्ञान उपाया, समोशरण देवेन्द्र रचाया।
यही जगह अहिच्छत्र कहाये, पात्र केशरी जहा पर आये।
शिष्य पाँच सौ संग विद्वाना, जिनको जाने सकल जहाना।
पार्श्वनाथ का दर्शन पाया, सबने जैन धरम अपनाया।
अहिच्छत्र श्री सुन्दर नगरी, जहाँ सुखी थी परजा सगरी।
राजा श्री वसुपाल कहाये, वो इक जिन मन्दिर बनवाये।
प्रतिमा पर पालिश करवाया, फौरन इक मिस्त्री बुलवाया।
वह मिस्तरी मांस खाता था, इससे पालिश गिर जाता था।
मुनि ने उसे उपाय बताया, पारस दर्शन व्रत दिलवाया।
मिस्त्री ने व्रत पालन कीना, फौरन ही रंग चढा नवीना।
गदर सतावन का किस्सा है, इक माली को यो लिक्खा है।
माली एक प्रतिमा को लेकर, झट छुप गया कुए के अन्दर।
उस पानी का अतिशय भारी, दूर होय सारी बीमारी।
जो अहिच्छत्र हृदय से ध्यावे, सो नर उत्तम पदवी पावे।

पुत्र सपदा की बढती हो, पापो की इक दम घटती हो।
है तहसील आवला भारी, स्टेशन पर मिले सवारी।
रामनगर इक ग्राम वरावर, जिसको जाने सव नारी नर।
चालीसे को 'चन्द्र' वनाये, हाथ जोडकर शीश नवाये।

॥ सोरठा ॥

नित चालीसहिं वार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगन्ध अपार, अहिच्छत्र मे आय के।
होय कुवेर समान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिसके नहिं सन्तान, नाम वश जग मे चले ॥

॥ श्री महावीर चालीसा ॥

(शमशावाद नि० कवि० पूरनमल कृत)

॥ दोहा ॥

सिद्ध समूह नमों सदा, अरु सुमरू अरहन्त।
निर आकुल निर्वाच्छ हो, गए लोक के अन्त ॥
मङ्गल मय मङ्गल करन, वर्धमान महावीर।
तुम चितत चिंता मिटे, हरो सकल भव पीर ॥

॥ चौपाई ॥

जय महावीर दया के सागर, जय श्री सन्मति ज्ञान उजागर
शात छवि मूरत अति प्यारी, वेष दिगम्वर के तुम धारी ॥
कोटि भानु से अति छवि छाजे, देखत तिमिर पाप सव भाजे।
महावली अरि कर्म विदारे, जोधा मोह सुभट से मारे।

एक सहस वसु तुमरे नामा, जन्म लियो कुण्डलपुर धामा।
सिद्धारथ नृप सुत कहलाये, त्रिशला मात उदर प्रगटाये।
तुम जनमत भयो लोक अशोका, अनहद शब्दभयो तिहुलोका।
इन्द्र ने नेत्र सहस्र करि देखा, गिरी सुमेर कियो अभिषेखा।
कामादिक तृष्णा ससारी, तज तुम भए बाल ब्रह्मचारी।
अथिर जान जग अनित बिसारी, बालपने प्रभु दीक्षा धारी।
शात भाव धर कर्म विनाशे, तुरतहि केवल ज्ञान प्रकाशे।
जड-चेतन त्रय जग के सारे, हस्त रेखवत् सम तू निहारे।
लोक-अलोक द्रव्य षट जाना, द्वादशाग का रहस्य बखाना।
पशु यज्ञो का मिटा कलेशा, दया धर्म देकर उपदेशा।
अनेकान्त अपरिग्रह द्वारा, सर्वप्राणि समभाव प्रचारा।
पञ्चम काल विषै जिनराई, चादनपुर प्रभुता प्रगटाई।
क्षण मे तोपनि बाढि-हटाई, भक्तन कें तुम सदा सहाई।
मूरख नर नहिं अक्षर ज्ञाता, सुमरत पंडित होय विख्याता।

॥ सोरठा ॥

करे पाठ चालीस दिन नित चालीसहिं बार।
खेवै धूप सुगन्ध पढ, श्री महावीर अगार॥
जनम दरिद्री होय अरु जिसके नहिं सन्तान।
नाम वश जग मे चले, होय कुबेर समान॥

पूरनमल रचकर चालीसा।
हे प्रभु तोहि नवावत शीशा॥

आरती—पञ्च परमेष्ठी

इह-विधि मंगल आरति कीजै, पंच परमपद भज सुख लीजै ।टेक
पहली आरति श्रीजिनराजा। भव-दधि पार उतार जिहाजा॥
इह विध० ॥१॥
दूसरी आरति सिद्धन केरी । सुमरन करत मिटै भव फेरी॥
इह विध० ॥२॥
तीजी आरति सूर मुनिंदा । जनम-मरन दुख दूर करिंदा॥
इह विध० ॥३॥
चौथी आरति श्रीउवझाया । दर्शन देखत पाप पलाया॥
इह विध० ॥४॥
पांचमि आरति साधुनिहारी । कुमति-विनाशन शिवअधिकारी॥
इह विध० ॥५॥
छट्ठी स्थापन प्रतिमा धारी । श्रावक व्रत आनंदकारी॥

भव-भय-भीत शरन जे आये । ते परमारथ-पथ लगाये ॥
आरती श्री० ॥३॥
जो तुम नाम जपै मनमाही । जनम-मरन-भय ताको नाही ॥
आरती श्री० ॥४॥
समवसरन-संपूरन शोभा । जीते क्रोध-मान-छल-लोभा ॥
आरती श्री० ॥५॥
तुम गुण हम कैसे करि गावें । गणधर कहत पार नहिं पावें ॥
आरती श्री० ॥६॥
करुणासागर करुणा कीजे । 'द्यानत' सेवक को सुख दीजे ॥
आरती श्री० ॥७॥

आरती श्रीवर्द्धमानजीकी

करो आरती वर्द्धमानकी । पावापुर निरवान थानकी । टेक।
राग-विना सब जगजन तारे । द्वेष विना सब कर्म विदारे ॥
शील-धुरंधर शिव-तिय भोगी। मन-वच-कायन कहिये योगी ।
करो० ॥२॥
रतनत्रय निधि परिग्रह-हारी । ज्ञानसुधा-भोजनव्रतधारी ॥
करो० ॥३॥
लोक अलोक व्यापै निजमाही । सुखमय इंद्रिय सुखदुखनाही ।
करो० ॥४॥
पचकल्याणकपूज्य विरागी । विमल दिगंबर अंबर-त्यागी ॥
करो० ॥५॥

गनमनि-भूषन भूषित स्वामी । जगत उदास जगतर स्वामी ॥
करो० ॥ ५ ॥
करै कहा जो तुम नवजानो । 'ज्ञानत' की अभिलाष प्रमानो ।'
करो० ॥६॥

आरती श्री महावीर स्वामी

आरती श्री चन्द्र प्रभु

म्हारा चन्द्र प्रभु जी की सुन्दर मूरत,म्हारे मन भाई जी ॥ टेक
सावनसुदि दशमी तिथि आई, प्रगटे त्रिभुवन राईजी ॥
अलवर प्रात मे नगर तिजारा, दरशे देहरे माही जी ॥
सीता सती ने तुमको ध्याया, अग्नि में कमल रचायाजी ॥
मैना सती ने तुमको ध्याया, पति का कुष्ठ हटाया जी ॥
जिनमे भूत प्रेत नित आते, उनका साथ छुड़ाया जी ॥
सोमा सती ने तुमको ध्याया, नाग का हार बनाया जी ॥
मानतुग मुनि तुमको ध्याया, तालों को तोड भगाया जी ॥
जो भी दुखिया दर पर आया उसका कष्ट मिटाया जी ॥
अजन चोर ने तुमको ध्याया, सूली से अधर उठाया जी ॥
समवशरण मे जो कोई आया, उसको पार लगाया जी ॥
सेठ सुदर्शन तुमको ध्याया, सूली से उसे बचाया जी ॥
ठाडो सेवक अर्ज करै छै, जनम-मरण मिटाओ जी ॥
'नवयुग मण्डल' तुमको ध्यावै वेडा पार लगाओ जी ॥

जाप्य-मंत्र

३५ अक्षरों का मन्त्र—

णमो अरिहन्ताण, णमो सिद्धाण, णमो आइरियाण ।
णमो उवज्झायाण, णमो लोए सव्वसाहूण ॥

१६ अक्षरो का मन्त्र—

अरहत सिद्ध आइरिया उवज्झाया साहू

६ अक्षरो के मन्त्र—

(१) अरहन्त सिद्ध (२)अरहन्त सि सा (३)ओ नम सिद्धेभ्य (४) नमोऽर्हत्सिद्धेभ्य

५ अक्षरो का मन्त्र—

अ सि आ उ सा

४ अक्षरो के मन्त्र—

(१) अरहन्त (२) अ सि साहू

२ अक्षरो के मन्त्र—

(१) सिद्ध (२) अ आ (३) ओ ह्री

१ अक्षर का मन्त्र— ओम्

ओम् कैसे बनता है :—

अरहन्ता असरीरा आयरिया तह उवज्झया मुणिणो।
पढमक्खर-णिप्पण्णो ओकारो पच-परमेट्ठी ॥

अर्थ—पाचो परमेष्ठियो के पहिले अक्षर मिलाने पर ओम् बनता है। यही नीचे बताते है :—

अरहन्त का पहिला अक्षर		अ	
अशरीरी (सिद्ध)	,,	अ	अ+अ=आ
आचार्य	,,	आ	आ+आ=आ
उपाध्याय	,,	उ	आ+उ=ओ
मुनि (साधु)	,,	म्	ओ+म्=ओम्

इसको ओ३म् इस प्रकार भी लिखते हैं।

रत्नत्रय जाप्य मन्त्र

ओ ह्री श्री सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यो नम ।

दशलक्षण जाप्य मन्त्र

ओ ह्री अर्हन्मुखकमल-समुद्गताय उत्तमक्षमा-धर्माङ्गाय नम.

अथवा

ओ ह्रीं उत्तमक्षमा-धर्मांगाय नम ।

इसी प्रकार 'उत्तममार्दव' आदि धर्मों का नन्द जानना चाहिये ।

षोडशकारण जाप्य मन्त्र

ओ ह्रीं श्री दर्शनविशुद्धि आदि षोडशकारण-भ्यो नमः

नन्दीश्वर व्रत (अष्टान्हिक व्रत) जाप्य मन्त्र

(१) ओ ह्रीं नन्दीश्वरनाथाय नम (२) ओ ह्रीं अष्टमहा-विभूतिसनाथाय नम । (३) ओ ह्रीं त्रिलोकपालनाथाय नम । (४) ओ ह्रीं चतुर्मुखनाथाय नम । (५) ओ ह्रीं पञ्च-महाकल्याण-नाथाय नम । (६) ओ ह्रीं स्वयंभोपान-नाथाय नम । (७) ओ ह्रीं श्री सिद्धचक्राय नमः । (८) ओ ह्रीं इन्द्रध्वज-नाथाय नम ।

पुष्पांजलि व्रत जाप्य मन्त्र

ओ ह्रीं पञ्चमेरुसम्बन्धि अशीति-जिनालयेभ्यो नम ।

रोहिणी व्रत जाप्य मन्त्र

ओ ह्रीं श्री वासुपूज्य-जिनेन्द्राय नम

ऋषि-मण्डल जाप्य मन्त्र

ओं ह्रां ह्रिं ह्रुं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा सम्यग्-दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यो ह्रीं नम

सिद्धचक्र-विधान के समय का जाप्य मन्त्र

ओ ह्रीं अर्हं अ सि-आ-उ सा नम स्वाहा ।

त्रैलोक्य मंडल विधान का जाप्य मत्र

ओ ह्रीं श्रीं अर्हं अनाहत-विद्याधिपाय त्रैलोक्यनाथाय नम सर्व शान्ति कुरु कुरु स्वाहा ।

लघु शान्ति मत्र

ओ ह्रीं अर्हं असिआउसा सर्वशान्ति कुरुत कुरुत स्वाहा ।

वेदी प्रतिष्ठा कलशारोहण तथा विम्ब स्थापन के समय का जाप्य मन्त्र

ओ ह्री श्री क्ली अर्हं असिआउसा अनाहत विद्यायै अरिहन्ताण ह्री सर्वशान्ति कुरुत कुरुत स्वाहा।

रविव्रत जाप्य मन्त्र

ॐ ह्री नमो भगवते चिन्तामणि-पार्श्वनाथ सप्तफणमडिताय श्री धरणेन्द्र-पद्मावती-सहिताय मम ऋद्धि सिद्धि वृद्धि सौख्य कुरु कुरु स्वाहा।

रविव्रत लघु जाप्य मंत्र

ॐ ह्री अर्हं श्री चिन्तामणि-पार्श्वनाथाय नम

मनोरथ सिद्धि दायक मन्त्र

ॐ ह्री श्री अर्हं नम

रोग नाशक मन्त्र

ॐ ऐ ह्री श्री कलिकुण्डदण्डस्वामिने नम। आरोग्य-परमैश्वर्यं कुरु कुरु स्वाहा।

यह मन्त्र श्री पार्श्वनाथ जी की प्रतिमा के सामने शुद्ध भाव और क्रिया पूर्वक १०८ बार जपना चाहिये।

मंगलदायक मन्त्र

ओ ह्री वरे सुवरे असिआउसा नम

एकान्त मे प्रतिदिन १०८ बार धूप के साथ, शुद्ध भाव पूर्वक जपे।

ऐश्वर्यदायक मन्त्र

ओ ह्री असिआउसा नम स्वाहा।

सूर्योदय के समय पूर्व दिशा मे मुख करके प्रतिदिन १०८ बार शुद्ध भाव से जपे।

सर्वसिद्धिदायक मन्त्र

ओ ह्रीं वली श्रीं अर्हं श्री वृषभनाथ-तीर्थंकराय नमः

समस्त कार्यों की सिद्धि के लिए प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक १०८ बार जपना चाहिये।

सर्वग्रह शान्ति मन्त्र

प्रातः काल जप करें।

ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असिआउसा सर्व-शान्ति-कुरु कुरु स्वाहा

रोग निवारक मन्त्र

ओं ह्रीं सकल-रोगहराय श्रीं सन्मति देवाय नमः

शान्ति कारक मन्त्र

ओं ह्रीं परमशान्ति विधायक श्री शान्तिनाथाय नमः

संक्षिप्त सूतकविधि।

सूतकमें देव शास्त्र गुरुका पूजन प्रक्षालादिक तथा मंदिर जी की जाजम वस्त्रादिको स्पर्श नहीं करना चाहिये। सूतक का समय पूर्ण हुये बाद पूजनादि करके पात्रदानादि करना चाहिये।

१—जन्मका सूतक दश दिन तक माना जाता है।

२—यदि स्त्रीका गर्भपात (पाचव छठे महीने में) हो तो जितने महीने का गर्भपात हो उतने दिनका सूतक माना जाता है।

३—प्रसूति स्त्रीको ४५ दिनका सूतक होता है, कहीं-कहीं चालीस दिनका भी माना जाता है। प्रसूतिस्थान एक मास तक अशुद्ध है।

४—रजस्वला स्त्री चौथे दिन पतिके भोजनादिकके लिये शुद्ध होती है परन्तु देव पूजन, पात्रदानके लिये पाचवें दिन शुद्ध होती है। व्यभिचारिणी स्त्रीके सदा ही सूतक रहता है।

५—मृत्युका सूतक तीन पीढी तक १२ दिनका माना जाता है। चौथी पीढी मे छह दिनका, पाचवी छठी पीढी तक चार दिनका, सातवी पीढी मे तीन, आठवी पीढी मे एक दिन रात, नवमी पीढी मे स्नान मात्र में शुद्धता हो जाती है।

६—जन्म तथा मृत्युका सूतक गोत्रके मनुष्यका पाच दिनका होता है। तीन दिनके बालककी मृत्यु का एक दिन का, आठ वर्षके बालक की मृत्यु का तीन दिन तक का माना जाता है। इसके आगे बारह दिनका।

७—अपने कुलके किसी गृहत्यागी का सन्यासमरण या किसी कुटुम्बी का सग्राम मे मरण हो जाय तो एक दिन का सूतक माना जाता है।

८—यदि अपने कुलका कोई देशातरमे मरण करै और १२ दिन पहले खबर सुने तो शेष दिनो का ही सूतक मानना चाहिये। यदि १२ दिन पूर्ण होगये हो तो स्नान-मात्र सूतक जानो।

९—गौ, भैंस, घोडी आदि पशु अपने घरमे जनै तो एक दिनका सूतक और घरके बाहर जनै तो सूतक नही होता। घरमे दासी तथा पुत्री के प्रसूति होय तो एक दिन, मरण हो तो तीन दिनका सूतक होता है। यदि घरसे बाहर हो तो सूतक नही। जो कोई अपनेको अग्नि आदिक मे जलाकर वा विष, शस्त्रादिसे आत्महत्या करै तो छह महीनेतकका सूतक होता है। इसी प्रकार और भी विचार है सो आदिपुराणसे जानना।

१०—बच्चा हुये बाद भैसका दूध १५ दिन तक, गायका दूध १० दिन तक, बकरीका ८ दिन तक अभक्ष्य (अशुद्ध) होता है। देश भेदसे सूतक विधानमे कुछ न्यूनाधिक भी होता है परन्तु शास्त्रकी पद्धति मिलाकर ही सूतक मानना चाहिये।

अरहंत पासा केवली

प्रत्येक व्यक्ति के मन में अपना भविष्य जानने की प्रबल इच्छा होती है और इसके लिए वह जन्म कुण्डली, हस्तरेखा या अन्य उपायों द्वारा भविष्य जानने के लिए प्रयत्नशील रहता है। इसी इच्छा की पूर्ति के लिए श्री पंडित वृन्दायन जी काशी निवासी रचित अरहंत पासा केवली यहां दी जा रही है। अत्यन्त शुद्धिपूर्वक, श्रद्धा सहित, बनाई हुई विधि के अनुसार कार्य करके इसके द्वारा अपने भविष्य की झांकी का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

पासा केवली से शुभाशुभ देखने के लिए पवित्रता, मनमें शान्ति एवं श्रद्धा होना आवश्यक है। प्रातःकाल स्नानादि क्रियाओं से स्वच्छ होकर स्वच्छ वस्त्र पहिन कर किसी पाटे, चौकी पर पुस्तक को रख कर, पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुंह करके पद्मासन या अर्द्धपद्मासन में बैठे। उस समय सीधा स्वर चल रहा हो इसका भी ध्यान रखा जाय। फिर अपने मनमें प्रश्न का विचार करे और श्री अरहंत प्रभु का ध्यान करते हुए पुस्तक में लिखे मन्त्रों का उच्चारण कर तीन बार पासा डालना चाहिए। प्रत्येक बार जो वर्ण पासा के ऊपर की ओर आये उसे लिख लेना चाहिए। इस प्रकार तीन बार में तीन वर्ण आयेंगे उनका फल पुस्तक में देखकर विश्वास करना चाहिए, और उसी के अनुसार आचरण करना चाहिए।

———

अरहंत पासा केवली

दोहा—श्रीमत वीर जिनेश पद, वन्दो शीस नवाय।
गुरु गौतम के चरण नमि, नमो शारदा माय॥
श्रेणिक नृप के पुण्यते, भाषी गणधर देव।
जगत हेत अरहत यह, नाम केवली सेव॥
चन्दन के पासा विषै, चारो ओर सुजान।
एक एक अक्षर लिखो, श्री अ र ह त विधान॥
तीन बार डारो तबै, करि वर मन्त्र उचार।
जो अक्षर पासा कहैं, ताको करो विचार॥
तीन मन्त्र है तासु के, सात सात ही बार।
थिर ह्वै पासा डालियो, करिके शुद्ध उच्चार॥
जानि शुभाशुभ तासुतै, फल निज हृदय नियोग।
मन प्रसन्न ह्वै सुमरियो, प्रभु पद सेवहु जोग॥

* प्रथम मन्त्र—ॐ ह्री श्री बाहुबलि लब बाहु ओ क्षी क्षू क्षें क्षै क्ष क्ष उद्धर्वभुजा कुरु कुरु शुभाशुभं कथय कथय भूत-भविष्यत-वर्तमान दर्शय दर्शय सत्य ब्रूहि सत्य ब्रूहि स्वाहा। (यह प्रथम मन्त्र सात बार जप कर पासा डालना)

दूसरा मन्त्र—ओ ह ओ स ओ क्ष सत्य वद सत्य वद स्वाहा।

(दूसरा मन्त्र भी सात बार जपकर पासा डालना)

---

* यदि मन्त्र के उच्चारण मे कठिनाई हो तो णमोकार मन्त्र को बोलकर भी पासा डाला जा सकता है।

तीसरा मन्त्र—ओ ह्री श्री विश्वमालिनि, विश्व-प्रकाशिनि अमोघवादिनि सत्य ब्रूहि सत्यं ब्रूहि एह्येहि विश्वमालिनी स्वाहा।

(यह भी सात वार पढकर पासा डालना)

नोट—मन एकत्र कर, विनय सहित अभिप्राय विचार कर श्री अरहत भगवान के नाम के अक्षरो (अ, र, ह त) का पासा तीन बार डालना चाहिए। जो जो अक्षर पड़ें, उनको मिलाकर उनका फल जानना चाहिए। जिन मार्ग मे यह बडा निमित्त है।

(वृन्दावन)

अथ अकारादि प्रथम प्रकरण

अ, अ, अ। यदि ये तीन अक्षर पडें, सुख और कल्याण मङ्गल हो, सम्मान बढे, लक्ष्मी को प्राप्ति हो, व्यापार मे तथा विदेश मे धन लाभ हो, युद्ध मे जीत हो, राज दरबार मे सम्मान मिले, सब सङ्कट, रोग, शोक, दरिद्रता का नाश हो। सब प्रकार से कल्याण हो। यह नि सन्देह विश्वास करना चाहिए।

अ, अ, र। इन तीनो का फल मध्यम होता है। मन का विचारा हुआ, पूर्व पाप के कारण बाधा पडने से शीघ्र सफल नही होगा। इसलिए मनवाछित फल प्राप्त करने के लिए अपने इष्टदेव श्री अरहत वीतराग भगवान की

आराधना करना चाहिए। उससे कुछ समय बाद इच्छित फल की प्राप्ति होगी।

अ, आ, ह। इनका फल शुभ होता है। धन धान्य का समागम होगा। परदेश गमन से इच्छित फल की प्राप्ति होगी। भाई बन्धु से प्रेम भाव बढ़ेगा। शत्रुओं का दमन होगा। सम्पूर्ण बाधाएं दूर होंगी। धर्म के प्रभाव से सब प्रकार का मङ्गल होगा। हे प्रश्नकर्त्ता! तुम्हारा विचार हुआ शुभ है। अत शुभ फलकी निश्चित प्राप्ति होगी।

प, अ, त। हे दयालु! तेरा प्रश्न शुभ है। तेरे घर में पुत्र पौत्रादि का सुख होगा, हितैषी मित्रों से लाभ होगा। सब प्रकार के रोगादि से छुटकारा होगा। खोटे ग्रह दूर होंगे। परदेश में गए हुए भाई और मित्रों का शुभ मिलन होगा। कुल की बढ़वारी होगी, सज्जनों से मित्रता होगी। तेरे आगामी दिन सुख और सौभाग्य को देने वाले होंगे। तू वीतराग भगवान का सदा ध्यान किया कर।

प, र, अ। तेरा विचार श्रेष्ठ है, उत्तम फलका देने वाला है, प्रतिदिन आनन्द की वृद्धि होगी। पाप के उदय से तेरा नष्ट हुआ धन फिर मिलेगा, राजा द्वारा सम्मान होगा, भाई बन्धुओं से मिलाप होगा। हर प्रकार से तेरी गृहस्थी सुखी होगी। अब तेरे सब पापों का अन्त होगया है। इसलिए धर्म के प्रभाव से सुख

समृद्धि का वास होगा। तू अपने कर्त्तव्य कर्म मे विश्वास पूर्वक लगा रह।

अ, र, र। हे भाई! तेरा पुण्य बलवान है। तुझे धन का लाभ होगा। सब स्थानो मे यश बढेगा, जहा भी जायगा सम्मान पायेगा और सब तेरे शुभ-चिन्तक हो जावेंगे। जल, अग्नि मरी आदि उपद्रव तेरा कुछ भी बिगाड नही कर सकेंगे। शत्रु वश मे होगे, सब प्रकार के सुख की प्राप्ति होगी। यह सब तेरे धर्म का प्रभाव है। इसलिये तू धर्म का पालन मत छोडना, बस तेरा भविष्य सुखमय है।

अ, र, ह। ये तीनो वर्ण सौभाग्य सम्पत्ति के सूचक हैं। तेरा जो मनोरथ है वह सरलता से फलित होगा। जो घर मे थोडा सा क्लेश है, उसकी चिन्ता न कर। इसके लिए तू श्री महावीर प्रभु की पूजा कर, तेरे सब विघ्न दूर होगे। मनकी चिन्ता दूर कर मनको एकाग्र कर, तुझे सब सुखो की प्राप्ति होगी। श्री अरहत का ध्यान कर, तुझको सब सिद्धिया प्राप्त होगी।

अ, र, त। इन तीनो वर्णोंके आने पर सब सुखो की प्राप्ति होती है। तुझे स्त्री, पुत्र और पश्चात् पौत्र का भी लाभ होगा। तेरे कुल की शोभा होगी। तुम जहा भी जाओगे, वही तुम्हारी कीर्ति बढेगी। संसार तुम्हें प्यार करेगा। तुम्हारा प्रश्न शुभ है, तुम्हारे मनमे प्रभु का ध्यान होना चाहिए। देखो तुम्हारे ललाट पर तिल का चिह्न होना चाहिए।

अ, ह, अ। हे प्रश्नकर्त्ता! सुनो। पहले तुम्हें कुछ कष्ट होगा, परन्तु शीघ्र ही वह दु ख दूर होगा और दिन प्रतिदिन धन की बढवारी होगी, सज्जनो की सङ्गति होगी। हे विचारक! तुमने जो सोचा है सो सब सफल होगा। तुम महावीर भगवान के नाम की तीनो (प्रात मध्याह्न, सायङ्काल) समय एक एक माला फेरा करो।

बन्धुओ की चिन्ता सता रही है, यह दूर होगी। वे धन धान्य से भरे हुए हाथी घोडो के साथ सुख पूर्वक तेरे से मिलेंगे। तू अपने हृदय की चिन्ता दूर कर। अब तेरे सुख के दिन है।

अ, त, ह,। हे बन्धु ! तेरा अशुभ का उदय है, कही लाभ दिखाई नही देता। अभी तो तेरा हाथ का धन और जाता दिखता है। तेरे शुभ चिन्तक भाई बन्धु स्त्री पुत्र, सम्पत्ति आदि का अनिष्ट ही दिखाई पडता है और चारो ओर शत्रु ही शत्रु भरे पडे हैं। इसलिए इन विघ्नो को दूर करने के लिए तू ६१ दिन तक "ओ ह्री अ, सि, आ, उ, सा, सर्वविघ्न विनाशनाय नम स्वाहा।" इस मन्त्र की नित्य शुद्ध होकर ११-११ मालाओ से जाप दे, तेरा विघ्न दूर होगा और घर मे मगलाचार होगा।

अ, त, त। हे भव्य जीव ! तुझे धन लाभ होगा सम्पत्ति बढ़ेगी, सुख का विस्तार होगा। सब इच्छाएँ पूर्ण होगी। प्रिय बन्धु और मित्रो का मिलाप होगा, दिन दिन लाभ ही बढेगा तू जिस तरफ भी ध्यान देगा सब तरफ सफलता ही मिलेगी। युद्ध मे वाद विवाद मे तेरी विजय होगी। तू सन्देह मत कर। तू अपना पुण्य उदय समझ कर धीरज से कार्य कर, सफलता तेरे चरणो मे हैं।

अथ रकारादि द्वितीय प्रकरण

र, अ, अ ! इन अक्षरो के पडने से धन, सम्पत्ति का और सज्जनो से मिलाप होता है। सोना, चादी, वस्त्र, गहने, नाना प्रकार के रत्न आदि इच्छित पदार्थों की प्राप्ति अवश्य होगी। रात्रि के अन्त मे हाथी, घोडे या रथ मे चढे हुए फलो की माला पहने हुए देवताओ का विमान मे बैठे हुए आना दिखाई देगा।

र, अ, र। हे पूच्छक ! तुझे इच्छित फलकी प्राप्ति होगी। तुम्हे व्यापार और खेती मे लाभ होगा। तुमसे देश और उसके निवासियो को लाभ पहुचेगा, तुम्हें परदेश मे लाभ होगा। तुम्हारे

र, र हं। दो रकार के साथ ह आने पर महाफल का लाभ होता है। आनन्द देने वाली सुख सम्पत्ति सरलता से ही प्राप्त होगी। घरमे नित्य आनन्द का राज होगा। नित्य धनकी प्राप्ति होगी। तुम्हे जमीन, जायदाद, देश और नगरो पर भी अधिकार मिलेगा। तुम मन मे जो विचारोगे वही मिलेगा। राजा से तुम्हे सव प्रकार का लाभ होगा। इस प्रकार तुम्हारे घरमे सदा सुख का निवास होगा।

र, र, त। तुमने अपने मनमे वडा बुरा सोचा है। तुमने परस्त्री की इच्छा से अनेको खोटे काम किये हैं और इसी से तुम्हारे धनका नाश हुआ है। घर मे कलह हुई है। तुमने राज दण्ड भी भोगा है। इसलिए अव इस मार्ग को छोडकर ब्रह्मचर्य को धारण करो और शुभ कार्य करो। इसीसे मनुष्य जन्म सफल होगा।

र, ह, अ। ये तीनो वर्ण शुभके सूचक हैं। स्त्री, पुत्र, धन, मान आदि की प्राप्ति होगी। ससार मे यश बढेगा। धर्मके मार्ग में मन लगेगा। युद्ध मे, विदेश मे, व्यापार मे सब जगह शीघ्र ही विजय होगी।

र, ह, र। हे भाई! तुमने वडा उल्टा मार्ग पकडा है। तुमने जो सोचा है उसे मनसे निकाल दो। इसके करने से लाभ न होगा, बल्कि सब प्रकार कष्ट ही होगा। तुम्हारे दुश्मन वहुत है, तुम्हे कही भी सुख न मिलेगा। इसलिए तू इस विचारे हुए कार्य को छोड दे, और ससार के सुखको व्यर्थ समझकर सच्चे सुखकी प्राप्ति के लिए वीतराग भगवान के मार्ग को ग्रहण कर।

र, ह, ह। हे प्रश्नकर्त्ता! तेरा अशुभ का उदय है। इसलिए जो भी तू करेगा उसका खोटा ही फल मिलेगा। तुम्हारे जो मित्र बने हुए है उन पर विश्वास मत करो, सब तुम्हारे शत्रु हैं, तुम्हारे धन का नाश कराने पर तुले हुए हैं। तुम धनकी इच्छा करते हो, वह इस समय नही मिलेगा। इसलिए तुम धर्मकी आराधना करो।

पार्श्वनाथ भगवान की भक्ति और जाप करो उससे कुछ समय बाद सफलता मिलेगी।

र,हं, त। अहो पूछने वाले! इसका क्या फल कहूँ। तेरा बडा शुभ का उदय है। तुझे विद्या की प्राप्ति, कवियो मे सम्मान, व्यवहार मे निपुणता मिलेगी, स्त्री और पुत्र का लाभ होगा। व्यापार मे धन प्राप्त होगा। भाई बन्धुओ और मित्रो से वस्त्र और आभूषणो के साथ मिलाप होगा। परिवार के सुख के लिए नित्य भगवान की पूजा कर।

र, त, अ। हे पृच्छक! तुम्हारे सौभाग्य दिन हैं तुम्हारे हृदय मे जो पुत्रादि के सुखकी लालसा है, धन सुख आनन्ददायक भोजन पान की इच्छा है वह सब पूर्ण होगी। तुम्हे मन्त्र तन्त्र और औषधि से सर्वत्र सफलता प्राप्त होगी।

र, त, र। हे सज्जन! तुम शान्ति से सुनो। तुम्हारे उद्योग से पद पद पर सफलता मिलेगी। इसलिए तुम अपने कार्य मे लगे रहो, तुम्हे लाभ होगा। श्री जिनराजकी सेवा से तुम्हे स्त्री, पृथ्वी, धन मिलेगा। राजा द्वारा सम्मान मिलेगा। हाथी, घोडे, आभूषणो की बिना चाहे ही प्राप्ति होगी।

र, त, ह। हे भाई! तुमने पहले बहुत कष्ट भोगे हैं पर वे अब दूर होगये। तुम्हारे हृदय मे जो धन, स्त्री, पुत्र, गहनो की चिन्ता है वह दूर होगी। शरीर के रोग, शोक और दु खो का नाश होकर जिनधर्म के प्रभाव से तेरे हृदय के सब मनोरथ पूर्ण होगे।

र, त, त। हे प्रश्नकर्त्ता! तेरा प्रश्न अच्छा हे। तेरे सब कार्य सफल होगे। इच्छित धन सम्पत्ति का लाभ होगा। तुम जो विचारोगे वह सरलता से सिद्ध होगा। यह सब धर्म का प्रभाव है इसमे सन्देह मत करो। तुम जो कल्याणके लिए तप धारण करना चाहते हो, तुम्हे उसमे भी सफलता मिलेगी। इसलिए तुम

वीतराग भगवान के बताये हुए तप के मार्ग को ग्रहण करो जिससे सच्चे और स्थायी सुखकी प्राप्ति हो।

अथ हकारादि तृतीय प्रकरण।

हं, अ, अ। इन तीनो वर्णों का फल चिन्ताकारक है। कष्ट चिन्ता, कार्य-विनाश, लोक-निन्दा और युद्धमे पराजय, उद्योग मे असफलता मिलती है। कार्यसिद्धि के लिए जो भी प्रयत्न करते हो उसीमे असफलता मिलेगी। इसलिए इस समय मौन होकर कुछ समय धर्म ध्यान करो। शुभ उदय आते ही सफलता मिलेगी।

ह, अ, र। यह बहुत लाभदायक पासा पडा है। तुम्हारे सभी मनोरथ सफल होगे। स्त्री एव धनकी प्राप्ति होगी, भाइयो से सुख पहुँचेगा। हरेक कार्य मे, घरमे, विदेशमे, सर्वत्र लाभ ही लाभ होगा। तुम्हारे सब रोग शाक दूर होगे। अच्छे दिनो मे भगवान की आराधना भक्तिपूर्वक करते ही रहना क्योकि धर्म ही सदा सहायक होता है।

हं, अ, ह। हे भव्य तुम बहुत सरल एव सीधे स्वभाव के हो। तुम मित्र और शत्रु को समान समझते हो। तुमने ऐसे लोगो के लिए अपना धन खर्च किया है। परन्तु यह कलिकाल है और तुम साधु स्वभाव वाले हो। चिन्ता मत करो, तुम्हारा अच्छा समय है, गया हुआ धन मिलेगा। पुण्य की जड सदा हरी होती है।

ह, अ, त। हे प्रश्नकर्त्ता! तेरा शुभ का उदय है। धर्म के प्रताप से तेरे सारे क्लेश और व्याधिया दूर हुई है, धनधान्य की प्राप्ति होगी। परदेश मे धन लाभ होगा, तुझे जो धन की चिन्ता है वह पूरीहोगी और स्त्री,पुत्र आभूषण तथा सकल सुखो की प्राप्ति होगी।

ह, र, अ। ये तीनो वर्ण परम लाभ के सूचक हैं। तेरे सभी इच्छित कार्य पूरे होगे, धन धान्य बढेगा। देश विदेशो मे यश

की वढवारी होगी। जहा जायगा लाभ होगा। यह सव जानते है कि भगवान की भक्ति से तथा जप दानसे सव कार्य सिद्ध होते हैं।

हं, ह, ह। इन तीनो वर्णो का फल परम लाभ का सूचक है। देश मे सुख शान्ति हो, धन की प्राप्ति हो, खोई हुई जायदाद प्राप्त हो, लडाई झगडे मे सफलता मिले, व्यापार मे धन मिले, वन्धुओ और मित्रो से स्नेह वढे। तुम्हारे सम्पूर्ण प्रकार के आनन्द होगे, श्रद्धा से धर्म का सेवन करो।

हं, हं, त। हे पूछने वाले ! तुझे अच्छा लाभ होगा। तुम पर-देश जाना चाहते हो, वहा तुम्हे धन लाभ होगा। खेती व्यापार नौकरी आदि मे इच्छानुसार लाभ होगा। देव, गुरु, शास्त्र के प्रभाव से ससार मे सुखके साधन, धन, धान्य, सोना, चादी आदि तुझे इच्छानुसार मिलेगे। तू श्री महावीर प्रभू की सेवा मे मन लगा।

ह, त, अ। ये तीनो वर्ण पूछने वाले के मनके भाव साफ प्रगट कर रहे हैं। हे पृच्छक ! तू लोभ मे फसकर परधन चाहता है, यह अच्छा नही। तू सतोष को धारण कर लोभ को त्याग कर जो होन-हार है होकर रहेगा। परन्तु कुछ समय वाद तेरे पुण्य का उदय है, उस समय तेरा कल्याण होगा, तव तक तू वीतराग भगवान की आराधना कर।

ह, त, र। तेरे मन मे दूसरे के धन की आशा लगी है, तू चाहता है वह तुझे मिलेगा। धनकी प्राप्ति, यशकी वृद्धि का समा-गम होगा और तेरा गया हुआ धन भी पुन मिलेगा। इस प्रकार हे सज्जन ! तू जो भी विचारता है तेरा सव मनवाछित प्राप्त होगा। ऐसा समझकर हृदय की चिन्ता दूर कर दान पुण्य आदि शुभ कार्यों को कर।

ह, त, हं। हे पूछने वाले ! तेरा मन खोटे कर्मो मे लगा हुआ है, तू चोरी से, जुए से, सट्टे से धन चाहता है तू दु ख

परदेश गमन तथा तीर्थयात्रा की इच्छा है तथा तेरे शरीर मे जो रोग या पीडा है वह एक महीने में दूर होगी और इच्छानुसार धन लाभ होगा। तुझे सब प्रकार के आनन्द प्राप्त होगे। तू बीच का यह एक महीने का समय श्री वीर प्रभु की सेवा मे लगा।

त, र, अ। तुम्हारा डाला हुआ यह पासा प्रकट करता है कि तुझे धन की चिन्ता है, और इसलिए तुम परदेश गमन करना चाहते हो। अत. हे सज्जन तुम जाओ। तुम्हे वहा धन का लाभ, वस्त्र, आभूषण स्त्री पुत्रादि की प्राप्ति होगी। माता, पिता और बन्धु का समागम होगा। यह सब गुरु सेवा का फल है। इसलिए हे भाई! तुम आगे भी वीतराग भगवान की मन लगाकर सेवा करते रहो, इसी मे तुम्हारा कल्याण है।

त, र, र। हे पृच्छक! तुम्हारी चिन्ता तुम्हारे पासे से ही प्रकट होती है। तुम्हारे घर मे मे दरिद्रता ने पैर जमाये है, अत. तुम रात दिन धन की चिन्ता करते हो और उसी के उपाय भी करते हो, किन्तु अभी ३ वर्ष तक तुम्हारा शुभका उदय नही। अत इस समय के बाद ही तुम्हे सुखकी सामग्री प्राप्त होगी, उसी समय तुम किसी अन्य नये कार्य मे मन लगाना। उसी से तुम्हे लाभ और यश मिलेगा।

त, र, ह। हे सज्जन! यह बहुत शुभ पासा है। इसके प्रताप से तुझे सब कल्याण की सामग्री मिलेगी। जिनेन्द्र भगवान की सेवा के प्रभाव से सब विघ्न बाधाएँ पल भरमे दूर होगी। धन, पुत्र, युद्ध मे विजय, भाइयो के साथ प्रेम बढेगा। घरमे लडाई झगडे न होगे। तुम्हारे सारे पाप, सन्ताप दूर होकर कल्याण की प्राप्ति होगी। तुम इस सुखको स्थायी बनाने के लिए भगवान की आराधना करते रहो।

त, र, त। यह बहुत अच्छा शकुन है। तुम्हारा मन धन की चिन्ता मे दुखी है, बहुत दिन से तुम चिन्ता कर रहे हो पर अब

अच्छा समय आगया है। तुम्हे सुखकी सामग्री, प्रियजनो का समागम धन लाभ होगा। यदि परदेश गमन करो तो बहुत अधिक लाभ हो। वाद विवादमे जीत, सभ्य समाज मे मान और प्रतिष्ठा मिलेगी। देव गुरु धर्म पर अटल श्रद्धा रखो।

त, हं, अ। पासा डालने पर जब ये तीन वर्ण पडे तो बडा लाभ हो। सारे विघ्न और सङ्कट दूर हो, जहा भी जाये वही इच्छित फलकी प्राप्ति हो। धन, धान्य वस्त्र, गाय, भैस, घोडा आदि वैभव की सामग्री का मिलाप हो। तीर्थयात्रा, परदेश गमन, युद्ध, समुद्र पार सर्वत्र सफलता ही सफलता प्राप्त होगी। इसलिए हे पृच्छक! इस कल्पवृक्ष समान फलदाता शकुन का फल भोगता हुआ तू अपने इष्टदेव की सेवा मे मन लगा।

त, ह, र। हे पूछने वाले! तेरा पाप का उदय है, तेरा लिया हुआ शकुन यही बताता है, तुम दुखी हो, कष्ट पा रहे हो, तुम्हारा धन नष्ट होगया शरीर मे भी बीमारिया हो रही हैं। पुत्र और मित्रो का वियोग हुआ है जो भी विचारते हो उसीसे कष्ट बढते हैं। तुम्हारे घर मे क्लेश पहुँचाने वाली लडाकू स्त्री है या पुरुष है, और यही पाप दुःख देरहा है। इसलिए तू कुछ समय तक विपत्ति नाशक भगवान पार्श्वनाथ को पूजा कर इससे तुझे शान्ति मिलेगी।

त, ह, हं। हे शकुन लेने वाले! तेरा पाप का उदय है, अत तू कुछ दिन युद्ध मे या वाद विवाद झगडे मे योग मत दे। इन कामो मे तुझे कष्ट ही उठाना पडेगा, धन की धर्मकी हानि ही होगी। तुम्हारे घरमे कलह, लडाई, झगडे, चिन्ता का राज्य है, भाई बान्धव मित्र आदि भी शत्रु जैसे प्रतीत होते हैं। इसलिए अपना खोटा समय जानकर भगवान की भक्ति करता हुआ दुख नाश करने का उपाय सोच।

त, ह, त। हे भाई! तुम्हारा शकुन मध्यम है। इसलिए जो तुम सोचते हो वह फल न होगा। कुछ दिन ठहरना ही ठीक है।

ाप का उदय समझकर चिन्ता मत करो, भावो बलवान होता है। नमे मृत्यु का भय मत कर, अज्ञान बुद्धि को छोड दे। सुख पाने के लिए महावीर प्रभु का स्मरण कर।

त, त, अ। हे प्रश्नकर्त्ता! तुम्हारा शुभका उदय है, तुम्हे महान सुख मिलेगा, धन धान्य का समागम होगा। राज्य से भी आदर होगा। व्यापार मे धन प्राप्त होगा। पुत्री का विवाह, साथ ही तुम्हें सुपुत्र की प्राप्ति भी होगी।

त, त, र। हे प्रश्नकर्त्ता! तुम्हारा शकुन उत्तम है। तुमने सदा सुख ही पाया है, आगे भी भाई बन्धु, पुत्र, धन, धान्य की बढवारी ही होगी। विदेश मे भी सुख ही मिलेगा। सबसे मित्रता और बन्धुता का व्यवहार होगा। तुम्हारे शत्रु डरकर तुम्हारे मित्र हो जायेंगे। घर मे गाय, भैंस, घोडा आदि वाहन भी रहा करेंगे।

त, त, ह। हे भाई! तुम आलस्य छोड़कर उद्योग करो, तुम्हें लाभ होगा और मनकी भावना पूरी होगी। तीर्थयात्रा, पूजन विधान, सब सफल होंगे। तुम्हारे घरमे जो रोग शोक है वह शीघ्र दूर होगा। सब प्रकार की भोग सामग्री प्राप्त होगी। अपने मन मे किसी प्रकार का सन्देह मत कर। भगवान की भक्ति से सब सुख सामग्री सरलता से प्राप्त हो जाती है।

त, त, त! हे पृच्छक! तेरा शकुन बडा कल्याणकारी है। तुम्हारे मन चाहे कार्य सिद्ध होंगे। घर मे पुत्र पौत्रादि का जन्म होगा। धन बढेगा, सुख बढेगा, विवाह होंगे। नष्ट हुआ धन पुनः प्राप्त होगा। शत्रु शत्रुता छोडेंगे। हितैषी मित्रो का मिलन होगा। तुम सदा धर्म की आराधना करते रहो, यही सब सुखो का देने वाला है। ॥ इति ॥

एक नजर मे—

परम पावन तीर्थराज सम्मेदशिखर जी की वन्दना

(यहाँ से इस अवसर्पिणी मे २० तीर्थंकर मोक्ष पधारे)

श्री गणधर जी की टोक

१-श्री कुन्थुनाथ जी की टोक २-श्री नमिनाथ जी

३-श्री अरहनाथजी ४-श्री मल्लिनाथ जी

५- श्री श्रेयासनाथजी ६-श्री पुष्पदन्तजी

७-श्री पद्मप्रभुजी ८-श्री मुनिसुव्रतनाथजी

९-श्री चन्द्रप्रभुजी १०-श्री आदिनाथजी (कैलाश)

११-श्री शीतलनाथजी १२-श्री अनन्तनाथजी

१३-श्री सम्भवनाथजी १४-श्री वासुपूज्यजी (चपापुर)

१५-श्री अभिनन्दनजी १६-श्री धर्मनाथजी

१७-श्री सुमतिनाथजी १८-श्री शान्तिनाथजी

१९-श्री महावीरजी (पावापुर) २०-श्री सुपार्श्वनाथजी

२१-श्री विमलनाथजी २२-श्री अजितनाथ जी

२३-श्री नेमिनाथजी (गिरनार) २४-श्री पार्श्वनाथजी

भाव सहित वन्दे जो कोई।
ताहि नरक पशुगति नहि होई॥ ॐ

श्री देव शास्त्र गुरु, विदेह क्षेत्र विद्यमान बीस तीर्थंकर तथा श्रीअनन्तानन्त सिद्ध परमेष्ठी

की

* समुच्चय पूजा *

दोहा—देव शास्त्र गुरु नमन करि, बीस तीर्थंकर ध्याय।
सिद्ध शुद्ध राजत सदा, नमूं चित्त हुलसाय ॥

ॐ ह्रीं श्री देवशास्त्र गुरु समूह ! श्री विद्यमान विंशति तीर्थंकर समूह ! श्री अनतानत सिद्ध परमेष्ठी समूह ! अत्रावतरावतर संवौषट् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापनम् ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधि-करणम् ।

अष्टक

चाल—करले करले तू नित प्राणी, श्रीजिन पूजन करले रे।

अनादिकाल से जग मे स्वामिन्, जल से शुचिता को माना।
शुद्ध निजातम सम्यक् रत्नत्रय, निधिको नहिं पहिचाना।
अब निर्मल रत्नत्रय जल ले, देव शास्त्र गुरु को ध्याऊं।
विद्यमान श्री बीस तीर्थंकर, सिद्ध प्रभू के गुण गाऊं ॥

ॐ ह्रीं देव शास्त्र-गुरुभ्य . श्री विद्यमान विंशति-तीर्थकरेभ्य श्री अनन्तानत सिद्ध परमेष्ठिभ्यो, जन्मजरा-मृत्यु-विनाशनाय जल निवपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

भव आताप मिटावन को, निज मे ही क्षमता समता है।
अनजाने अब तक मैने, पर मे की झूठी ममता है॥
चन्दन सम शीतलता पाने, श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊ।
विद्यमान०। चन्दन॥ २॥

अक्षय पदके बिन फिरा जगत की लख चौरासी योनी मे।
अष्ट कर्म के नाश करन को, अक्षत तुम ढिग लाया मै।
अक्षय निधि निज को पाने अब देव शास्त्र गुरु को ध्याऊ।
विद्यमान०। अक्षत॥ ३॥

पुष्प सुगन्धी के आतम ने, शील स्वभाव नशाया है।
मन्मथ बाणो से बिध करके, चहु गति दु ख उपजाया है।
स्थिरता निज मे पाने को, श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊ।
विद्यमान०। पुष्प॥ ४॥

षट रस मिश्रित भोजन से, ये भूख न मेरी शात हुई।
आतम रस अनुपम चखने से, इन्द्रिय मन इच्छा शमन हुई।
सर्वथा भूख के मेटन को, श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊ।
विद्यमान०। नैवेद्य॥ ५॥

जड़ दीप विनश्वर को अबतक, समझा था मैने उजियारा।
निज गुण दरशायक ज्ञान दीप से, मिटा मोह का अंधियारा।
ये दीप समर्पित करके मै, श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊ।
विद्यमान०। दीप॥ ६॥

ये धूप अनल मे खेने से, कर्मों को नहीं जलायेगी।
निज मे निज की शक्ति ज्वाला, जो राग द्वेष नशायेगी।
उस शक्ति दहन प्रगटाने को, श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊं।
विद्यमान०। धूप॥ ७॥

पिस्ता बदाम श्रीफल लवंग, चरणन तुम ढिग मैं ले आया।
आतमरस भीने निज गुण फल मम मन अब उनमें ललचाया।
अब मोक्ष महा फल पाने को श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊं।
विद्यमान०। फल ॥ ८ ॥

अष्टम वसुधा पाने को, कर मे ये आठो द्रव्य लिये।
सहज शुद्ध स्वाभाविकता से, निज मे निज गुण प्रगट किये।
ये अर्घ समर्पण करके मैं, श्री देव शास्त्र गुरु को ध्याऊं ॥
विद्यमान०। अर्घ्यं ॥ ९ ॥

* जयमाला *

नसे घातिया कर्म अर्हंत देवा करें सुरअसुर नरमुनि नित्य सेवा
दरश ज्ञान सुख बल अनन्तके स्वामी, छियालीस गुण युक्त महाईश नामी
तेरी दिव्य वाणी सदा भव्य मानी, महा मोह विध्वसिनी मोक्षदानी
अनेकान्त मय द्वादशागी बखानी, नमो लोक माता श्री जैन वाणी ॥
विरागी अचारज उवझाय साधू, दरश ज्ञान भण्डार समता अराधू ॥
नगन वेशधारी सु एका विहारी, निजानन्द मडित मुकति पथ प्रचारी
विदेह क्षेत्र में तीर्थंकर बीस राजे, बिरहमान बंदू सभी पाप भाजे।
नमू सिद्ध निर्भय निरामय सुधामी, अनाकुल समाधान सहजाभिरामी

छन्द-देव शास्त्र गुरु बीस तीर्थंकर, सिद्ध हृदय बिच धरले रे।
पूजन ध्यान गान गुण करके, भव सागर जिय तर ले रे। पूर्णार्घ्यं

भूत भविष्यत वर्तमान की, तीस चौबीसी मैं ध्याऊं।
चैत्य चैत्यालय कृत्रिमाकृत्रिम, तीन लोक के मन लाऊं।

ओ ह्रीं त्रिकाल सम्बन्धी तीस चौवीसी त्रिलोक सम्बन्धी कृत्रिमा-कृत्रिम चैत्यालयेभ्यो अर्घ्यं।

चैत्य भक्ति आलोचन चाहूं कायोत्सर्ग अघ नाशन हेत।
कृत्रिमा-कृत्रिम तीन लोक में, राजत हैं जिन बिम्ब अनेक।
चतुर निकाय के देव जजें ले अष्ट द्रव्य निज भक्ति समेत।
निज शक्ति अनुसार जजूं मैं कर समाधि पाऊं शिव खेत।

ओं ह्रीं कृत्रिमाकृत्रिमचैत्यालयसंबंधिजिनबिम्बेभ्योऽर्घ्यं निर्व०

पूर्व मध्य अपराह्न की बेला, पूर्वाचार्यों के अनुसार।
देव वन्दना करूं भाव से सकल कर्म की नाशन हार॥
पंच महा गुरु सुमरन करके, कायोत्सर्ग करूं सुखकार।
सहज स्वभाव शुद्ध लख अपना जाऊंगा अब मैं भव पार।

'पुष्पांजलिं०' (नौ बार णमोकार मन्त्र जपें)

अर्घ देवशास्त्र गुरु

जल परम उज्ज्वल गन्ध अक्षत, पुष्प चरु दीपक धरूं।
वर धूप निर्मल फल विविध बहु जनम के पातक हरूं॥
इति भांति अर्घ चढाये नित भवि करत शिवपकति मचूं।
अरहंत श्रुतसिद्धान्त गुरु निर्ग्रन्थ नित पूजा रचूं॥
दोहा—वसुविधि अर्घ संजोय के अति उछाह मन कीन।
जासों पूजों परम पद देवशास्त्र गुरु तीन॥
ओं ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्योऽनर्घपदप्राप्तये अर्घं॥

(११७) ॥ऋषि-मण्डल स्तोत्र॥

आद्यताक्षरसंलक्ष्यमक्षर व्याप्य यत्स्थितम्
अग्निज्वालासम नाद बिन्दुरेखासमन्वित ॥१॥
अग्निज्वाला-समाक्रान्त मनोमल - विशोधन ।
दैदीप्यमान हृत्पद्मे तत्पद नौमि निर्मल ॥युग्म॥
ॐ नमोऽर्हद्भ्य ईशेभ्य ॐ सिद्धेभ्यो नमो नमः ।
ॐ नम सर्वसूरिभ्यः उपाध्यायेभ्य ॐ नम ॥३॥
ॐ नम सर्वसाधुभ्य तत्त्वदृष्टिभ्य ॐ नमः ।
ॐ नमः शुद्धबोधेभ्यश्चारित्रेभ्यो नमो नम. ॥४॥युग्म
श्रेयसेऽस्तु श्रियस्त्वेतदर्हदाद्यष्टक शुभ ।
स्थानेष्वष्टसु सन्यस्त पृथग्बीजसमन्वितम् ॥५॥
आद्य पद शिरो रक्षेत् परं रक्षतु मस्तक ।
तृतीय रक्षेन्नेत्रे द्वे तुर्यं रक्षेच्च नासिका ॥६॥
पचमं तु मुख रक्षेत् षष्ठ रक्षतु घटिकां ।
सप्तमं रक्षेन्नाभ्यंत पादातं चाष्टमं पुनः ॥७॥ युग्मं ॥
पूर्वं प्रणवतः सातः सरेफो द्वित्रिपचषान् ।
सप्ताष्टदशसूर्यांकान् श्रितो बिन्दुस्वरान् पृथक् ॥८॥
पूज्यनामाक्षरैराद्यास्तु पंचदर्शनबोधकं ।
चारित्रेभ्यो नमो मध्ये ह्रीं सांतसमलंकृतं ॥९॥

जवूवृक्षधरो द्वीप क्षारोदधि-समावृत ।
अर्हदाद्यष्टकैरष्टकाष्ठाधिष्ठैरलकृतः ॥१॥
तन्मध्ये सगतो मेरु कूटलक्षैरलकृत ।
उच्चैरुच्चैस्तरस्तारतारामडलमडितः ॥२॥
तस्योपरि सकारात बीजमध्यास्य सर्वग ।
नमामि विम्बमार्हत्य ललाटस्थ निरजन ॥३॥ विशेषक
अक्षय निर्मल शात बहुल जाड्यतोज्झित ।
निरीह निरहकार सार सारतर घन ॥४॥
अनुश्रुत शुभ स्फीत सात्त्विक राजस मत ।
तामस विरस बुद्धं तैजसं शर्वरीसमं ॥५॥
साकार च निराकारं सरसं विरसं परं ।
परापर परातीतं परं परपरापरं ॥६॥
सकलं निष्कलं तुष्टं निर्भृत भ्रान्तिवर्जितं ॥
निरंजन निराकाक्षं निर्लेप वीतसंशयं ॥७॥
ब्रह्माणमीश्वर बुद्ध शुद्धं सिद्धमभंगुरं ।
ज्योतीरूप महादेव लोकालोकप्रकाशकं ॥८॥ कुलकं
अर्हदाख्य सवर्णान्त सरेफो बिंदुमंडितः ।
तुर्यस्वरसमायुक्तो बहुध्यानादिमालितः ॥९॥
एकवर्णं द्विवर्णं च त्रिवर्णं तुर्यवर्णकं ।
पचवर्णं महावर्णं सपरं च परापर ॥१०॥ युग्म
अस्मिन् बीजे स्थिता सर्वे ऋषभाद्या जिनोत्तमाः ।
वर्णैर्निजैर्निजैर्युक्ता ध्यातव्यास्तत्र सगताः ॥११॥

नादश्चन्द्रसमाकारो बिंदुर्नीलसमप्रभः ।
कलारुणसमाक्रातः स्वर्णाभः सर्वतोमुखः ॥१२॥
शिरःसलीन ईकारो विनीलो वर्णतः स्मृतः ।
वर्णानुसारिसलीन तीर्थकृन्मडल नमः ॥१३॥युग्म
चन्द्रप्रभपुष्पदन्तौ नादस्थितिसमाश्रितौ ।
बिंदुमध्यगतौ नेमिसुव्रतौ जिनसत्तमौ ॥१४॥
पद्मप्रभवासुपूज्यौ कलापदमधिश्रितौ ।
शिर ईस्थितसलीनौ पार्श्वपार्श्वौ जिनोत्तमौ ॥१५॥
शेषास्तीर्थकराः सर्वे रहस्याने नियोजिताः ।
मायाबीजाक्षर प्राप्ताश्चतुर्विंशतिरर्हता ॥१६॥
गतरागद्वेषमोहाः सर्वापापविवर्जिताः ।
सर्वदा सर्वलोकेषु ते भवतु जिनोत्तमाः ॥१७॥ कलापकं
देवदेवस्य यच्चक्रं तस्य चक्रस्य या विभा ।
तयाच्छादितसर्वाग मा मा हिंसन्तु पन्नगा ॥१८॥
देवदेवस्य यच्चक्रं तस्य चक्रस्य या विभा ।
तयाच्छादितसर्वाग मा मा हिंसतु नागिनी ॥१९॥
देवदेवस्य यच्चक्रं तस्य चक्रस्य या विभा ।
तयाच्छादितसर्वाग मा मा हिंसन्तु गोनसाः ॥२०॥
देवदेव० हिंसन्तु वृश्चिका ॥२१॥
देवदेव हिंसतु काकिनी ॥२२॥
देवदेव " डाकिनी ॥२३॥
देवदेव " शाकिनी ॥२४॥

देवदेव	हिंसतु	राकिनी	॥२५॥
देवदेव	"	लाकिनी	॥२६॥
देवदेव	"	साकिनी	॥२७॥
देवदेव	"	हाकिनी	॥२८॥
देवदेव	हिंसन्तु	राक्षसा	॥२९॥
देवदेव	"	व्यतरा.	॥३०॥
देवदेव	"	भैरवा	॥३१॥
देवदेव	"	ने ग्रहा	॥३२॥
देवदेव	"	तस्करा	॥३३॥
देवदेव	"	वल्लय	॥३४॥
देवदेव	"	शृङ्गिण.	॥३५॥
देवदेव	"	दष्ट्रिण	॥३६॥
देवदेव	"	रेलपा	॥३७॥
देवदेव	"	पक्षिण	॥३८॥
देवदेव	"	मुद्गला	॥३९॥
देवदेव	"	जृ भका	॥४०॥
देवदेव	"	तोयदा.	॥४१॥
देवदेव	"	सिहकाः	॥४२॥
देवदेव	"	शूकरा.	॥४३॥
देवदेव	"	चित्रका	॥४४॥
द्वेवदेव	"	हस्तिन.	॥४५॥
देवदेव	"	भूमिपाः	॥४६॥

देवदेव हिंसन्तु शत्रवः ॥४७॥
देवदेव " ग्रामिणः ॥४८॥
देवदेव " दुर्जनाः ॥४९॥
देवदेव · व्याधयः ॥५०॥
श्रीगौतमस्य या मुद्रा तस्या या भुवि लब्धयः ।
ताभिरभ्यधिक ज्योतिरर्हः सर्वनिधीश्वर ॥५१॥
पातालवासिनो देवा देवा भूपीठवासिन ।
स्वःस्वर्गवासिनो देवा सर्वे रक्षंतु मामितः ॥५२॥
येऽवधिलब्धयो ये तु परमावधिलब्धयः ।
ते सर्वे मुनयो दिव्या मा सरक्षतु सर्वतः ॥५३॥
ॐ श्री ह्रीश्च धृतिर्लक्ष्मी गौरी चडी सरस्वती ॥
जयाम्बा विजया क्लिन्नाऽजिता नित्या मदद्रवा ॥५४॥
कामागा कामवाणा च सानदा नदमालिनी ।
माया मायाविनी रौद्री कला काली कलिप्रिया ॥५५॥
एता सर्वा महादेव्यो वर्तन्ते या जगत्त्रये ।
मम सर्वाः प्रयच्छतु कार्न्ति लक्ष्मी धृतिं मतिं ॥५६॥
दुर्जना भूतवेताला पिशाचा मुद्गलास्तथा ।
ते सर्वे उपशाम्यतु देवदेवप्रभावत ॥५७॥
दिव्यो गोप्य. सुदुष्प्राप्य. श्रीऋषिमडलस्तवः ।
भाषितस्तीर्थनाथेन जगत्त्राणकृतोऽनघः ॥५८॥
रणे राजकुले वह्नौ जले दुर्गे गजे हरौ ।
श्मशाने विपिने घोरे स्मृतो रक्षति मानवं ॥५९॥

राज्यभ्रष्टा निज राज्य पदभ्रष्टा निज पद ।
लक्ष्मीभ्रष्टा. निजा लक्ष्मी प्राप्नुवन्ति न सशय. ॥६०॥
भार्यार्थी लभते भार्या पुत्रार्थी लभते सुत ।
धनार्थी लभते वित्त नर स्मरणमात्रत ॥६१॥
स्वर्णे रूप्येऽथवा कास्ये लिखित्वा यस्तु पूजयेत् ।
तस्यैवेष्टमहासिद्धिर्गृहे वसति शाश्वती ॥६२॥
भूर्जपत्रे लिखित्वेद गलके मूर्ध्नि वा भुजे ।
धारित सर्वदा दिव्य सर्वभीतिविनाशन ॥६३॥
भूतैः प्रेतैर्ग्रहैर्यक्षै. पिशाचैर्मुद्गलैस्तथा ।
वातपित्तकफोद्रेकैर्मुच्यते नात्र सशय ॥६४॥
भूर्भुव स्वस्त्रयीपीठवर्त्तिन. शाश्वता जिना. ।
तै. स्तुतैर्वंदितैर्दृष्टैर्यत्फल तत्फल स्मृते ॥६५॥
एतद्गोप्य महास्तोत्र न देय यस्य कस्यचित् ।
मिथ्यात्ववासिनो देये बाल-हत्या पदे पदे ॥६६॥
आचाम्लादितप कृत्वा पूजयित्वा जिनावलिं ।
अष्टसाहस्रिको जाप्य. कार्यस्तत्सिद्धिहेतवे ॥६७॥
शतमष्टोत्तर प्रातर्ये पठति दिने दिने ।
तेषा न व्याधयो देहे प्रभवति न सशयः ॥६८॥
अष्टमासावधि यावत् प्रात प्रातस्तु यः पठेत् ।
स्तोत्रमेतन्महातेजस्त्वर्हद्बिम्ब स पश्यति ॥६९॥
दृष्टे सत्यार्हते बिंबे भवे सप्तमके ध्रुव ।
पदं प्राप्नोति विश्रस्त परमानदसपदा ॥७०॥ युग्म

इदं स्तोत्र महास्तोत्रं स्तुतीनामुत्तम पर ।
पठनात्स्मरणाज्जाप्यात् सर्वदोषैर्विमुच्यते ॥७१॥
जाप्य मंत्र—ॐ ह्रा ह्रि ह्र ह्रू ह्रे ह्रै ह्रौं ह्र.
अ सि आ उ सा सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यो ह्रीं नमः ।

इति ऋषि-मडल-स्तोत्र सपूर्णम् ।

(पापभक्षिणी विद्यारूप मन्त्र)

ॐ अर्हन्मुख-कमलवासिनी पापात्म-क्षयकरि, श्रुतज्ञान-ज्वाला-सहस्र प्रज्वलिते-सरस्वति मत्पाप हन हन, दह दह, क्षां क्षी क्षू क्षौं क्ष क्षीरवर-धवले अमृत-सभवे वं व हू हू स्वाहा ।

इस मत्र के जप के प्रभाव से साधक का चित्त प्रसन्नता धारण करता है, पाप नष्ट हो जाते हैं और आत्मा मे पवित्र भावनाओ का सचार हो जाता है ।

महा-मृत्युञ्जय मन्त्र

ॐ ह्रा णमो अरिहन्ताण, ॐ ह्री णमो सिद्धाण, ॐ ह्रू णमो आइरियाण, ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाण, ॐ ह्र णमो लोए सव्वसाहूण, मम सर्व-ग्रहारिष्टान् निवारय निवारय अपमृत्यु घातय घातय सर्वशान्ति कुरु कुरु स्वाहा ।

विधि—दीप जलाकर धूप देते हुए नैष्ठिक रहकर इस मत्र का स्वय जाप करे या अन्य द्वारा करावे । यदि अन्य व्यक्ति जाप करे तो 'मम' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम जोड ले—अमुकस्य सर्व-ग्रहारिष्टान् निवारय आदि ।

इस मत्र का सदा मात्र जाप करने से ग्रह-बाधा दूर हो जाती है । इस मे कम इस मत्र का ३१ हजार जाप करना चाहिये । जाप के अनन्तर दशाश आहुति देकर हवन भी करे ।

卐

शान्ति पाठ

१	२	३	४	५
३	४	५	१	२
५	१	२	३	४
२	३	४	५	१
४	५	१	२	३

पढ़ने की विधि :—जहाँ एक है वहां णमो अरिहन्ताणं, जहां दो है वहां णमो सिद्धाण, जहाँ तीन है वहां णमो आयरियाणं, जहाँ चार है वहा णमो उवज्झायाणं, जहां पाँच है वहां णमो लोए सव्व साहूण पढ़ना चाहिए। शान्ति पाठ का जाप कम से कम २१ वार तो प्रतिदिन अवश्य कर लेना चाहिये। यह जाप परम मागलिक और शान्ति का देने वाला है। इस जाप को करते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिये। ✻

घंटाकर्ण मन्त्र- ॐ घटाकर्णो महावीर; सर्वव्याधि-विनाशक।
विस्फोटकभयं प्राप्ते, रक्ष रक्ष महाबलः ॥१॥
यत्र त्वं तिष्ठसे देव, लिखितोऽक्षर-पंक्तिभिः।
रोगास्तत्र प्रणश्यन्ति, वातपित्तकफोद्भवाः ॥२॥
तत्र राजभयं नास्ति, यान्ति कर्णे जपात्क्षयम्।
शाकिनी भूतवेताला, राक्षसाः प्रभवन्ति नः ॥३॥
नाकाले मरणं तस्य, न च सर्पेण दश्यते।
अग्निचौरभयं नास्ति, ॐ ह्रीं श्रीं घंटाकर्ण!
नमोस्तु ते! ॐ नर वीर! ठः ठः ठः स्वाहा!!

सूचना—घटाकर्ण मन्त्र का २१ वार जप करने से राज-भय, चोर-भय, अग्नि और सर्प का भय दूर होवे। सब प्रकार की भूत-प्रेत-बाधा भी दूर होती है। सर्व विपत्ति-हर्त्ता मन्त्र है।

लक्ष्मी प्राप्ति एवं मनोकामना पूर्ण करने का मन्त्र

ओ ह्री श्रीं क्ली ऐं अर्हं श्री अ सि आ उ सा नमः।

(प्रातः काल १ माला)

शान्ति कारक मन्त्र

ओ ह्री परमशान्ति विधायक श्री शान्तिनाथाय नमः

अथवा

ॐ ह्री श्री अनतानत परम सिद्धेभ्यो नमः।

(आचार्य ॐ उमास्वामि विरचित णमोकारमन्त्र माहात्म्यसे उद्धृत)

नवग्रह शान्ति के लिए मंत्र जाप

सूर्य	=	ॐ णमो सिद्धाण	(१० हज़ार)
चन्द्र	=	ॐ णमो अरिहंताण	(१० हजार)
मगल	=	ॐ णमो सिद्धाण	(१० हजार)
बुध	=	ॐ णमो उवज्झायाण	(१० हजार)
(गुरु) बृहस्पति	=	ॐ णमो आइरियाण	(१० हजार)
शुक्र	=	ॐ णमो अरिहंताणं	(१० हजार)
शनि	=	ॐ णमो लोए सव्व साहूणं	(१० हजार)
केतु	=	ॐ णमो सिद्धाण	(१० हजार)

केतु राहु = ॐ णमो अरिहंताण, ॐ णमो सिद्धाण,
ॐ णमो आइरियाण, ॐ णमो उवज्झायाण,
ॐ णमो लोए सव्व साहूणं (१० हजार)

अर्घावली

विद्यमान बीस तीर्थंकरों का अर्घ

जल फल आठो द्रव्य, अरघ कर प्रीति धरी है,
गणधर इन्द्रनहूतै, थुति पूरी न करी है।
द्यानत सेवक जानके (हो) जगतै लेहु निकार,
सीमधर जिन आदि दे, बीस विदेह मझार।
श्री जिनराज हो, भव तारण तरण जहाज ॥

ओ ह्री विद्यमान-विंशति-तीर्थंकरेभ्योऽनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं निर्वं० । अथवा

ओ ह्री श्रीसीमधर-युगमधर-बाहु-सुबाहु-सजात-स्वयप्रभ-ऋषभानन अनन्तवीर्य सूरप्रभ-विशालकीर्ति-वज्रधर-चद्रानन-चंद्रबाहु - भुजगम-ईश्वर-नेमिप्रभ-वीरसेन - महाभद्र-देवयश-अजितवीर्येति विशतिविद्यमान तीर्थङ्करेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

अकृत्रिम चैत्यालयो का अर्घ

कृत्याकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान् नित्यं त्रिलोकीगतान्,
वदे भावन-व्यतर-द्युतिवरान् स्वर्गमिरावासगान् ।
सद्गधाक्षतपुष्पदामचरुकै सद्दीपधूपै फलैर्,
नीराद्यैश्च यजे प्रणम्य शिरसा दुष्कर्मणा शातये ।१।

ओ ह्री कृत्रिमाकृत्रिमचैत्यालयसबधिजिनबिम्बेभ्योऽर्घ्यं निव०

सिद्ध परमेष्ठी (संस्कृत)

गन्धाढ्यं सुपयो मधुव्रत-गणै सग वर चन्दनं,
पुष्पौघ विमलं सदक्षत-चय रम्य चरुं दीपकम् ।
धूप गन्धयुत ददामि विविध श्रेष्ठ फल लब्धये,
सिद्धाना युगपत्क्रमाय विमल सेनोत्तर वाच्छितम् ॥

ॐ ह्री सिद्ध-चक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥६॥

सिद्ध परमेष्ठी (भाषा)

जल फल वसुवृ दा अरघ अमदा, जजत अनदा के कदा ।
मेटो भवफदा सव दुखददा, 'हीराचदा' तुम वदा ॥
त्रिभुवन के स्वामी त्रिभुवन नामी, अतरयामी अभिरामी ।
शिवपुर विश्रामी निजनिधि पामी, सिद्ध जजामी शिरनामी ॥

ओ ह्री श्रीअनाहतपराक्रमाय सर्वकर्मविनिर्मुक्ताय सिद्ध-चक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पाँच बालयति

सजि वसुविधि द्रव्य मनोज्ञ, अरघ वनावत हैं,
वसुकर्म अनादि सयोग ताहि नशावन है ।
श्री वासूपूज्य मलि नेम पारस वीर अती,
नमू मन वच तन धरि प्रेम पाँचो वालयती ॥

ओ ह्री श्री वासुपूज्य मल्लिनाथ नेमिनाथ पार्श्वनाथ सन्मावीर स्वामी, श्री पचवालयति तीर्थंकरेभ्य अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपा० ।

समुच्चय चौवीसी

जल फल आठो शुचिसार, ताको अर्घ करो।
तुमको अरपो भवतार, भव तरि मोक्ष वरो॥
चौवीसौं श्रीजिनचद, आनदकद सही।
पद जजत हरत भवफद, पावत मोक्ष मही॥६॥

ओ ह्रीं श्रीवृषभादि-वीरात-चतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्योऽनर्घ पदप्राप्तये अर्घं।

पंचमेरु जिनालय

आठ दरवमय अरघ वनाय 'द्यानत' पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय॥
पांचो मेरु असी जिन धाम, सव प्रतिमा को करो प्रणाम।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय॥

ओ ह्रीं सुदर्शन विजय-अचल-मन्दिर-विद्युन्मालि-पचमेरु-सम्वन्धि-जिनचैत्यालयस्थ-जिनविम्वेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नन्दीश्वरद्वीप जिनालय

यह अरघ कियो निज-हेत, तुमको अरपतु हो।
'द्यानत' कीज्यो शिव-खेत, भूमि समरपतु हो॥
नन्दीश्वर श्रीजिनधाम वावन पुज करो।
वसुदिन प्रतिमा अभिराम आनन्द भाव धरो॥

ओं ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दशलक्षणधर्म

आठों दरब संभार, 'द्यानत' अधिक उछाहसो।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा॥

ओ ह्रीं उत्तमक्षमादि-दशलक्षणधर्माय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोलहकारण

जल फल आठों दरव चढ़ाय द्यानत वरत करो मनलाय।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो॥
दरसविशुद्धि भावना भाय सोलह तीर्थंकर-पद-दाय।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो॥

ओं ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्योऽनर्घपद प्राप्तये अर्घं।

सप्तर्षि

जल गंध अक्षत पुष्प चरुवर, दीप धूप सु लावना।
फल जलित आठौं द्रव्य-मिश्रित, अर्घ कीजे पावना॥
मन्वादि चारण-ऋद्धि-धारक, मुनिनकी पूजा करूं।
ता करें पातक हरें सारे, सकल आनंद विस्तरूं॥

ओं ह्रीं श्रीं श्रीमन्वादिसप्तर्षिभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

निर्वाण क्षेत्र

जल गंध अच्छत फूल चरु फल, दीप धूपायन धरौं।
'द्यानत' करो निरभय जगतसों, जोर कर विनती करौं॥
सम्मेदगढ़ गिरनार चंपा, पावापुरि कैलाशकैं।
पूजौं सदा चौबीस जिन, निर्वाणभूमि

ओं ह्रीं

सरस्वती

जल चदन अक्षत फूल चरू, अरु दीप धूप अति फल लावै।
पूजा को ठानत जो तुम जानत, सो नर ज्ञानत सुखपावै॥
तीर्थकर की ध्वनि, गणधर ने सुनि, अग रचे चुनि ज्ञानमई।
सो जिनवर वानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन-मानी पूज्य भई॥
ओ ह्री श्री जिन-मुखोद्भव-सरस्वतीदेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री आदिनाथ जिनेन्द्र

शुचि निर्मल नीरं गंध सुअक्षत, पुष्प चरू ले मन हरषाय।
दीप धूप फल अर्घ सुलेकर, नाचत ताल मृदग बजाय॥
श्रीआदिनाथ के चरण कमलपर, बलिबलि जाऊ मनबचकाय।
हो करुणानिधि भव दुख मेटो, यातै मै पूजो प्रभु पाय॥
ओ ह्री श्री आदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति०।

श्रीचन्द्रप्रभ जिनेन्द्र

जल गन्ध तदुल पुष्प चरु ले, दीप धूप फलौघही।
कन थाल अर्घ बनाय शिव सुख 'रामचद' लहै सही॥
श्रीचंद्रप्रभ दुतिचद को पद कमल नखससिलगि रह्यो।
आतक दाह निवारि मेरी, अरज सुनि मैं दुख सह्यो॥
ओं ह्रीं श्रीचद्रप्रभस्वामिने अनर्ध्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति०।

श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्र

जलफल दरव मिलाय गाय गुन, आठो अग नमाई।
शिवपदराज हेत हे श्रीपति! निकट धरो यह लाई॥

श्री महावीर जिनेन्द्र

जल फल वसु सजि हिम थार, तन मन मोद धरो।
गुणगाऊँ भवदधितार, पूजत पाप हरो॥
श्री वीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर, सन्मति दायक हो॥

ओ ह्री श्री महावीर जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घं निर्व०।

श्रीरत्नत्रय

आठ दरब निरधार, उत्तम सो उत्तम लिये।
जनम-रोग निरवार, सम्यक् रत्न-त्रय भजू॥ ६॥

ओ ह्री सम्यक् रत्नत्रयाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व०।

श्री ऋषि—मण्डल

जल फलादिक द्रव्य लेकर अर्घ सुन्दर कर लिया।
ससार रोग निवार भगवन् वारि तुम पद मे दिया॥

जहा सुभग ऋषिमडल विराजै पूजि मन वच तन सदा।
तिस मनोवाछित मिलत सब सुख स्वप्न मे दुख नहि कदा॥

ओ ह्री सर्वोपद्रव-विनाशन-समर्थाय, रोग-शोक-सर्व-सकट हराय, सर्वशान्ति-पुष्टि-कराय, श्रीवृषभादि चौबीस तीर्थंकर, अष्ट वर्ग, अरहतादि पचपद, दर्शन-ज्ञान-चारित्र, चतुर्णिकाय देव, चार प्रकार अवधिधारक श्रमण, अष्ट ऋद्धि सयुक्त ऋषि, बीस चार सूर, तीन ह्री, अर्हंतबिम्ब, दशदिग्पाल यन्त्र सम्बन्धि परमदेवाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

बृहत् शान्तिधारा पाठ

—००:—

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं व म ह न त प वं वं म म ह ह न म त त प प झं झं ख्वीं ख्वीं क्वीं क्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय-द्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते। ॐ ह्रीं क्रों नम पाप खण्डय खण्डय जहि-जहि दह-दह पच-पच पाचय २ ॐ नमो अर्हन् झं ख्वीं ख्वीं ह्रं न झं व ह्रं प ह क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्ष क्ष क्ष्वीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रों ह्रौं ह्रः ह्रः द्रां द्रीं द्रावय द्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते ठ ठ. अस्माक श्रीरस्तु वृद्धिरस्तु तुष्टिरस्तु पुष्टिरस्तु शान्तिरस्तु कान्तिरस्तु कल्याणमस्तु स्वाहा। एव अस्माक कार्यसिद्धयर्थं सर्वविघ्ननिवारणार्थं श्रीमद्भगवदर्हत्सर्वज्ञपरमेष्ठिपरमपवित्राय नमोनम। अस्माक श्रीशान्तिभट्टारकपादपद्मप्रसादात् सद्धर्म श्रीबलायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिरस्तु सद्धर्मस्वशिष्यपरशिष्यवर्ग प्रमोदन्तु न।

ॐ वृषभादय श्रीवर्द्धमानपर्यन्ताश्चतुर्विंशत्यर्हन्तो भगवन्त सर्वज्ञा. परममगलनामधेया अस्माक इहामुत्र च सिद्धि तन्वन्तु कार्येषु च इहामुत्र च सिद्धि प्रयच्छन्तु न।

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते श्रीमत्पार्श्वतीर्थंकराय श्रीमद्रत्नत्रयरूपाय दिव्यतेजोमूर्तये प्रभामण्डलमण्डिताय द्वादशगणसहिताय अनन्तचतुष्टयसहिताय समवशरणकेवलज्ञानलक्ष्मीशोभिताय अष्टादशदोषरहिताय षट्चत्वारिंशद्गुण-

भिन्धि २ । सर्वपरमन्त्र छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वात्मघात-परयात्र छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वमूलरोग कुक्षिरोग अक्षि-रोग शिरोरोग ज्वररोगं च छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि । सर्वमन्मारि छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि । सर्वगजाश्व-गोमहिष अजमारि छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि । सर्वसस्य-धान्य वृक्षलतागुल्मफलपुष्पफलमारि छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वराष्ट्रमारि छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वक्रूरवेतालशाकिनी डाकिनी भयानि छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्ववेदनीयं छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वमोहनीय छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वापस्मारि छिन्धि २ भिन्धि २ । अस्माक अशुभकर्मजनितदुःखानि छिन्धि २ भिन्धि २ । दुष्टजनकृतान् मन्त्रतन्त्रदृष्टिमुष्टिछल छिद्रदोषान् छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वदुष्टदेवदानववीरनर नाहरनिग्रहयोगनीकृतदोषान् छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वअष्ट-कुलीनागजनितविषभयानि छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वस्था-वरजगमवृश्चिकसर्पादिकृतदोषान् छिन्धि २ भिन्धि २ । सर्वसिंहाष्टापदादिकृतदोषान् छिन्धि २ भिन्धि २ । परशत्रुकृतमारणोच्चाटन विद्वेषणमोहनवशीकरणादिदोषान् छिन्धि २ भिन्धि २ । ॐ ह्रीं अस्मभ्य चक्रविक्रम सत्व-तेजोबलशौर्यशान्ती पूरय पूरय । सर्वजीवानन्दन जनानन्दन भव्यानदन गोकुलानदन च कुरु कुरु । सर्वराजानदन कुरु कुरु । सर्वग्रामनगर खेडाकर्वडमठवद्रोणमुखसवाहनानदन कुरु कुरु । सर्वानदन कुरु कुरु स्वाहा ।

यत्सुस्था त्रिषु लोकेषु व्याधिव्यसनवर्जित । अभय क्षेम-मारोग्य स्वस्तिरस्तु विधीयते ॥ श्रीशान्तिरस्तु । शिवमस्तु । जयोस्तु । नित्यमारोग्यमस्तु । अस्माक पुष्टिरस्तु । समृद्धि-रस्तु । कल्याणमस्तु । सुखमस्तु । अभिवृद्धिरस्तु । दीर्घा-युरस्तु कुलगोत्रधनानि सदा सन्तु । सद्धर्म—श्रीबलायुरारो-ग्यैश्वर्याभिवृद्धिरस्तु ।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं असि आ उसा अनाहतविद्यायै णमो-अरहताण ह्रौं सर्व शान्ति कुरु कुरु स्वाहा ।

आयुर्वल्ली विलास सकलसुखफलैर्द्राघयित्वा स्वनल्पं
धीरं वीर शरीर निरुपमुपनयत्वाततोत्वच्छकीर्ति ॥
सिद्धि वृद्धि समृद्धि प्रथयतु तरणि स्फूर्यदुच्चै प्रताप ।
कान्ति शान्ति समाधि वितरतु भवतामुत्तमा शान्तिधारा ॥

इति बृहत् शान्तिधारा ।

मन्दिर मे हंसी मजाक, खोटी कथा, स्त्री कथा, भोजन कथा, चोर आदि की कथा, शृंगार, कलह, निद्रा, खान-पान तथा थूकना आदि नही करना चाहिए । मुख स्वच्छ होना चाहिए । पान इलायची वगैरह खाया हो तो कुल्ला करके ही मन्दिर मे जाना चाहिए ।

मन्दिर आत्म-साधन का पवित्र स्थान है । वहाँ आरम्भ परिग्रह (घरेलू काम-काज तथा धन-सम्पत्ति) के विचारो का त्याग कर अत्यन्त शान्ति पूर्वक धार्मिक भावनायें हो मन मे लानी चाहिए । व्यवहारिक कार्य और घरेलू चर्चा मन्दिर मे नही करनी चाहिए । यह पापबन्ध का कारण है । धार्मिक मर्यादाओ के पालन से पुण्य-बन्ध होने के साथ २ जीवन भी सफल होता है ।

भारत के प्रमुख जैन तीर्थ-क्षेत्र

[बिहार प्रान्त]

सम्मेद शिखर—ईस्टर्न रेलवे के पारसनाथ अथवा गिरीडीह स्टेशन से पहाड की तलहटी मधुवन तक क्रमश १४ और १८ मील है। इस क्षेत्र से २० तीर्थंकर एवं असख्यात मुनि मोक्ष गये है। पहाड की चढाई-उतराई तथा यात्रा करीवन १८ मील की है। पारसनाथ हिल और गिरीडीह से मोटर शिखरजी जाने के लिए मिलती है।

कुलुआ पहाड़—यह पहाड जगल मे है। गया से जाया जाता है। इसकी चढाई २ मील है। इस पहाड पर १० वे तीर्थंकर शीतलनाथजी ने तप करके केवल ज्ञान प्राप्त किया था।

गुणावा—पटना जिले के नवादा स्टेशन से डेढ मील। यहाँ से गौतम स्वामी मोक्ष गए हैं।

पावापुरी—विहार प्रान्त मे स्टेशन विहारशरीफ मे १२ मील। नवादा से मोटर भी जाती है। यहाँ मे महावीर स्वामी कार्तिक कृष्ण ३० को मोक्ष गए हैं। यहाँ का जल मन्दिर दशनीय है। उसी मे भगवान के चरणचिह्न स्थित हैं।

राजगृही—बिहार प्रान्त मे स्टेशन राजगिरि कुण्ड से ४ मील अथवा विहारशरीफ से २४ मील। यहाँ विपुलाचल, सोनागिरि, रत्नागिरि, उदयगिरि, वैभारगिरि ये पच पहाडियाँ प्रसिद्ध हैं। इन पर २३ तीर्थकरो का समवशरण आया था तथा कई मुनि मोक्ष भी गए हैं। (यह राजा श्रेणिक की राजधानी थी)।

कुण्डलपुर—राजगृही के पास नालदा स्टेशन से ३ मील। यह भ० महावीर का जन्म स्थान माना जाता है।

चम्पापुर—विहार प्रान्त मे भागलपुर स्टेशन। यहाँ से वासुपूज्य स्वामी मोक्ष गए हैं।

पटना—पटना सिटी मे गुलजारबाग स्टेशन के पास एक छोटी-सी टोकरी पर चरण पादुकाएँ स्थापित हैं। यहाँ से सेठ सुदर्शन ने मुक्ति लाभ किया है।

[उडीसा प्रान्त]

खण्डगिरि—उडीसा प्रान्त मे भुवनेश्वर स्टेशन से ४ मील पर खण्डगिरि और उदयगिरि नाम की दो पहाडियाँ है। यही से कलिंग देश के ५०० मुनि मोक्ष गए है।

[उत्तर प्रदेश]

वाराणसी—इस नगर मे भदैनीघाट सातवें तीर्थंकर भगवान् सुपार्श्वनाथ का जन्म स्थान है। भेलुपुर मे तेईसवें तीर्थंकर भगवान् पार्श्वनाथ की जन्मभूमि है। शहर मे अन्य कई मन्दिर दर्शनीय हैं।

सिंहपुरी—बनारस से ७ मील। यहाँ श्रेयासनाथ भगवान के गर्भ, जन्म, तप ये तीन कल्याणक हुए। यहाँ बौद्धमन्दिर आदि अन्य स्थान देखने योग्य है।

चन्द्रपुरी—बनारस से १३ मील अथवा सारनाथ से ७ मील पर गगा किनारे। यहाँ पर चन्द्रप्रभु भगवान् का जन्म हुआ था।

प्रयाग—यहाँ त्रिवेणी सगम के पास एक पुराना किला है। किले के भीतर जमीन के अन्दर एक अक्षय वट (बड का पेड) है। कहते है कि श्री ऋषभदेव ने यहाँ तप किया था।

अयोध्या—आदिनाथ, अजितनाथ, अभिनन्दननाथ, सुमतिनाथ, अनन्तनाथ का जन्म स्थान।

रत्नपुरी—फैजाबाद जिले मे सोहावल स्टेशन से १॥ मील। धर्मनाथ स्वामी के चार कल्याणक हुए हैं।

श्रावस्ती—बहराइच से २९ मील। यह भ० सम्भवनाथ की पवित्र जन्मभूमि है और यही ४ कल्याणक हुए हैं।

कौशाम्बी—प्रयाग से ३२ मील पर फफौसा ग्राम के पास। यहाँ पर पद्मप्रभु स्वामी के चार कल्याणक हुए है।

कम्पिला—कानपुर कासगज लाइन पर। कायमगज स्टेशन से ८ मील। यहाँ विमलनाथ स्वामी के चार कल्याण हुए हैं।

अहिक्षेत्र—बरेली अलीगढ लाइनपर आमला स्टेशन से ८ मील रामनगर गाँव से लगा हुआ यह क्षेत्र है। इस क्षेत्र पर तपस्या करते हुए भ० पार्श्वनाथ के ऊपर कमठ के जीव ने घोर उपसर्ग किया था और उन्हे केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

हस्तिनापुर—मेरठ से २२ मील। शान्तिनाथ, कुन्थुनाथ और अरहनाथ तीर्थकरो के गर्भ, जन्म, तप कल्याणक हुए हैं।

चौरासी—मथुरा शहर से १॥ मील। यहाँ से जम्बूस्वामी मोक्ष गए हैं।

शौरीपुर—शिकोहाबाद से १० मील बटेश्वर ग्राम है। यहाँ पर नेमिनाथ स्वामी के गर्भ और जन्म ये दो कल्याणक हुए है।

देवगढ—ललितपुर के निकट (जाखलौन स्टेशन से ८ मील दूरी पर) है। भ० शान्तिनाथ की १२ फोट उत्तुग विशाल प्रतिमा, ८ मानस्तम्भ हैं तथा कई कलापूर्ण सुन्दर प्राचीन मन्दिर है।

अहार—ललितपुर स्टेशन से ३६ मील टीकमगढ है वहाँ से १२ मील पूर्व मे यह क्षेत्र स्थित है। यहाँ पर १८ फुट उत्तुग भ० शान्तिनाथ की सर्वोत्तम प्रतिमा तथा विशाल सग्रहालय है।

[मध्यप्रदेश बुन्देलखण्ड]

सोनागिरि—ग्वालियर झाँसी लाइन पर सोनागिरि स्टेशन से २ मील श्रमणाचल पवत है। पहाड पर ७७ दि० जैन मन्दिर हैं। यहाँ से नगानगकुमार आदि साढे पाँच सौ करोड मुनि मोक्ष गए हैं।

पपौरा—ललितपुर से ३६ मील और टीकमगढ से ३ मील है। चारो ओर कोट बना है। यहाँ लगभग ६० मन्दिर है। कार्तिक सुदी १४ को मेला भरता है।

चन्देरी—ललितपुर से २४ मील। वहाँ से मोटर जाती है। यहाँ की चौबीसी भारतवर्ष मे प्रसिद्ध है।

पचराई—चन्देरी से २४ मील खनियाधाना स्थान है वहाँ से ८ मील पर पचराई गाँव है। यहा पर २८ जिन मन्दिर हैं।

थूबौन—चन्देरी से आठ मील। यहा २५ मन्दिर हैं। भ० शान्तिनाथ की २० फुट उत्तुग मूर्ति अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है।

अन्तरिक्ष पार्श्वनाथ—सैन्ट्रल रेलवे के अकोला (बरार) स्टेशन से लगभग ४० मील पर शिवपुर नाम का गाँव है। गाँव के मध्य-धर्मशालाओ के बीच मे एक बहुत बडा प्राचीन विशाल दुमजिला जैन मन्दिर है। नीचे की मजिल मे एक श्यामवर्ण २॥ फुट ऊँचो पार्श्वनाथ जी की प्राचीन प्रतिमा है। जो वेदी के ऊपर अधर मे विराजमान है।

खजुराहा—मध्यप्रदेश मे छतरपुर से ७ मील। यह एक छोटा-सा गाँव है। ३ दि० जैन मन्दिर है यहाँ के प्राचीन मन्दिरो की निर्माण कला दर्शनीय है।

द्रोणगिरि— मध्यप्रदेश मे सेधपा नामक गाँव है। निकटवर्ती स्टेशन गणेशगज, सागर तथा लिधौरा है। यहाँ से गुरुदत्तादि मुनि मोक्ष गये हैं।

नैनागिरि—सैंट्रल रेलवे के सागर स्टेशन से ३० मील। सागर से मोटर दलपतपुर जाती है वहाँ से ७ मील है। यहाँ से वरदत्तादि मुनि मोक्ष गए हैं।

कुण्डलपुर—सैंट्रल रेलवे की कटनी-बीना लाइन पर दमोह स्टेशन से २४ मील। भ० महावीर स्वामी की मनोज्ञ मूर्ति के माहात्म्य के सम्बन्ध मे अनेक किंवदन्तियाँ हैं। कुल ५९ मन्दिर हैं।

मुक्तागिरि—मध्यप्रान्त के एलचपुर स्टेशन से १२ मील पहाडी जगल मे है। यहाँ से साढे तीन कराड मुनि मोक्ष गए हैं।

मक्सी पार्श्वनाथ—सैंट्रल रेलवे की भोपाल उज्जन शाखा मे इस नाम का स्टेशन है। यहाँ से १ मील पर एक प्राचीन जैन मन्दिर है। उसमे पार्श्वनाथ की बड़ी मनोज्ञ प्रतिमा है।

सिद्धवरकूट—इन्दौर से खडवा लाइन पर मोरटक्का नामक

स्टेशन से ओंकारेश्वर होते हुए अथवा सनावद से ६ मील पर है। यहाँ से दो चक्रवर्ती, १० कामदेव एवं साढे तीन करोड मुनि मोक्ष गए हैं।

बड़वानी—बड़वानी स्टेशन से ५ मील पहाड पर यह क्षेत्र है। यहाँ के चूलगिरि पर्वत से इन्द्रजीत और कुम्भकर्ण मुनि मोक्ष गए हैं।

रामटेक—यह स्थान नागपुर से २४ मील पर है। यहा दि० जैनों के आठ मन्दिर हैं, जिनमे से एक प्राचीन मन्दिर में सोलहवें तीर्थंकर श्री शान्तिनाथ स्वामी की १५ फीट ऊँची मनोज्ञ प्रतिमा है।

[राजस्थान]

श्री महावीर जी—पश्चिम रेलवे के नागदा मथुरा लाइन पर श्रीमहावीर जी स्टेशन है यहाँ से ४ मील पर क्षेत्र है। भ० महावीर की अतिमनोज्ञ प्रतिमा पास के ही एक टीले के अन्दर से निकली थी।

चांदखेडी—कोटा के निकट खानपुर नाम का एक प्राचीन नगर है। खानपुर से २ फर्लांग की दूरी पर चांदखेडी नाम की पुरानी बस्ती है। यहाँ भूगर्भ मे एक अति विशाल जैन मन्दिर है एव अनेक विशाल जैन प्रतिमाएं हैं।

पद्मपुरी—स्टेशन ब्योदानपुर। भ० पद्मप्रभु की अतिशय-पूर्ण भव्य और मनोज्ञ प्रतिमा के अतिशय के कारण इस क्षेत्र का पद्मपुरी नाम पडा है।

केशरियानाथ—उदयपुर स्टेशन से ४० मील पर। यहा ऋषभ-देव स्वामी का विशाल मन्दिर है। यहाँ भारत के सभी तीर्थों से अधिक केशर भगवान को चढ़ती है। इसीसे इसका नाम केशरिया-नाथ है।

[गुजरात तथा दक्षिण प्रान्त]

तारगा—गुजरात मे स्टेशन तारगाहिल से ३ मील दूर पहाड पर यह क्षेत्र है। यहाँ से वरदत्तादि साढ़े तीन करोड मुनि मोक्ष गए है।

गिरिनार—काठियावाड मे जूनागढ स्टेशन से ४-५ मील की दूरी पर गिरिनार पर्वत की तलहटी है। पहाड पर ७००० सीढियो का चढाव है। यहाँ से नेमिनाथ स्वामी तथा ७२ करोड सात सौ मुनि मोक्ष गए है।

शत्रु जय—पालीताना स्टेशन से २ मील पर। यहाँ से युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन तथा ८ करोड मुनि मोक्ष गए है।

पावागढ—बडौदा से २८ मील की दूरी पर यह क्षेत्र है। यहाँ से लव, कुश आदि पाँच करोड मुनि मोक्ष गए हैं।

मागीतुगी—मनमाड स्टेशन से ७० मील पर घने जगल मे पहाड पर यह क्षेत्र है। यहाँ से रामचन्द्र, सुग्रीव, गवय, गवाक्ष, नील आदि ९९ करोड मुनि मोक्ष गए हैं।

गजपन्था—नासिकरोड स्टेशन से ९ मील नसरूल ग्राम के पास। यहाँ से बलभद्र आदि आठ करोड मुनि मोक्ष गए हैं।

कुथलगिरि—वार्सी टाउन रेलवे स्टेशन से २१ मील दूर पर। यहाँ से देशभूषण, कुलभूषण मुनि मोक्ष गये है।

मूडबिद्री—कारकल से दस मील पर यह एक अच्छा कसबा है। यहाँ १८ मन्दिर है। यहाँ के मन्दिरो मे, हीरा, पन्ना, पुखराज, मूंगा, नीलम की मूर्तियाँ है।

श्रवणबेलगोला—हासन जिले के अन्तर्गत यह क्षेत्र है। हासन से मोटर जाती है। श्रवणबेलगोला मे चन्द्रगिरि और विन्ध्यगिरि नाम की दो पहाडियाँ पास-पास है। पहाड पर ५७ फीट ऊँची बाहुबलि की प्रतिमा विराजमान है। १३ वर्ष बाद महामस्तकाभिषेक होता है। (कल्याणमन्दिर से)

प्रमुख जैन पर्व

	कार्तिक
महावीर निर्वाणोत्सव	कार्तिक कृष्ण १५ के प्रात ।
अष्टाह्निका	कार्तिक शुक्ला ८ से १५ तक ।
	पौष
षोडशकारणव्रत	पौष शुक्ला १५ से फागुन कृष्णा १ तक ।
	माघ
दशलक्षण (पर्यूषण)	माघ शुक्ल ५ से १४ तक ।
पुष्पाजलि	माघ शुक्ला ५ से ९ तक ।
रत्नत्रय	माघशुक्ला १३ से १५ तक ।
ऋषभ निर्वाणोत्सव	माघ कृष्ण १४ ।
	फागुन
अष्टाह्निका	फागुन शुक्ला ८ से १५ तक ।
	चैत्र
षोडशकारण	चैत्र कृष्ण १ से वैशाख कृष्ण १ तक ।
दशलक्षण	चैत्र शुक्ला ५ से १४ तक ।
पुष्पाञ्जलि	चैत्र शुक्ला ५ से ९ तक ।
रत्नत्रय	चत्रशुक्ल १३ से १५ तक ।
महावीर जयन्ती	चैत्र सुदी १३ ।

वैशाख

अक्षयतृतीया	वैशाख शुक्ला ३।

ज्येष्ठ

श्रुतपचमी	ज्येष्ठ शुक्ला ५।

आषाढ़

अष्टाह्निकाव्रत	आषाढ शु० ८ से १५ तक।

श्रावण

वीर-शासन जयन्ती	श्रावण कृष्णा १।
रक्षाबन्धन	श्रावण शुक्ला १५।

भाद्रपद

षोडशकरण	भाद्रपद कृष्ण १ से आसौज कृष्णा १।
दशलक्षण	भाद्रपद शुक्ला ५ से १४ तक।
पुष्पाजलि	भाद्रपद शु० ५ से ६ तक।
रत्नत्रय	भाद्रपद शु० १३ से १५ तक।
लब्धिविधान	भाद्रपद शुक्ला १।
रोटतीज	भाद्रपद शु० ३।
शील-सप्तमी	भाद्रपद शु० ७।
सुगधदशमी	भाद्रपद शु० १०।
अनन्तव्रत	भाद्रपद शु० ११।
अनन्तचौदस	भाद्रपद शु० १४।

आश्विन

क्षमावणी	आसौज कृष्णा १।

हर एक श्रावक नीचे लिखे दिनों में जरूर पूजन और स्वाध्याय करे क्योंकि ऐसा करने से पुण्य और लाभ की प्राप्ति होती है।

नं०	नाम तीर्थङ्कर	गर्भ	जन्म	तप	ज्ञान कल्याण	मोक्ष
१	श्री आदिनाथ जी (श्री ऋषभदेव)	आषाढ कृष्ण २	चैत वदी ९	चैत वदी ९	फागुन वदी ११	माघ वदी १४
२	,, अजितनाथ जी	जेठ वदी १५	माघ सुदी १०	माघ सुदी १०	पौष सुदी ९	चैत सुदी ५
३	,, शंभवनाथ जी	फागुन सुदी ८	कार्तिक सुदी १५	मगसिरसुदी १५	कार्तिक वदी ४	चैत सुदी ६
४	,, अभिनन्दननाथ जी	वैसाख सुदी ६	माघ वदी १२	माघ सुदी १२	पौष सुदी १४	वैशाख सुदी ६
५	,, सुमतिनाथ जी	सावन सुदी २	चैत्र सुदी ११	चैत सुदी ११	चैत सुदी ११	चैत सुदी ११
६	,, पद्म प्रभ जी	माघ वदी ६	कार्तिक सुदी १३	कार्तिक सुदी १३	चैत सुदी १५	फागुन वदी ४
७	,, सुपार्श्वनाथ जी	भादों सुदी ६	जेठ सुदी १२	जेठ सुदी १२	फागुन वदी ६	फागुन वदी ७
८	,, चन्द्रप्रभ जी	चैत वदी ५	पौष वदी ११	पौष वदी ११	फागुन वदी ७	फागुन सुदी ७
९	,, पुष्पदत जी	फागुन वदी ९	मगसिर सुदी १	मगसिर सुदी १	कार्तिक सुदी २	आसोज सुदी८
१०	,, शीतलनाथ जी	चैत वदी ८	माघ वदी १२	माघ वदी १२	पौष वदी १४	आसोज सुदी८

नं०	नाम तीर्थङ्कर	गर्भ	जन्म	तप	ज्ञान कल्याण	मोक्ष
११	„ श्री श्रेयासनाथ जी	जेठ वदी ८	फागुन वदी ११	फागुन वदी ११	माघ वदी १	सावन सुदी १५
१२	„ वासुपूज्य जी	असाढ वदी ६	फागुन वदी ११	फागुन वदी १४	भादो वदी ३	भादो सुदी १४
१३	„ विमलनाथ जी	जेठ वदी १०	माघ सुदी १४	माघ सुदी १४	माघ सुदी ६	असाढ वदी ६
१४	„ अनन्तनाथ जी	कार्तिक वदी १	जेठ वदी १२	जेठ वदी १२	चैत वदी १५	चैत वदी ४
१५	„ धर्मनाथजी	वैसाख सुदी ८	माघ सुदी १३	माघ सुदी १३	पोष सुदी १५	जेठ सुदी १४
१६	„ शान्तिनाथ जी	भादों वदी ७	जैठ वदी ४	जेठ वदी १४	पोष सुदी १०	जेठ वदी १४
१७	„ कुंथुनाथ जी	सावन वदी १०	वैसाख सुदी १	वैसाख सुदी १	चैत सुदी ३	वैसाख सुदी १
१८	„ अरनाथ जी	फागुन सुदी ३	मगसिरसुदी ,४	मगसिर सु० १४	कातिक सुदी १२	चैत सुदी ११
१९	„ मल्लिनाथ जी	चैत सुदी १	मगसिर सुदी११	मगसिर सु० ११	पोष वदी २	फागुन सुदी ५
२०	„ मुनिसुव्रतनाथ जी	सावन वदी ८	जैसाख व० १०	वैसाख वदी १०	वैसाख वदी ९	फागुन वदी १२
२१	„ नमिनाथ जी	असोज वदी २	असाढ वदी १०	असाढ वदी १०	मगसिर सु० ११	वैशाख वदी १४
२२	„ नेमिनाथ जी	कार्तिक सुदी ६	सावन सुदी ६	सावन सुदी ६	असोज सुदी १	असाढ सुदी ८
२३	„ पार्श्वनाथ जी	वैसाख वदी २	पौष वदी ११	पौष वदी ११	चैत वदी ४	सावन सुदी १
२४	„ श्री महावीर जी	असाढ सुदी ६	चैतसुदी १३	मगसिर व १०	वैसाख सुदी १०	कार्तिक वदी १५

श्री दि० जैन अतिशय क्षेत्र पद्मपुरा (बाडा) स्थित

श्री पद्मप्रभ-पूजा

* दोहा *

श्रीधर नन्दन पद्म प्रभ वीतराग जिन नाथ ।
विघ्न हरण मंगल करण, नमो जोरि जुग हाथ ॥
जन्म महोत्सव के लिए, मिल कर सब सुर राज ।
आये कौशाम्बी नगर, पद पूजा के काज ॥
पद्मपुरी में पद्मप्रभ, प्रगटे प्रतिमा रूप ।
पद्म दिगम्बर शान्तिमय, छवि साकार अनूप ॥
हम सब मिल करके यहां, प्रभु पूजा के काज ।
आह्वानन करते मुदित, कृपा करो महाराज ॥

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर २, संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ २ ठ ठ स्थापनम् ।
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव २ वषट् ।

(अष्टक)

क्षीरोदधि उज्ज्वल नीर, प्रासुक गन्ध भरा ।
कञ्चन झारी में लेय, दीनो धार धरा ॥
बाडा के पद्म जिनेश, मंगल रूप सही ।
काटो सब क्लेश महेश, मेरी अर्ज यही ॥
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभजिनेन्द्रायजन्ममृत्यु विनाशनाय जल० ।

चन्दन केशर कर्पूर, मिश्रित गन्ध धरो।
शीतलता के हित देव, भव आताप हरो ।। बाडा० ।।
ॐ ह्री श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चन्दन० ।

ले तन्दुल अमल अखण्ड, थाली पूर्ण भरो।
अक्षय पद पावन हेतु, हे प्रभु पाप हरो ।। बाडा०
ॐ ह्री श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षत०

ले कमल केतकी वेल, पुष्प धरू आगे।
प्रभु सुनिये हमरी टेर, काम कला भागे ।। बाडा०
ॐ ह्री श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय काम-बाण-विध्वंशनाय पुष्प० ।

नैवेद्य तुरत बनवाय, सुन्दर थाल सजा।
मम क्षुधा रोग नश जायें, गाऊ वाद्य बजा ।। बाडा०
ॐ ह्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्य ।

हो जगमग-जगमग ज्योति, सुन्दर अनियारी।
ले दीपक श्री जिनचन्द्र, मोह नशे भारी ।। बाडा०
ॐ ह्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय मोहान्धकार-विनाशनाय दीप ।

ले अगर कपूर सुगन्ध, चन्दन गन्ध महा।
खेवत हो प्रभु ढिग आज, आठो कर्म दहा ।। बाडा०
ॐ ह्री श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूप ।

श्रीफल बादाम मुल्लेय, केला आदि हरे।
फल पाऊ शिवपद नाथ, अरपू मोद भरे ।। बाडा०
ॐ ह्री श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्तये फल ।

जल चन्दन अक्षत पुष्प, नेवज आदि मिला।
मैं अष्ट द्रव्य से पूज, पाऊ सिद्ध शिला ।। बाडा०
ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं० ।

दोहा–(अर्घ चरणों का)

चरण कमल श्री पद्म के, वन्दौ मन वच काय।
अर्घ चढाऊ भाव से, कर्म नष्ट हो जाय ॥ बाडा० ॥

ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं ।

(भूमि के अन्दर विराजमान समय का अर्घ)

पृथ्वी मे श्री पद्म जी, पद्मासन आकार।
परम दिगम्बर शान्तिमय प्रतिमा भव्य अपार ॥
सौम्य शान्त अति कान्तिमय, निर्विकार साकार।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य ले पूजूं विविध प्रकार ॥ बाडा ॥

ॐ ह्रीं भूमि स्थित श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं ।

(पद्म कल्याणक)

पद्मप्रभ जिनराज जी मोहे राखो हो शरना।

दोहा–माघ कृष्ण छठ मे प्रभो, आये गर्भ मझार।
मात सुसीमा का जनम, किया सफल करतार ॥ श्रीपद्म०

ॐ ह्रीं माघ कृष्णा ६ गर्भ मङ्गलप्राप्ताय श्री पद्मप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यम्० ।

कार्तिक सुदी तेरह तिथी, प्रभू लियो अवतार।
देवों ने पूजा करी, हुआ मङ्गलाचार ॥ श्री पद्मप्रभ० ॥

ॐ ह्रीं कार्तिक शुक्ला १३ जन्ममङ्गलप्राप्ताय श्रीपद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं० ।

कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी, तृणवत् बन्धन तोड।
तप धारो भगवान ने मोह कर्म को मोड ॥ श्रीपद्म० ॥

ॐ ह्री कार्तिक शुक्ला १३ तपकल्याणकप्राप्ताय श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि०

चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा उपज्यो केवलज्ञान ।
भव सागर से पार हो, दियो भव्य जन ज्ञान ॥ श्रीपद्म० ॥

ॐ ह्री चैत्र शुक्ला १५ केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीपद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यम् नि० ।

फागुन वदी सुचौथ को, मोक्ष गये भगवान ।
इन्द्र आय पूजा करी, मैं पूजौं धर ध्यान ॥ श्री पद्म० ॥

ॐ ह्री फाल्गुन कृष्णा ४ मोक्षमङ्गलप्राप्ताय श्री पद्मप्रभ जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि० ।

(जयमाला)

दोहा—चौतीसो अतिशय सहित, वाडा के भगवान ।
जयमाला श्रीपद्म की, गाऊं सुखद महान ॥

(पद्धरि छन्द)

जय पद्मनाथ परमात्मदेव । जिनकी करते सुर चरन सेव ॥
जय पद्म २ प्रभु तन रसाल । जय २ करते मुनि मन विशाल ॥
कौशाम्बी मे तुम जन्म लीन । वाडा मे बहु अतिशय करीन ॥
इक जाट पुत्र ने जमी खोद । पाया तुमको होकर समोद ॥
सुनकर हर्षित हो भविक वृन्द । पूजा आकर की दुख निकन्द ॥
करते दुखियो का दुःख दूर । हो नष्ट प्रेत बाधा जरूर ॥
डाकिन शाकिन सब होय चूर्ण । अन्धे हो जाते नेत्र पूर्ण ॥
श्रीपाल सेठ अंजन सुचोर । तारे तुमने उनको विभोर ॥
अरु नकुल सर्प नीता समेत । तारे तुमने निज भक्त हेत ॥
हे सङ्कट मोचन भक्तपाल । हमको भी तारो गुण विशाल ॥

विनती करना है बार-बार । हाथ मेरा दुख डार-डार ॥
सोना गुलाब वर जाट नैन । आकर पूजे कर तृप्त नैन ॥
मन वच तन से पूजे जो कोय । पावे वे नर शिव सुख जू सोय ॥
ऐसी महिमा तेरी दयाल । अब हम पर भी होवो कृपाल ॥

ॐ ह्रीं श्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय जन्मजरा मृत्युविनाशनाय अर्घं० ।

मेरी मे श्री पद्म की पूजा मन्त्री विशाल ।
हुआ राग तब नष्ट सब, विनय लोकपाल ॥
पूजा विधि जानू नहीं, नहि जानू आह्वानन ।
भूल चूक सब माफ कर, दया करो भगवान ॥

जलाभिषेक ।

बाहुबलि स्वामी की पूजा ।

दोहा ।

कर्म अरिगण जीतिके, दरशायो शिव पंथ ।
प्रथम सिद्ध पद जिन लयो भोग भूमिके अंत ॥ १
समर दृष्टि जल जीत लहि, मल्लयुद्ध जय पाय ।
वीर अग्रणी बाहुबलि, वंदो मन वच काय ॥२॥

ओं ह्रीं श्रीमत गोमटेश्वर अत्र अवतर अवतर संवौषट् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ । अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

अथ अष्टक चाल जोगीरासा ।

जन्म जरा मरनादि तृषा हर, जगत जीव दुख पावै
तिहि दुख दूर करन जिनपद को पूजन जल ले आवै ।

परम पूज्य वीराधिवीर जिन वाहुवलि वलधारी।
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥१॥

ओं ह्रीं वर्तमानावसर्पिणी समये प्रथम मुक्ति स्थान प्राप्ताय कर्मारि विजयी वीराधिवीर वीराग्रणी श्री वाहुवलि परम योगीन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जल ॥ १ ॥

यह ससार मरुस्थल अटवी तृष्णा दाह भरी है,
तिहि दुख वारन चदन लेकैं जिन पद पूज करी है।
परम पूज्य वीराधिवीर जिन वाहुवलि वलधारी,
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥२॥

॥ चदनं० ॥

स्वच्छ सालि शुचि नीरज रजमम गध अखड प्रचारी,
अक्षय पदके पावन कारन पूजें भवि जगतारी।
परम पूज्य वीराधिवीर जिन वाहुवलि वलधारी,
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥३॥

॥ अक्षत० ॥

हरिहर चक्रपति सुर दानव मानव पशु वश याकैं,
तिहि मकरध्वज नामक जिनको पूजो पुष्प चढाकैं।
परम पूज्य वीराधिवीर जिन वाहुवलि वलधारी,
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥४॥

॥ पुष्प० ॥

दुखद त्रिजग जीवनको अति ही दोष क्षुधा अनिवारी,
तिहि दुख दूर करनको चरु वर ले जिन पूज प्रचारी।
परम पूज्य वीरगणिधीर जिन बाहुबलि बलधारी,
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥५॥

॥ नैवेद्य० ॥

मोह महातम में जग जीवन शिव मग नाहिं लखावै,
तिहि निरवारन दीपक करले जिनपद पूजन आवै।
परम पूज्य वीरगणिधीर जिन बाहुबलि बलधारी।
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥६॥

॥ दीप० ॥

उत्तम धूप सुगंध बनाकर दश दिशमें महकावै,
दश विधि बंध निवारन कारण जिनवर पूज रचावै।
परम पूज्य वीरगणिधीर जिन बाहुबलि बलधारी,
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥७॥

॥ धूप० ॥

सरस सुवरण सुगंध अनूपम स्वच्छ महासुचि लावै,
शिव फल कारण जिनवर पदकी फलसों पूज रचावै।
परम पूज्य वीरगणिधीर जिन बाहुबलि बलधारी,
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥८॥

॥ फल० ॥

वसु विधिके वस वसुधा सब ही परवश अति दुख पावे,
तिहि दुख दूर करनको भविजन अर्घ जिनाग्र चढावे।
परम पूज्य वीरधिवीर जिन बाहुबलि बलधारी,
जिनके चरण कमलको नित प्रति धोक त्रिकाल हमारी ॥९॥

॥ अर्घं० ॥

जयमाला दोहा।

आठ कर्म हनि आठगुण प्रगट करे जिन रूप।
सो जयवन्तो भुजबली प्रथम भये शिव भूप॥

कुसुमलता छन्द।

जै जै जै जगतार जिनोमणि क्षत्रिय वस अमम महान,
जै जै जै जग जन हितकारी दीनो जिन उपदेश प्रमाण।
जै जै चक्रपति सुत जिनके सतसुत जेष्ठ भरत पहिचान,
जै ज जै श्री ऋषभदेव जिनको जयवत सदा जग जान॥१॥

जिनके द्वितीय महादेवी सुचि नाम सुनदा गुण की खान,
रूप शील सम्पन्न मनोहर तिनके सुत भुजबली महान।
सवापच शत धनु उन्नत तनु हरितवरण सोभा असमान,
वैदूरजमणि पर्वत मानो नील कुलाचल सम थिर जान॥२॥

तेजवत परमाणु जगतमे तिन करि रचो शरीर प्रमाण,
सत वीरत्व गुणाकर जाको निरखत हरि हरषे उर आन।

वीरज अतुल वज्र सम नीरज सम वीरागग्रणि अति बलवान,
जिन छवि लखि मनु शशि रवि लाजै कुसुमायुध लीनों सुपुमान
बालपनै जिन बाल चन्द्रमा शोभा में अधिक धरे दुतिसार,
जो गुरुदेव पढ़ाई विद्या सब शास्त्र भये पढ़ी अपार।
ऋषभदेव नै पोदन पुरके नृप कीने भुजबली कुमार,
दई अयोध्या भरतेश्वरको आप बने प्रभुजी वनगार ॥४॥
राजकाज षटखंड महीपति सब दल लै चढ़ि आये आप,
बाहुबलि भी सन्मुख आये मंत्रिन दीन युद्ध दिये थाप।
दृष्टि नीर अरु मल्ल युद्धमें दोनों नृप कीजो बलथाप,
वृथा हानि रुक जाय सैन्यकी यातें लड़िये आपो आप ॥५॥
भरत भुजबली भूपति भाई उतरे समर भूमिमें जाय,
दृष्टि नीर रण थके चक्रपति मल्लयुद्ध तब करो अघाय।
पगतल चलन चलत अचला तब कंपत अचल शिखर ठहराय,
निषध नील अचलाधर मानौं भये चलाचल क्रोध बसाय ॥६॥
भुज विक्रमबलबाहुबलीने लये चक्रपति अधर उठाय,
चक्र चलायो चक्रपति तब सीमा विफल भयो तिहि ठाय।
अति प्रचंड भुजदंड मुंड सम नृप मार्दल बाहुबलि राय,
सिंहासन मघवाय जासप अग्रजको दोनों पधराय ॥७॥
राजरमा रामासुर धनुमें जोवन दमक दामिनी जान,
भोग भुजग जग सम जगको जान त्याग कीनो तिहि थान।

श्री चांदन गांव महावीर स्वामी पूजा।

छन्द।

श्री वीर सन्मति गांव चांदनमें प्रगट भये आय कर।
जिनको वचन मन कायसे मैं पूजहूं शिर नाय कर॥
हूये दयामय नाथ नर लखि, शांतिरूपी मेघको।
तुम ज्ञानरूपी भानसे कीना सुशोभित देशको॥
सुर इन्द्र विद्याधर मुनी नरपति नवावें शीसको।
हम नवत हैं नित चारमों महावीर प्रभु जगदीशको॥

ओं ह्रीं श्री चांदनगांव महावीर स्वामिन अत्र अवतर संवौषट् आह्वाननं। ओं ह्रीं श्री चांदन गांव महावीर स्वामिन अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ. स्थापन। ओं ह्रीं श्री चांदन गांव महावीर स्वामिन अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

अष्टक।

क्षीरोदधिसे भरि नीर कंचन के कलशा।
तुम चरणनि देत चढ़ाय आवागमन नशा॥
चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव आताप निवार तुम पद बलिहारी॥ १॥

ओं ह्रीं श्री चांदनपुर महावीर स्वामिने जल नि०

मलयागिर और कपूर केशर ले हरषों।
प्रभु भव आताप मिटाय तुम चरननि परसों॥

चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी ।
प्रभु मम आताप निवार तुम पद बलिहारी ॥ घष० ॥
पिम्बा किमकिम बादाम औंकल लौंग मजा ।
श्री वर्द्धमान पद गाय पाऊं मोक्ष पदा ॥
चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी ।
प्रभु मम आताप निवार तुम पद बलिहारी ॥ अर्घं० ॥
जल गंध सु अक्षत पुष्प चरुवर और धरों ।
ले दीप धूप फल मेलि आगे अर्घ करों ॥
चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी ।
प्रभु मम आताप निवार तुम पद बलिहारी ॥ अर्घं० ॥

टोंक के चरणोंका अर्घ

जहां कामधेनु नित आय दूध जु बरसावै ।
तुम चरननि दरशन होत आकुलता जावै ॥
जहां छतरी चर्ना विशाल तहां अतिशय भारी ।
हम पूजत मन वच काय तजि संशय सारी ॥
चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी ।
प्रभु मम आताप निवार तुम पद बलिहारी ॥
ओं ह्रीं टोंकमें स्थापित श्री महावीर चरणेभ्यो अर्घं ।

टीलेके अंदर विराजमान समवसरणका अर्घ

टीलेके अन्दर आप सोहें पद्मासन ।

जहां चतुर निकाई देव आवे जिन शासन ॥
नित पूजन करत तुम्हार करमें ले झारी।
हम हूं वसु द्रव्य बनाय पूजे भरि थारी ॥
चादनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव आताप निवार तुम पद बलिहारी ॥
ओ ह्रीं श्री चादनपुर महावीर जिनेंद्राय टीलेके अंदर विराजमान समयका अर्घं।

पचकल्याणक

कुंडलपुर नगर मझार त्रिशला उर आयो।
सुदि छठि असाढ़ सुर आई रतनजु बरसायो ॥
चादनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव आताप निवार तुम पद बलिहारी ॥
ओ ह्रीं श्री महावीर जिनेंद्राय अषाढ सुदि छठि गर्भ मगल प्राप्ताय अर्घं।
जनमत अनहद भई घोर आये चतुर निकाई।
तेरस शुक्लाकी चैत्र सुर गिरि ले जाई ॥
चादनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव आताप निवार तुम पद बलिहारी ॥
ओ ह्रीं श्री महावीर जिनेंद्राय चैत सुदि तेरस जन्म मगल प्राप्ताय अर्घं।
कृष्णा मगसिर दश जान लौकातिक आये।
करि केश लौंच ततकाल झट बनको धाये ॥

चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव आताप निवार तुम पद बलिहारी॥
ओं ह्रीं श्री महावीर जिनेंद्राय मगसिर वदी दशमी तपमगल प्राप्ताय अर्घं।

वैसाख सुदी दशमांहि घाती क्षय करना।
पायो तुम केवल ज्ञान इन्द्रनिकी रचना॥
चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव आताप निवार तुम पद बलिहारी॥
ओं ह्रीं श्री महावीर जिनेंद्राय वैसाख सुदी दशमी केवलज्ञान प्राप्ताय अर्घं।

कार्तिक जु अमावस कृष्ण पावापुर ठाहीं।
भयो तीनलोकमें हर्ष पहुंचे शिव माहीं॥
चांदनपुरके महावीर तोरी छवि प्यारी।
प्रभु भव आताप निवार तुम पद बलिहारी॥
ओं ह्रीं श्री महावीर जिनेंद्राय कार्तिक वदी अमावस मोक्षमगल प्राप्ताय अर्घं।

जयमाला दोहा।

मंगलमय तुम हो सदा श्रीसन्मति सुखदाय।
चांदनपुर महावीरकी कहूं आरती गाय॥

पद्धडी छन्द।

जय जय चांदनपुर महावीर, तुम भक्तजनों की हरत पीर।
जड़ चेतन जगके लखत आप, दई द्वादशाग वानी अलाप॥१॥

अब पंचम काल संभार आय, चाटनपुर अतिशय दई दिखाय।
टीलेके अंदर बैठि वीर, जिन हरा गायका तुमने क्षीर ॥२॥
ग्वालाको फिर आगाह कीन जब दरशन अपना तुमने दीन।
मूरति देखी अति ही अनूप है नग्न दिगंबर आदि रूप ॥३॥
तहां श्रावक जन बहु गये आय किये दरशन करि मनवचनकाय।
है चिह्न गेरका ठीक जान, निश्चय है ये श्रीवर्द्धमान ॥४॥
सब देशनके श्रावक जु आय जिन भवन अनूपम दियो बनाय।
फिर शुद्ध दई वेदी कराय तुरतहि गजरथ फिर तयो सजाय ॥५
ये देख ग्वाल मनमें अपार, मम ग्रह को त्यागो नहीं वीर।
तेरे दरशन बिन तजू प्राण, सुनि टेर मेरी करिया निदान ॥६॥
कीने रथमें प्रभु विराजमान रथ हुआ अचल गिरके समान।
सब तरह तरहके किये जोर बहुतक रथ गाड़ी दिये तोड़ ॥७॥
निशिमाहि स्वप्न मंत्रिवहिं दिखाय, रथ चलै ग्वालका लगत हाथ
मोरहिं झट चरण दियो बनाय, संतोष दियो ग्वालहि कराय ॥८
करि जय जय प्रभु से करी टेर, रथ चल्यो फेर लागी न देर।
बहु निरत करत बाजे बजाई, स्थापन कीने तहँ भवन जाइ ॥९॥
इक दिन मंत्रीको लगा दोष, धरि तोप कही नृप खाइ रोष।
तुमको जब ध्याया वहां वीर, गोलासे झट बच गया वजीर ॥१०
मंत्री नृप चाटन गांव आय, दरशन करि पूजा की बनाय।
करि तीन शिखर मंदिर रचाय, कंचन कलशा दीने धराय ॥११

यह हुक्म कियो जयपुर नरेश, सालाना मेला हो हमेश।
अब जुडन लगे बहु नर उ नार, निधि चैत सुदी पूनो मझार १२
मीना गूजर आवें विचित्र, सब चरण जुटे करि मन पवित्र।
बहु निरत करत गावें सुहाय, कोई २ घृत दीपक रखो चढ़ाय १३
कोइ जय जय शब्द करें गभीर, जय जय जय हे श्री महावीर।
जैनी जन पूजा रचत आन, कोई छत्र चवरके करत दान ॥१४
जिसकी जो मन इच्छा करंत, मन वांछित फल पावें तुरत।
जो करें वदना एकवार, सुख पुत्र संपदा हो अपार ॥१५॥
जो तुम चरणोंमें रखें प्रीत, ताका जगमें को सकें जीत।
है शुद्ध यहांका पवन नीर, जहा अति विचित्र सरिता गभीर १६
पूरनमल पूजा रची सार, हो भूल लेउ सज्जन सुधार।
मेरा है रामगावाट ग्राम, जय कहत करूं प्रभुको प्रणाम ॥१७॥

घत्ता।

श्री वर्द्धमान तुम गुण निधान उपमा न बनी तुम चरनन की।
है चाह यही नित बनी रहे अभिलाष तुम्हारे दरशन की ॥

ओं ह्रीं श्री चादन गाव महावीर जिनेंद्राय अर्घं।

दोहा

अष्टकर्मके दहनको पूजा रची विशाल।
पढ़े सुनें जो भावसे छूटे जग जंजाल ॥१॥

संवत जिन चौवीस सौ है बासठकी साल ।
एकादश कार्तिक वदी पूजा रची सम्हाल ॥२॥

इत्यार्शीवाद ।

महावीर स्वामी का भजन ।

चाल—रसिया ।

चादनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ टेर ॥
जयपुर राज्य गाव चादनपुर, तहा बनो उन्नत जिन मदिर ।
तट नदी गम्भीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ १ ॥
पूरव बात चली यो आवे, एक गाय चरने को जावे ।
झर जाय उसका क्षीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ २ ॥
एक दिवस मालिक मग आयो, देख गाय टीलो खुदवायो ।
खोदत भयो अधीर, हमारी पीर हरो ॥
चादनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ ३ ॥
रैन माहि तब सुपनो दीनों, धीरे धीरे खोद जमीनो ।
है इसमें तस्वीर, हमारी पीर हरो ॥
चादनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ ४ ॥
प्रात होत फिर भूमि खुदाई, वीर जिनेश्वर प्रतिमा पाई ।

भई इकट्ठी भीड, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पार करो ॥ ५ ॥
तन ही से हुआ मेला जारी, होय भीड़ इन्साल कतारी ।
चैत मास आरतीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ ६ ॥
लाखो मीना गूजर आवे, नाचे गावें गीत सुनावें ।
जय बोलें महावीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ ७ ॥
जुटे इजारों जैनी भाई, पूजन पाठ करें सुखदाई ।
मनवचतन धरि धीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ ८ ॥
छत्र चमर सिंहासन लावें, भरि भरि घृतके दीप जलावें ।
बोलें जै गम्भीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ ९ ॥
जो कोई सुमरे नाम तुम्हारा, धन सतान बढे व्यौपारा ।
होय निरोग शरीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ १० ॥
मक्खन शरण तुम्हारी आयो, पुण्य योगसे दर्शन पायो ।
खुली आज तकदीर, हमारी पीर हरो ॥
चांदनपुरके महावीर हमारी पीर हरो ॥ ११ ॥

नवदेवता पूजन

गीताछन्द

अरिहंत सिद्धाचार्य पाठक, साधु त्रिभुवन वंद्य हैं।
जिनधर्म जिनआगम जिनेश्वरमूर्ति जिनगृह वंद्य हैं॥
नव देवता ये मान्य जगमें, हम सदा अर्चा करें।
आह्वान कर थापें यहाँ मन में अतुल श्रद्धा धरें॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र अवतर अवतर सवौषट् आह्वानन।

ॐ ह्रीं अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ स्थापन।

ॐ ह्रीं अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधीकरण।

अथाष्टक

गंगानदी का नीर निर्मल, वाह्य मल धोवे सदा।
अंतर मलों के क्षालने को नीर से पूजूं मुदा॥
नवदेवताओंकी सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें॥१॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं।

कर्पूर मिश्रित गंध चंदन, देह ताप निवारता ।
तुम पाद पंकज पूजते, मन ताप तुरतहिं वारता ॥
नवदेवताओंकी सदा जो भक्ति से अर्चा करें ।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें ॥ २॥

ॐ ह्री चन्दन ।

क्षीरोदधी के फेन सम सित तदुलों को लायके ।
उत्तम अखडित सौख्य हेतु, पुज नव सुचढ़ायके ॥नव०॥३॥

ॐ ह्री अक्षत ।

चपा चमेली केवड़ा, नाना सुगंधित ले लिये ।
भव के विजेता आपको, पूजत सुमन अर्पण किये ॥नव०॥४॥

ॐ ह्री पुष्प ।

पायस मधुर पकवान मोदक, आदि को भर थाल में ।
निज आत्म अमृत सौख्य हेतु पूजहूँ नत भाल मैं ॥नव०॥५॥

ॐ ह्री नैवेद्य ।

कर्पूर ज्योति जगमगे दीपक लिया निज हाथ में ।
तुअ आरती तम वारती, पाऊं सुज्ञान प्रकाश मैं ॥नव०॥६॥

ॐ ह्री दीप ।

दशगंधधूप अनूप सुरभित, अग्नि में खेऊं सदा ।
निज आत्मगुण सौरभ उठे, हों कर्म सब मुझसे विदा ॥नव०॥७॥

ॐ ह्री धूप ।

अगूर अमरख आम्र अमृत, फल भराऊं थाल में ।
उत्तम अनूपम मोक्ष फल के, हेतु पूजू आज मैं ॥नव०॥८॥

ॐ ह्री फलं ।

जल गंध अक्षत पुष्प चरु दीपक सुधूप फलार्घ्य ले ।
वर रत्नत्रय निधि लाभ यह वम अर्घ्य से पूजत मिले ।।नव०।।९।।

ॐ ह्री अर्घ्यं ।

दोहा—जलधारा से नित्य मै, जगकी शांति हेत ।
नवदेवो को पूजहूँ, श्रद्धा भक्ति समेत ।।१०।।

शातये शातिधारा ।

नाना विध के सुमन ले, मन में वहु हरषाय ।
मैं पूजू नव देवता, पुष्पांजली चढाय ।।११।।

दिव्य पुष्पाजलि ।

जाप्य

ह्री अर्हंत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नम ।

(९, २७ या १०८ बार)

जयमाला

सोरठा–चिञ्चितामणिरत्न, तीन लोक में श्रेष्ठ हो ।
गाऊ गुणमणिमाल, जयवते वर्तो सदा ।।१।।

चाल—हे दीनबधु श्रीपति

जय जय श्री अरिहत देवदेव हमारे ।
जय घातिया को घात सकल जतु उबारे ।।

जय जय प्रसिद्ध सिद्ध की मैं वदना करूं।
जय अष्ट कर्ममुक्त की मैं अर्चना करूं ॥२॥

आचार्य देव गुण छत्तीस धार रहे हैं।
दीक्षादि दे असंख्य भव्य तार रहे हैं॥
जैवत उपाध्याय गुरु ज्ञान के धनी।
सन्मार्ग के उपदेश की वर्षा करें घनी ॥३॥

जय साधु अठाईस गुणों को धरें सदा।
निज आतमा की साधना से च्युत न हों कदा॥
ये पचपरमदेव सदा वद्य हमारे।
संसार विषम सिंधु से हमको भी उबारें ॥४॥

जिनधर्म चक्र सर्वदा चलता ही रहेगा।
जो इसकी शरण ले वो सुलझता ही रहेगा॥
जिन की ध्वनि पियूष का जो पान करेंगे।
भव रोग दूर कर वे मुक्ति कांत बनेंगे ॥५॥

जिन चैत्य की जो वदना त्रिकाल करे हैं।
वे चित्स्वरूप नित्य आत्म लाभ करे हैं॥
कृत्रिम व अकृत्रिम जिनालयों को जो भजें।
वे कर्मशत्रु जीत शिवालय में जा वसें ॥६॥

नव देवताओं की जो नित आराधना करें ।
वे मृत्युराज की भी तो विराधना करें ॥
मै कर्मशत्रु जीतने के हेतु ही जजू ।
सपूर्ण "ज्ञानमती" सिद्धि हेतु ही भजू ॥७॥

दोहा–नवदेवों को भक्तिवश, कोटि कोटि प्रणाम ।
भक्ती का फल मैं चहूँ, निजपद में विश्राम ॥८॥

ॐ ह्री अर्हंत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-
चैत्यालयेभ्यो जयमाला अर्घ्यं ।
शातिधारा, पुष्पाजलि ।

गीताछद–जो भव्य श्रद्धाभक्ति से नव देवता पूजा करें ।
वे सब अमगल दोष हर, सुख शांति में झूला करें ।
नवनिधि अतुल भडार लें, फिर मोक्ष सुख भी पावते ।
सुखसिंधु में हो मग्न फिर, यहाँ पर कभी न आवते ॥९॥

इत्याशीर्वादः ।

शान्ति-पाठ

शांतिनाथ मुख शशि उनहारी। शील-गुणव्रत-संयमधारी ॥
लखन एक सौ आठ विराजैं। निरखत नयन कमलदल लाजैं ॥
पंचम चक्रवर्तिपद धारी। सोलम तीर्थंकर सुखकारी ॥
इंद्र नरेंद्र पूज्य जिन नायक। नमो शांतिहित शांति विधायक ॥
दिव्य विषट पहुपनकी वरषा। दुंदुभि आसन वाणी सरसा ॥
छत्र चमर भामंडल भारी। ये तुव प्रातिहार्य मनहारी ॥
शांति जिनेश शांति सुखदाई। जगत्पूज्य पूजौं शिर नाई ॥
परम शांति दीजै हम सबको। पढ़ैं तिन्हें पुनि चार संघको ॥

वसन्ततिलका

पूजैं जिन्हें मुकुट हार किरीट लाके।
इंद्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके ॥
सो शांतिनाथ वरवंश जगत्प्रदीप।
मेरे लिये करहिं शांति सदा अनूप ॥६॥

इन्द्रवज्रा

संपूजकोंको प्रतिपालकोंको यतीनको औ यतिनायकोंको।
राजा प्रजा राष्ट्र सुदेशको ले कीजै सुखी हे जिन शांतिको दे ॥

झरना छन्द

होवै सारी प्रजाको सुख बलयुत हो धर्मधारी नरेशा।
होवै वर्षा समै पै तिलभर न रहैं व्याधियोंका अंदेशा॥
होवै चोरी न जारी सुसमय वरतै हो न दुष्काल मारी।
सारे ही देश धारैं जिनवर-वृषको जो सदा सौख्यकारी॥

दोहा

घातिकर्म जिन नाश करि पायो केवलराज।
शांति करो सब जगतमें वृषभादिक जिनराज॥

मन्दाक्रान्ता

शास्त्रोंका हो पठन सुखदा लाभ सत्संगतीका।
सद्वृत्तोंका सुजस कहके दोष ढाकूँ सभीका॥
बोलूँ प्यारे वचन हितके आपका रूप ध्याऊँ।
तौ लौ सेऊँ चरण जिनके मोक्ष जौ लौं न पाऊँ॥

आर्या

तव पद मेरे हियमें मम हिय तेरे पुनीत चरणोंमें।
तब लौं लीन रहौं प्रभु जब लौं पाया न मुक्ति पद मैंने॥
अक्षर पद मात्रामें दूषित जो कछु कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु मम करुणा करि पुनि छुड़ाहु भवदुखसे॥
हे जगबन्धु जिनेश्वर! पाऊँ तव चरण शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ कर्मोंका क्षय सुबोध सुखकारी॥

०

विन जाने वा जानके रही टूट जो कोय।
तुम प्रसादतें परम गुरु सो सब पूरन होय ॥१॥
पूजनविधि जानूं नहीं नहिं जानूं आह्वान।
और विसर्जन हू नहीं क्षमा करहु भगवान ॥२॥
मन्त्रहीन धनहीन हूं क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु गरयहु मुझे देहु चरणकी सेव ॥३॥
[आये जो जो देवगण पूजे भक्तिप्रमान।
ते अब जावहु कृपाकर अपने अपने थान ॥]

०

श्री अनन्तनाथ जिनपूजा

छन्द कवित्त

पुष्पोत्तर तजि नगर अजुध्या जनम लियो सूर्याउर आय,
सिंघसेन नृपके नन्दन, आनन्द अशेष भरे जगराय।
गुन अनंत भगवंत धरे, भवदंद हरे तुम हे जिनराय,
थापतु हों त्रय वार उचरिकैं,कृपासिन्धु तिष्ठहु इत आय ॥१॥

ॐ ह्रीं श्री अनन्तनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर, संवौषट्।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ. ठ ठ । अत्र मम सन्निहितो भव भव, वषट्।

अष्टक

छन्द गीता तथा हरिगीता

शुचि नीर निरमल गंगको लै, कनकभृंग भराइया,

ॐ ह्रीं श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपम् ।

रसथक्व पक्व सुभक्व चक्व, सुहावनें मृदु पावनें ।
फलसार वृन्द अमंद ऐसो, ल्याय पूज रचावनें ॥ज०॥८॥

ॐ ह्रीं श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलम् ।

शुचि नीर चन्दन शालिशंदन, सुमन चरु दीपा धरों ।
अरु धूप जुत मै अरघ करि, करजोरजुग विनति करों ॥ज०॥९॥

ॐ ह्रीं श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घम् ।

पंचकल्याणक

छंद सुन्दरी तथा द्रुतविलंबित

असित कातिक एकम भावनों, गरभको दिन सो गिन पावनों ।
किय सची तित चर्चन चावसों, हम जजें इत आनंदभावसों ॥१॥

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णप्रतिपदि गर्भमंगलमंडिताय श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय अर्घम् ।

जनम जेठवदी तिथि द्वादशी, सकल मङ्गल लोकविषैं लशी ।
हरि जजे गिरिराज समाजतैं, हम जजैं इत आतम काजतैं ॥२॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णद्वादश्या जन्ममंगलमंडिताय श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय अर्घम् ।

भवशरीर विनस्वर भाइयो, असित जेठदुवादशि गाइयो ।
सकल इंद्र जजे तित आइकैं, हम जजैं इत मंगल गाइकैं ॥३॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णद्वादश्या तपोमंगलमंडिताय श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय अर्घम् ।

जयमाला

छन्द दोहा

तुम गुण वरनन येम जिम, खंडिहाय करमान ।
तथा मेदिनी पदनिकरि, कीनो चहत प्रमान ॥१।
जय अनन्त गति भव्यमन, जलज वृन्द विहसाय ।
सुमति कोऊतियथोक सुख, वृद्ध कियो जिनराय ॥२॥

छन्द नयमालनी, चही तथा तामरस

जै अनन्त गुनवंत नमस्ते, शुद्ध ध्येय नित सन्त नमस्ते ।
लोकालोक विलोक नमस्ते, चिन्मूरत गुनयोक नमस्ते ॥३॥
रत्नत्रयधर धीर नमस्ते, करमशत्रुकरि कीर नमस्ते ।
चार अनंत महन्त नमस्ते, जय जय शिवतियकंत नमस्ते ॥४॥
पंचाचार विचार नमस्ते, पंच कर्ण मदहार नमस्ते ।

पंच परावृत-चूर नमस्ते, पंचमगति सुखपूर नमस्ते ॥५॥
पंचलब्धि-धरनेश नमस्ते, पंच-भाव सिद्धेश नमस्ते ।
छहों दरव गुनज्ञान नमस्ते, छहों कालपहिचान नमस्ते ॥६॥
छहों काय रच्छेश नमस्ते, छह सम्यक उपदेश नमस्ते ।
सप्तविशनयनवन्हि नमस्ते, जय केवलअपरन्हि नमस्ते ॥७॥
सप्ततत्त्व गुनभवन नमस्ते, सप्त शुभ्रगतहनन नमस्ते ।
सप्तभंगके ईश नमस्ते, मातों नय कथनीश नमस्ते ॥८॥
अष्टकरममलदल्ल नमस्ते, अष्टजोगनिरशल्ल नमस्ते ।
अष्टमधरगधिराज नमस्ते, अष्टगुननिसिरताज नमस्ते ॥९॥
जय नवकेवल प्राप्त-नमस्ते, नव पदार्थथिति आप्त नमस्ते ।
दशों धरमधरतार नमस्ते, दशों बंधपरिहार नमस्ते ॥१०॥
विघ्न महीधर विज्जु नमस्ते, जय ऊरधगतिरिज्जु नमस्ते ।
तन कनकदुति पूर नमस्ते, इक्ष्वाकुज गनचूर नमस्ते ॥११॥
धनु पचासतन उच्च नमस्ते, कृपासिंधु गुन शुच्च नमस्ते ।
सेही अङ्क निशंक नमस्ते, चितचकोरमृगअङ्क नमस्ते ॥१२॥
राग दोषमदटार नमस्ते, निजविचार दुखहार नमस्ते ।
सुर सुरेश-गन-वृन्द नमस्ते, 'वृन्द' करो सुखकंद नमस्ते ॥१३॥

छंद घत्तानंद

जय जय जिनदेवं सुरकृतसेवं, नितकृतचित्तहुल्लासधरं ।
आपदउद्धारं समतागारं, वीतराग विज्ञानभरं ॥१४॥

ॐ ह्रीं श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय महार्घम् ।

इन्द्र मदानलिप्तकपोल तथा श्लोक

जो जन मनवचकाय लाय, जिन जजै नेह धर,
वा अनुमोदन करै कर्म पढ़ पाठ वर।
ताके नित नव होय, सुमगल आनन्ददाई,
अनुक्रमतै निवारन, लहै सामग्री पाई ॥१५॥

परिपुष्पाजलिम् क्षिपेत्, इत्याशीर्वाद

प्रभाती दौलत कृत

प्रात काल मन्त्र जपो णमोकार भाई।
अक्षर पैंतीस शुद्ध हृदय मे धराई ॥टेक॥

नर भव तेरो सुफल होत पातक टर जाई।
विघन जासो दूर होत सकट मे सहाई ॥१॥

कल्पवृक्ष कामधेनु चिन्तामणि जाई।
ऋद्धि सिद्धि पारस तेरो प्रकटाई ॥२॥

मन्त्र जन्त्र तन्त्र सब जाही से बनाई।
सम्पति भण्डार भरे अक्षय निधि आई ॥३॥

तीन लोक माहिं सार वेदन मे गाई।
जगत मे प्रसिद्ध धन्य मगलीक भाई ॥४॥

११. सामायिक पाठ भाषा

१ प्रतिक्रमण क्रमे

काल अनंत भ्रम्यो जग मे सहिये दुख भारी।
जन्म मरण नित किये पाप को है अधिकारी॥
कोटि भवांतर माहिं मिलन दुर्लभ सामायिक।
धन्य आज मैं भयो योग मिलियो सुख दायक॥१॥
हे सर्वज्ञ जिनेश! किये जे पाप जु मैं अब।
ते सब मन-वच-काय-योग की शुप्ति विना लभ॥
आप समीप हजूर माहिं मै खड़ो खडो सब।
दोष कहूँ सो सुनो करो नठ दुख देहि जब॥२॥
क्रोधमानमदलोभ मोह मायावशि प्रानी।
दुःख सहित जे किये दया तिनकी नहिं प्रानी॥
विना प्रयोजन एकेंद्रिय वि ति चउ पचेंद्रिय।
आप प्रसादहि मिटै दोष जो लग्यो मोहि जिय॥३॥
आपस मे इकठौर थापकरि जे दुख दीने।
पेलि दिये पगतलै दाबिकरि प्रान हरीने॥
आप जगत के जीव जिते तिन सब के नायक।
अरज करूँ मैं सुनो दोष मेटो दुखदायक॥४॥

अजन आदिक चोर महा घनघोर पापमय ।
तिनके जे अपराध भये ते क्षमा क्षमा किय ॥
मेरे जे अब दोष भये ते क्षमहु दयानिधि ।
यह पडिकोणो कियो आदि षट्कर्म माहि विधि ॥५॥

२ द्वितीय प्रत्याख्यान कर्म

इसके आदि व अन्त में आलोचना पाठ बोलकर फिर तीसरे सामायिक कर्म का पाठ करना चाहिए।

जो प्रमादवशि होय विराधे जीव घनेरे ।
तिन को जो अपराध भयो मेरे अघ ढेरे ॥
सो सद भूठो होउ जगतपति के परसादै ।
जा प्रमादतै मिलै सर्व सुख दुःख न लाधै ॥६॥
मै पापी निर्लज्ज दया करि हीन महाशठ ।
किये पाप अघ ढेर पाप मति होय चित्त दुठ ॥
निंदू हूँ मै बार बार निज जिय को गरहूँ ।
सबविधि धर्म उपाय पाय फिर पापहि करहूँ ॥७॥
दुर्लभ है नर जन्म तथा श्रावक कुल भारी ।
सत सगति सजोग धर्म जिन श्रद्धाधारी ॥
जिन वचनामृत धार समावतै जिनवानी ।
तोहू जीव सवारे धिक धिक धिक हम जानी ॥८॥
इन्द्रिय लपट होय खोय निज ज्ञान जमा सब ।
अज्ञानी जिमि करै तिसि विधि हिसक व्है अब ॥
गमनागमन करतो जीव विराधे भोले ।

ते सब दोष किये निंदूं अब मन बच तोले ॥ ९ ॥
आलोचन विधि थकी दयो लागे जु घनेरे ।
ते सब दोष विनाश होउ तुम ते जिन मेरे ॥
बार बार इम भांति मोह मद दोष कुटिलता ।
ईर्षादिक तें भये निंदि ये जे भयभीता ॥१०॥

२ तृतीय सामायिक भाव कर्म

सब जीवन मे मेरे ममता भाव जग्यो है ।
सब जिय मो सम समता राखो भाव लग्यो है ॥
आर्त्त रौद्र द्वय ध्यान छांड़ि करिहूं सामायिक ।
संजम मो कब शुद्ध होय भाव बधायक ॥ ११ ॥
पृथिवी जल अरु अग्नि वायु चउ काय वनस्पति ।
पंचहि थावर मांहि तथा त्रस जीव बसै जित ॥
बेइंद्रिय तिय चउ पचेंद्रियमांहि जीव सब ।
तिन तें क्षमा कराऊं मुझ पर क्षमा करो अब ॥१२॥
इस अवसर मे मेरे सब सम कचन अरु तृण ।
महल मसान समान शत्रु अरु मित्रहिं समगण ॥
जामन मरण समान जानि हम समता कीनी ।
सामायिकका काल जितै यह भाव नवीनी ॥ १३ ॥
मेरो है इक आतम तामे ममत जु कीनो ।
और सबै सम भिन्न जानि ममता रसभीनो ॥
मात पिता सुत बधु मित्र तिय आदि सबै यह ।
मोतें न्यारे जानि जथारथ रूप करधो गह ॥१४॥

मैं अनादि जग जाल माँहि कैसि रूप न काढ्यो ।
एकेंद्रिय दे आदि जंतु को प्राण हराढ्यो ॥
ते सब जीव समूह सुनो मेरी यह अरजी ।
भव-भव को अपराध छिमा कीज्यो कर मरजी ॥ १५॥

४ चतुर्थ स्तवन कर्म

नमों ऋषभ जिनदेव अजित जिन जीति कर्म को ।
सम्भव भव दुख हरण करण अभिनन्द शर्म को ॥
सुमति सुमति दातार तार भव सिंधु पार कर ।
पद्म प्रभ पद्मसाभ भानि भवभीति प्रीति धर ॥१६॥
श्रीसुपार्श्व कृत पाप नाश भव जास शुद्ध कर ।
श्री चन्द्रप्रभ चन्द्रकान्तिसम-देह कांतिधर ॥
पुष्पदन्त दमि दोष कोष मविशोष रोषहर ।
शीतल शीतल करण हरण भवताप दोष कर ॥१७॥
श्रेयरूप जिनश्रेय ध्येय नित सेय भव्यजन ।
वासुपूज्य शतपूज्य वासवादिक भवभयहन ॥
विमल विमलमति देन अन्तगत हे अनन्त जिन ।
धर्मशर्मशिवकरण शान्तिजिन शान्ति विधायिन ॥१८॥
कुंथु कुंथुमुख जीवपाल अरनाथ जाल हर ।
मल्लिमल्लसम मोहमल्लमारन प्रचार धर ।
मुनिसुव्रत व्रतकरण नमत सुरसर्घाह नमिजिन ।
नेमिनाथ जिन नेमि धर्मरथ माहि ज्ञानधन ॥१९॥
पार्श्व नाथ जिनपार्श्व उदासम मोक्ष रमापति ।
वर्द्धमान जिन नमूं हनूं सबदुःख कर्मकृत ॥

या विधि मैं जिन सप्तरूप चउवीस संख्यधर।
स्तवूं नमूं हूँ वारवार वन्दूं शिव सुखकर ॥२०॥

४ पञ्चम वदना कर्म

वन्दू मैं जिनवीर धीर महावीर सु सनमति।
वर्द्धमान अतिवीर वन्दि हूँ मनवचतनकृत॥
त्रिशलातनुज महेश धीश विद्यापति वन्दू।
वंदौं नित प्रति कनक रूप तनु पापनिकंदू ॥२१॥
सिद्धारथ नृपनंद हृद दुख दोष मिटावन।
दुरित दवानल ज्वलित ज्वाल जगजीव उधारन॥
कुण्डल पुर करि जन्म जगत जिय आनद कारन।
बहत्तर आयु पाय सब ही दुख टारन ॥२२॥
सप्तहस्त तनु तुङ्गभंगकृत जन्ममरण भय।
बालब्रह्म मय ज्ञेय हेय आदेय ज्ञानमय।
दे उपदेश उधारि तारि भवसिंधु जीवधन।
आप वसे शिवमाहि ताहि वदौं मन वच तन ॥२३॥
जाके वदनथकी दोष दुख दूरहि जावैं।
जाके वंदनथकी मुवितितिय सन्मुख आवैं।
जाके वदनथकी वद्य होवें सुरगन के।
ऐसे वीर जिनेश वन्दि हूँ क्रम युग तिनके ॥२४॥
सामायिक षट्कर्ममाहि वदन यह पंचम।
वदौं वीर जिनेंद्र इंद्रशतवंद्य वद्य मम॥
जन्म मरण भय हरो करो अब शान्ति शान्तिमय।
मैं अघ कोष सुपोष दोष को शोष विनाशय ॥२५॥

६. छठा कायोत्सर्ग कर्म

कायोत्सर्ग विधान करूँ अतिम सुखदाई।
कायत्यजनमय होय काय सबको दुखदाई॥
पूरब दक्षिण नमूँ दिशा पश्चिम उत्तर मे।
जिनगृह वदन करूँ हरूँ भवपापतिमिर मै ॥२६॥
शिरोनति मै करूँ नमू मस्तक कर धरिकै।
आवर्तादिक क्रिया करूँ मन वच मद हरिकै॥
तीनलोक जिन भवनमाहि जिन है जुअकृत्रिम।
कृत्रिम हैं द्वय अर्द्धद्वीप माही बदो जिम ॥२७॥
आठ कोडि परि छप्पन लाख जु सहस सत्याणू।
व्यारि शतक-पर असी एक जिनमदिरजाणू॥
व्यंतर ज्योतिष माहि सख्यरहिते जिन मदिर।
ते सब वदन करूँ हरहु मम पाप सघकर ॥२८॥
सामायिकसम नाहि और कोउ वैर मिटायक।
सामायिकसम नाहि और कोउ मैत्री दायक॥
श्रावक अणुव्रत आदि अन्त सप्तम गुणथानक।
यह आवश्यक किये होय निश्चय दुखहानक ॥२९॥
जे भवि आतम-काज-करण उद्यम के धारी।
ते सब काज विहाय करो सामायिक सारी॥
राग रोष मदमोह क्रोध लोभादिक जे सब।
बुध महाचन्द्र विलाय जाय तातै कीज्यो अब ॥३०॥

आरती श्री चांदनपुर महावीर स्वामी

जय महावीर प्रभो, स्वामी जय महावीर प्रभो ।
कुण्डलपुर अवतारी, त्रिशलानन्द विभो ॥
ओम जय महावीर प्रभो ॥

सिद्धारथ घर जन्मे, वैभव था भारी, स्वामी वैभव था भारी ।
बाल ब्रह्मचारी व्रत पाल्यो तपधारी ॥१ ओम जय म० प्रभो ॥

आतम ज्ञान विरागी, सम दृष्टि धारी ।
माया मोह विनाशक, ज्ञान ज्योति जारी ॥२ ओम जय म० प्रभो ॥

जग में पाठ अहिंसा, आपहि विस्तार्यो ।
हिंसा पाप मिटाकर, सुधर्म परिचार्यो ॥३ ओम जय म० प्रभो ॥

इह विधि चांदनपुर में अतिशय दरशायो ।
ग्वाल मनोरथ पूर्यो दूध गाय पायो ॥४ ओम जय म० प्रभो ॥

प्राणदान मन्त्री को तुमने प्रभु दीना ।
मन्दिर तीन शिखर का, निर्मित है कीना ॥५ ओम जय म० प्रभो ॥

जयपुर नृप भी तेरे, अतिशय के सेवी ।
एक ग्राम तिन दीनो, सेवा हित यह भी ॥६ ओम जय म० प्रभो ॥

जो कोई तेरे दर पर, इच्छा कर आवै ।
होय मनोरथ पूरण, संकट मिट जावै ॥७ ओम जय म० प्रभो ॥

निशि दिन प्रभु मन्दिर में, जगमग ज्योति जरै ।
हरि प्रसाद चरणों में, आनन्द मोद भरै ॥८ ओम जय म० प्रभो ॥

श्रीजिनसहस्रनामस्तोत्रम्

[भगवज्जिनसेनाचार्य कृत]

स्वयंभुवे नमस्तुभ्यमुत्पाद्यात्मानमात्मनि ।
स्वात्मनैव तथोद्भूतवृत्तयेऽचिन्त्यवृत्तये ॥ १ ॥

नमस्ते जगतां पत्ये लक्ष्मीभर्त्रे नमोऽस्तु ते ।
विदांवर नमस्तुभ्यं नमस्ते वदतांवर ॥ २ ॥

कर्मशत्रुहणं देवमामनन्ति मनीषिणः ।
त्वामानमन्सुरेण्मौलि-भा-मालाभ्यर्चित-क्रमम् ॥ ३ ॥

ध्यान-दुर्घण-निर्भिन्न-घन-घाति-महातरुः ।
अनन्त–भव–सन्तान–जयादासीरनन्तजित् ॥ ४ ॥

त्रैलोक्य-निर्जयावाप्त-दुर्दर्प्पमतिदुर्जयम् ।
मृत्युराजं विजित्यासीज्जिन मृत्युजयो भवान् ॥ ५ ॥

विधूताशेष-संसार-बन्धनो भव्य-बान्धवः ।
त्रिपुरारिस्त्वमीशोऽसि जन्म-मृत्युजरान्तकृत् ॥ ६ ॥

त्रिकाल-विजयाशेष-तत्त्वभेदात् त्रिधोत्थितम् ।
केवलाख्यं दधच्चक्षुस्त्रिनेत्रोऽसि त्वमीशिता ॥ ७ ॥

त्वामन्धकान्तकं प्राहुर्मोहान्धासुर-मर्दनात् ।
अर्द्धं ते नार्यो यस्मादर्धनारीश्वरोऽस्यतः ॥ ८ ॥

शिवः शिव-पदाध्यासाद् दुरितारि-हरो हरः ।
शङ्करः कृतशं लोके शम्भवस्त्वं भवन्मुखे ॥ ९ ॥

वृषभोऽसि जगज्ज्येष्ठः पुरुः पुरु-गुणोदयैः ।
नाभेयो नाभि-सम्भूतेरिक्ष्वाकु-कुल-नन्दनः ॥ १० ॥

त्वमेकः पुरुषस्कंधस्त्वं द्वे लोकस्य लोचने ।
त्वं त्रिधा वृद्ध-सन्मार्गस्त्रिज्ञस्त्रिज्ञान-धारकः ॥ ११ ॥

चतुःशरण-माङ्गल्यमूर्तिस्त्वं चतुरस्रधीः ।
पञ्च-ब्रह्ममयो देव पावनस्त्वं पुनीहि माम् ॥ १२ ॥

स्वर्गावतारिणे तुभ्यं सद्योजातात्मने नमः ।
जन्माभिषेक-वामाय वामदेव नमोऽस्तु ते ॥ १३ ॥

सन्निष्क्रान्तावघोराय परं प्रशममीयुषे ।
केवलज्ञान संसिद्धावीशानाय नमोऽस्तु ते ॥ १४ ॥

पुरस्तत्पुरुषत्वेन विमुक्त-पद-भाजिने ।
नमस्तत्पुरुषावस्थां भाविनीं तेऽद्य बिभ्रते ॥ १५ ॥

ज्ञानावरणनिर्ह्रासात्नमस्तेऽनन्तचक्षुषे ।
दर्शनावरणोच्छेदान्नमस्ते विश्वदृश्वने ॥ १६ ॥

नमो दर्शनमोहघ्ने क्षायिकामलदृष्टये ।
नमश्चारित्रमोहघ्ने विरागाय महौजसे ॥ १७ ॥

नमस्तेऽनन्त-वीर्याय नमोऽनन्त-सुखात्मने ।
नमस्तेऽनन्त-लोकाय लोकालोकावलोकिने ॥ १८ ॥

नमस्तेऽनन्त-दानाय नमस्तेऽनन्त-लब्धये ।
नमस्तेऽनन्त-भोगाय नमोऽनन्तोपभोगिने ॥ १९ ॥

नमः परम-योगाय नमस्तुभ्यमयोनये ।
नमः परम-पूताय नमस्ते परमर्षये ॥ २० ॥

नमः परम-विद्याय नम परम-मत-च्छिदे ।
नमः परम-तत्त्वाय नमस्ते परमात्मने ॥ २१ ॥

नमः परमरूपाय नमः परम-तेजसे ।
नमः परम-मार्गाय नमस्ते परमेष्ठिने ॥ २२ ॥

परमर्द्धिजुषे धाम्ने परम-ज्योतिषे नमः ।
नमः पारेतमःप्राप्तधाम्ने परतरात्मने ॥ २३ ॥

नमः क्षीण-कलङ्काय क्षीण-बन्ध नमोऽस्तु ते ।
नमस्ते क्षीण-मोहाय क्षीण-दोषाय ते नमः ॥ २४ ॥

नमः सुगतये तुभ्यं शोभना गतिमीयुषे ।
नमस्तेऽतीन्द्रिय-ज्ञान-सुखायानिन्द्रियात्मने ॥ २५ ॥

काय-बन्धननिर्मोक्षादकायाय नमोऽस्तु ते ।
नमस्तुभ्यमयोगाय योगिनामधियोगिने ॥ २६ ॥

अवेदाय नमस्तुभ्यमकषायाय ते नमः ।
नमः परम-योगीन्द्र-वन्दितांघ्रि-द्वयाय ते ॥२७॥
नमः परम-विज्ञान नमः परम-संयम ।
नमः परमदृष्टए-परमार्थाय तायिने ॥२८॥
नमस्तुभ्यमलेश्याय शुक्ललेश्यांशक-स्पृशे ।
नमो भव्येतरावस्थाव्यतीताय विमोक्षिणे ॥२९॥
संज्ञयसंज्ञिद्वयावस्थाव्यतिरिक्तामलात्मने ।
नमस्ते वीतसंज्ञाय नमः क्षायिकदृष्टये ॥३०॥
अनाहाराय तृप्ताय नमः परमभाजुषे ।
व्यतीताशेषदोषाय भवाब्धेः पारमीयुषे ॥३१॥
अजराय नमस्तुभ्यं नमस्ते स्तादजन्मिने ।
अमृत्यवे नमस्तुभ्यमचलायाक्षरात्मने ॥ ३२॥
अलमास्तां गुणस्तोत्रमनन्तास्तावका गुणाः ।
त्वां नामस्मृतिमात्रेण पर्युपासिसिषामहे ॥३३॥
एवं स्तुत्वा जिनं देवं भक्त्या परमया सुधीः ।
पठेदष्टोत्तरं नाम्नां सहस्रं पाप-शान्तये ॥३४॥

इति प्रस्तावना

प्रसिद्धाष्ट-सहस्रेद्वलक्षणं त्वां गिरां पतिम् ।
नाम्नामष्टसहस्रेण तोष्टुमोऽभीष्टसिद्धये ॥१॥

श्रीमान्स्वयम्भूर्वृषभः शंभवः शंभुरात्मभूः ।
स्वयंप्रभः प्रभुर्भोक्ता विश्वभूरपुनर्भवः ॥२॥

विश्वात्मा विश्वलोकेशो विश्वतश्चक्षुरक्षरः ।
विश्वविद्विश्वविद्येशो विश्वयोनिरनश्वरः ॥३॥

विश्वदृश्वा विभुर्धाता विश्वेशो विश्वलोचनः ।
विश्वव्यापी विधिर्वेधाः शाश्वतो विश्वतोमुखः ॥४॥

विश्वकर्मा जगज्ज्येष्ठो विश्वमूर्तिर्जिनेश्वरः ।
विश्वदृग् विश्वभूतेशो विश्वज्योतिरनीश्वरः ॥५॥

जिनो जिष्णुरमेयात्मा विश्वरीशो जगत्पतिः ।
अनन्तजिदचिन्त्यात्मा भव्यबन्धुरबन्धनः ॥६॥

युगादिपुरुषो ब्रह्मा पञ्चब्रह्ममयः शिवः ।
परः परतरः सूक्ष्मः परमेष्ठी सनातनः ॥७॥

स्वयंज्योतिरजोऽजन्मा ब्रह्मयोनिरयोनिजः ।
मोहारिविजयी जेता धर्मचक्री दयाध्वजः ॥८॥

प्रशान्तारिरनन्तात्मा योगी योगीश्वरार्चितः
ब्रह्मविद् ब्रह्मतत्त्वज्ञो ब्रह्मोद्याविद्यतीश्वरः ॥९॥

शुद्धो बुद्धः प्रबुद्धात्मा सिद्धार्थः सिद्धशासनः ।
सिद्धः सिद्धान्तविद् ध्येयः सिद्धसाध्यो जगद्धितः ॥१०॥

सहिष्णुरच्युतोऽनन्तः प्रभविष्णुर्भवोद्भवः ।
प्रभूष्णुरजरोऽजर्यो ह्यजिष्णुर्धीश्वरोऽव्ययः ॥११॥
विभावसुरमम्भृष्णुः स्वयम्भृष्णुः पुरातनः ।
परमात्मा परंज्योतिस्त्रिजगत्परमेश्वरः ॥१२॥

इति श्रीमदादिशतम् ॥ १ ॥

[प्रत्येक शतकके अन्तमे 'उदकचंदनतंदुल' आदि श्लोक पढकर अर्घ्य चढाना चाहिए ।]

दिव्यभाषापतिर्दिव्यः पूतवाक्पूतशासनः ।
पूतात्मा परमज्योतिर्धर्माध्यक्षो दमीश्वरः ॥ १ ॥
श्रीपतिर्भगवानर्हन्नरजा विरजाः शुचिः ।
तीर्थकृत्केवलीज्ञानः पूजार्हः स्नातकोऽमलः ॥ २ ॥
अनन्तदीप्तिर्ज्ञानात्मा स्वयम्बुद्धः प्रजापतिः ।
मुक्तः शक्तो निराबाधो निष्कलो भुवनेश्वरः ॥ ३ ॥
निरञ्जनो जगज्ज्योतिर्निरुक्तोक्तिरनामयः ।
अचलस्थितिरक्षोभ्यः कूटस्थः स्थाणुरक्षयः ॥ ४ ॥
अग्रणीर्ग्रामणीर्नेता प्रणेता न्यायशास्त्रकृत् ।
शास्ता धर्मपतिर्धर्म्यो धर्मात्मा धर्मतीर्थकृत् ॥ ५ ॥
वृषध्वजो वृषाधीशो वृषकेतुर्वृषायुधः ।
वृषो वृषपतिर्भर्ता वृषभाङ्को वृषोद्भवः ॥ ६ ॥

श्रीवृक्षलक्षणः श्लक्ष्णो लक्ष्मण्यः शुभलक्षणः ।
निरक्षः पुण्डरीकाक्षः पुष्कलः पुष्करेक्षणः ॥ १ ॥

सिद्धिदः सिद्धसङ्कल्पः सिद्धात्मा सिद्धसाधनः ।
बुद्धबोध्यो महाबोधिर्वर्धमानो महर्द्धिकः ॥ २ ॥

वेदाङ्गो वेदविद्वेद्यो जातरूपो विदांवरः ।
वेदवेद्यः स्वसंवेद्यो विवेदो वदतांवरः ॥ ३ ॥

अनादिनिधनोऽव्यक्तो व्यक्तवाग्व्यक्तशासनः ।
युगादिकृद्युगाधारो युगादिर्जगदादिजः ॥ ४ ॥

अतीन्द्रोऽतीन्द्रियो धीन्द्रो महेन्द्रोऽतीन्द्रियार्थदृक् ।
अनिन्द्रियोऽहमिन्द्रार्च्यो महेन्द्रमहितो महान् ॥ ५ ॥

उद्भवः कारणं कर्ता पारगो भवतारकः ।
अग्राह्यो गहनं गुह्यं पराघ्यः परमेश्वरः ॥ ६ ॥

अनन्तर्द्धिरमेयर्द्धिरचिन्त्यर्द्धिः समग्रधीः ।
प्राग्र्यः प्राग्रहरोऽभ्यग्रः प्रत्यग्रोऽग्र्योऽग्रिमोऽग्रजः ॥ ७ ॥

महातपा महातेजा महोदर्को महोदयः ।
महायशा महाधामा महासत्त्वो महाधृतिः ॥ ८ ॥

महाधैर्यो महावीर्यो महासम्पन्महाबलः ।
महाशक्तिर्महाज्योतिर्महाभूतिर्महाद्युतिः ॥ ९ ॥

महामतिर्महानीतिर्महाक्षान्तिर्महादयः ।
महाप्राज्ञो महाभागो महानन्दो महाकविः ॥ १० ॥
महामहा महाकीर्तिर्महाकान्तिर्महावपुः ।
महादानो महाज्ञानो महायोगो महागुणः ॥ ११ ॥
महामहपतिः प्राप्तमहाकल्याणपञ्चकः ।
महाप्रभुर्महाप्रातिहार्याधीशो महेश्वरः ॥ १२ ॥

इति श्रीवृक्षादिशतम् ॥ ५ ॥ अर्घ्यम् ।

महामुनिर्महामौनी महाध्यानी महादमः ।
महाक्षमो महाशीलो महायज्ञो महामखः ॥ १ ॥
महाव्रतपतिर्मह्यो महाकान्तिधरोऽधिपः ।
महामैत्री महामेयो महोपायो महोमयः ॥ २ ॥
महाकारुणिको मन्ता महोमन्त्रो महायतिः ।
महानादो महाघोषो महेज्यो महसांपतिः ॥ ३ ॥
महाध्वरधरो धुर्यो महौदार्यो महिष्ठवाक् ।
महात्मा महसांधाम महर्षिर्महितोदयः ॥ ४ ॥
महाक्लेशाङ्कुशः शूरो महाभूतपतिर्गुरुः ।
महापराक्रमोऽनन्तो महाक्रोधरिपुर्वशी ॥ ५ ॥
महाभवाब्धिसन्तारिर्महामोहाद्रिसूदनः ।
महागुणाकरः क्षान्तो महायोगीश्वरः शमी ॥ ६ ॥

महाध्यानपतिर्ध्यातमहाधर्मा महाव्रतः ।
महाकर्मारिहाऽऽत्मज्ञो महादेवो महेशिता ॥७॥
सर्वक्लेशापहः साधुः सर्वदोपहरो हरः ।
असंख्येयोऽप्रमेयात्मा शमात्मा प्रशमाकरः ॥८॥
सर्वयोगीश्वरोऽचिन्त्यः श्रुतात्मा विष्टरश्रवाः ।
दान्तात्मा दमतीर्थेशो योगात्मा ज्ञानसर्वगः ॥९॥
प्रधानमात्मा प्रकृतिः परमः परमोदयः ।
प्रक्षीणबन्धः कामारिः क्षेमकृत्क्षेमशासनः ॥१०॥
प्रणवः प्रणयः प्राणः प्राणदः प्रणतेश्वरः ।
प्रमाणं प्रणिधिर्दक्षो दक्षिणोध्वर्युरध्वरः ॥११॥
आनन्दो नन्दनो नन्दो वन्द्योऽनिन्द्योऽभिनन्दनः ।
कामहा कामदः काम्यः कामधेनुररिञ्जयः ॥१२॥

इति महामुन्यादिशतम् ॥ ६ ॥ अर्घ्यम् ।

असंस्कृतसुसंस्कारः प्राकृतो वैकृतान्तकृत् ।
अन्तकृत्कान्तगुः कान्तश्चिन्तामणिरभीष्टदः ॥ १ ॥
अजितो जितकामारिरमितोऽमितशासनः ।
जितक्रोधो जितामित्रो जितक्लेशो जितान्तकः ॥२॥
जिनेन्द्रः परमानन्दो मुनीन्द्रो दुन्दुभिस्वनः ।
महेन्द्रवन्द्यो योगीन्द्रो यतीन्द्रो नाभिनन्दनः ॥३॥

नाभेयो नाभिजोऽजातः सुव्रतो मनुरुत्तमः ।
अभेद्योऽनत्ययोऽनाश्वानधिकोऽधिगुरुः सुधीः ॥४॥
सुमेधा विक्रमी स्वामी दुराधर्षो निरुत्सुकः ।
विशिष्टः शिष्टभुक् शिष्टः प्रत्ययः कामनोऽनघः ॥५॥
क्षेमी क्षेमङ्करोऽक्षय्यः क्षेमधर्मपतिः क्षमी ।
अग्राह्यो ज्ञाननिग्राह्यो ध्यानगम्यो निरुत्तरः ॥६॥
सुकृती धातुरिज्यार्हः सुनयश्चतुराननः ।
श्रीनिवासश्चतुर्वक्त्रश्चतुराश्यश्चतुर्मुखः ॥ ७ ॥
सत्यात्मा सत्यविज्ञानः सत्यवाक्सत्यशासनः ।
सत्याशीः सत्यसन्धानः सत्यः सत्यपरायणः ॥८॥
स्थेयान्स्थवीयान्नेदीयान्दवीयान् दूरदर्शनः ।
अणोरणीयाननणुर्गुरुराद्यो गरीयसाम् ॥९॥
सदायोगः सदाभोगः सदातृप्तः सदाशिवः ।
सदागतिः सदासौख्यः सदाविद्यः सदोदयः ॥१०॥
सुघोषः सुमुखः सौम्यः सुखदः सुहितः सुहृत् ।
सुगुप्तो गुप्तिभृद् गोप्ता लोकाध्यक्षो दमीश्वरः ॥११॥

इति असस्कृतादिशतम् ॥७॥ अर्घ्यम् ।

बृहद्बृहस्पतिर्वाग्मी वाचस्पतिरुदारधीः ।
मनीषी धिषणो धीमांश्छेमुषीशो गिरांपतिः ॥१॥

नैकरूपो नयोत्तुङ्गो नैकात्मा नैकधर्मकृत् ।
अविज्ञेयोऽप्रतर्क्यात्मा कृतज्ञः कृतलक्षणः ॥ २ ॥

ज्ञानगर्भो दयागर्भो रत्नगर्भः प्रभास्वरः ।
पद्मगर्भो जगद्गर्भो हेमगर्भः सुदर्शनः ॥ ३ ॥

लक्ष्मीवांस्त्रिदशाध्यक्षो दृढीयानिन ईशिता ।
मनोहरो मनोज्ञाङ्गो धीरो गम्भीरशासनः ॥ ४ ॥

धर्मयूपो दयायागो धर्मनेमिर्मुनीश्वरः ।
धर्मचक्रायुधो देवः कर्महा धर्मघोषणः ॥ ५ ॥

अमोघवागमोघाज्ञो निर्मलोऽमोघशासनः ।
सुरूपः सुभगस्त्यागी समयज्ञः समाहितः ॥ ६ ॥

सुस्थितः स्वास्थ्यभाक्स्वस्थो नीरजस्को निरुद्भवः ।
अलेपो निष्कलङ्कात्मा वीतरागो गतस्पृहः ॥ ७ ॥

वश्येन्द्रियो विमुक्तात्मा निःसपत्नो जितेन्द्रियः ।
प्रशान्तोऽनन्तधामर्षिर्मङ्गलं मलहानघः ॥ ८ ॥

अनीदृगुपमाभूतो दृष्टिर्दैवमगोचरः ।
अमूर्तो मूर्तिमानेको नैको नानैकतत्त्वदृक् ॥ ९ ॥

अध्यात्मगम्यो गम्यात्मा योगविद्योगिवन्दितः ।
सर्वत्रगः सदाभावी त्रिकालविषयार्थदृक् ॥ १० ॥

शङ्करः शंवदो दान्तो दमी क्षान्तिपरायणः ।
अधिपः परमानन्दः परात्मज्ञः परात्परः ॥ ११ ॥
त्रिजगद्वल्लभोऽभ्यर्च्यस्त्रिजगन्मङ्गलोदयः ।
त्रिजगत्पतिपूज्यांघ्रिस्त्रिलोकाग्रशिखामणिः ॥ १२ ॥

इति बृहन्नादिशतम् ॥ ८ ॥ अर्घ्यम् ।

त्रिकालदर्शी लोकेशो लोकधाता दृढव्रतः ।
सर्वलोकातिगः पूज्यः सर्वलोकैकसारथिः ॥ १ ॥
पुराणः पुरुषः पूर्वः कृतपूर्वाङ्गविस्तरः ।
आदिदेवः पुराणाद्यः पुरुदेवोऽधिदेवता ॥ २ ॥
युगमुख्यो युगज्येष्ठो युगादिस्थितिदेशकः ।
कल्याणवर्णः कल्याणः कल्यः कल्याणलक्षणः ॥ ३ ॥
कल्याणप्रकृतिर्दीप्रकल्याणात्मा विकल्मषः ।
विकलङ्कः कलातीतः कलिलघ्नः कलाधरः ॥ ४ ॥
देवदेवो जगन्नाथो जगद्बन्धुर्जगद्विभुः ।
जगद्धितैषी लोकज्ञः सर्वगो जगदग्रजः ॥ ५ ॥
चराचरगुरुर्गोप्यो गूढात्मा गूढगोचरः ।
सद्योजातः प्रकाशात्मा ज्वलज्ज्वलनसप्रभः ॥ ६ ॥
आदित्यवर्णो भर्माभः सुप्रभः कनकप्रभः ।
सुवर्णवर्णो रुक्माभः सूर्यकोटिसमप्रभः ॥ ७ ॥

तपनीयनिभस्तुङ्गो बालार्कोभोऽनलप्रभः ।
सन्ध्याभ्रबभ्रुर्हेमाभस्तप्तचामीकरच्छविः ॥ ८ ॥
निष्टप्तकनकच्छायः कनत्काञ्चनसन्निभः
हिरण्यवर्णः स्वर्णाभः शातकुम्भनिभप्रभः ॥ ९ ॥
द्युम्नाभो जातरूपाभस्तप्तजाम्बूनदद्युतिः ।
सुधौतकलधौतश्रीः प्रदीप्तो हाटकद्युतिः ॥१०॥
शिष्टेष्टः पुष्टिहः पुष्टः स्पष्टः स्पष्टाक्षरः क्षमः ।
शत्रुघ्नोऽप्रतिघोऽमोघः प्रशास्ता शासिता स्वभूः ॥११॥
शान्तिनिष्ठो मुनिज्येष्ठः शिवतातिः शिवप्रदः ।
शान्तिदः शान्तिकृच्छान्तिः कान्तिमान्कामितप्रदः ॥१२॥
श्रेयोनिधिरधिष्ठानमप्रतिष्ठः प्रतिष्ठितः ।
सुस्थिरः स्थावर स्थाणुः प्रथीयान्प्रथितः पृथुः ॥१३॥

इति त्रिकालदर्श्यादिशतम् ॥ ९ ॥ अर्घ्यम् ।

दिग्वासा वातरशनो निर्ग्रन्थेशो निरम्बरः।
निष्किञ्चनो निराशंसो ज्ञानचक्षुरमोमुहः ॥ १ ॥
तेजोराशिरनन्तौजा ज्ञानाब्धिः शीलसागरः ।
तेजोमयोऽमितज्योतिर्ज्योतिर्मूर्तिस्तमोपहः ॥ २ ॥
जगच्चूडामणिर्दीप्तः शंवान्विघ्नविनायकः ।
कलिघ्नः कर्मशत्रुघ्नो लोकालोकप्रकाशकः ॥ ३ ॥

समन्तभद्रः शान्तारिर्धर्माचार्यो दयानिधिः ।
सूक्ष्मदर्शी जितानङ्गः कृपालुर्धर्मदेशकः ॥१३॥
शुभंयुः सुखसाद्भूतः पुण्यराशिरनामयः ।
धर्मपालो जगत्पालो धर्मसाम्राज्यनायकः ॥१४॥

इति दिग्वासाद्यष्टोत्तरशतम् ॥१०॥ अर्घ्यम् ।

धाम्नां पते तवामूनि नामान्यागमकोविदैः ।
समुच्चितान्यनुध्यायन्पुमान्पूतस्मृतिर्भवेत् ॥१॥
गोचरोऽपि गिरामासा त्वमवाग्गोचरो मतः ।
स्तोता तथाप्यसंदिग्धं त्वत्तोऽभीष्टफलं भजेत् ॥२॥
त्वमतोऽसि जगद्बन्धुस्त्वमतोऽसि जगद्भिषक् ।
त्वमतोऽसि जगद्धाता त्वमतोऽसि जगद्धितः ॥३॥
त्वमेकं जगतां ज्योतिस्त्वं द्विरूपोपयोगभाक् ।
त्वं त्रिरूपैकमुक्त्यङ्गः स्वोत्थानन्तचतुष्टयः ॥४॥
त्वं पञ्चब्रह्मतत्त्वात्मा पञ्चकल्याणनायकः ।
षड्भेदभावतत्त्वज्ञस्त्वं सप्तनयसंग्रहः ॥५॥
दिव्याष्टगुणमूर्तिस्त्वं नवकेवललब्धिकः ।
दशावतारनिर्धार्यो मां पाहि परमेश्वर ॥६॥
युष्मन्नामावलीदृब्धविलसत्स्तोत्रमालया ।
भवन्तं परिवस्यामः प्रसीदानुगृह्णाण नः ॥७॥

इदं स्तोत्रमनुस्मृत्य पूतो भवति भाक्तिकः ।
यः सपाठं पठत्येन स स्यात्कल्याणभाजनम् ॥८॥

ततः सदेदं पुण्यार्थी पुमान्पठति पुण्यधीः ।
पापहर्त्री श्रियं प्राप्तुं परमामभिलाषुकः ॥९॥

स्तुत्वेति भवता देव चराचरजगद्गुरुम् ।
ततस्तीर्थविहारस्य व्यधात्प्रस्तावनामिमाम् ॥१०॥

स्तुतिः पुण्यगुणोत्कीर्तिः स्तोता भव्यः प्रसन्नधीः ।
निष्ठितार्थो भवास्तुत्यः फलं नैश्रेयस सुखम् ॥११॥

यः स्तुत्यो जगता त्रयस्य न पुनः स्तोता स्वयं कस्यचित् ।
ध्येयो योगिजनस्य यश्च नितरां ध्याता स्वयं कस्यचित् ॥
यो नेतॄन् नयते नमस्कृतिमलं नन्तव्यपक्षेक्षणः
स श्रीमान् जगता त्रयस्य च गुरुर्देव. पुरुः पावनः ॥१२॥

त देवं त्रिदशाधिपार्चितपदं घातित्रयानन्तर-
प्रोद्भानन्तचतुष्टयं जिनमिनं भव्याब्जिनीनामिनम् ।
मानस्तम्भविलोकनाननजगन्मान्यं त्रिलोकीपतिं
प्राप्ताचिन्त्यबहिर्विभूतिमनघं भक्त्या प्रवन्दामहे ॥१३॥

[पुष्पाजलिं क्षिपामि ।]

श्री पंच परमेष्ठी पूजन

[राजमल पवैया भोपाल]

अर्हंत सिद्ध आचार्य नमन, हे उपाध्याय हे साधु नमन ।
जय पंच परम परमेष्ठी जय, भव सागर तारण हार नमन ॥
मन वच काया पूर्वक करता, हूँ शुद्ध हृदय से आवाहन ।
मम हृदय विराजो तिष्ठ तिष्ठ, सन्निकट होहु मेरे भगवन ।
निज आत्म तत्व की प्राप्ति हेतु, ले अष्ट द्रव्य करता पूजन ।
तव चरणों के पूजन से प्रभु निज सिद्ध रूप का हो दर्शन ॥

ॐ ह्रीं श्री अरहंत—सिद्ध—आचार्य—उपाध्याय—सर्वसाधु पंच परमेष्ठिन् ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।

ॐ ह्रीं श्री अरहंत सिद्ध—आचार्य—उपाध्याय—सर्वसाधु पंच परमेष्ठिन् ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ ।

ॐ ह्रीं श्री अरहंत—सिद्ध—आचार्य—उपाध्याय—सर्वसाधु पंच परमेष्ठिन् ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

मैं तो अनादि से रोगी हूँ, उपचार कराने आया हूँ ।
तुम सम उज्ज्वलता पाने को, उज्ज्वल जल भरकर लाया हूँ ॥
मैं जन्म जरा मृत नाश करूँ, ऐसी दो शक्ति हृदय स्वामी ।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अंतर्यामी ॥

ॐ ह्रीं श्री पंच परमेष्ठिभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलम्०

संसार ताप में जल जल कर, मैंने अगणित दुख पाए हैं ।
निज शान्त स्वभाव नहीं भाया, पर के ही गीत सुहाए हैं ॥
शीतल चंदन है भेंट तुम्हें, संसार ताप नाशो स्वामी ।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अंतर्यामी ॥

ॐ ह्रीं श्री .....पंच परमेष्ठिभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदन०

दुख मय अथाह भव सागर में, मेरी यह नौका भटक रही ।
शुभ अशुभ भाव की भँवरों में, चैतन्य शक्ति निज भटक रही ॥

तदुल है धवल तुम्हे अर्पित, अक्षयपद प्राप्त करूँ स्वामी।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अतर्यामी॥

ॐ ह्री श्री पच परमेष्ठिभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्०

मै काम व्यथा से घायल हूं, सुख की न मिली किंचित् छाया।
चरणो मे पुष्प चढाता हूं, तुमको पाकर मन हर्षाया॥
मै काम भाव विध्वंस करू, ऐसा दो शील हृदय स्वामी।
हे पच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अतर्यामी॥

ॐ ह्री श्री पच मेष्ठिभ्यो कामवाणविध्वसनाय पुष्प०।

मै क्षुधा रोग से व्याकुल हूं चारो गति मे भरमाया हूं।
जगके सारे पदार्थ पाकर भी तृप्त नही हो पाया हू॥
नैवेद्य समर्पित करता हूं, यह क्षुधा रोग मेटो स्वामी।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अतर्यामी॥

ॐ ह्री श्री ·· पच परमेष्ठिभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्य०।

मोहान्ध महाअज्ञानी मै, निज को पर का कर्त्ता माना।
मिथ्यातम के कारण मैने, निज आतम स्वरूप न पहचाना॥
मै दीप समर्पण करता हूं, मोहान्धकार क्षय हो स्वामी।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अंतर्यामी॥

ॐ ह्री श्री · पच परमेष्ठिभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीप०।

कर्मों की ज्वाला धधक रही ससार बढ रहा है प्रतिपल।
सवर से आश्रव को रोकूं, निर्जरा सुरभि महके पल पल॥
मै धूप चढ़ा कर अब आठो, कर्मों का हनन करू स्वामी।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अतर्यामी॥

ॐ ह्री श्री·· ·पच परमेष्ठिभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूप०।

निज आत्म तत्त्व का मनन करूं, चिंतवन करूं निज चेतन का।
दो श्रद्धा ज्ञान चरित्र श्रेष्ठ, सच्चा पथ मोक्ष निकेतन का॥
उत्तम फल चरण चढ़ाता हूं, निर्वाण महाफल हो स्वामी।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अंतर्यामी॥

ॐ ह्री श्री·····पच परमेष्ठिभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फल०।

जल चंदन अक्षत पुष्प दीप नैवेद्य धूप फल लाया हूं।
अब तक के संचित कर्मों का मैं पुंज जलाने आया हूं॥
यह अर्घ समर्पित करता हूं अविचल अनर्घपद दो स्वामी।
हे पंच परम परमेष्ठी प्रभु, भव दुख मेटो अतर्यामी॥

ॐ ह्री श्री·····पच परमेष्ठिभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं।

जय वीतराग सर्वज्ञ प्रभो, निज ध्यान लीन गुणमय अपार।
अष्टादश दोष रहित जिनवर, अर्हंत देव को नमस्कार॥
अविकल अविकारी अविनाशी, निजरूप निरंजन निराकार।
जय अजर अमर हे मुक्तिकंत भगवत सिद्ध को नमस्कार॥
छत्तीस सुगुण से तुम मडित, निश्चय रत्नत्रय हृदय धार।
हे मुक्ति वधू के अनुरागी, आचार्य सुगुरु को नमस्कार॥
एकादश अंग पूर्व चौदह के पाठी गुण पच्चीस धार।
बाह्यान्तर मुनि मुद्रा महान् श्री उपाध्याय को नमस्कार॥
व्रत समिति गुप्ति चारित्र प्रबल वैराग्य भावना हृदय धार।
हे द्रव्य भाव सयम मय मुनि वर सर्व साधु को नमस्कार॥
बहु पुण्य सयोग मिला नरतन जिनश्रुत जिन देव चरण दर्शन।
हो सम्यक दर्शन प्राप्त मुझे तो सफल बने मानव जीवन॥
निज पर का भेद जानकर मैं निज को ही निज मे लीन करू।
अब भेद ज्ञान के द्वारा मैं निज आत्म स्वय स्वाधीन करूं॥

निज में रत्नत्रय धारण कर, निज परणति को ही पहचानूं।
पर परणति से हो विमुख सदा निजज्ञान तत्त्व को ही जानूं॥
जब ज्ञान क्षेत्र ज्ञाता विस्तृत तब, शुक्ल ध्यान में आऊंगा।
तब चार घातिया क्षय करके अर्हंत महापद पाऊंगा॥
है निश्चित सिद्ध स्वपद मेरा हे प्रभु कब इसको पाऊंगा।
सम्यक् पूजा फल पाने को अब निज स्वभाव में आऊंगा॥
अपने स्वरूप की प्राप्ति हेतु हे प्रभु मैंने की है पूजन।
तब तक चरणों में ध्यान रहे जब तक न प्राप्त हो मुक्ति सदन

ॐ ह्रीं श्री · अर्हंत—सिद्ध—आचार्य—उपाध्याय—सर्वसाधु पंच परमेष्ठिभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हे मंगल रूप अमंगल हर, मंगलमय मंगल गान करूं।
[illegible] मंगल, नवकार मंत्र का ध्यान करूं॥

[पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि]

[illegible] समाधि भावना

भक्ष अभक्ष्य

जो पदार्थ भक्षण करने—खाने योग्य नही होते है उन्हे अभक्ष्य कहते हैं। इसके पाँच भेद हैं—त्रस हिसाकारक, बहुस्थावर हिसाकारक, प्रमादकारक, अनिष्ट और अनुपसेव्य।

(१) जिस पदार्थ के खाने से त्रस जीवो का घात होता है उसे त्रस हिंसाकारक अभक्ष्य कहते हैं। जैसे—पच उदबर फल, घुना अन्न, अमर्यादित वस्तु जिनमे बरसात मे फफूदी लग जाती है ऐसी कोई भी खाने की चीजें, चौबीस घन्टे के बाद का मुरब्बा, अचार, बडी, पापड और द्विदल आदि के खाने से त्रस जीवो का घात होता है। कच्चे दूध मे या कच्चे दूध से बने हुए दही मे दो दाल वाले मूग, उडद, चना आदि अन्न की बनी चीज मिलाने से द्विदल बनता है।

(२) जिस पदार्थ के खाने से अनत स्थावर जीवो का घात होता है उसे स्थावर हिंसाकारक अभक्ष्य कहते हैं। जैसे—प्याज, लहसन, आलू, मूली आदि कदमूल तथा तुच्छ फल खाने से अनतो स्थावर जीवो का घात हो जाता है।

एक निगोदिया जीव के शरीर मे अनतानत सिद्धो से भी अनतगुणे जीव रहते हैं और एक आलू आदि मे अनत निगोदिया जीव हैं। इसलिए इन कदमूल आदि का त्याग कर देना चाहिए।

(३) जिसके खाने से प्रमाद या काम विकार बढता है वे प्रमादकारक अभक्ष्य हैं। जैसे—शराब, भग, तम्बाकू, गाजा; और अफीम आदि नशीली चीजें। ये स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हैं।

(४) जो पदार्थ भक्ष्य होने पर भी अपने लिए हितकर न हो वे अनिष्ट हैं। जैसे—बुखार वाले को हलुआ एव जुकाम वाले को ठण्डी चीजें हितकर नही है।

सूत्र) जो पदार्थ सेवन करने योग्य न हो वे अनुपसेव्य हैं। जैसे—
गू, मूत्रादि पदार्थ।

अभक्ष्य बाईस भी माने गये हैं—

ओला घोर बड़ा निशि भोजन, बहुबीजा बैंगन संधान।
बड़ पीपर ऊमर कठूमर, पाकर फल या होय अजान॥
कन्दमूल माटी विष आमिष, मधु माखन अरु मदिरापान।
फल अतितुच्छतुषार चलित रस, ये बाईस अभक्ष्य बखान॥

ओला, बर्फीबड़ा (कच्चे दूध से जमाये दही का बड़ा), रात्रि भोजन बहुबीजा, बैंगन अचार (चौबीस घण्टे बाद का), बड़, पीपल, ऊमर, कठूमर, पाकर, अजानफल (जिसको हम पहचानते नहीं ऐसे कोई फल पत्ते आदि), कन्दमूल (मूली, गाजर आदि जमीन के भीतर लगने वाले), मिट्टी, विष (शङ्खिया, धतूरा आदि), आमिष-मांस, शहद, मक्खन, मदिरा, अतितुच्छ फल (जिनमें बीज नहीं पड़े हो ऐसे बिलकुल कच्चे छोटे-छोटे फल), तुषार-बर्फ और चलित रस (जिनका स्वाद-बिगड़ जाये ऐसे फटे हुए दूध आदि) ये सब अभक्ष्य हैं।

दही बिलोने के बाद मक्खन को निकाल कर ४८ मिनट के अंदर ही गर्म कर लेना चाहिए अन्यथा वह अभक्ष्य हो जाता है। अथवा कच्चे दूध से भी जो यत्न से मक्खन निकाला जाता है उसमें भी कच्चे दूध की मर्यादा ४८ मिनट की है। उसी मर्यादा के अन्दर मक्खन निकाल कर जल्दी से गर्म करके घी बना लेना चाहिए।

बाजार की बनी हुई चीजों में मर्यादा आदि का विवेक न रहने से, अनछने जल आदि से बनाई होने से सब अभक्ष्य हैं। अर्क, आसव, सर्बत आदि भी अभक्ष्य हैं। चमड़े में रखे घी, हींग, पानी आदि भी अभक्ष्य हैं। इसलिए इन अभक्ष्यों का त्याग कर देना चाहिए।

मैं तुम चरण कमल गुणगाय, बहु-विधि भक्ति करी मनलाय।
जनम-जनम प्रभु पाऊँ तोहि, यह सेवाफल दीजै मोहि ।४२।

दोधकात वेसरी छद—षट्पद ।

इहविधि श्री भगवत, सुजस जे भविजन भाषहिं।
ते जिन पुण्यभडार, संचि चिर-पाप प्रणासहिं ॥
रोम-रोम हुलसति, अग प्रभु-गुण मन ध्यावहिं।
स्वर्ग संपदा भुंज वेग पचमगति पावहिं ॥४३॥
यह कल्याणमंदिर कियो, कुमुदचंद्रकी वुद्धि।
भाषा कहत 'बनारसी' कारण समकित-शुद्धि ॥४४॥

इस प्रकार कल्याणमन्दिर का कविवर बनारसीदास जी कृत भाषानुवाद समाप्त हुआ।

आचार्य वादिराज

आपकी गणना महान् आचार्यों मे की जाती है। आप महान् वादी विजेता और कवि थे। आपकी पार्श्वनाथ चरित्र, यशोधर चरित्र, एकीभाव स्तोत्र, न्याय विनिश्चय विवरण, प्रमाण निर्णय ये पाच कृतियाँ प्रसिद्ध है। आपका समय विक्रम की ११वी शताब्दी माना जाता है। आपका चौलुक्य नरेश जयसिंह (प्रथम) की सभा मे बडा सम्मान था। 'वादिराज' यह नाम नही वरन् पदवी है। प्रख्यात वादियो मे उनकी गणना होने से वे वादिराज के नाम से प्रसिद्ध हुए।

निस्पृही आचार्य श्री वादिराज ध्यान मे लीन थे। कुछ द्वेषी व्यक्तियो ने उन्हे कुष्ट-ग्रस्त देखकर राजसभा मे जैनमुनियो का उपहास किया जिसे जैनधर्म प्रेमी राजश्रेष्ठी सहन न कर सके और भावावेश मे कह उठे कि हमारे मुनिराज की काया तो स्वर्ण जैसी सुन्दर होती है। राजा ने अगले दिन महाराज के दर्शन करने का

विचार रखा। सेठ ने महाराज से सारा विवरण स्पष्ट कह कर धर्मरक्षा की प्रार्थना की। महाराज ने धर्म रक्षा और प्रभावना हेतु एकीभाव स्तोत्र की रचना की जिससे उनका शरीर वास्तव में स्वर्ण सदृश हो गया। राजा ने मुनिराज के दर्शन करके और उनके रूप को देखकर चुगल-खोरों को दण्ड दिया। परन्तु उत्तम क्षमाधारक मुनिराज ने राजा को सब बात समझा कर तथा सबका भ्रम दूर कर सबको क्षमा करा दिया। इस स्तोत्र का श्रद्धा एवं पूर्ण मनोयोग पूर्वक पाठ करने से समस्त व्याधियां दूर होती हैं तथा सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

एकीभावस्तोत्र भाषा

कविवर भूधरदास जी कृत भाषानुवाद

दोहा—वादिराज मुनिराजके, चरणकमल चित लाय।
भाषा एकीभावकी, करूं स्वपर सुखदाय ॥१॥

रोला छन्द अथवा "अहो जगत गुरुदेव०" विनती की चालमें।

जो अति एकीभाव भयो मानो अनिवारी।
सो मुझ कर्मप्रबंध करत भव भव दुख भारी ॥
ताहि तिहारी भक्ति जगतरवि जो निरवारै।
तो अब और कलेश कौन सो नाहिं विदारै ॥१॥
तुम जिन जोतिस्वरूप दुरित अँधियारि निवारी।
सो गणेश गुरु कहैं तत्त्व-विद्याधन-धारी ॥
मेरे चित घर माहिं बसौ तेजोमय यावत।
पापतिमिर अवकाश तहा सो क्योंकरि पावत ॥२॥
आनद-आसू-वदन धोय तुमसो चित आने।
गदगद सुरसों सुयश मन्त्र पढ़ि पूजा ठाने ॥

